3 राजधानी — पुलिस ने चार शातिर ठगों को दबोचा
5 अभिमत — क्या चिंता का विषय है वैश्विक ऋणग्रस्तता?
7 राष्ट्रीय — एदियुरप्पा 78 साल के हुए
8 स्पोर्ट्स — तेज गेंदबाज शिखा पांडे भारतीय टीम से बाहर



RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 129
लखनऊ, रविवार, 28 फरवरी, 2021
पृष्ठ 16+4 मूल्य ₹ 3
लखनऊ

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com





ऐसिड अटैक
आज के अंक के साथ
एजेण्डा

# कमजोर हो रही कांग्रेस के कायाकल्प की मांग

मोहित कंडारी। जम्मू

- गुलाम नबी आजाद, कपिल सिब्बल, आनंद शर्मा, मनीष तिवारी समेत कई दिग्गज पहुंचे
- आजाद के अनुभव का इस्तेमाल न करने के लिए पार्टी नेतृत्व को घेरा

## जम्मू में जुटे असंतुष्ट नेता



जम्मू में शनिवार को कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं ने बैठक की और अपना असंतोष जाहिर किया

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के अध्यक्षता वाली सरकार को घेरने के लिए मजबूत कांग्रेस नेतृत्व की मांग करते हुए 23 कांग्रेस नेताओं के समूह के सदस्यों ने पार्टी के शीर्ष नेताओं पर जमकर हमला बोला। उन्होंने सवाल किया कि जब पार्टी को गुलाम नबी आजाद जैसे बेहद अनुभवी नेता की सेवाओं की सबसे ज्यादा दरकार थी तब उनका सही ढंग से उपयोग करने में कांग्रेस नेतृत्व क्यों नाकाम रहा।

इस ग्रुप को पार्टी के खेमे में 'असंतुष्टों' की आवाज के तौर पर जाना जाता है। असंतुष्टों के गुट से जुड़े सात नेता यहां जम्मू में गांधी ग्लोबल परिवार द्वारा आयोजित शांति सम्मेलन में भाग लेने के इकट्ठा हुए थे। दिलचस्प बात ये है कि चुनाव आयोग द्वारा केरल, तमिलनाडु, असम और पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में विधानसभा चुनावों की तारीख का ऐलान करने के एक दिन बाद ये नेता अपनी 'ताकत दिखाने' के लिए यहां एकत्र हुए। इन नेताओं ने एक सुर में कांग्रेस नेतृत्व को स्पष्ट संदेश दिया कि बहुत देर होने से बेहतर है कि पार्टी को मजबूत करने के लिए काम करना शुरू कर दिया जाए।

इन नेताओं के संबोधन और तेवर से साफ संकेत मिल रहा है कि आने वाले दिनों में कांग्रेस पार्टी में बड़ी उठापटक हो सकती है। इन नेताओं ने साफ कर दिया है कि वे चुपचाप नहीं बैठेंगे क्योंकि देश कई चुनौतियों का सामना कर रहा है। गुलाम नबी आजाद के अलावा पूर्व कैबिनेट मंत्री कपिल सिब्बल, मनीष तिवारी, आनंद शर्मा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, सांसद राजबब्बर तथा विवेक तन्खा ने जम्मू में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। इन नेताओं ने जम्मू-कश्मीर राज्य का दर्जा बहाल करने की मांग का भी खुला समर्थन किया। जम्मू-कश्मीर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीए मीर समेत किसी भी पदाधिकारी ने कार्यक्रम में शिरकत नहीं की। केवल गुलाम नबी आजाद के वफादारों ने इसमें भाग लिया। कांग्रेस वरिष्ठतम नेताओं में से एक आनंद शर्मा ने कहा कि पिछले दशक में कांग्रेस कमजोर हुई है। हमारी आवाज पार्टी की बेहतरी के लिए है। यह फिर सब जगह मजबूत किया जाना चाहिए। नई पीढ़ी को पार्टी से जोड़ा जाना चाहिए। हमने कांग्रेस के अच्छे दिनों को देखा है। हम अपनी गुजरती उम्र के साथ इसे कमजोर होता नहीं देखना चाहते।

उनके कैबिनेट सहयोगी कपिल सिब्बल तथा मनीष तिवारी ने शीर्ष पर मजबूत कांग्रेस नेतृत्व के लिए वकालत की। सिब्बल ने कहा कि हम पहले भी इकट्ठा हुए और हमने पार्टी को मिलकर मजबूत किया है। सिब्बल ने सवाल किया कि कांग्रेस ने क्यों नहीं अनुभवी गुलाम नबी आजाद का उपयोग किया। उन्होंने कहा कि वे ऐसे नेता है जो हर राज्य हर जिले में कांग्रेस की जमीनी हकीकत जानते हैं। वे जब संसद से अलग हुए तो हमें दुख हुआ। हम नहीं चाहते कि वे संसद से जाएं।

कुछ इसी तरह की भावना व्यक्त करते हुए आनंद शर्मा ने भी कहा कि 1950 के बाद ऐसा कोई मौका नहीं आया था जब राज्यसभा में जम्मू-कश्मीर का कोई प्रतिनिधि न हो। इसे ठीक किया जाएगा। इस बीच, शुक्रवार को यहां पहुंचे आजाद ने कहा कि कांग्रेस पार्टी चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में अपनी पूरी ताकत के साथ चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है। आजाद बोले 'मैं संसद से जरूर रिटायर हो गया हूं लेकिन राजनीति से नहीं। जब भी मेरे साथ ऐसा व्यवहार हुआ है, मैं फिर लौटकर आया हूं। शांति सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा ' चाहे जम्मू या कश्मीर या लद्दाख हो, हम सारे धर्मों, लोगों और जातियों का सम्मान करते हैं। हम सबका बराबर सम्मान करते हैं, यह हमारी ताकत है और हम इसे जारी रखेंगे।

# निजी अस्पतालों में 250 रुपये में लगेगा टीका

- 150 वैक्सीन की कीमत और 100 रुपये होगा सर्विस चार्ज, सरकारी अस्पतालों में मुफ्त होगा टीकाकरण

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**निजी** अस्पतालों में कोविड टीकाकरण को लेकर स्थिति स्पष्ट हो गई है। केंद्र सरकार ने शनिवार को जानकारी दी है कि कोरोना टीकाकरण केंद्र के रूप में काम कर रहे निजी अस्पताल में प्रति व्यक्ति एक खुराक लगाने के 250 रुपये लिए जाएंगे। देश में कोरोना टीकाकरण को लेकर केंद्र पहले ही कह चुका है कि सरकारी अस्पतालों में कोरोना टीका मुफ्त लगाया जाएगा।

देश में एक मार्च से 60 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्गों और गंभीर बीमारियों से ग्रसित 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का टीकाकरण करने की तैयारी चल रही है। देशभर के सरकारी अस्पतालों में मुफ्त टीकाकरण की घोषणा पहले ही की जा चुकी थी लेकिन निजी अस्पतालों कितनी रकम ली जाएगी, यह स्पष्ट नहीं था। देश के लगभग 10,000 निजी अस्पतालों में टीका लगाया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव राजेश भूषण के अनुसार टीके के लिए अधिकतम शुल्क 250 रुपए लिया जाएगा, जिसमें 150 रुपए टीके की कीमत और 100 रुपए सेवा शुल्क जुड़ा है। यह व्यवस्था अगले आदेशों तक लागू रहेगी। सूत्रों के अनुसार, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को इस बारे में ( शेष पेज 7 )

### प्राथमिकता के आधार पर लगाए जाएंगे टीके

**जिन** जिलों में कोरोना का संक्रमण तेजी से बढ़ रहा है, वहां प्राथमिकता के आधार पर टीके लगाए जाएंगे। केंद्रीय कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने आठ राज्यों में कोरोना संक्रमण के हालात की समीक्षा के दौरान इसके निर्देश दिए। इन आठ राज्यों में पिछले 15 दिनों में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैला है। स्वास्थ्य मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट सचिव ने महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, बंगाल, तेलंगाना और जम्मू-कश्मीर के मुख्य सचिवों के साथ बैठक की। इस दौरान संक्रमण रोकने के लिए गृह मंत्रालय के दिशा-निर्देश को कड़ाई से लागू करने और टेस्टिंग बढ़ाकर संक्रमित मरीजों और उनके संपर्को की पहचान कर उन्हें आइसोलेशन में रखने की प्रक्रिया में तेजी लाने को कहा।

# लगातार तीसरे दिन देश में 16 हजार से अधिक मामले

- पिछले 24 घंटों में संक्रमण से 113 लोगों की मौत

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**देश** में शनिवार को लगातार तीसरे दिन कोविड-19 के 16,000 से अधिक मामले आने से संक्रमितों की संख्या बढ़कर 1,10,79,979 हो गई जबकि अब तक 1,07,63,451 लोग ठीक हो चुके हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा शनिवार की सुबह आठ बजे अद्यतन किए गए आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे में संक्रमण के कुल 16,488 मामले आए।

संक्रमण से 113 और लोगों की मौत हो जाने से मृतकों की संख्या 1,56,938 हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, देश में उपचाराधीन मरीजों की संख्या 1,59,590 है जो कि संक्रमण के कुल मामलों का 1.44 प्रतिशत है। संक्रमण से अब तक 1,07,63,451 लोग स्वस्थ हो चुके हैं जिससे ठीक होने की दर 97.14 प्रतिशत हो गई है जबकि मृत्यु दर 1.42 प्रतिशत है। देश में शुक्रवार को संक्रमण के 16,577 मामले और बृहस्पतिवार को 16,738 मामले आए थे। देश में पिछले साल सात अगस्त को संक्रमितों की संख्या 20 लाख, 23 अगस्त को 30 लाख और पांच सितम्बर को 40 लाख से अधिक हो गई थी। वहीं, संक्रमण के कुल मामले 16 सितम्बर को 50 लाख, 28 सितम्बर को 60 लाख, 11 अक्टूबर को 70 लाख, 29 अक्टूबर को 80 लाख और 20 नवम्बर को 90 लाख और 19 दिसम्बर को एक करोड़ के पार चले गए थे।

पिछले 24 घंटे में संक्रमण से 113 और लोगों की मौत हो गई। इनमें महाराष्ट्र से 48, पंजाब से 15 और केरल से 14 लोगों की मौत के मामले सामने आए। महाराष्ट्र में अब तक 52,041, तमिलनाडु में 12,488, कर्नाटक में 12,320, दिल्ली में 10,906, पश्चिम बंगाल में 10,263, उत्तर प्रदेश में 8,725, आंध्र प्रदेश में 7169 लोगों की मौत हुई है। लक्षद्वीप में कोरोना वायरस संक्रमण से पहली मौत होने की खबर है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि अब तक जिन लोगों की मौत हुई, उनमें से 70 प्रतिशत से ज्यादा मरीजों को अन्य बीमारियां भी ( शेष पेज 7 )

# केंद्र सरकार की राज्यों को सलाह कोरोना नियमों में न बरतें ढिलाई

- नए मामलों में वृद्धि पर कैबिनेट सचिव ने कई प्रदेशों के अधिकारियों संग की समीक्षा बैठक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



अमृतसर में एक व्यक्ति की कोरोना जांच करती चिकित्साकर्मी

**केंद्र** ने कोरोना वायरस मामलों में वृद्धि से जूझ रहे राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों को स्थिति बहुत बिगड़ जाने की आशंका को देखते हुए कोविड-19 के नियंत्रण संबंधी उपायों को दृढता से लागू करने, नियमों के उल्लंघनों से कड़ाई से निपटने तथा प्रभावी निगरानी सुनिश्चित करने की शनिवार को सलाह दी ताकि वह बेहतर स्थित ना गंवा दी जाए जो पिछले साल हासिल की गई थी।

कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने महाराष्ट्र, पंजाब, गुजरात, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, पश्चिम बंगाल, तेलंगाना और जम्मू कश्मीर के मुख्य सचिवों के साथ उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। इन राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में बड़ी संख्या में उपचाररत मरीज हैं और पिछले सप्ताह नए मामलों में वृद्धि देखी गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में कहा, उन्हें अपनी निगरानी नहीं कम नहीं करने, कोविड नियंत्रण संबंधी उपाय दृढ़ता से लागू करने और उल्लंघनों से कड़ाई से निपटने की सलाह दी गई है। इस बात पर बल दिया गया कि उन्हें स्थिति बहुत बिगड़ जाने की आशंका को ध्यान में रखकर प्रभावी निगरानी रणनीतियों का पालन करने की जरूरत है। बैठक में प्रभावी जांच, समग्र ट्रैकिंग, मरीजों का पृथकवास एवं उनके संपर्क में आए व्यक्तियों को पृथक-वास में भेजने पर भी बल दिया गया। राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों से उन जिलों में जांच बढ़ाने को कहा गया जहां जांच कम हो रही हैं या जहां उच्च एंटीजन जांच हैं।

बयान के अनुसार बैठक में राज्यों से उन जिलों में प्राथमिकता के आधार पर टीकाकरण करने को कहा गया है जहां अधिक मामले सामने आ रहे हैं। महाराष्ट्र, केरल, पंजाब, कर्नाटक, तमिलनाडु और गुजरात में पिछले 24 घंटे में नए मामले में वृद्धि हुई है। इन राज्यों में कोविड-19 की वर्तमान दशा पर विस्तृत प्रस्तुति दी और बताया गया कि किन जिलों में नए मामले अधिक बढ़ रहे हैं।



संत रविदास जयंती पर आयोजित एक कार्यक्रम में उनके चित्र पर माल्यार्पण करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# महाराष्ट्र और केरल से आने वाले विमान यात्रियों का एयरपोर्ट पर होगा कोरोना टेस्ट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

- सीएम ने सतर्कता बढ़ाने के दिए निर्देश

**देश** के अन्य राज्यों में फिर बढ़ते कोरोना वायरस संक्रमण के मामलों के बाद सीएम योगी ने सतर्कता बढाने के निर्देश दिये है। जिसके तहत प्रदेश के हर एयरपोर्ट पर हाईअलर्ट जारी किया है। महाराष्ट्र के साथ केरल से आने वाले हर विमान यात्री का कोरोना टेस्ट होगा। बीते वर्ष विदेश से आगरा आए लोगों के कारण ही कोरोना वायरस का संक्रमण लगातार भयावाह होता चला गया। संक्रमण के बढ़ते मामलों को देखते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने फिर से कमर कस ली है। टीम 11 के साथ समीक्षा बैठक में ( शेष पेज 7 )

### बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 49,099 | |
| निफ्टी | 14,529 | |
| सोना | 45,599 | /10g |
| चांदी | 67,419 | /kg |

### क्विक न्यूज

#### कॉरपोरेटिव सोसाइटी के प्रवर्तकों की 84 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोष में गबन कर धनशोधन करने के आरोपी कर्नाटक की कोऑपरेटिव सोसाइटी एवं उसके प्रवर्तकों की करीब 84 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क की। केंद्रीय एजेंसी ने शनिवार को बताया कि कृषि एवं गैर कृषि भूमि,इमारत, आवासीय फ्लैट एवं फैक्टरी संपत्ति धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत कुर्क की गई है। ईडी ने बताया कि यह संपत्ति एन नंजुंदैया (कण्व ग्रुप ऑफ कंपनी के निदेशक), उनके परिवार के सदस्यों एवं कुछ संपत्ति कण्व सौहार्द को-ऑपरेटिव क्रेडिट लिमिटेड (एसकेएससीसीएल) के संस्थापक निदेशक एवं अध्यक्ष एस हरीश से जुड़ी है।

# 50 लाख यूजर पर ही अहम सोशल मीडिया मंच का दर्जा

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

- इसमें आने वाली कंपनियों को नए आईटी नियमों के तहत अतिरिक्त सावधानियों का करना होगा पालन

**सरकार** ने महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मंच की परिभाषा तय करते हुए इसके लिए न्यूनतम 50 लाख यूजर (उपयोगकर्ता) संख्या की शर्त रखी है। इस परिभाषा में आने वाली कंपनियों को नए आईटी नियमों के तहत अपने सोशल मीडिया मंच का दुरुपयोग रोकने के लिए अतिरिक्त सावधानियों का अनुपालन करना होगा।

इस सप्ताह की शुरुआत में घोषित नए नियमों के तहत महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मंचों को मुख्य अनुपालन अधिकारी, नोडल संपर्क व्यक्ति और निवासी शिकायत अधिकारी की नियुक्ति सहित अतिरिक्त नियमों का पालन करना होगा। इसमें यह भी शर्त है कि तीनों अधिकारियों को भारत में रहना होगा। उन्हें मासिक अनुपालन रिपोर्ट और लगातार हटाई गई सामग्रियों का विवरण प्रकाशित करनी होगी।

अभी देश में व्हाट्सएप के 53 करोड़, यूट्यूब के 44.8 करोड़, फेसबुक के 41 करोड़, इंस्टाग्राम के 21 करोड़ और ट्विटर के 1.75 करोड़ खाताधारक हैं। अधिसूचना में कहा गया है कि केंद्र सरकार ने भारत में एक महत्वपूर्ण सोशल मीडिया मंच के लिए 50 ( शेष पेज 7 )

# वन डिस्ट्रिक्ट, वन फोकस के तहत 728 जिलों की पहचान

राजेश कुमार। नई दिल्ली

- चिन्हित जिलों में कृषि और उससे जुड़े उत्पादों को दिया जाएगा बढ़ावा
- ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के लिए लाई जाएंगी योजनाएं, किसानों की आय में भी होगी वृद्धि



अयोध्या में गुड़ से उत्पाद बनाते स्थानीय लोग फाइल फोटो

**कृषि** निर्यात को बढ़ावा देने, किसानों की आय दोगुनी करने और ग्रामीण क्षेत्रों में नौकरियां व रोजगार उत्पन्न करने के मकसद से केंद्र सरकार ने शनिवार को वन डिस्ट्रिक्ट, वन फोकस प्रोडक्ट (ओडीओएफपी) के तहत कृषि और इससे जुड़े क्षेत्रों के उत्पादों की सूची जारी की है।

देश भर के 728 जिलों में क्लस्टर दृष्टिकोण से इस योजना का प्रचार किया जाएगा। उदाहरण के लिए उत्तर प्रदेश के बलिया जिले को बिंदी (टिकुली) क्लस्टर के रूप में बढ़ावा दिया जाएगा तो झारखंड के देवघर और दुमका को पेड़ा उत्पाद हब के तौर पर विकसित किया जाएगा। मसालों के लिए राजौरी, ट्राउट मछली के लिए अनंतनाग, गुड़ के लिए अयोध्या, खाद्य प्रसंस्करण देसी घी के लिए औरैया तो फूलों के लिए श्रीनगर, विदेशी सब्जियों के लिए बडगाम, नमकीन के लिए पूर्वी दिल्ली तो दूध से बने उत्पादों के लिए दक्षिण-पश्चिमी दिल्ली को हब के रूप में पहचान दिलाई जाएगी।


इसी तरह कुपवाड़ा को अखरोट के लिए विकसित किया जाना है। शहद के लिए गांदरबल, प्रसंस्कृत पोल्ट्री/मटन के लिए बांदीपोरा, टमाटर आधारित उत्पादों के लिए छत्तीसगढ़ में दुर्ग और कोड़िया, लीची के लिए सर्गुजा, अमरूद के लिए गुजरात में बाटोड, चना आधारित उत्पादों के लिए पोरबंदर, कटहल के लिए उत्तरी गोवा, प्याज के लिए अंबाला, फलों की शराब के लिए किन्नूर को बढ़ावा दिया जाएगा। ओडीओएफपी योजना के तहत स्थानीय स्तर पर विशेष उत्पाद को बढ़ावा देने से न केवल किसानों की आय बढ़ेगी, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को रोजगार भी अधिक मिलेगा और उत्पादों का निर्यात भी होगा।

देशभर के जिन जिलों को विशेष उत्पाद के लिए बढ़ावा दिया जाएगा, उनमें 75 जिले उत्तर प्रदेश के हैं। इनके अलावा अरुणाचल प्रदेश के 25, बिहार के 38, छत्तीसगढ़ के 28, गोवा के 2, हरियाणा के 22, हिमाचल प्रदेश के 12, झारखंड के 24, जम्मू-कश्मीर के 20, कर्नाटक के 31, केरल के 14, मध्य प्रदेश के 52, महाराष्ट्र के 36, मणिपुर के 16, ओडिशा के 30, पंजाब के 23, सिक्किम के 4, तमिलनाडु के 36, त्रिपुरा के 8, पश्चिम बंगाल के 18, उत्तराखंड के ( शेष पेज 7 )




## दूरी न रहे कोई...

योगी सरकार के दो मंत्रियों में छत्तीस का आंकडा रहा है। दुश्मनी ऐसी कि सरकारी पत्रावलियों तथा सिफारिशी पत्रों मे दोनों एक दूसरे के हस्ताक्षर भी नहीं देखना चाहते थे लेकिन इन दिनों दोनों में अचानक दोस्ती बढ गई है। दोनों एक दूसरे के करीब आ गये हैं॥ इतना ही नहीं एक ने तो दूसरे को अपने विभाग के आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित तक कर दिया है। दरअसल दोनों ही मंत्री लखनऊ से आते हैं। एक चुनाव लड़कर पिता की विरासत के रूप में योगी सरकार में मंत्री बने तो दूसरे अपने काम और शालीनता भरे व्यहार के कारण। एक सरकार में कैबिनेट मंत्री हैं तो दूसरे का कद थोड़ा बड़ा है। पूरे चार साल तक एक दूसरे से दूरी बनाकर रहने वाले दोनों मंत्रियों के अचानक करीब आने की चर्चा सत्ता के गलियारों में खूब जोरों से हो रही है। चर्चा तो यह भी है कि चुनाव करीब आने पर सीएम योगी ने खुद पहल करके दोनों मंत्रियों में दोस्ती करायी है।



## मंत्री जी की रट

किस बात का जवाब देना है और किस बात का जवाब नहीं देना है अगर यह सीखना या जानना है तो जनता को पेंशन बांटने वाले विभाग के मंत्री जी से सीख ली जा सकती है। मंत्री जी को जिस बात का जवाब नहीं देना है उसे आप पूछ कर थक जाएंगे पर मंत्री जी अपनी ही रट लगाए रहेंगे। हाल का एक वाकया ले लीजिए। छोटे सदन में मंत्री जी से बहन जी की पार्टी के एक नेताजी सवाल पूछते पूछते थक गए मगर मंत्री जी जवाब देना तो दूर अपनी ही रट लगाए रहे। हर बार सवाल के जवाब में मंत्री जी उपलब्धि बताते रहे।। पांच-छह बार पूछने के बावजूद जब जवाब नहीं मिला तो थक हार कर नेताजी को बैठना पड़ गया। बस सवाल के जवाब में मंत्री जी को बस हां या न ही कहना था पर शक्ल से सीधे किंतु चालाक दिखने वाले मंत्री जी ने ठान लिया कि केवल उप्लब्धियां ही बतानी है तो वह अपनी ही रट लगाए रहे।

## सपने में भी हिदायत

नगर निगम के बड़े साहब ने आते ही गलियों से लेकर सड़क तक धमाल मचा कर रखा है। पूरे शहर में बड़ा बदलाव लाने का प्रयास शुरू किया है जिसे जनता ने बहुत सराहा है लेकिन कुछ लोगों को अच्छा नहीं लगा है। आने वाले दिनों में नगर निगम इलाके की सफाई और अतिक्रमण को हटाकर इंदौर की तरह बनाने की ओर बढ़ चले हैं। फिलहाल बड़े साहब हजरतगंज की सड़कों पर घरेलू चप्पल और ट्रैक सूट में सफाई का जायजा लेने वाले पहले अधिकारी हैं जो सुपरवाइजर और सफाई कर्मी के साथ दिखे। कई अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस और अभियंता को निलंबित कर अपने तेवर दिखा दिए हैं। बड़े साहब दूसरे अपने समकक्ष अधिकारियों को भी साथ लेकर सड़कों पर घूम रहे हैं। दस हजार से लेकर बीस हजार का जुर्माना लगाकर दुकानदारों को डस्टबिन रखने का आदी बनाने में जुटे हैं। हालांकि हाई डोज का इफेक्ट भी देखने को मिला है। अब अधिकारियों को बड़े साहब की हिदायत रात में भी सुनाई पड़ती है।

## कैसे हो सुधार जब....

चिराग तले अंधेरा वाली कहावत खाकी महकमे के मुख्यालय पर एकदम फिट बैठती है। जब मुखिया की ओर से दिए गए दिशा निर्देशों का पालन मुख्यालय के ही अधिकारी नहीं करेंगे तब फिर फील्ड में तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों के बारे में कहना ही क्या। मुखिया की नाक के नीचे कार्यरत आधा दर्जन से अधिक ऐसे अधिकारी हैं जिन्होंने शायद अपना मोबाइल फोन रिसीव न करने की कसम उठा रखी है। यह हालात तब हैं जब अभी कुछ दिन पूर्व ही मुखिया ने एक परिपत्र जारी कर कहा था कि हर पुलिस अधिकारी को अपना सीयूजी नंबर हर वक्त ऑन रखना चाहिए और प्रत्येक कॉल रिसीव करना चाहिए। अपने कड़क स्वभाव के लिए चर्चित मुख्यालय के एक अधिकारी का आलम तो यह है कि उन्होंने अपना सीयूजी फोन अपने पीआरओ को थमा रखा है। कोई भी फोन करे पीआरओ ही रिसीव करते हैं और तुरंत बता देते हैं कि साहब मीटिंग में व्यस्त हैं।

## तथाकथित अध्यक्ष

विधान सभा सत्र के दौरान उस समय कांग्रेस दल के एक वरिष्ठ सदस्य की हालत समय हास्यास्पद हो गई जब उन्हें सरकार के एक मंत्री ने तथाकथित अध्यक्ष बता दिया जबकि सदस्य महोदय पिछले दो साल से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष हैं। अब ऐसी स्थिति में कांग्रेस दल के यह वरिष्ठ सदस्य काफी झेंप गए और उन्होंने इसका प्रतिवाद किया। अब उन्हीं के दल की एक सदस्या महोदया को भी असहज लगा कि उनके अध्यक्ष को तथाकथित कहा जा रहा है मगर वह मन ही मन प्रसन्न थीं लेकिन सदन के अंदर दल की एकजुटता को भी प्रदर्शित करना था इसलिए उन्होंने भी कांग्रेस सदस्य को तथाकथित किए जाने का विरोध किया। कांग्रेस सदस्य के विरोध के बाद भी मंत्री महोदय ने फिर उन्हें तथाकथित अध्यक्ष कहा और सदन ठहाकों से गूंज गया।



## शिव पर डोरे

सख्त हो चुके शिव को मुलायम किया जा रहा है। किया भी क्यों ना जाए। आखिर चुनाव नजदीक आ रहे हैं। पूरी योजना चल रही है कि बस किसी तरह से शिव को पटा लिया जाए। न साथ लेना पड़ेगा और न ही हिस्सेदारी देनी पड़ेगी। शिव के बारे में अखिल समाजवाद को पता है कि बस किसी तरह से शिव को मुलायम मय कर दिया जाए तो सब कुछ संभव है। जो चाहोगे वह हो जाएगा। देखा जाए तो मौजूदा समय में शिव ने अड़ियल रवैया अपना रखा है। साफ कह दिया है कि घुले मिलेंगे नहीं। साथ चलेंगे वो भी बंटवारे के साथ। ऐसी स्थिति में अखिल समाजवाद की चिंता बढ़ी हुई है कि कैसे शिव को मोह पाश में बांधा जाए और यह बात तो सबको पता है कि जैसे ही शिव में मुलायम समाहित होंगे वह खुद ही अपने सारे हथियार रख देंगे। तब जो चाहो वह शिव से करा लो। मुलायम मय होते ही शिव स्वयं के विवेक से काम करना बंद कर देते हैं और मुलायम की राह पर चल देते हैं। बस यही तो अखिल समाजवाद चाहता कि चुनाव भर शिव मुलायम मय रहे उसके बाद तो उन्हें किनारे कर ही दिया जाएगा।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मेरा नाम हाईस्कूल में अनुज कुमार त्रुटिवश अंकित हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम अनुज शुक्ला है। अतः भविष्य में मुझे अनुज शुक्ला के नाम से ही जाना-पहचाना जाएं। अनुज शुक्ला, 71-एम, यशोदा नगर, कानपुर।

### सूचना

मैने अपने पुत्र गोपाल क्याल को उनके गलत व्यवहार के कारण उससे संबंध विच्छेद करके उसे अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके किसी कार्य व लेन-देन से मेरा कोई सरोकार न होगा। वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। चन्द्रमोहन क्याल, म.नं. 59/41, सोना ज्वैलर्स के उपर, बिरहाना रोड, कानपुर।

### सूचना

मैंने अपना नाम दिनांक 25.01.2021 कुमार गौरव से बदलकर गौरव सिंह रख लिया है। भविष्य में मुझे गौरव सिंह पुत्र शैलेन्द्र कुमार सिंह निवासी बी-97, AWHO कॉलोनी त्यागी विहार, बंगला बाजार, लखनऊ के नाम जाना जाये समस्त अभिलेखों को में मेरा गौरव सिंह नाम अंकित किया जाये।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है के मैंने अपने नाबालिक पुत्र का नाम फहद खुर्शीद नकवी से बदलकर सैयद फहद खुर्शीद नकवी कर लिया है। अब मेरे नाबालिक पुत्र को सैयद फहद खुर्शीद नकवी के नाम से जाना-पहचाना जाये। सैयद फहद खुर्शीद नकवी पुत्र सैयद नावेद मुस्तफा नकवी नि0- 18 एच/40एच/ 2,करामत की चौकी, जी0टी0वी0 नगर, करैली जनपद प्रमागराज- यूपी

### सूचना

एम आनंद कुमार पुत्र मुनियप्पन निवासी ग्राम कल्लूकुरुक्कि पोस्ट-कल्लूकुरुक्कि तहसील-कृष्णागिरि जिला कृष्णागिरि राज्य-तमिलनाडु पिन-635002 लखनऊ कलेक्ट्रेट के समक्ष शपथ पत्र दिनांक 12/02/21 के माध्यम से घोषित करता हूँ कि मेरी माता चिन्नम्मल का नाम परिवर्तित होकर अब के. चिन्नम्मल और उनकी जन्मतिथि 01-07-1962 के स्थान पर 07-06-1958 हो गयी है।

### सूचना

एम आनंद कुमार पुत्र मुनियप्पन निवासी ग्राम कल्लूकुरुक्कि पोस्ट-कल्लूकुरुक्कि तहसील-कृष्णागिरि जिला कृष्णागिरि राज्य-तमिलनाडु पिन-635002 लखनऊ कलेक्ट्रेट के समक्ष शपथ पत्र दिनांक 12/02/21 के माध्यम से घोषित करता हूँ कि मेरे पिता मुनियप्पन (MUNIYAPPAN) का नाम परिवर्तित होकर अब मुनियप्पन (MUNIAPPAN) और उनकी जन्मतिथि 01-07-1990 के स्थान पर 25-07-1950 हो गयी है।

# सीएम योगी ने मांगा संत रविदास मंदिर के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मैं जब भी काशी जाता हूं, तो मुझे संत रविदास जी के मंदिर जाने का सौभाग्य प्राप्त होता है। हम लोग वहां संत रविदास जी की पावन जन्मस्थली पर सुंदरीकरण का एक बहुत बड़ा कार्य कर रहे हैं। मैं समिति के सदस्यों से अनुरोध करूंगा कि इस स्थान के सुंदरीकरण के लिए एक अच्छी कार्य योजना बनाकर मुझे भेजें, जिससे यहां संत रविदास जी की स्मृतियों को संजोया जा सके। यह बातें उन्होंने राजधानी लखनऊ के कृष्णा नगर स्थित संत रविदास मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। साथ ही संत रविदास जयंती के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि भी अर्पित की। उन्होंने कहा कि शुद्ध मन से की गई साधना प्रतिफलित होती है। मन है चंगाए कठौती में गंगा कहने वाले महान संत रविदास इसके सबसे बड़े उदाहरण हैं। अटल जी ने एक बात कही थी की आदमी न छोटा होता है न बड़ा होता है। आदमी तो आदमी होता है। व्यक्ति अपने कर्मों के माध्यम से कैसे महानता हासिल करता हैए कैसे लोकपूज्य हो सकता हैए संत रविदास जी महाराज का जीवन चरित्र हम सबको इस बारे में निरंतर प्रेरणा प्रदान करता है।

सीएम योगी ने कहा कि आज से 645 वर्ष पूर्व इस धरती पर एक संत का प्राकट्य हुआ थाए जिन्होंने काशी की धरती पर जन्म लेकर भारत की सनातन धर्म की परंपरा को एक नई ऊंचाइयां दीं वो महान संत थे संत रविदास जी। आज उनकी पावन जयंती है। मैं इस अवसर आप सबको बधाई देता हूं। आज का ये पावन दिवस हम सबको प्रेरणा प्रदान करता है। सीएम ने कहा कि भारतीय मनीषा में धर्म को कर्तव्य माना गया है। संत रविदास जी उसकी जीती जाती प्रतिमूर्ति हैं। रविदास जी नित्य गंगा स्नान करने जाते थे। एक दिन काम ज्यादा होने के कारण वो स्नान करने नहीं जा सके। उन्होंने अपने मित्र को एक आना देकर गंगा में चढ़ाने को दिया। मित्र स्नान के पश्चात अपना दान चढ़ाने के बाद रविदास जी द्वारा दिए गए दान को चढ़ाया तो नदी में से हांथ बाहर आया। उन्होंने ये बात संत रविदास जी को जाकर बताई और पूछा की मैने भी दान किया लेकिनए वो तो नदी बह गया पर आपका दान लेने स्वयं गंगा मैया आईं तो संत रविदास जी ने ये शब्द कहे थे की ष्मन चंगा तो कठौती में गंगाष्। साधना अंत:करण का भाव होता है। अगर हम अंत:करण से शुद्ध हैं तो साधना का प्रतिफल भी उसी रूम में प्राप्त होगा। अगर अंत:करण से कलुषित हैं तो हमें कभी भी साधना का फल प्राप्त नहीं होगा। संत रविदास जी ने पूरे जीवन पर्यंत समाज के तमाम रूढ़िगत पाखंडों का सामना करते हुए सनातन हिंदू धर्म को मजबूती देने का काम किया। उन्होंने समिति के सदस्यों को धन्यवाद देते हुए कहा कि संत रविदास सेवा समिति विगत 83 वर्षों से अपने सीमित साधनों से संत रविदास जी की शिक्षाओं का प्रचार प्रसार कार्य कर रही है। सनातन हिंदू धर्म को मजबूती प्रदान करते हुए एक भारत श्रेष्ठ भारत की परिकल्पना साकार कर रही है।



कृष्णा नगर क्षेत्र में संत शिरोमणि गुरु रविदास के जन्म उत्सव समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# समाजवाद के द्रष्टा थे रविदास और आजाद: दीपक मिश्र

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रसपा** बौद्धिक सभा द्वारा संत रविदास की जयंती और अमर सेनानी चंद्रशेखर आज़ाद की शहादत दिवस पर समाजवाद पर परिचर्चा को संबोधित करते हुए प्रसपा मुख्य प्रवक्ता व बौद्धिक सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष दीपक मिश्र ने कहा कि चंद्रशेखर ने भारत को स्वतंत्र कराके समाजवादी व्यवस्था लागू करने के लिए हिंदुस्तान समाजवादी गणतांत्रिक सेना व संघ का गठन किया था। इतिहास व बौद्धिक जगत में आज़ाद के आदर्श व उनकी वैचारिकी पर जितनी चर्चा होनी चाहिए, दुर्भाग्यवश नहीं हुई। बौद्धिक सभा आज़ाद के समाजवाद पर पूरे भारत में लगभग सौ कार्यशालाओं का आयोजन करेगी। आज़ाद की स्मृतियों को संजोने के लिए आज़ाद दस्ता का पुनर्गठन किया जाएगा। लोहिया ने लोकनायक जयप्रकाश के साथ मिलकर बयालीस में आज़ाद दस्ते का निर्माण किया था। श्री मिश्र ने कहा कि भारतीय संत परंपरा सदैव से प्रगतिशील समाजवाद की हिमायती रही है । संत रविदास ने समानता की खुली वकालत की थी। रविदास ने कहा था। ऐसा चाहूं राज मैं जहां मिले सबन को अन्न, छोट बड़ो सब सम बसे, रविदास रहें प्रसन्न। संत रविदास के सपनों का भारत अभी भी नहीं बन सका। अभी भी देश में बड़े पैमाने पर भुखमरी विद्यमान है, लगभग बीस करोड़ लोग भूखे सोने के लिए अभिशप्त हैं। भारत भोजन उपलब्ध कराने के मामले में 94वें सोपान पर है।

भाजपा नीत सरकारें आजाद व संत रविदास के नाम पर समारोह तो कर रहीं हैं किंतु दोनों के आदर्श के अनुरूप काम नहीं कर रही हैं । इधर के दिनों में आज़ाद व संत रविदास को जाति से जोड़ने की कुत्सित कोशिशें होना दु:खद है। दोनों जातिवाद के विरोधी थे।

ग्रीन फील्ड कालेज, इलसिया ग्रन्ट, रामकोट सीतापुर, पिन कोड़-261001

**आवश्यकता है**

**प्राचार्य-** 01 पद।
**सहायक आचार्य (परास्नातक स्तर-एम0ए0)-** गृह विज्ञान-02 पद, अग्रेजी साहित्य 02 पद ।
**सहायक आचार्य (स्नातक स्तर-बी0ए0)-**शिक्षाशास्त्र, चित्रकला, राजानीति विज्ञान, अर्थशास्त्र, गृह विज्ञान, हिन्दी साहित्य, अग्रेजी साहित्य, समाजशास्त्र एवं संस्कृत। (प्रत्येक विषय हेतु 01 पद) कामर्स (बी0काम0) 03 पद ।
**योग्यता-**यू0जी0सी/ राज्य सरकार/ लखनऊ विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक/योग्यताधारी अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों फोटो सहित आवेदन पत्र 15 दिनो में पंजीकृत डाक से भेजे।

**प्रबन्धक/सचिव**
**मो0-73-1000-5000**

**सार्वजनिक सूचना**

अधोहस्ताक्षरी अपने मुवक्किल एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लिमिटेड, लखनऊ के निर्देशानुसार एल.आई. सी.एच.एफ.एल. एरिया शहनजफ रोड, लखनऊ की ओर से सर्कुलर नं0 422/एनेक्जर-ई एल.आई.सी.एच. एफ.एल. के अन्तर्गत सूचित करता है कि सरदार अरविन्दर सिंह व जसवीर सिंह के पक्ष मे श्रीमती पूजा पाल पत्नी सतनाम सिंह द्वारा निष्पादित विक्रय पत्र दिनांक-26.03.2011 जो कार्यालय उपनिबन्धक पंचम लखनऊ मे बही सं0-1, जिल्द सं0-6533, पृष्ठ सं0-41/64, क्रमांक-3198 पर पंजीकृत है जो भवन निर्मित भूखण्ड खसरा सं0-2264 रकबा 1090.5 वर्गफिट स्थित-ग्राम-पारा, वार्ड-आलमनगर, जिला-लखनऊ के सम्बन्ध में है, वर्तमान स्वामी मेसर्स चन्दा डेवलपर्स द्वारा पार्टनर आलोक कुमार से खो गयी है तथा उनके अधिपत्य में नहीं है। चूंकि श्रीमती बीना देवी व संजीव यादव द्वारा एल.आई.सी. हाउसिंग फाइनेन्स लि0 में गृह ऋण के लिये आवेदन किया है तथा उक्त ऋण हेतु उक्त भूखण्ड/भवन के सम्बन्ध मे उक्त मूल विक्रय विक्रय पत्र दिनांक-26.03.2011 को बन्धक किया जाना है।
अतः जिस किसी व्यक्ति को उक्त मूल विक्रय पत्र दिनांक-26.03.2011 उससे सम्बन्धित सम्पत्ति हेतु कोई दावा करना हो तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिनों की अवधि के अन्दर अपना दावा अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा उक्त अवधि पूर्ण हो जाने पर यह मान लिया जायेगा कि उपरोक्त सम्पत्ति समस्त भारों विवादों व दायित्वों से मुक्त है तथा बन्धकर्ता तथा सम्पत्ति बन्धकदार के विरुद्ध कोई भी दावा व आपत्ति शून्य व अप्रभावी होगी।
महेन्द्र मोहन मिश्रा (एडवोकेट)
चेम्बरः शॉप नं. 4 व 5, प्रथम तल, कृष्णा टॉवर, निकट CMO ऑफिस, कैसरबाग, लखनऊ
मो. नं. 9415426914, 9559985554

**आवश्यकता है।**

राजकुमारी देवी (RKD) महाविद्यालय
(एनएच-2, कसिया ककोढ़ा कौशाम्बी)
में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत

प्राचार्य 1 पद एवं प्रवक्ताओं
स्नातक स्तर पर कला संकाय
(बी ए पाठ्यक्रम)
प्रा0भा इतिहास 1 पद, अर्थशात्र 1 पद, शिक्षाशात्र 1 पद, अंग्रेजी भाषा 1 पद, भूगोल 1 पद, राजनीति विज्ञान 1 पद एवं समाजशात्र 1 पद, प्रवक्ता वाणिज्य संकाय (बी कॉम पाठ्यक्रम) 1 पद, प्रवक्ता कंप्यूटर विज्ञान संकाय (बी0सी0ए पाठ्यक्रम) 1पद, प्रवक्ता तथा विज्ञान संकाय (बी0एस0सी पाठ्यक्रम) भौतिक विज्ञान 1 पद, रसायन विज्ञान 1 पद, गणित 1 पद, जंतु विज्ञान 1 पद एवं वनस्पति विज्ञान 1 पद की।

योग्यता वेतनमान एवं शर्तें यूजीसी, विश्वविद्यालय एवं राज्य सरकार के मानकानुसार, इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें
**Mo. 6389209911**

**रेल विद्युतीकरण, लखनऊ**

**विज्ञप्ति** दिनांकः 26.02.2021

**सीआरएस निरीक्षण के दौरान सतर्कता बरतने के संबंध में**

दिनांक- 05 एवं 06.03.2021 को उन्नाव-बालामऊ-सीतापुर खण्ड के रेल विद्युतीकरण का सीआरएस द्वारा ट्रॉली निरीक्षण एवं स्पीड ट्रायल किया जाएगा। अतः इस क्षेत्र की जनता से अनुरोध एवं जागरूक किया जाता है कि अब उपरोक्त खण्डों में लाइन का निरीक्षण/स्पीड ट्रायल होगा और उस पर विद्युतीकृत गाड़ियों का संचालन शुरू होगा। इसलिए निरीक्षण, स्पीड ट्रायल एवं ट्रेन संचालन के दौरान रेलवे ट्रैक एवं रेलवे लाइन के आस पास कोई आदमी न आएं और न ही ट्रैक को पार करें तथा अपने पशुओं को भी न आने दें। यह खतरनाक एवं जानलेवा हो सकता है।

भारतीय रेलवे अधिनियम की धारा-147 के अन्तर्गत यदि कोई व्यक्ति अनाधिकृत रूप से रेल की पटरियां पार करता हुआ पाया जाता है तो 06 माह का कारावास या रू. 1000/- जुर्माना या दोनों हो सकता है। जीवन को जोखिम में न डालें।

इस संबंध में रेलवे का सहयोग करें।
पी.आर./708/2021/अनु

उप मुख्य विद्युत अभियन्ता
रेल विद्युतीकरण, लखनऊ

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"

# गलत आर्थिक नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था में आई सबसे शर्मनाक गिरावट: प्रमोद तिवारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**वरिष्ठ** कांग्रेस नेता प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था में आज सबसे शर्मनाक गिरावट आई है। पिछले 19 माह में डॉलर के मुकाबले भारतीय रुपए में 104 पैसे की गिरावट दर्ज की गयी है, और भारतीय रुपया 73.47 रुपए प्रति डॉलर पर पहुंच गया है। शेयर बाजार में पिछले 10 माह में सेंसेक्स 1939 अंक नीचे गिरकर बंद हुआ, तथा निफ्टी भी 568 अंक नीचे गिरी। निवेशकों के 5.37 लाख करोड़ रुपए डूबे। देश की अर्थ व्यवस्था के लिए फ्राइडे ब्लैक फ्राइडे साबित हुआ। तिवारी ने कहा कि यह दर्शाता है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण आज देश आर्थिक तबाही और बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है, और मोदी सरकार अपनी बड़ी से बड़ी असफ्लताओं को धार्मिक चाशनी में डुबोकर छिपाने में लगी हुई है। मोदी जी अब तो देश को बताएं कि डॉलर के मुकाबले रुपया उनकी उम्र से ज्यादा हुआ की नहीं। तिवारी ने कहा है कि देश को जागना होगा, अन्यथा हम आर्थिक बदहाली के ऐसे मुकाम पर पहुंच जाएंगे जहां से हमें लौटना मुश्किल होगा और आने वाली पीढ़ियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। उन्होंने ने कहा कि आज अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत 61.67 डॉलर प्रति बैरल है, मध्य प्रदेश में पेट्रोल की कीमत 100 रुपए को भी पार कर गयी। मुम्बई में पेट्रोल की कीमत 97.34 रुपए प्रति लीटर, तथा दिल्ली में 90.93 रुपए प्रति लीटर और लखनऊ में 89.13 रुपए प्रति लीटर है। इसी प्रकार डीजल की कीमत मुम्बई में 88.44 रुपए प्रति लीटर, दिल्ली में 81.47 रुपए और लखनऊ में 81.70 रुपए प्रति लीटर है । रसोई गैस के सिलेण्डर की कीमत में बेतहाशा वृद्धि करके प्रधानमंत्री और मुख्यमन्त्री ने गृहणियों की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। आज लखनऊ में एक गैस सिलेण्डर की कीमत 835 रुपए हो गयी है। इस खबर को हम इससे जोड़कर देखें कि आज मुकेश अंबानी एशिया महाद्वीप के सबसे धनाढ्य व्यक्ति बन गए हैं, उन्होंने दुनिया के 10 अमीरों की सूची से चीन के झोंग शानशान को पीछे छोड़ दिया है तिवारी ने कहा कि एक तरफ देश की जनता पेट्रोल की भारी कीमत चुका रही है और दूसरी तरफ इसे बेंचने वाले अडानी और अंबानी दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति बन रहे हैं।

# समझौता न हुआ तो विधान सभा चुनाव अकेले लड़ेगी आरपीआई: अठावले

## ● एससी छात्रों के लिये 59000 करोड़ की छात्रवृत्ति की योजनाः अठावले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्रीय** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्यमंत्री रामदास अठावले ने वीवीआईपी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि पांच राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में उनकी पार्टी बीजेपी के साथ तालमेल करके चुनाव लड़ेगी। अगर भाजपा ने कुछ सीटें दे दीं तो उन सीटों पर आरपीआई अपने उम्मीदवार उतारेगी। अगर भाजपा से चुनावी तालमेल नहीं बैठा तो उनकी पार्टी अपने स्वतंत्र उम्मीदवार भी उतार सकती है। उन्होंने कहा कि इस चुनावी तालमेल के बारे में वह भाजपा के शीर्ष नेताओं के साथ-साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भी बात करेंगे। आठवले यहां संत रविदास की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए हुए थे। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना होने से जातिवाद बढ़ेगा यह मानना ठीक नहीं है। उन्होंने खुद प्रधानमंत्री को पत्र लिखा है कि इस बार की जनगणना जाति पर आधारित होनी चाहिए जिससे यह पता चल सकेगा कि किस जाति की कितनी संख्या है और उसे कितना प्रतिनिधित्व हासिल है। उन्होंने कहा कि एससी छात्रों के लिए मैट्रिकोत्तर छात्रवृत्ति के अंतर्गत पांच वर्षों में उच्चतर शिक्षा तथा कौशल प्रशिक्षण में 1.30 करोड़ गरीब से गरीब छात्रों को नामित किया जायेगा। मोदी सरकार की 35000 करोड़ रुपये से अधिक राशि छात्रवृत्ति की राशि का सीधा लाभ अंतरण करने की योजना है ताकि भुगतान में कोई विलम्ब न हो। उन्होंने कहा कि सरकार का प्रयास है कि अगले 5 वर्षों में 4 करोड़ छात्रों को लाभ दिया जाये जिसके लिये 59000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। सरकार 5 वर्ष में राष्ट्रीय औसत तक पहुंचने के लिए अनुसूचित जातियों के लिए उच्चतर शिक्षा में नामांकन अनुपात मे तेजी से वृद्दि करेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश के किसानों की आय दोगुना करने के लिए पीएम मोदी के नेतृत्त्व में केंद्र सरकार प्रतिबद्द है। कृषि कानूनों के विरोध पर अठावले ने कहा कि इस तरह से कानून का विरोध करना गलत है, कृषि मंत्री और सरकार किसानों की बात सुनने के लिये तैयार है इसलिये दोनो पक्षों को बात करना चाहिये। उत्तर प्रदेश के बारे में केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जनधन योजना के तहत उत्तर प्रदेश में सात करोड़ खाते खुले है और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत प्रदेश में 2 कोरड़ 48 लाख लोगों को लोन दिया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के अंतर्गत 7 लाख घरों का निर्माण हुआ है और उज्जवला योजना के तहत 1 करोड़ 48 लाख गैस कनेक्शन दिया गया है। पेट्रोल के साथ ही अन्य उपभोक्ता वस्तुओं की बढ़ती कीमतों के बारे में संसद में सवाल उठाए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि वह केन्द्र सरकार में मंत्री हैं इसलिए वह ऐसे सवाल नहीं उठा सकते। उन्होंने कहा कि भीम आर्मी नेता चन्द्रशेखर अगर आना चाहें उनको आरपीआई में उनको सम्मान मिलेगा। बसपा प्रमुख मायावती अगर आना चाहें तो वह आरपीआई के अध्यक्ष का पद भी उन्हें दे सकते हैं।



कार्यालय उप निदेशक (निर्माण) मु0/अनु0
**राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0,**
किसान मण्डी भवन, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ-226010

पत्रांक : मु0-अनु0निविदा सूचना/2021-612 दिनांक 27.2.2021

**ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, उ0प्र0 के आवासीय कालोनी, विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ में निम्नलिखित कार्यो हेतु ई-निविदा (E-Tendering) के माध्यम से मण्डी परिषद में पंजीकृत एवं वित्तीय रूप से सुदृढ फर्म/ठेकेदारों से दिनांक 23.03.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। ई-टेण्डरिंग के माध्यम से आनलाइन निविदा https://etender.up.nic.in पर दिनांक 01.03.2021 से दिनांक 23.03.2021 की अपरान्ह 3.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है जिनकी तकनीकी बिड दिनांक 23.03.2021 को अपरान्ह 3.30 बजे खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत (रु0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रु0 लाख में) | निविदा का मूल्य जी0एस0 टी0 सहित (रुपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) | पंजीकृत ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ स्थित आवासीय कालोनी के डी ब्लाक के कुल निर्मित 66 नग भवनों में मरम्मत/अनुरक्षण के अर्न्तगत 12 नग भवनों में लैट्रीन, बाथरूम एवं किचन का नवीनीकरण यथा-डिस्मेन्टलिंग कराते हुए संकन भाग में वाटर प्रूफिंग का कार्य, समस्त क्षतिग्रस्त सी0आई0 जी0आई0 पाइप, आदि के स्थान पर नई सैनीटरी एवं वाटर सप्लाई फिटिंग फिक्सिंग का कार्य, लैट्रीन, बाथरूम में एफ0आर0पी0 (फाइवर) डोर चौखट का कार्य, कमरों एवं किचन में एंगिल आयरन चौखट के साथ नये फलस डोर का कार्य, कमरों में अलमारियों में आर0सी0सी0 सेल्फ तथा शटर का निर्माण, खिड़कियों में स्टील वायर में जाली का प्राविधान तथा सभी भवनों के क्षतिग्रस्त प्लास्टर का पुननिर्माण कराते हुए रंगाई-पुताई/मरम्मत का कार्य। | 54.84 | 4.75 | 1770.00 | 8 माह | 'ब' |
| 2 | विभूति खण्ड गोमती नगर, लखनऊ स्थित आवासीय कालोनी के 96 नग ई-बलाक भवनों के मरम्मत/अनुरक्षण के अर्न्तगत मात्र कुछ भवनों में लेट्रीन, बाथरूम एवं किचन टाइल, फर्श पलास्टर को डिस्मेन्टलिंग कराते हुए संकन भाग में वाटर प्रफिंग का कार्य, क्षतिग्रस्त सी0आई0 जी0आई0 पाइप आदि के स्थान पर नई पी0वी0सी0 पाइप लगाने, सैनीटरी एवं वाटर सप्लाई फिटिंग की फिक्सिंग का कार्य, लैट्रीन, बाथरूम में पूर्व क्षतिग्रस्त फलश डोर के स्थान पर एफ0आर0पी0 फ्लश डोर का कार्य, कमरों की अलमारियों में आर0सी0सी0 सेल्फ तथा शटर का निर्माण, खिड़कियों में क्षतिग्रस्त जाली के स्थान पर स्टील वायर मैश का प्राविधान तथा जिन आवासीय भवनों के बाथरूम में सीधी जलापूर्ति व्यवस्था नहीं है उन आवासीय भवनों के बाथरूम में सीधी जलापूर्ति व्यवस्था, सभी भवनों के क्षतिग्रस्त प्लास्टर को तोड़कर नया प्लास्टर कराते हुए रंगाई-पुताई/ मरम्मत आदि कार्य। | 79.30 | 5.97 | 1770.00 | 8 माह | 'ब' |

नोट : 2020_RKUMP_560797_1, 2020 RKUMP_560776_1 दिनांक 27.02.2021 वेबसाइड https://etender.up.nic.in पर नियम व शर्तो सहित उपलब्ध है।

उपनिदेशक निर्माण

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# शक के चलते युवक ने पत्नी को चाकू से गोद कर मार डाला

## मड़ियांव के गायत्रीनगर की घटना, आरोपी पति गिरफ्तार

**संवाददाता।** लखनऊ



**मड़ियांव** के गायत्रीनगर में एक युवक ने शक के चलते अपनी पत्नी की चाकू से गोद कर घायल कर दिया। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस उसे ट्रॉमा सेंटर ले गई। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया है।

एसीपी अलीगंज अखिलेश सिंह ने बताया कि सीतापुर निवासी मो. रफीक मड़ियांव के गायत्रीनगर में पत्नी अफसाना (25) और पांच साल की बेटी के साथ रह कर सिलाई का काम करता है। पुलिस के मुताबिक रफीक को शक था कि उसकी पत्नी से एक युवक से अवैध सम्बंध हैं। इसको लेकर दोनों में अक्सर विवाद हुआ करता था। रफीक पत्नी को गांव लेकर जाना चाहता था, जिससे वह प्रेमी से न मिल सके। जिसका उसकी पत्नी विरोध कर रही थी।

**सुबह से गायब थी पत्नी, देखते ही किया हमला:** पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी पत्नी सुबह से ही प्रेमी के साथ कहीं चली गई थी। जिसे वह तलाश कर रहा था। शाम को पत्नी को घर के पास गली में देखते ही वह आग बबूला हो गया। गली में ही उस पर चाकुओं से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। पेट और सीने पर कई वार होने से वह लहूलुहान होकर गिर गई।

**सड़क पर पड़ी तड़पती रही, लोग बने रहे तमाशबीन:** प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक घायल अफसाना काफी देर तक सड़क पर ही पड़ी तड़पती रही। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। लेकिन कोई उसकी मदद को आगे नहीं आया। हालांकि लोगों ने आरोपी को दबोच कर पिटाई कर दी। घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस घायल अफसाना को ट्रॉमा सेंटर लेकर गई। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया कि आरोपी रफीक को गिरफ्तार कर चाकू बरामद कर लिया गया है। घटना की सूचना मृतका के मायके में दे दी गई है।

# लखनऊ मेट्रो की राइडरशिप पहुंची तीन करोड़

## यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने लखनऊ वासियों का जताया आभार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**शनिवार** का दिन लखनऊ मेट्रो से जुड़े सभी लोगों के लिए एक और उपलब्धि लेकर आया है। 5 सितंबर, 2017 से प्रारंभ हुई लखनऊ मेट्रो सेवा ने अपनी अब तक की यात्रा में तीन करोड़ की राइडरशिप (यात्री संख्या) को पार कर लिया। यह महत्तवपूर्ण उपलब्धि इसलिए भी ख़ास है क्योंकि तब से अब तक अपनी कार्य पद्धति और समर्पित यात्री सेवा से लखनऊ मेट्रो ने शहरवासियों के दिलों में अहम जगह बनाई है और उनकी दिनचर्या का हिस्सा बन चुकी है।

शनिवार को इस उपलब्धि के मौके पर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन के प्रबंध निदेशक कुमार केशव ने यूपीएमआरसी की पूरी टीम के साथ लखनऊ की जनता को भी बधाई दी है, उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर लखनऊ मेट्रो के लिए यह क्षण ऐतिहासिक और गर्व की अनुभूति कराने वाला है। हमने तमाम बाधाओं को पार कर लखनऊ के लोगों के लिए जिस आरामदायक और सुरक्षित यात्रा का संकल्प लिया था, आज वह यात्रियों से मिल रहे निरंतर समर्थन और भरोसे की वजह से एक मुकाम तक पहुंचता दिखाई दे रहा है। हम इसके लिए लखनऊवासियों के आभारी हैं और उन्हें विश्वास दिलाते हैं कि भविष्य में भी इसी कर्मठता और समर्पण के साथ उनक सेवा के लिए प्रतिबद्ध रहेंगे। वर्तमान में कोविड के मद्देनज़र मेट्रो स्टेशनों और मेट्रो ट्रेनों पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किए गए तमाम प्रबंध जारी हैं। सुरक्षित और सुगम यात्रा के लिए सैनिटाइजेशन और शारीरिक दूरी का विशेष ख्याल रखा जा रहा है। इस साल की शुरुआत से अल्ट्रावायलेट किरणों से मेट्रो ट्रेनों के कोच को सैनिटाइज करने वाली लखनऊ मेट्रो देश की पहली मेट्रो सेवा बन गई है। हमारे इन प्रयासों का नतीजा है कि पिछले साल कोविड के बाद अनलॉक में 7 सितंबर 2020 से मेट्रो सेवा के दोबारा शुरू होने के बाद से मेट्रो की यात्री संख्या में लगातार सुधार हुआ है। लखनऊ मेट्रो 42 हजार यात्री संख्या के साथ कोरोना पूर्व की राइडरशिप का 65 प्रतिशत पहले ही हासिल कर चुकी है। हालांकि इसी वक्त में अन्य राज्यों की मेट्रो सेवाओं की राइडरशिप रिकवरी काफी कम है।

**प्रतिदिन 343 फेरे लगाती है मेट्रो ट्रेन:** लखनऊ में सीसीएस एयरपोर्ट से मुंशीपुलिया के बीच 23 किलोमीटर उत्तर दक्षिण कोरिडोर में मेट्रो ट्रेन प्रतिदिनि 343 फेरे लगाती है। मेट्रो की ये सार्वजनिक परिवहन प्राणाली सुरक्षित होने के साथ साथ पर्यावरण के अनुकूल तो है ही साथ ही सवारी के कई माध्यमों से सस्ती भी है। यहां विशेष यात्रियों और महिलाओं की सहूलियत का भी पूरा ध्यान रखा जाता है।

# ठाकुरगंज पुलिस ने चार शातिर ठगों को दबोचा



**लखनऊ।** राजधानी की ठाकुरगंज पुलिस ने चार शातिर ठगों को गिरफ्तार करने का दावा किया है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज सुनील दुवे का कहना है कि पकड़े गये अभियुक्तों के पास से लाखों की कीमत के जेवरात बरामद हुए हैं। उनका कहना था कि इन्होंने शहर के लगभग आठ थाना इलाकों में टप्पेबाजी की घटनाओं को अंजाम दे चुके हैं। खास बात यह है कि गिरोह बाराबंकी से जुड़ा हुवा है और यह अपनी दो बाइकों से डेली लखनऊ आकर अपना निशाना तलाश करते थे और फिर वापस बाराबंकी लौट जाते थे। एडीसीपी पश्चिम राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि पुलिस कमिश्नर डीके ठाकुर के नेतृत्व में अपराध एंव अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत इधर कुछ दिनों से शहर के कई इलाकों से में बढ़ रही टप्पेबाजी की घटनाओं के खिलाफ अभियान में ठाकुरगंज पुलिस सक्रीय थी तभी मुखबिर से सूचना मिली की मेहदीगंज के पास दो बाइकों पर सवार चार लोग मौजूद हैं जो किसी वारदात को अंजाम देने के फिराक में हैं। पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंच कर दबोच लिया। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम बाराबंकी निवासी धर्मेंद्र शाह शम्भू शाह कौशल कुमार शाह व सोनू कुमार शाह बताया। पुलिस का कहना है कि यह चारो आरोपी दो प्लसरों से लखनऊ आते थे और फिर लखनऊ के भीड़ भाड़ इलाकों अस्पतालों के पास पहुंच कर बुजुर्गों को अपने झांसे में लेकर उनके जेवरात व नकदी लेकर फरार हो जाते थे। पकड़े गए आरोपियों ने शहर के कई इलाकों में वारदात करने की बात कबूल की है। यह गिरोह शहर के कई थाना इलाकों में काफी सक्रीय था।

## इनामी राजकिशोर राय को झारखंड से किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** कूट रचित प्रपत्र एवं शस्त्र लाइसेंसों पर शस्त्र एवं कारतूस खरीदकर उन्हें सप्लाई करने वाले 50 हज़ार रुपए के इनामिया अभियुक्त राजकिशोर राय को एटीएस ने झारखंड के देवघर से गिरफ्तार किया है। पकड़ा गया राजकिशोर राय मूल रूप से बिहार का रहने वाला है। राजकिशोर राय एटीएस लखनऊ में दर्ज मुकदमे में वांछित चल रहा था। विवेचना के क्रम में प्रकाश में आया था कि कानपुर नगर के कुछ गन हाउसों के द्वारा कूट रचित प्रपत्रों एवं शस्त्र लाइसेंसों पर शस्त्रों एवं कारतूसो की बिक्री की गयी है। अभियुक्त राजकिशोर राय ने अन्य व्यक्तियों के नाम पते से बनवाए गए शस्त्र लाइसेसों पर कुल 4 रायफल 315 बोर मय 40 कारतूस , एक दोनाली बन्दूक 12 बोर मय 10 कारतूस पूर्वांचल गन हाउस एवं एण्केण् नियोगी एंड कंपनी कानपुर से खरीदे थे।

## बैट्री चोरी से बेच डाली, और अब आए हो रिपोर्ट लिखाने...

**निगोहां।** लखनऊ रायबरेली हाईवे पर स्थित टिकरा गांव के समीप स्थित ढाबा के पास रोडवेज बस का टायर पंचर हो जाने के बाद चालक ने गाड़ी को वही खड़ी कर दी। बेखौफचोर बैट्री बॉक्स का ताला तोडकर बस में लगी दोनों बैट्री साफकर दी। बस चालक जब खाना खाकर ढ़ाबा से वापस लौटा तो उसे घटना की जानकारी हुई। जिस पर उसने डायल 112 पर इसकी सूचना दी। हद तो तब हो गयी जब पीड़ित तहरीर लेकर निगोहां थाने पहुंचा तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी ने चालक पर ही रौब जमाते हुए पीड़ित से ही कहा कि पहले बैट्री चोरी से बेच डाली, अब रिर्पोट दर्ज कराने चले आये हो। चालक का आरोप है कि ऐसा कहकर उसको निगोहां पुलिस ने चलता कर दिया। फिर चालक ने घटना की शिकायत आनलाइन पुलिस आधिकारियों से की है। शुक्रवार रात प्रयागराज डिपो की बस लखनऊ से प्रयागराज जा रही थी। चित्रकूट निवासी बस चालक रामनरेश तिवारी ने बताया कि रात्रि करीब 11 बजे बस का टायर पंचर हो गया। बस में बैठी सवारियों को दूसरी बस से भेज दिया गया। इसके बाद चालक और परिचालक कुछ दूरी पर स्तिथ एक ढाबे पर खाना खाने निकले गये। इसी बीच अज्ञात बेखौफचोर बैट्री बॉक्स का ताला तोड़कर उसमें लगी दोनों बैट्री उठा ले गए। जब वह लोग वापस लौटे तो चोरी की जानकरीं हुई। जिसके बाद उन्होंने 112 डायल कर पुलिस को जानकरीं दी। पहुंची पुलिस ने निगोहां थाने पर तहरीर देने की बात कहकर लौट आई। वहीं चालक जब निगोहां थाने तहरीर लेकर पहुँचा तो उसे यह कहकर लौटा दिया गया कि तुम्ही लोग उठा कर बेंच दिए होंगे। जिसके बाद चालक ने उत्तर प्रदेश पुलिस से ऑनलाइन शिकायत की।

# प्रदेश में कोरोना के 78 नए मरीज मिले

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 78 नए मरीज मिले हैं । प्रदेश में कोविड .19 से रिकवरी का प्रतिशत अब 98.20 हो गया है। प्रदेश में पिछले 24 घंटे में 115 तथा अब तक 5,92,556 लोग कोविड-19 से ठीक होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं। प्रदेश के अपर मुख्य सचिव सूचना नवनीत सहगल ने बताया कि प्रदेश में कल एक दिन में कुल 1,17,537 सैम्पल की जांच की गयी । प्रदेश में अब तक कुल 3,11,71,541 सैम्पल की जांच की गयी है। प्रदेश में सर्विलांस टीम के माध्यम से 1,85,630 क्षेत्रों में 5,11,880 टीम दिवस के माध्यम से 3,14,81,049 घरों के 15,28,64,993 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया। सहगल ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशन में प्रदेश सरकार के कोविड संक्रमण के प्रभावी नियंत्रण की कार्ययोजना कारगर सिद्ध हो रही है। प्रदेश में सर्विलांस , कांट्रैक्ट ट्रेसिंग व एग्रेसिव टारगेटिड टेस्टिंग से कोविड नियंत्रण में सफलता मिल रही है। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि कोविड .19 के टेस्ट 1 लाख 20 हजार से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार तक प्रतिदिन की जाए। अन्य प्रदेशों में कोविड .19 के संक्रमण बढ़ने से उन प्रदेशों से उत्तर प्रदेश में आने वाले लोगों का कोविड-19 टेस्ट किया जा रहा है तथा टेस्ट के उपरान्त कोविड .19 के प्रोटोकाल का पालन भी करवाया जा रहा है । प्रदेश में सर्विलांस का नया प्रयोग कर प्रत्येक परिवार तक पहुंच कर उनका हालचाल लेते हुए कोविड संक्रमण की जानकारी ली जा रही है । उन्होंने बताया कि प्रदेश की 24 करोड़ की जनसंख्या में से 18.39 करोड़ व्यक्तियों से सम्पर्क कर कोविड संक्रमण की जानकारी ली गयी है । प्रदेश में कोरोना का संक्रमण कम हुआ है। सहगल ने बताया कि 16.64 लाख स्वास्थ्य कर्मियों तथा फ्रंट लाइन कर्मियों को कोविड वैक्सीनेशन लगाने का कार्य किया जा चुका है । 1 मार्च, 2021 से वैक्सीनेशन की नई व्यवस्था लागू की जा रही है । वैक्सीन के लिए लक्षित लोगों को एक दिन पूर्व ही सूचित करने के निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए हैं, जिससे कि सम्बंधित कर्मी समय से पहुंचकर वैक्सीन की डोज लगवा सके। इसके अलावा जिलाधिकारी द्वारा प्रतिदिन इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एण्ड कन्ट्रोल सेन्टर में कोविड की समीक्षा की जाए।



# मुख्यमंत्री योगी ने लापरवाह अफसरों से मांगा स्पष्टीकरण

## ● मुख्यमंत्री हेल्प लाइन पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** हेल्प लाइन पर आने वाली शिकायतों के निस्तारण को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सघन समीक्षा की। इस दौरान शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही के आरोप में प्रयगराज की फूलपुर और हडिया तहसील तथा फरुर्खाबाद की सदर व कायमगंज के उपजिलाधिकारियों से स्पष्टीकरण मांगने के मुख्यमंत्री ने निर्देश दिये है। दोनों ही जिलों के उक्त चार तहसीलों में सबसे अधिक शिकायते लम्बित थी।

सीएम योगी राजस्व एवं गृह विभाग के सम्बन्ध में हेल्पलाइन-1076 पर विगत 6 माह में प्राप्त शिकायतों की समीक्षा कर रहे थे। समीक्ष यह तथ्य भी आया कि हरदोई की सदर तहसीलए गोण्डा की सदर तहसीलए मीरजापुर की सदर तहसीलए शाहजहांपुर की सदर तहसीलए औरैया की विधूना तहसील और बस्ती की हरैया तहसील से भी बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज हुई हैं। उन्होंने इन तहसीलों में दर्ज शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार उप जिलाधिकारियों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री के सामने यह तथ्य आया कि लखीमपुर खीरी के थाना ईसानगर, कोतवाली, निघासन तथा धौरहरा से सर्वाधिक शिकायतें आयी हैं। उन्होंने लखीमपुर खीरी के पुलिस अधीक्षक का स्पष्टीकरण मांगने के साथ-साथ सम्बन्धित थानाध्यक्षों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये।

मुख्यमंत्री ने प्रयागराज के हंडिया थाने, जनपद कन्नौज के कन्नौज कोतवाली थाने, जनपद उन्नाव के कोतवाली थाने, जनपद प्रतापगढ़ के लालगंज थाने, जनपद बहराइच के नानपारा थाने और जनपद सीतापुर के लहरपुर थाने से भी बड़ी संख्या में शिकायतें दर्ज होने के सम्बन्ध में इन थानों के थानाध्यक्षों की जवाबदेही तय करने के निर्देश दिये।

# पीड़ित व्यक्ति का सही मार्गदर्शन करें अधिवक्ता: पाठक

## ● अधिवक्ता संघ का स्थापना एवं सम्मान समारोह

**संवाददाता।** सरोजनीनगर-लखनऊ



**प्रदेश** के विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि कानूनी-दांवपेंच से परेषान लोग अधिवक्ताओ की तरफ आषा भरी नजरों से देखते है। इसलिए अधिवक्ताओं को चाहिए कि वह पीड़ित व्यक्त का सही मार्गदर्शन करे। श्री पाठक शनिवार को सरोजनीनगर अधिवक्ता संघ स्थापना एवं सम्मान समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित कर रहे थे।

इस मौके पर श्री पाठक ने कहा कि समाज के हर वर्ग की समस्या का समाधान अधिवक्ता समाज है। इसलिए अधिवक्ताओं को चाहिए कि वह गरीब बेसहारा लोगों के लिए सेवा भाव से काम करें। उन्होंने मौजूद अधिवक्ताओं से अपील करते हुए कहा कि तहसील में अगर कोई बेहद गरीब बेसहारा पीड़ित व्यक्ति अपने काम के लिए उनके पास आए तो अधिवक्ताओं को विशेष रुप से उनका काम सेवा भाव के साथ करना चाहिए। खासकर मंदिर में चढ़ावा समझकर ऐसे लोगों की मदद अवश्य करें। विधि एवं न्याय मंत्री बृजेश पाठक ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि अधिवक्ता समाज ही ऐसा समाज है, जो समाज के छोटे से बड़े लोगों तक की मदद करता है। कार्यक्रम में बीस वरिष्ठ अधिवक्ताओं को प्रतीक चिन्ह व अंग वस्त्र देकर और तीस से अधिक जूनियर अधिवक्ताओं को प्रतीक चिह्न व पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर सरोजनीनगर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा ने मंत्री बृजेश पाठक को पत्र देकर तहसील को नवनिर्मित नए भवन में स्थानांतरित करने के साथ ही वहां पर अधिवक्ताओं को बैठने के लिए उचित व्यवस्था उपलब्ध कराने, शुद्ध पेयजल व महिला पुरुष शौचालय की व्यवस्था कराने आदि की मांग की।

# डम्फर ने बाइक में मारी टक्कर पिता-पुत्री की मौत

## ● गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जामकर किया प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सुशांत** गोल्फ सिटी इलाके के खुर्दही बाजार के पास शनिवार दोपहर एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार पिता व बेटी को जोरदार टक्कर मारते हुए कुचल दिया। हादसे में पिता की मौके पर ही मौतए जबकि बेटी ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं बाप.बेटी की मौत को लेकर गुस्साए ग्रामीणों ने रोड जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

बाद में मौके पर पहुंचे पुलिस अधिकारियों ने किसी तरह मामले को शांत करवाते हुए जाम खुलवाया और आरोपी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। पुलिस के मुताबिक सुशांत गोल्फसिटी के दुलारमऊ गांव में 50 वर्षीय राम नरेश साहू अपने परिवार संग रहते थे। परिजनों के अनुसार शनिवार सुबह राम नरेश साहू रोज की तरह अपनी 26 वर्षीय बेटी मनीषा के साथ खुर्दही बाजार स्थित अपनी मिठाई की दुकान जा रहे थे। बताया जा रहा है कि इसी दौरान रास्ते में पीछे से आ रहे एक डंपर ने उन्हें रौंद दिया। इस हादसे में राम नरेश साहू की घटना स्थल पर ही मौत हो गईए जबकि मनीषा को आसपास के लोगों ने अस्पताल पहुंचाया जहां उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। व्यापारी व ग्रामीणों ने की सड़क जाम बता दें कि घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची सुशांत गोल्फसिटी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के बाद सड़क पर पानी डलवा दिया जिससे ग्रामीण व व्यापारी आक्रोशित हो गए। इसके बाद लोगों ने रोड जाम कर प्रदर्शन शुरू कर दिया।

# जालसाजों ने तीन लोगों को बनाया निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पारा इलाके** में नौकरी दिलाने के नाम पर जालसाजों ने दो महिलाओं समेत तीन लोंगों को अपना शिकार बना लिया। आरोपियों ने पीड़ितों को झांसे में लेकर रकम ऐंठ ली और फरार हो गए। ठगी का एहसास होने पर तीनों ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करवाया है। वहीं पुलिस मामले की जांच.पड़ताल में जुट गई है। यह है मामला पारा के सदरौना निवासी महिला काजल ने बताया कि एयरपोर्ट में नौकरी दिलाने का झांसा देकर दीपू व अमरजीत ने पांच हजार की रकम ऐंठ ली। इसके साथ ही जालसाजों इलाके में रहने वाली ममता व विनोद को भी अपना निशाना बना लिया। आरोप है कि जालसाजों ने तीनों से पांच.पांच हजार रुपए लेकर जल्द ही नौकरी दिलाने का वादा किया था। समय के बीतने के बाद पीड़ितों ने नौकरी के लिए पूछा तो आरोपी टालमटोल करने लगे और रुपए वापस मांगे तो जालसाज उन्हें जान से मारने की धमकी देने लगे। इसके बाद तीनों ने थाने जाकर पुलिस से मामले की शिकायत की। पुलिस पर लगाए गंभीर आरोप पीड़ित काजल का आरोप है कि जब वह अपने पिता के साथ हंसखेड़ा चौकी शिकायत लेकर पहुंची तो मौके पर मौजूद चौकी प्रभारी सुरेश नरायन मिश्रा ने कार्रवाई करने के बजाय उनके पिता चंद्रभान से गाली.गलौज करते हुए अभद्र व्यवहार किया। पीड़िता ने बताया कि बाद में उन्होंने डीसीपी से शिकायत की न्याय की मांग की है। वहीं प्रभारी निरीक्षक पारा राजेश कुमार ने बताया कि पीड़ित काजल द्वारा लगाए जा रहे आरोप गलत हैं।

# यूपी में फिल्म इंडस्ट्री व कलाकारों को मिल रहा प्रोत्साहन: रवि किशन

## ● भोजपुरी कलाकारों की पांच फिल्मों का हुआ मुहूर्त

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भोजपुरी** फिल्म कलाकार एवं सांसद रवि किशन ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश उत्तम प्रदेश बन गया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश प्रतिभाओं का केंद्र है। यहां पर वाराणसीए काशी-मथुरा व अयोध्या जैसे पवित्र नगरों वाले उत्तर प्रदेश में बहुत कुछ है। रवि किशन ने कहा कि जिस तरह से योगी सरकार उत्तर प्रदेश में फिल्म इंडस्ट्री व फिल्म कलाकारों को प्रोत्साहन दे रही है उससे यह प्रतीत होता है आने वाले समय में उत्तर प्रदेश फिल्म इंडस्ट्री के लिए विश्व में अपना स्थान बनाएगा। रवि किशन ने यह बात शनिवार को लखनऊ स्थित एक होटल में भोजपुरी की कुल 5 फिल्मों के मुहूर्त के अवसर पर कही। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री रामदास अठावलेएवं उत्तर प्रदेश सरकार के कानून मंत्री बृजेश पाठक भी मौजूद थे। पूरे विधि विधान एवं पूजन पाठ के साथ जिन भोजपुरी फिल्मों मुहूर्त संपन्न हुआ, उसमें क्रमश: सांसद रवि किशन की फिल्म हिंदुत्व, दिनेशलाल यादव निरहुआ की फिल्म फसल, खेसारीलाल यादव की फिल्म आस्त्व, प्रदीप पांडेय की फिल्म सन्यासी, और अरविंद अकेला कल्लू की फिल्म जानेमन 2 है। इन सभी फिल्मों का निर्माण श्रेयस फिल्म्स और स्काई हाय इंटरटेमेंट के बैनर तले किया जाना है जिसकी तैयारियां भी जोर दृ शोर से चल रही है। इस मौके पर सांसद एवं भोजपुरी फिल्म कलाकार रवि किशन ने कहा कि महादेव की कृपा से आज का दिन इतिहास में दर्ज हो रहा है जब यूपी की धरती पर 5 बड़ी फिल्मों का मुहूर्त हुआ है। ये सभी फिल्में एक से बढ़कर एक हैं।

## सावरकर का इतिहास में सही आकलन नहीं हुआ: जोशी

**लखनऊ।** सावरकर स्मृति समिति द्वारा आयोजित संगोष्ठी में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय जोशी ने कहाकि स्वतंत्रता आंदोलन में केवल सावरकर ही ऐसे हैं जिनके साथ स्वतंत्र वीर लिखा गया क्योंकि उनकी वीरता की मिसाल मिलती नहीं है लेकिन इतिहास में उनका सही आकलन नहीं हुआ क्योंकि तत्कालीन सरकार उनके कट्टर राष्ट्रवाद और हिंदुत्व की अवधारणा की धुर विरोधी रही। विभिन्न अवसरों का संदर्भ देते हुए जोशी ने बताया अटल सरकार उन्हें भारतरत्न में देना चाहती थी लेकिन तत्कालीन राष्ट्रपति केआर नारायणन ने अपनी सहमति नहीं दी। यही नहीं लोकसभा में उनके चित्र लगाए जाने का भी कांग्रेस ने जबरदस्त विरोध किया। उन्होंने कहा कि सावरकर जैसे तप, तपस्या और त्याग के उदाहरण बहुत कम मिलते हैं जो राष्ट्र के लिए अपना सब कुछ अर्पित कर दें। संगोष्ठी में मेजर जनरल एके चतुर्वेदी, मेजर जनरल विवेक ने भी अपने विचार रखे। अध्यक्षता केजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सक रहे डाक्टर रमाकांत ने की और संयोजक डॉ. अजय दत्त शर्मा ने सभी को धन्यवाद दिया।

## एमिकस एकेडमी बच्चों ने किया राजभवन में भ्रमण



**लखनऊ।** एमिकस एकेडमी विद्यालय के कक्षा आठ के बच्चों एवं शिक्षक, शिक्षिकाओं ने राजभवन का भ्रमण किया जहां पर सुरक्षा अधिकारी राज्यवर्धन सिंह व वीके सिंह ने बच्चों को राजभवन का भ्रमण कराया । इस अवसर पर बच्चों को राजभवन के बारे में पूर्ण रूप से जानकारी दी स इस दौरान बच्चों ने गुलाब वाटिका ,उद्यान ,गांधी सभागार , कला कक्ष, अन्नपूर्णा हाल ,गौशाला, ग्रीन हाउस, मुख्य भवन आदि देखा। बच्चों ने अपने हाथ से बनाया हुआ एक धन्यवाद कार्ड राज्यपाल महोदया को मुख्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार त्रिपाठी के माध्यम से भेंट किया जो तुरंत राज्यपाल के पास भेजा गया जिसे राज्यपाल आनंदी बेन पटेल जी ने सराहा। मुबारकबाद दी और धन्यवाद कार्ड पर स्वयं लिखकर अपने हस्ताक्षर से बच्चों को सप्रेम यादगार के रूप में अपने प्रतिनिधि के माध्यम से भेंट किया। बच्चे राजभवन पहुंचकर बहुत खुश थे और उन्होंने कई प्रकार के पौधों के बारे में जाना और उनको पहचाना। इस अवसर पर प्रबंधक अनवर हुसैन उप प्रबंधक रजा हुसैन, प्रधानाचार्य याकूब खान,शिक्षक उबैद अली,शिक्षिकाएं जेनब खान,अंकिता शर्मा ,अंजना कुमारी, शिल्पा राजभर ,पूजा गौर प्रीति सिंह, कृष्णा थापा, ज्योति यादव ,पूजा कुमारी, श्वेता चौहान, सोनम विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

## एकाधिकार की मानसिकता दुर्भाग्यपूर्ण: अखिलेश



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश की राजनीति में भाषा और आचरण का जो ह्रास दिखाई दे रहा है वह चिंतनीय है। आरोप.प्रत्यारोप और धमकी का इसमें कोई स्थान नहीं हो सकता है। जो राजनीति में हैं उन्हें विशेषकर सावधानी बरतनी चाहिए और सार्वजनिक जीवन की गरिमा बनाए रखनी चाहिए। लेकिन इधर लोकतंत्र के मंदिर विधानमण्डल में सार्वजनिक तौर पर जिस भाषा और व्यवहार का प्रदर्शन किया गया वह लोकतांत्रिक मान्यताओं की गरिमा को गिराने वाला है। लोकशाही में एकाधिकारी मानसिकता का प्रदर्शन अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और अवांछनीय है।

## पार्टियां स्वार्थ के लिए कर रही हैं नाटकबाजी: मायावती



लखनऊ। बसपा अध्यक्ष मायावती ने शनिवार को संत रविदास की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की और केंद्र तथा राज्य सरकारों से संत रविदास के बताए रास्ते पर चलकर समाज व देश का कल्याण करने की अपील की। मायावती ने राजनीतिक दलों पर स्वार्थ के लिए संतों के स्थल पर जाकर नाटकबाजी करने का आरोप लगाया। मायावती ने शनिवार को ट्वीट कर संत रविदास को नमन करते हुए कहा, मन चंगा तो कठौती में गंगा का अमर मानवतावादी संदेश देने वाले महान संत गुरु रविदास जी की जयन्ती पर उन्हें शत्-शत् नमन व देश व दुनिया में रहने वाले उनके करोड़ों अनुयाइयों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं।

## घायल अवस्था में पड़ा मिला अधेड़, मारपीट का आरोप

**लखनऊ।** नगराम के समेसी कस्बा के पास शुक्रवार रात सड़क किनारे घायल अवस्था में एक अधेड़ मिला। मामले की भनक लगते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवायाए साथ ही घटना की सूचना पुलिस को दी। पुलिस के मुताबिक घायल अधेड़ के भाई ने तीन लोगों के खिलाफ मारपीट कर घायल कर देने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

## एलडीए की सौ करोड़ की जमीन खाली कराई

**लखनऊ।** अवैध कब्ज़ों को लेकर एलडीए वीसी सख्त हुए। ज़िला प्रशासन व प्राधिकरण की संयुक्त टीम ने खाली 100 करोड़ की नुजूल भूमि कराई। हनुमान सेतु मन्दिर के पीछे लगभग 35000 स्कवॉयर फिट ज़मीन पर किये गए अवैध कब्जे, अतिक्रमण को हटाने का कार्य किया गया। भूमाफियाओं व अवैध कब्जा करने वालो के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## कार्यशाला आयोजित

**सरोजनीनगर-लखनऊ।** विकासखंड सरोजनीनगर परिसर में शनिवार को महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन की दृष्टिगत कार्यशाला का आयोजन किया गया ,जिसमें ब्लॉक प्रमुख निशा यादव, खंड विकास अधिकारी निशांत राय, जिला समन्वयक अंकित पांडेय, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) मनोज वर्मा, सचिव ग्राम पंचायत, खंड प्रेरक उत्कर्ष गुप्ता, महिला प्रधान एवम ग्रामवासीयो ने उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल करने हेतु प्रतिभाग किया।

## 'मीलेन्ज-2021' का भव्य समापन

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, स्टेशन रोड कैम्पस द्वारा ऑनलाइन आयोजित किये जा रहे तीन दिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय अंग्रेजी भाषा महोत्सव 'मीलेन्ज-2021' का आज रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच भव्य समापन हुआ। इस अवसर पर देश-विदेश के प्रतिभागी विजयी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अन्तर्राष्ट्रीय शैक्षिक महोत्सव में रूस, जर्मनी, कैनडा, श्रीलंका, नेपाल एवं भारत के विभिन्न राज्यों के मेधावी छात्रों ने अपनी प्रतिभा दिखाई।


## कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज, लखनऊ

पत्रांक-2718/15वाँ वित्त/क्षे0पं0/टेण्डर दिनांक-23.02.2021

निविदा फार्म प्राप्त करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक- 04.03.2021 प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक

निविदा फार्म जमा करने की अन्तिम तिथि व समय : दिनांक- 04.03.2021 प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 1.00 बजे तक

निविदा फार्म खोलने की तिथि : दिनांक- 04.03.2021 अपरान्ह 3.00 बजे

निविदा फार्म खोलने का स्थान कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज विकास खण्ड मोहनलालगंज में पन्द्रहवाँ वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित कार्यों हेतु विकास खण्ड मोहनलालगंज के पंजीकृत ठेकेदारों से मोहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र 100 रूपये के जनरल स्टैम्प पेपर जो निविदाकर्ता फर्म के नाम पर ही 1 रूपये की रसीदी टिकट लगाकर जमा होंगे। निविदायें दिनांक-04.03.2021 को अपरान्ह 1.00 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जा सकती है। उसी तिथि को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित ठेकेदारों एवं अधोहस्ताक्षरी/गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी निविदा स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी एवं गठित समिति में निहित होगा। जिसके विरूद्ध कोई भी वाद न्यायालय में नही चलाया जा सकता है।

कार्य का प्राक्कलन/आगणन नियम व शर्ते कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी मोहनलालगंज लखनऊ में किसी भी कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

**निविदा नियम व शर्ते-**

| क्र0सं0 | मद का नाम | कार्य का नाम | मात्रा | वित्तीय स्वीकृति (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा मूल्य जी0एस0 टी0 सहित | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अनटाईड कार्य | ग्राम कोडरा रायपुर में सड़क मार्ग से बाबा मन्दिर तक खडण्जा कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.96 | 0.20 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| 2 | " | ग्राम रामपुर गढ़ी में नगराम रोड से गढ़ी तक खडण्जा । निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.98 | 0.20 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| 3 | " | ग्राम निवाज खेड़ा में प्रमोद के दरवाजे से तमोरिया मदापुर चौराहा तक खडण्जा निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 9.95 | 0.20 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| 4 | " | ग्राम टिकरा में पक्की सड़क से बृजेश यादव के दरवाजे तक सी0सी0 निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 2.95 | 0.06 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| 5 | " | ग्राम पूरनपुर में कल्लू यादव के दरवाजे से पुरूषोत्तम के दरवाजे तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 3.60 | 0.07 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| 6 | " | ग्राम करोरवा में दुखीलाल के घर से हरिशंकर वर्मा के दरवाजे तक सी0सी0 रोड निर्माण कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 4.84 | 0.10 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| 7 | " | ग्राम केसरी खेड़ा में पक्की सड़क के किनारे स्थित मेला स्थान पर इण्टरलाकिंग कार्य। | प्राक्कलन के अनुसार | 6.90 | 0.14 | 500+ 300+ 100+ | तीन माह |
| | | योग | | 48.18 | | | |

1. कोई भी निविदादाता राज्य सरकार की काली सूची में दर्ज है तो निविदा प्रक्रिया में भाग नही ले सकेगा, तथा भविष्य में ज्ञात होने पर उसकी निविदा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
2. निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल का निरीक्षण निविदादाता द्वारा कर लिया जायें अन्यथा की स्थिति में कोई दावा मान्य नहीं होगा।
3. निविदादाता का दो बन्द लिफाफे में टेण्डर डाले जायेंगे। जिसमें एक लिफाफे में जमानत की धनराशि दूसरे लिफाफे में निविदा प्रपत्र रखा जायेगा। जिस पर बड़े-बड़े अक्षरों में निविदादाता का नाम एवं कार्य का नाम अंकित किया जायेगा। प्रत्येक कार्य के लिए अलग-अलग निविदा कार्यालय के निविदा बाक्स में डाली जायेगी।
4. स्वीकृत निविदाओं को कार्यादेश के पूर्व नोटरी शपथ पत्र देना होगा।
5. निविदा प्रपत्र डालने के साथ पंजीकरण पत्र की मूल प्रति संलग्न करना होगा।
6. भुगतान के समय नियमानुसार कटौतियाँ की जायेगी।
7. प्रत्येक कार्य को पूर्ण करने की समयावधि कॉलम 07 में वर्णित है।
8. कराये जाने कार्य स्थल की कार्य प्रारम्भ करने के पूर्व कार्य होते समय एवं कार्य पूर्ण की फोटोग्राफ भुगतान के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।
9. कार्य प्रारम्भ करने से पूर्व कार्य स्थल पर संकेत पट (साइन बोर्ड) लगाना आवश्यक होगा। जो स्वीकृत लागत में सम्मिलित है।
10. कार्य पूर्ण होने की अवधि की बढ़ोत्तरी अथवा घटोत्तरी का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
11. भुगतान तकनीकी प्रभारी जे0ई0 (आर0ई0डी0) के मापन एवं संस्तुति पर व्यय होगा।
12. रॉयल्टी हेतु वांछित अभिलेख देना होगा। अन्यथा कटौती बिल से की जायेगी।

**खण्ड विकास अधिकारी,**
**मोहनलालगंज, लखनऊ।**



## कार्यालय : अधिशाषी अभियन्ता, जोन-7, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 822/LJS/EE7 दिनांक : 27.02.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 16/03/21 को अपराह्न 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सॉयकाल 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। संन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 16/03/21 को समय 02.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेष्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशाषी अभियन्ता, जोन-7"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेष्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार महाप्रबन्धक महोदय, जलकल विभाग में निहित होगा। कार्य का पूर्ण विवरण जलकल कार्यालय, जोन-7 में किसी भी दिन कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of old V.T. motor pump set along-with foundation for installation of new V.T. Pump Set for making of new foundation including all labour T&P etc. and Lowering of 5400 LPM Discharge, 35 mtr. head, V.T. pump set at Zonal Pumping Station, Mulayam Nagar, Indira Nagar, Lucknow | रु. 9,000.00 | रु. 400.00 | 30 दिवस | |

<u>निविदा प्राप्त करने की शर्त</u> :- निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशाषी अभियन्ता, जोन-7,**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**



## कार्यालय : अधिशाषी अभियन्ता, जोन-7, जलकल विभाग नगर निगम, लखनऊ

पत्र सं0 : 821/LJS/EE7 दिनांक : 27.02.2021

### अल्पकालीन निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य/आपूर्ति हेतु अनुभवी ठेकेदारों से मोहरबन्द निविदा दिनाँक 16/03/21 को अपराह्न 03.00 बजे तक अधोहस्ताक्षरी द्वारा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सॉयकाल 04.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। संन्दर्भित कार्य हेतु निविदा किसी भी कार्य दिवस में दिनाँक 16/03/21 को समय 02.00 बजे तक कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। अर्नेष्टमनी एफ.डी.आर./सी.डी.आर./एन.एस.सी. के रूप में **"अधिशाषी अभियन्ता, जोन-7"** के पद नाम से बन्धक होना अनिवार्य है। बिना अर्नेष्टमनी के प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। एक या समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार महाप्रबन्धक महोदय, जलकल विभाग में निहित होगा। कार्य का पूर्ण विवरण जलकल कार्यालय, जोन-7 में किसी भी दिन कार्य दिवस में देखा जा सकता है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | धरोहर राशि | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Dismantling of old V.T. motor pump set along-with foundation for installation of new V.T. Pump Set for making of new foundation including all labour T&P etc. and Lowering of 5400 LPM Discharge, 35 mtr. head, V.T. pump set at Zonal Pumping Station, Sector-14, Indira Nagar, Lucknow | रु. 9,000.00 | रु. 400.00 | 30 दिवस | |

<u>निविदा प्राप्त करने की शर्त</u> :- निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी.एस.टी. में रजिस्ट्रेशन होना चाहिए।

**अधिशाषी अभियन्ता, जोन-7,**
**जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

# क्या चिंता का विषय है वैश्विक ऋणग्रस्तता?

## जब तक प्राथमिक बजट घाटा बहुत बड़ा नहीं है, तब तक मुख्य समस्या सार्वजनिक ऋण को स्थिर करना है, जो अर्थव्यवस्था के आकार से स्वतंत्र हो ताकि यह नियंत्रण से परे न हो सके।


**गोविंद भट्टाचार्जी**
(लेखक लेखा नियंत्रण एवं महालेखा परीक्षक कार्यालय से संबद्ध रहे हैं)




पिछले दशक ने पिछले 50 वर्षों में उभरती अर्थव्यवस्थाओं में ऋण में सबसे तेज वृद्धि देखी। आईएमएफ ने अनुमान लगाया कि 2020 के अंत में वैश्विक सार्वजनिक ऋण जीडीपी के 98 प्रतिशत को छू जाएगा, और भारत का सकल सरकारी ऋण सकल घरेलू उत्पाद का 90 प्रतिशत होगा। आईएमएफ के राजकोषीय मॉनिटर के अनुसार, अधिकांश ओईसीडी देशों में ऋण-से-जीडीपी अनुपात 100 प्रतिशत से अधिक है और उभरते लोगों में 100 प्रतिशत के करीब है। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में केवल चीन (66.5 प्रतिशत), ऑस्ट्रेलिया (70 प्रतिशत) और जर्मनी (72 प्रतिशत) बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इटली और ग्रीस की समस्या अर्थव्यवस्थाओं में ऋण स्तर क्रमशः 158 प्रतिशत और सकल घरेलू उत्पाद का 200 प्रतिशत है, जबकि जापान का ऋण 264 प्रतिशत है। 2021 से, वैश्विक ऋण पूर्व-कोविद समय की तुलना में अधिक हो जाएगा। बढ़ते कर्ज से निपटने के लिए एक विश्वसनीय मध्यम अवधि का राजकोषीय ढांचा जरूरी है, लेकिन महामारी अभी भी नियंत्रण से बाहर है, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर सार्वजनिक खर्च के लिए आवश्यक अतिरिक्त राजस्व जुटाना अब ज्यादातर विकासशील देशों में पहले से कहीं अधिक कठिन है। बचत की कृपा यह है कि उधार अब सस्ता है, ब्याज दरों को असाधारण रूप से निम्न स्तर तक गिरने के लिए धन्यवाद और अधिकांश देशों में विकास दर से कम रहने की उम्मीद है। एसएंडपी ग्लोबल के अनुसार, 2023 में, विकास न केवल सभी अमीर देशों में, बल्कि 60 उभरती अर्थव्यवस्थाओं में से 53 में भी ब्याज दरों को पीछे छोड़ देगा। वृद्धि-संशोधित ब्याज दर, ब्याज और नाममात्र की विकास दर के बीच अंतर, भारत में -3.6 प्रतिशत और चीन में -6.5 प्रतिशत और अर्जेंटीना में -33.8 प्रतिशत होगा।

यह कानूनी रूप से सवाल उठाता है, क्या उभरती अर्थव्यवस्थाओं को भी अपनी राजकोषीय सीमा पर पुनर्विचार करना चाहिए? अर्थशास्त्री ने भारत के बजटीय राजकोषीय घाटे का सकल घरेलू उत्पाद का 9.5 प्रतिशत इस वित्तीय वर्ष में राजकोषीय उत्तरदायित्व और बजट प्रबंधन अधिनियम द्वारा निर्धारित तीन प्रतिशत की सीमा से नीचे लाने के लिए कोई रोड मैप नहीं बताया, जबकि यह नोट किया कि नवीनतम आर्थिक सर्वेक्षण में भी था इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि भारत की ब्याज दर विकास के मानदंड से कम है, अपवादस्वरूप नहीं, और यह दावा है कि आर्थिक संकट के दौरान उच्च ऋण और राजकोषीय खर्च अनावश्यक चिंता का कारण नहीं होना चाहिए। लेकिन फिच रेटिंग्स ने उल्लेख किया कि पिछले दशक में, विकसित अर्थव्यवस्थाओं में औसत ब्याज दर चार प्रतिशत से दो प्रतिशत तक गिर गई थी, जबकि उभरते बाजारों में, यह 4.3-5.1 प्रतिशत से बढ़ गई थी। इस प्रकार कम दरों का लाभ ज्यादातर अमीर देशों को मिलता है।

शास्त्रीय डोमर मॉडल सरकारी ऋण की स्थिरता के लिए दो शर्तों को पूरा करता है- पहला, नाममात्र विकास दर सार्वजनिक ऋण पर ब्याज दर से अधिक होना चाहिए और दूसरा, सरकार के प्राथमिक खाते, जिसका अर्थ है कि ब्याज भुगतान को बाहर करना चाहिए, तो उसमें कोई घाटा नहीं होना चाहिए। यदि दोनों स्थितियां संतुष्ट हैं, तो जीडीपी में ऋण स्टॉक तेजी से घटेगा, और भले ही प्राथमिक खाते में घाटा हो, यह अंततः एक स्थायी स्तर तक पहुंच जाएगा। लेकिन अगर विकास दर ब्याज दर से पीछे रह जाती है, तो सार्वजनिक ऋण अनिश्चित रूप से अनिश्चित हो जाएगा। इस प्रकार सार्वजनिक ऋण उच्च स्तर पर स्थिर हो सकता है, लेकिन यह आर्थिक झटके में कमजोर देश को प्रस्तुत करेगा। हालांकि, चूंकि यह मॉडल ब्याज दर, सार्वजनिक खर्च की संरचना, सार्वजनिक ऋणग्रस्तता की डिग्री और विकास दर जो एक दूसरे को प्रभावित करती है, के बीच मौजूद अन्योन्याश्रितताओं पर विचार नहीं करता है, अर्थशास्त्रियों हैमिल्टन और फ्लाविन ने एक और मॉडल का सुझाव दिया।

इसके अनुसार, अंतर-अस्थायी बजट बाधा को ऋण स्टॉक को स्थायी बनाने के लिए संतुष्ट होना चाहिए, जिसे वर्तमान सार्वजनिक ऋण के आकार को कवर करने के लिए भविष्य के प्राथमिक अधिशेषों के वर्तमान मूल्य की आवश्यकता होती है। अनुमानों, ब्याज दरों और मुद्रास्फीति के भविष्य के मूल्यों की अनिश्चितता इस मॉडल की कमजोरी बनी हुई है, लेकिन जो भी मॉडल का उपयोग किया जाता है, सार्वजनिक ऋण में वृद्धि करना जरूरी नहीं है कि यह अस्थिरता है, खासकर जब किसी देश को संरचनात्मक रूपों को बनाने या बनाने के लिए अतिरिक्त वित्त की आवश्यकता होती है बुनियादी ढांचे पर पूंजी निवेश।

**ऐसा पहली बार नहीं हुआ है जब दुनिया में एक ऋण महामारी आई है और 1970-89, 1990-2001 और 2002-09 के दौरान ऋण संचय की तीन पिछली लहरें थीं, जो सभी कम वास्तविक ब्याज दरों और आसान की अवधि के दौरान शुरू हुई वित्तीय बाजारों से उधार लेने की पहुंच। प्रत्येक ने 1982, 1991 और 2009 में वैश्विक मंदी और 1998 और 2001 में आर्थिक मंदी का सामना किया और इसके बाद संरचनात्मक सुधारों को कम कमजोरियों के लिए प्रारूपित किया गया, जिसमें अधिक आरक्षित संचय और नीतिगत ढांचों को मजबूत किया गया।**

जब तक प्राथमिक बजट घाटा बहुत बड़ा नहीं होता है, मुख्य समस्या सार्वजनिक ऋण को स्थिर करना है, अर्थव्यवस्था के आकार से स्वतंत्र है ताकि यह नियंत्रण से परे न हो। यह साधारण बजटीय अंकगणित है। यदि ऋण जीडीपी के 60 प्रतिशत पर तीन प्रतिशत की प्राथमिक कमी के साथ स्थिर था, तो इसे 80 प्रतिशत पर स्थिर करने के लिए प्राथमिक घाटे को चार प्रतिशत तक सीमित करने की आवश्यकता होगी। आर्थिक सर्वेक्षण बताता है कि भारत में जीडीपी की वृद्धि दर पिछले 25 वर्षों में हमेशा ब्याज दरों से अधिक रही है, हालांकि प्राथमिक खाता अक्सर घाटे में रहा है, लेकिन ऋण स्थिरता समीकरणों द्वारा परिभाषित अधिकतम सीमा से कम है।

सर्वेक्षण का निष्कर्ष है कि सबसे खराब स्थिति में भी, वास्तविक विकास अगले 10 वर्षों के लिए केवल चार प्रतिशत और उच्च प्राथमिक घाटा जीडीपी (केंद्र प्लस राज्यों) का 6.8 प्रतिशत, पांच प्रतिशत मुद्रास्फीति और मामूली ब्याज दर छह प्रतिशत, सार्वजनिक ऋण अभी भी स्थायी होगा। यह परिदृश्य भारत के लिए अजीब नहीं है। आईएमएफ का कहना है कि उभरती हुई अर्थव्यवस्थाओं ने 75 प्रतिशत समय से अधिक ब्याज दरों का अनुभव किया है। बेशक, समग्र ऋण पोर्टफोलियो में बाहरी ऋण के उच्च प्रसार के मामले में जोखिम का एक तत्व है क्योंकि यदि विनिमय दर कमजोर होती है, तो ब्याज दर मामूली रहने पर भी ऋण-से-जीडीपी अनुपात तेजी से बढ़ेगा।

लेकिन भारत के लिए, यह जोखिम न्यूनतम है क्योंकि बाहरी ऋण हमारी कुल देनदारियों का लगभग छह प्रतिशत (2019-20 में 5.85 लाख करोड़ रुपये) है।2019-20 में सरकारी ऋण जीडीपी का 73.8 प्रतिशत था, इससे पहले कि महामारी इसे और अधिक बढ़ाती। 15 वें वित्त आयोग द्वारा निर्धारित रोड मैप के अनुसार, भारत के ऋण में 2020-26 के दौरान सकल घरेलू उत्पाद के 89.8 प्रतिशत से 85.7 प्रतिशत तक की गिरावट आनी चाहिए, लेकिन गिरावट व्यावहारिक रूप से पिछले तीन वर्षों में होगी। इस प्रकार हमें अपने ऋण को उस स्तर के आसपास स्थिर करने की जरूरत है बशर्ते ये अनुमान मौजूद हों। यह मामला नहीं हो सकता है क्योंकि स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे पर अतिरिक्त खर्च की आवश्यकता होगी।

लेकिन सवाल यह है कि क्या उच्च ऋण स्तर टिकाऊ होने के बावजूद भी वांछनीय है, क्योंकि सार्वजनिक उधार आम तौर पर निजी निवेश को प्रभावित करता है और अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाता है। शायद इसका जवाब यह है कि उधार ली गई धनराशि का उपयोग कैसे किया जाता है। अगर सरकार निवेश पर खर्च करती है, जैसे कि अगले वित्त वर्ष के लिए बजट में पूंजीगत खर्च में 26 फीसदी की बढ़ोतरी, तो यह जोखिम कम होगा, खासकर जब अर्थव्यवस्था क्षमता से नीचे चल रही हो जैसा कि अभी है; सार्वजनिक व्यय तब आय और लाभप्रदता में सुधार करके अतिरिक्त निजी निवेश ला सकता है।


हालांकि, यह पहली बार नहीं है जब दुनिया में एक ऋण महामारी आई है और 1970-89, 1990-2001 और 2002-09 के दौरान ऋण संचय की तीन पिछली लहरें थीं, जो सभी कम वास्तविक ब्याज दरों और आसान की अवधि के दौरान शुरू हुई वित्तीय बाजारों से उधार लेने की पहुंच। प्रत्येक ने 1982, 1991 और 2009 में वैश्विक मंदी और 1998 और 2001 में आर्थिक मंदी का सामना किया और इसके बाद संरचनात्मक सुधारों को कम कमजोरियों के लिए प्रारूपित किया गया, जिसमें अधिक आरक्षित संचय और नीतिगत ढांचों को मजबूत किया गया। मुद्रास्फीति लक्ष्यीकरण, राजकोषीय नियम और अधिक मजबूत वित्तीय क्षेत्र पर्यवेक्षण जैसे नियंत्रण के मानक बन गए।

अब हम चौथी लहर की शिखा पर चल कर रहे हैं जो 2010 में शुरू हुई थी लेकिन ज्यादातर देशों में आर्थिक विकास की गति धीमी होने के साथ महामारी के दौरान चरम पर थी। 2008 की मंदी के बाद स्थितियां उन लोगों के समान थीं, जब ब्याज दरें कम थीं और बैंकों के लिए पूंजी के लिए वित्तीय बाजारों तक पहुंच आसान थी, क्योंकि बैंकों ने अपने आउटरीच को उल्लेखनीय रूप से बढ़ाया था। जैसा कि महामारी अब अर्थव्यवस्थाओं की लचीलापन का परीक्षण करती है, एक वैश्विक मंदी जो पहले से ही उग्र थी, अब दुनिया को एक गहरे ऋण संकट में धकेल रही है, जिसने प्रत्येक पिछली लहर के अंत को चिह्नित किया है। पिछली तरंगों के मामले की तरह, अब गहरे संरचनात्मक सुधारों के लिए भी कहा जाता है। भारतीय संदर्भ में, इसका अर्थ होगा समग्र नियामक तंत्र को मजबूत करते हुए कृषि और वित्तीय क्षेत्रों में सुधार के साथ-साथ कारक बाजारों के कई और सुधार। उपयुक्त नीतिगत विकल्प महत्वपूर्ण हैं क्योंकि एक बार वसूली हो रही है, केवल सुधार और साथ में संस्थागत तंत्र हमारे वित्तीय और ऋण स्थिरता को बहाल करने में मदद कर सकते हैं।

# एक साल बाद उड़ान व यात्रा के अनुभव

## एक साल लंबे नियंत्रण के बाद गोवा की हवाई यात्रा से वायरस संक्रमण फैलने की आशंका बनी हुई है। इस पर ध्यान देने की जरूरत है। हालांकि, मुझे किसी समय असुरक्षा का भाव नहीं अनुभव हुआ, पर आपने भी अनुभव किया होगा कि महामारी जारी रहने का क्या अर्थ होता है।


**कुषाण मित्रा**
(लेखक दि पायनियर के प्रबंध संपादक हैं)



हालांकि, अपने बारे में स्तंभ लिखना अच्छी बात नहीं मानी जाती है, पर इस स्तंभ में एक व्यक्तिगत अनुभव का उल्लेख है। मैं इसे उसी तरह लिख रहा हूं। यह अनुभव 350 दिन बाद पहली बार उड़ान का है। मेरे काम का एक हिस्सा मोटर वाहनों की समीक्षा व उनका मूल्यांकन है और इसके लिए अपरिहार्य रूप से काफी यात्रा करनी होती है। हालांकि, कोविड-19 वैश्विक महामारी ने सुनिश्चित किया था कि 2020 में की गई कुछ ड्राइव दिल्ली-एनसीआर तक सीमित थीं तथा उनका अच्छा प्रबंधन किया गया था। कार कंपनियां गोवा में ऐसे आयोजन इसलिए नहीं करती हैं कि वहां काफी धूप या बालू है अथवा हमारे जैसे लोग उड़ान पसंद करते हैं, बल्कि इसका कारण यह है कि वहां सैकड़ों अच्छे होटल व अन्य संपत्तियां हैं तथा यह राज्य उड़ानों के माध्यम से भारत के लगभग हर बड़े शहर से जुड़ा है। इसलिए गोवा में मीडिया अभियान अलग-अलग शहरों में आयोजनों की तुलना में संभवतः सस्ता पड़ता है और इसका प्रबंधन आसान होता है।

मैंने खुद से वर्ष 2020 में उड़ान न भरने का वादा किया था, हालांकि उस समय कुछ आटोमोटिव आयोजनों के लिए उड़ानों की उपलब्ध व्यवस्था थी। लेकिन नया वर्ष शुरू होने और कुछ आयोजनों की घोषणा होने के बाद यात्रा टालना संभव नहीं था। आखिरकार अखबार में काम करने और यह सबसे पहले पढ़ने का असर भी था कि सरकार ने महामारी पर लगभग नियंत्रण कर लिया है। निश्चित रूप से मेरे उड़ान भरने के समय तक वास्तव में थोड़ा बदलाव हुआ है और महाराष्ट्र में वायरस का नया स्ट्रेन आ गया है।

लेकिन मेरे टिकट बुक हो गए थे और मैं 350 दिन बाद उड़ान भर रहा था। एक समय टर्मिनल 3 से साप्ताहिक उड़ान भरने की बात मेरे लिए अब अजीब लग रही थी क्योंकि लगभग एक साल बाद मैं टैक्सी में था। हवाईअड्डे से आने-जाने वाला ट्रैफिक सामान्य था और कुछ नए फ्लाईओवरों के निर्माण के कारण टैक्सी के रास्ते पर थोड़ा जाम भी था। मेरी उड़ान दोपहर बाद होने के कारण वहां पहुंचने में ज्यादा परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। एयरलाइनें सीमित घरेलू रास्तों पर चल रही हैं और अपनी क्षमता का दो तिहाई प्रयोग कर रही हैं। अंतरराष्ट्रीय उड़ानें बहुत कम होने के कारण भारत के सबसे बड़े हवाई टर्मिनल पर भीड़ नहीं थी।

हम सबने 'न्यू नार्मल' शब्द सुना है जिसमें वर्किंग फ्राम होम, बहुत कम लोगों द्वारा यात्रा तथा स्वच्छता की आवश्यकता, आदि शामिल हैं। लेकिन सभी लोगों के मास्क पहनने और सेंट्रल इंडस्ट्रियल सिक्यूरिटी फोर्स-सीआईएसएफ कर्मचारियों के शील्ड पहनने तथा अपने मैटल डिटेक्टरों 'वैंड' से एक हैंडिल जोड़ने के सिवा 2021 में उड़ान 2019 व इसके पहले से बहुत अलग नहीं थी। हालांकि, उड़ान प्रक्रिया में सबसे ज्यादा भीड़ वाली जगह सिक्यूरिटी से गुजरने के बाद मैंने अपने हाथ सेनीटाइज़ किए, पर मुझे पहले जैसा ही लगा। हालांकि, मुझे किसी समय असुरक्षा का भाव नहीं अनुभव हुआ, पर आपने भी अनुभव किया होगा कि महामारी जारी रहने का क्या अर्थ होता है। भारत में संक्रमितों की संख्या के बारे में कैंसर विज्ञानी व पुरस्कृत चिकित्सा लेखक सिद्धार्थ मुखर्जी ने द न्यूयारकर में हाल में लिखा है। इसमें बताया गया है कि भारत में रहने और अनेक प्रकार के रोगकारकों का पहले से सामना करने के कारण शायद कोविड-19 का मुकाबला करते समय 'तुलनात्मक' रूप से हमारे शरीरों में बीटा व टी सेल काफी थे जो वायरस से निपट सकते थे। इससे स्पष्ट होता है कि भारत, अफ्रीका के सहारा क्षेत्र तथा दक्षिणपूर्व एशिया में मरने वालों की संख्या कम कैसे है। कुछ लोगों का कहना है कि मरने वालों की 'सही' संख्या छिपाई गई है, पर यह हजारों लोगों के मरने तथा लोगों द्वारा उनके बारे में बात करने के कारण संभव नहीं है। लेकिन इसके बावजूद हमें सावधान रहना होगा क्योंकि ज्यादा खतरनाक स्ट्रेन की आशंका बनी हुई है। हो सकता है कि यह ज्यादा घातक न हो, पर इसे अनदेखा करना मूर्खतापूर्ण होगा। मैं विस्तारा से उड़ान भर रहा था और हालांकि मास्क के नियम का पालन हो रहा था, पर उड़ान में ऐसे लोग भरे थे जो शायद अपनी ऊब मिटाने के लिए गोवा जा रहे थे। बीच की सीटों पर बैठे कुछ लोग अपने घरेलू बुने संरक्षक सूट पहने थे तथा अधिकांश लोगों ने उड़ान के दौरान फेस शील्ड लगाई थी। लेकिन उड़ान के इस अनुभव के बाद मैंने गोवा में जो देखा वह डराने वाला था। मेरे आतिथेय ने एक लोकप्रिय नाइटस्पाट पर डिनर का आयोजन किया था जहां काफी भीड़ थी। वहां बहुत कम सावधानियां बरती जा रही थीं। हालांकि, बाउंसर इन्फ्रारेड स्कैनर से तापमान ले रहे थे, पर साफदिखता था कि ज्यादातर जनता कोरोनावायरस की चिन्ता छोड़ कर पार्टी मनाने आई थी। वेगेटर बीच पर 'थेलेसा' रैफ्टरों से भरा था और कोई सतर्कता नहीं दिख रही थी। गोवा हवाईअड्डे पर देश के हर कोने से उड़ाने आ रही थीं, हालांकि कुछ राज्यों ने वापस लौटने वालों के परीक्षण की बात भी कही थी। रेस्टोरेंटों व बारों में भीड़ कोविड-19 के पहले वाले स्तर तक पहुंच गई थी जिनमें ज्यादातर भारतीय और बहुत कम विदेशी लोग थे। इनमें कुछ ऐसे लोग भी शामिल थे जो बिजनेस के काम से आए थे या उनके पास डिप्लोमैटिक वीसा थे। वे महामारी के प्रति भारतीयों व सरकार के दृष्टिकोण की प्रशंसा कर रहे थे। यह सब वास्तव में असाधारण था। या तो लोगों को चिन्ता नहीं थी या वे आमतौर से 'देखा जाएगा' की आदत पर लौट आए थे। शायद यह गोवावासियों के 'सुसेगाड' दृष्टिकोण का एक और उदाहरण है जिसमें अतीत की बातों पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता है। मैं नहीं जानता कि क्या दृष्टिकोण अपनाया जाना चाहिए, पर लगातार वायरस के दबाव में रहना भी शायद ठीक नहीं है। लेकिन 'न्यू नार्मल' वास्तव में 'ओल्ड नार्मल' से ज्यादा अलग नहीं है।

**भारत में कोविड-19 संक्रमितों की संख्या के बारे में कैंसर विज्ञानी व पुरस्कृत चिकित्सा लेखक सिद्धार्थ मुखर्जी ने द न्यूयारकर में हाल में लिखा है। इसमें बताया गया है कि भारत में रहने और अनेक प्रकार के रोगकारकों का पहले से सामना करने के कारण शायद कोविड-19 का मुकाबला करते समय 'तुलनात्मक' रूप से हमारे शरीरों में बीटा व टी सेल काफी थे जो वायरस से निपट सकते थे।**

# माघी पूर्णिमा के स्नान के साथ माह भर का कल्पवास सम्पन्न

पायनियर समाचार सेवा। प्रयागराज

● लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई डुबकी, दान पुण्य के बाद की घर वापसी

● माघमेला के पांचवें पर्व पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**माघमेला के** पांचवें स्नान पर्व माघी पूर्णिमा पर शनिवार को लाखों श्रद्धालुओं ने गंगा में पुण्य की कामना लेकर डुबकी लगाई। प्रशासनिक अधिकारियों के मुताबिक माघी पूर्णिमा के पावन स्नान पर्व पर शाम चार बजे तक लगभग 650000 श्रद्धालुओं ने स्नान कर लिया था। स्नान करने के दौरान श्रद्धालुओं पर हेलीकाप्टर से भारी पुष्प वर्षा की गई। पूरे मेला क्षेत्र में घूम घूम कर पुष्प डाला गया। माघी पूर्णिमा पर स्नान के लिए एक दिन पहले यानी शुक्रवार से ही भक्तों का रेला मेला पहुंचने लगा था। यही कारण है कि शनिवार को मेला में काफी भीड़ भाड़ रही। पूर्णिमा स्नान पर्व पर शनिवार को संगम पर स्नान के लिए श्रद्धालु भोर से ही जुटने लगे थे। कुछ श्रद्धालुओं ने तो रात में ही डुबकी लगाना शुरू कर दिया। श्रद्धालुओं ने संगम और गंगा के घाटों पर स्नान कर मां गंगा से आशीर्वाद मांगा। पुण्य अर्जित करने की कामना लेकर शनिवार को दूर दूर से श्रद्धालु संगम पर जुटे। भोर से ही संगम पर श्रद्धालुओं का रेला जुट गया था। लोगों ने हर हर गंगे के उदघोष के साथ संगम में स्नान दान किया। इसके बाद दान कर पुण्य कमाया। पूर्णिमा के स्नान के साथ एक माह के कल्पवास का भी समापन हो गया। कल्पवास करने वाले कल्पवासी आज स्नान कर अपने घरों को रवाना हो गए। इस मौके पर मेला के पांटून पुलों पर कतारें लग गयीं। श्रद्धालुओं के नहाने का सिलसिला देर रात तक चलता रहा। कोविड को देखते हुए माघ मेला में इस बार आठ घाट बनाये गए थे। संगम नोज के अलावा काली मार्ग त्रिवेणी मार्ग और खाक चौक में बने घाटों पर आज स्नान हुआ। माघी पूर्णिमा पर महिलाओं के अधिक स्नान करने का अंदेशा रहता है। इस दौरान बीमारी से बचाव के लिए मेला में सामाजिक दूरी के पालन का निर्देश दिया गया था। जिसका पालन भी शत प्रतिशत किया गया। इस दौरान यातायात व्यवस्था को प्रतिबंधित किया गया। मेला क्षेत्र में वाहनों के आवागमन पर रोक लगाई गई थी। श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए भारी संख्या में फोर्स भी पूरे मेला क्षेत्र और संगम में तैनात की गई थी।

स्थानीय नहान होने की वजह से

## एंटी रोमियो को कर्तव्यों का निर्वहन करने का निर्देश

**गोरखपुर।** महिला अपराध को नियंत्रण करने के लिए बनाए गए एंटी रोमियो दस्ता अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन करें। ताकि महिला अपराधों पर पूर्ण रूप से अंकुश लगाया जा सके। कर्तव्यों के प्रति लापरवाह रहने वालों के प्रति कार्रवाई की जायेगी। उक्त निर्देश अधीक्षक अपराध डॉ. महेंद्र पाल सिंह ने पुलिस लाइन के व्हाइट हाउस सभागार में जनपद के सभी 28 थानों पर तैनात एंटी रोमियो दस्ता के उप निरीक्षक व महिला कांस्टेबलों के साथ बैठक करते हुए दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल, कालेज, कोचिंग संस्थाएं, पार्क आदि कोविड प्रोटोकॉल के अंतर्गत अब धीरे-धीरे खुलते जा रहे हैं। ऐसे में महिलाओं, छात्राओं का अब घर से बाहर निकलना भी हो रहा है। ऐसे में हम सभी की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है। उन्होंने सभी पुलिसकर्मियों से कहा कि सभी थानों पर पिंक लेटर बॉक्स अनिवार्य रूप से लगवाए और बॉक्स को रोजाना खोल कर चेक करें।

## अखिलेश ने पेट्रोल, रसोई गैस, महंगाई एवं कानून व्यवस्था पर प्रदेश सरकार घेरा

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**तीन दिवसीय** पूर्वांचल दौरे के तीसरे दिन सर्किट हाउस में समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पत्रकारों को संबोधित किया। वाराणसीए जौनपुर और मीरजापुर जिले में तीन दिनों तक रहकर कार्यकर्ताओंए पदाधिकारियों और जनता से संवाद कर चुनावी माहौल का भी उन्?होंने हाल अहवाल लिया। पूर्वांचल दौरे के तीसरे दिन शनिवार को सीर गोवर्धन में संत रविदास जयंती के मौके पर गुरु के चरणों को नमन करने के बाद वह सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता करने पहुंचे। प्रेस वार्ता के दौरान उन्?होंने महंगाई और कानून व्?यवस्?था आदि के मुद्दे को लेकर राज्?य सरकार को कठघरे में खड़ा किया। इस दौरान महंगाई को लेकर गैस व पेट्रो कीमतों में बढोतरी पर सवाल खड़ा करते हुए इसे सरकार की नाकामी बताया।

इससे पूर्व प्रदेश के मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शनिवार को सीर गोवर्धनपुर में रविदास जयंती के मौके पर गुरु चरणों को नमन करने पहुंचे। सीर में संत रविदास जयंती के मौके पर समाजवादी पार्टी नेता अखिलेश यादव ने पहुंचकर पहले गुरु चरणों को नमन किया। डेरा सच्?चा बल्?लखंड जालंधर में रैदासियों के धर्म प्रमुख संत निरंजन दास ने उनको प्रसाद देने के साथ ही लंगर छकने का न्?योता भी दिया।

पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पहली बार रविदास जयंती के अवसर पर सीरगोवर्धपुर स्थित जन्मस्थान मंदिर पहुंचकर दर्शन के बाद संत की प्रतिमा के सामने मत्था टेका। अखिलेश यादव के आने से पूर्व सपा के पूर्व मंत्री ओमप्रकाश सिंह ने प्रबंधन से बात की। दर्शन पूजन के बाद अखिलेश यादव सत्संग पंडाल की तरफ निकल गए। हालांकिए लोगों की भारी नारेबाजी की वजह से वह सभी का अभिवादन कर लौट गए।

## राजनाथ सिंह आज अधिकारियों संग मीटिंग करेंगे

**वाराणसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को पूर्वांचल के दौरे पर आ रहे हैं। पूर्वांचल दौरे पर सबसे पहले वह वाराणसी पहुंचेंगे। लाल बहादुर शास्त्री इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर पहुंचने के साथ ही वह 39 जीटीसी के अधिकारियों के साथ एयरपोर्ट के वीआईपी लांच में ही बैठक करेंगे। इसके बाद वह सीधे गाजीपुर के लिए रवाना हो जाएंगे। शाम को गाजीपुर से कार्यक्रम खत्म कर लौटने के बाद वाराणसी एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## बलदेव पीजी कालेज का छात्रसंघ चुनाव कार्यक्रम घोषित

**वाराणसी।** बड़ागॉव स्थित श्री बलदेव पीजी कालेज में छात्र संघ चुनाव का नामांकन दिनांक 28 फरवरी दिन रविवार को ऑनलाइन प्रातः 9: 00 बजे से सायं 6: 00 बजे तक संपन्न होगा। नामांकन के उपरांत दिनांक दिनांक 1 मार्च दिन सोमवार को नामांकन पत्र की हार्ड कॉपी कालेज में प्रातः10:00 बजे से अपराह्न 1: 00 बजे तक जमा करनी होगी उसी दिन 1 बजे के बाद नामांकन पत्रों की जांच भी होगी दिनांक 2 मार्च 2021 को प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 1 बजे तक नाम वापसी होगी उसके पश्चात शाम 4:00 बजे वैध प्रत्याशियों की सूची प्रकाशित की जाएगी एवं मतदान 9 मार्च को सम्पन्न होगा। उपरोक्त जानकारी कालेज के प्राचार्य डॉ बब्बन प्रसाद सिंह ने दी।

## स्कूलों में होने वाली हिंसा को रोकने का अभियान

**वाराणसी।** बच्चों को सशक्त बनाने संघर्ष की स्थिति में सुरक्षित रहने और शारीरिक एवं मानसिक शक्ति बढ़ाने में समर्थ बनाने का एक प्रयास है। मार्शल आर्ट के द्वारा बच्चों को आत्मरक्षा एवं जीवन के बहुमूल्य कौशल जैसे अनुशासन केंद्रण आत्मसम्मान एवं लक्ष्य बनाना सिखाते है। उन्होंने आगे कहा सोनू सूद से बेहतर इन बच्चों को मूल्यों की शिक्षा कौन दे सकता है और जीवन में आने वाली चुनौतियों का धैर्य एवं दृढ़ता से सामना करने के लिए यह अभियान सोनू सूद के साथ 5 पार्ट की वीडियो सीरीज़ जारी किया है।

## सड़क दुर्घटना में प्रधान शिक्षक की मौत, दो साथी घायल

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र के सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर गंगा स्नान के लिये जा रहे प्रधान शिक्षक की बाइक में अज्ञात वाहन की टक्कर लगने से मौके पर मौत हो गई। जबकि साथ गये दो साथी गंभीर रूप से घायल हो गये। मृतक के भाई ने चौकी पुलिस को घटना की तहरीर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है। माघी पूर्णिमा के अवसर पर कस्बा भगवंत नगर के वार्ड दस निवासी शिक्षक उमा महेश 40 पुत्र श्रीकृष्ण लोधी बाइक से पड़ोस के ही मित्र सुमित 25 पुत्र विनोद व दूसरी बाइक से कल्लू 45 पुत्र धुन्नी के साथ गंगा स्नान के लिये शनिवार की सुबह बक्सर जा रहे थे। सुमेरपुर बक्सर मार्ग पर स्थित मुड़िया खेड़ा के पास पहुंचे ही थे कि अज्ञात वाहन ने दोनों बाइक सवारों को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बाइक से गिरे शिक्षक उमा महेश की मौके पर ही मौत हो गयी जबकि सुमित व कल्लू गंभीर रूप से घायल हो गये। घायलों को परिजन उपचार के लिये लखनऊ ले गये है। ब्लाक सुमेरपुर के नैथामऊ प्राथमिक विद्यालय में तैनात प्रधान शिक्षक उमा महेश की मौत की सूचना पर कोहराम मच गया। मृतक के भाई ओम प्रकाश ने पुलिस को घटना की तहरीर दी है। सूचना पर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

## एडीजी ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

**गोरखपुर।** शनिवार को आयोजित थाना दिवस के अवसर पर एडीजी जोन ने फरियादियों की समस्याओं को सुना व संबंधित अधिकारियों को निस्तारण का निर्देश दिया। चिलुआताल थाने पर पहुंचे एडीजी जोन अखिल कुमार ने सुना जिसमें 5 फरियादी जमीन संबंधित समस्याओं को लेकर आए थे। एक का मौके पर निस्तारण किया गया। एडीजी जोन ने कहा कि राजस्व विभाग के अधिकारी व कर्मचारी जमीन से संबंधित समस्याओं को मौके पर जाकर निरीक्षण करें और गुण दोष के आधार पर तत्काल मौके पर ही निस्तारित करें। चिलुआताल थाने पर समस्याओं को सुनने एवं समाधान का निर्देश देने के बाद एडीजी जोन ने पीपीगंज थाने पर पहुंचे और यहां फरियादियों की समस्याओं को सुना व संबंधित को निस्तारण करने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

## अयोध्या में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई रविदास जयंती

**अयोध्या।** भगवान श्री राम की जन्म स्थली अयोध्या में संत शिरोमणि गुरु रविदास जी का 645 हुई जयंती बड़े ही हर्ष और उल्लास के साथ पंचायती श्री रविदास मंदिर हनुमान कुंड में महंत बनवारी पति उर्फ ब्रम्हचारी महाराज व उप महंत संत निराला दास तथा उत्तराधिकारी महंत आचार्य अवधेश दास के संयोजन में मनाया गया है। मंदिर में सुबह 4 बजे से ही गुरु रविदास जी के जन्मोत्सव का कार्यक्रम प्रारंभ हो गया सुबह 9 बजे विधिपूर्वक आरती पूजन किया गया और 10 बजे कीर्तन भजन संतो महंतों का प्रवचन तथा 1 बजे से दिव्य अलौकिक ज्ञान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी का शुभारंभ करते हुए समिति के अध्यक्ष महंत बनवारी पति और ब्रह्मचारी जी महाराज ने संत शिरोमणि रविदास जी महाराज व डॉ बी आर अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलन कर किया।गोष्ठी का संबोधन करते हुए महंत बनवारी पति जी महाराज ने कहा गुरु रविदास जी की विचारधारा आज भी प्रासंगिक है उनके बताए हुए मार्ग से आज भी अगणित लोग संतुष्ट होकर आनंदित हो रहे है। गुरु रविदास जी समाज में एकता और शांति का संदेश देते हुए देश वा राष्ट्र को आगे बढ़ाने और अज्ञानता पर आधारित वर्ण व्यवस्था को दूर करने का काम किए है।

## 4 दिनों से लापता अधेड़ का शव तालाब में उतराता मिला

**पाटन।** बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा भगवंत नगर में 4 दिन पूर्व लापता हुए अधेड़ का शव संदिग्ध परिस्थितियों में तालाब से बरामद हुआ। पानी में शव उतराता देख आसपास के लोगों में सनसनी फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही कर शव को पीएम के लिए भेजा।

कस्बा भगवंत नगर के वार्ड एक की निवासनी अंजू पत्नी शिव शंकर पाण्डे द्वारा दो दिन पूर्व दी गयी तहरीर में बताया गया था कि उनके बहनोई रविदत्त तिवारी उर्फ छुन्ना तिवारी (50) पुत्र राधे श्याम उनके घर में रहते है। 23 फरवरी की रात लगभग 10 बजे घर में बिना किसी को कुछ बताये चले गये। तहरीर के आधार पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर ली थी। शनिवार दोपहर स्थानीय पक्के तालाब में गहराई वाले स्थान पर शव जैसा कुछ उतराने की चर्चा आम हुई तो कुछ ही देर में वहाँ भारी भीड़ जमा हो गयी। मौके पर पंहुची पुलिस ने जब स्थानीय लोगों की मदद से शव को बाहर निकलवाया। जिसकी शिनाख्त छुन्ना तिवारी के रूप में हुई। घटना के संबंध में समाचार लिखे जाने तक कोई तहरीर नहीं दी गयी थी। आवश्यक कार्यवाही के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजने की बात कही। कुछ लोग घटना को संदिग्ध मान रहे हैं तो वहीं कुछ लोग नशे की हालत में तालाब में गिर कर मौत होने के कयास लगाते रहे।

## जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति दिशा की बैठक सम्पन्न

● केन्द्र एवं प्रदेश सरकार की योजनाओं को समय से पूरा करने के दिये गये निर्देश

**उन्नाव।** सांसद डा0 स्वामी सच्चिदानन्द हरि साक्षी महाराज की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक की अध्यक्षता करते हुये सांसद ने उपस्थित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के बीच कहा कोविड-19 के संक्रमण काल में कोरोना वायरस से जनपद वासियों को बचाने में लगे सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों की सराहना करते हुये कहा कि जिन्हे जो कार्य सौपा गया पूरी शिद्दत के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वाहन किया है। वह सभी बधाई के पात्र है। मीडिया प्रतिनिधियों से भी कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने में पूरा सहयोग करे क्योंकि मीडिया के द्वारा ही क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्रों तक लोगों की आवाज उठाने में अहम भूमिका निभाते है। अध्यक्ष ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिये कि केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित विभिन्न विभागों की जनकल्याणकारी योजनाओं को समय से क्रियान्वयन करके पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ पहुचाया जायें।

सांसद ने जर्नादन सिंह, परियोजना निदेशक ग्राम विकास से गत बैठक की कार्यवाही के सम्बन्ध में उठाये गये बिन्दुओं से सम्बन्धित अनुपालनीय बिन्दुओं की अनुपालन आख्या के सम्बन्ध में विस्तार से चर्चा करायी। प्रधानमंत्री आवास योजना नगरीय शहरी योजनाओं पर चर्चा करते हुये कहा कि आवास योजना से सम्बन्धित चयनित लाभार्थियों की सूची विधायकों एवं जन प्रतिनिधियों को समय से उपलब्ध करा दी जाये।

सदन को बताया गया कि प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के घटक ए0एच0पी0 आवास के अन्तर्गत ग्राम सिंगरोसी में 500 आवासों के निर्माण के सापेक्ष 240 आवासों की स्वीकृति हुई है। नगर विकास योजना के तहत छोटा चौराहा से लोक नगर, कुन्दन मार्ग से सिंगरोसी रोड़ तथा नगर की अन्य क्षतिग्रस्त सड़कों के निर्माण को तत्काल ठीक करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। अमृत योजना के तहत नगर में डाले जा रहे विभिन्न क्षेत्रों में पेय जल पाईप लाईन से क्षतिग्रस्त सड़को को समय सीमा के अन्दर ठीक करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये गये। राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल मिशन के तहत ग्रामिण एवं शहरी क्षेत्रों में केन्द्र द्वारा चलायी जा रही पेय जल योजनाओं को समय से पूरा करने एवं ग्रामीण/नगर पंचायत क्षेत्रों में बनायी गयी पानी की टंकियों को तैयार कर आम जनमानस के उपयोग हेतु सम्बन्धित विभागों को तत्काल हैण्डओवर किया जाये। जल जीवन मिशन के तहत कार्यों को तत्काल पूरा करने हेतु अधिकारियों का उत्तरदायित्व निर्धारित किया गया।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देश दिये गये कि जनपद में गोवशों का संरक्षण एवं चिन्हाकन का कार्य प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जाये। सदन में राष्ट्रीय स्वास्थ मिशन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेय जल कार्यक्रम, समेंकित विद्युत विकास ग्रामीण आवास योजना, सभी के लिये मकान-शहरी, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, रोजगार सृजन कार्यक्रम आदि पर विस्तार से चर्चा की गयी। उपस्थित जन प्रतिनिधियों द्वारा उठाये गये प्रश्नों एवं क्षेत्रीय समस्याओं को त्वरित हल करने के निर्देश दिये गये।

## विश्व सुन्दरी पुल पर मैजिक पलटने से एक महिला श्रद्धालु की मौत, 15 घायल

**वाराणसी।** रविदास जयंती पर शनिवार को सीरगोवर्धन स्थित रविदास मंदिर में दर्शन करने आए 14 श्रद्धालु विश्वसुंदरी पुल के अप्रोच मार्ग पर मैजिक पलटने से घायल हो गए जबकि ट्रक की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही एक महिला ने दम तोड़ दिया। जानकारी हुई तो पुलिस मौके पर पहुंच गई।सभी घायलों को पुलिस ने लालबहादुर शास्त्री अस्पताल में भर्ती कराया। उधर पुलिस ने चालक को हिरासत में लेते हुए ट्रक को जब्त कर लिया। मीरजापुर जनपद के लालगंज गांव के 15 लोग एक मैजिक से रविदास मंदिर में पूजन करने आए हुए थे। दर्शन करने से पहले लोग रामनगर के बलुआ घाट पर स्नान करने के लिए निकले। जैसे ही वे लोग अप्रोच मार्ग के पास थे नीचे उतर रहे थे तभी अचानक मैजिक का ब्रेक फेल हो गया और मैजिक पलट गई। वाहन के पलटते ही रन्नो देवी ;48द्ध सड़क पर गिर गई। इसी दरम्यान वहां से गुजर रहे ट्रक के पहिए के नीचे आ गई जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मैजिक में सवार छब्बू लाल ;60द्धए संदीप ;20द्धए अमन ;19द्धए भीम ;25द्धए शंभूनाथ ;40द्धए अनीता ;35द्धएकंचन ;22द्धए आशी देवी ;55द्धए बलवंत ;18द्धए बाबूलाल ;50द्धए हीरावती ;45द्धए सचिन ;5द्धए विनोद ;36द्ध सहित चालक अशोक भी घायल हो गया। आसपास के लोगों ने मैजिक में फंसे लोगों को बाहर निकाला। तत्काल मौके पर पुलिस पहुंच गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानंद सरस्वती पुरस्कार की घोषणा की गयी

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**सम्पूर्णानन्द** संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी में कुलपति आचार्य राजाराम शुक्ल द्वारा गठित चयन समिति ने 2020 एवं 2021 वर्षीय जगदगुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरुपानंद सरस्वती पुरस्कार के लिये संस्कृत के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अतिविशिष्ट विद्वानों का चयन क्रमशरूकाशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी के कला संकाय के संस्कृत विभाग के पूर्व आचार्य महामहोपाध्याय प्रो जयशंकर लाल त्रिपाठी जी एवं सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय, वाराणसी में ज्योतिष विभाग के मूर्धन्य विद्वान एवं पूर्व आचार्य प्रो. उमाशंकर शुक्ल जी का किया गया है।

महामहोपाध्याय प्रो जयशंकर लाल जी की सम्पूर्ण शिक्षा.दीक्षा वाराणसेय संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी से व्याकरण शास्त्र में उच्च स्तर तक प्राप्त कर एकाशी हिन्दू विश्वविद्यालय वाराणसी में कला संकाय मे बतौर अध्यापक अगस्त 1970 से जुलाई 2003 तक नियुक्त होकर संस्कृत और संस्कृति की सेवा करते हुये अनेक प्रशासनिक एवं बौद्धिक पदों के सोपान को पार करते हुये राष्ट्रपति पुरस्कारएमहामहोपाध्याय की उपाधि सहित अनेकों सम्मान प्राप्त किये तथा अनेकों शास्त्रोंएग्रंथो का लेखन तथा सम्पादन भी किये हैं।

आपने दर्जनो विद्यार्थियों को शोध कराया है। एवं इसी क्रम में 2021 के लिये सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय वाराणसी के पूर्व आचार्य प्रो उमाशंकर शुक्ल जो कि नवम्बर1978 से जून 2013तक ज्योतिष विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष, पूर्व वेद वेदांग संकाय के अध्यक्ष, पूर्व छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष, पूर्व अध्यापक परिषद के अध्यक्ष, राष्ट्रीय सेवा योजना के पूर्व संयोजक तथा अनेक प्रशासनिक कार्यों का निर्वहन कर्मठ और अनुशासित व्यक्तित्व के साथ सदैव करते रहे हैं।

आचार्य शुक्ल जी सदैव ब्रह्म मुहूर्त मे ही विद्यार्थियों को परम्परागत रूप से अपने आवास पर सेवाकाल मे और आज भी ज्योतिष शास्त्र का अध्यापन करते हैं। विश्वविद्यालय में वेधशाला निर्माण मे प्रमुख भूमिका निर्वहन करते हुये संस्था को आगे बढाये।इससे पूर्व आपने कई देशों में संस्कृत एवं ज्योतिष शास्त्र के प्रचार.प्रसार एवं व्याख्यान कर चुके हैं।आचार्य शुक्ल ने अनेकों शास्त्रोंएग्रंथो और राष्ट्रीय, अन्तरराष्ट्रीय जर्नल में लेखनध् सम्पादन कर नयी पीढ़ी के लिये अपने क्षेत्र में सरल और सुलभ मार्ग बनाया है। प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य प्रो उमाशंकर शुक्ल जी यूजीसी में नैक कमेटी के सदस्य के रूप में कार्य कर चुके हैं।सदैव निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे हैं।

# आजादी के दौर से है ट्रांसफार्मिंग इंडिया की बुनियाद

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

● दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में विद्वानों के विचार

**ट्रांसफार्मिंग** इण्डिया की बुनियाद सन् 1991 के वैश्वीकरण और उदारीकरण की नीतियों के साथ ही पड़ गयी थीए वर्तमान में यह अपने उच्च लक्ष्य की ओर बढ़ रहा है। यह बातें शुक्रवार को प्रख्यात समाजशास्त्री एवं महर्षि दयानन्द विविए रोहतकए हरियाणा के पूर्व संकायाध्यक्ष प्रो॰ बी॰के॰ नागला ने डीएवी पीजी कॉलेज के समाजशास्त्र विभाग के तत्वावधान में ष्ट्रांसफार्मिंग इण्डिया . मुद्दे एवं चुनौतियॉष् विषय पर आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में कही। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा अनुदानित इस संगोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता आये प्रो॰ नागला ने कहा कि वर्तमान समय में ट्रांसफार्मिंग इण्डिया के लिए वैश्वीकरण चयन का विषय नही बल्कि यह आवश्यकता का विषय बन चुका है। दुनिया भर में विचारों के आदान प्रदान और प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए ट्रांसफार्मिंग इण्डिया मुहिम की सख्त जरूरत है।

दूसरे सत्र के मुख्य वक्ता वर्धा विवि के पूर्व कुलपति प्रो॰ गिरीश्वर मिश्रा ने कहा कि ट्रांसफॉर्मेशन इण्डिया की बात गांधी और नेहरू के समयाविधि से प्रारम्भ हैए जिसमें विश्व बंधुत्वए समानता और स्वस्थ्य लोकतांत्रिक व्यवस्था की बात पर ज्यादा जोर दिया गया था। मुख्य अतिथि प्रो॰ आर॰पी॰पाठक ने कहा कि सिद्धान्त और तकनीक के मिश्रण से ही हिन्दुस्तान ट्रांसफार्मिंग इण्डिया के निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। बदलते भारत की पटकथा तो पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने की जिन्हे विरासत में उजड़ा हुआ भारत मिला। उन्होंने यह भी कहा कि आधुनिकीकरण एवं संस्थानीकरण विकास ही बदलते हुए भारत के सबसे बड़े आयाम हो सकते है। लखनऊ विवि के प्रो॰ डी॰आर॰ साहू ने कहा कि सामाजिक विज्ञान लोकतांत्रिक परम्परा को पनपने में काफी मददगार साबित हुआ है। ट्रांसफार्मिंग इण्डिया के लक्ष्य को आगे बढ़ाने में सामाजिक अनुसंधान की आवश्यकता है।

अध्यक्षता करते हुए कॉलेज के उपाचार्य प्रो॰ शिव बहादुर सिंह ने कहा कि भारत के रूपांतरण के समक्ष कई कठिनाईयॉ हैए जिसमें प्रमुख रूप से सामाजिकए सांस्कृतिकए शैक्षणिक सहित विभिन्न पहलूओं पर गहन एवं विस्तार से चर्चा करना प्रासंगिक है। इससे पूर्व संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मॉ सरस्वती के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस अवसर पर एक स्मारिका का भी विमोचन किया गया। कार्यक्रम संयोजक डॉ॰ सुषमा मिश्रा ने संचालन तथा विभागाध्यक्ष डॉ॰ विक्रमादित्य राय ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

## यज्ञ दिलाएगा कोरोना महामारी से मुक्तिः शंकराचार्य

**प्रयागराज।** गोवर्धनपुरी पीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ ने कहा कि यज्ञ आदि अनुष्ठानों से ही कोरोना जैसे वायरस जनित महामारी से मुक्ति संभव हो सकती है। शंकराचार्य स्वामी अधोक्षजानंद देवतीर्थ के माघमेला स्थित शिविर में माघी पूर्णिमा पर शनिवार को महायज्ञ का विधि विधान से समापन हुआ। जगद्गुरु देवतीर्थ ने कहा कि यज्ञ के आयोजन से वायुमंडल शुद्ध होता है। यज्ञ में डाली जाने वाली आहुतियों में कई तरह की औषधियां होती हैं। जिनमें विषाणुओं को नष्ट करने की अद्भुत क्षमता होती है। शंकराचार्य ने कहा कि इसके अलावा वेद मंत्रों से अग्नि को समर्पित की गई आहुतियों से दैविक शक्तियां बलवती होती हैं। जिससे राजा प्रजा सभी का कल्याण होता है और सुख शांति मिलती है। इसलिए यज्ञ के नियमित आयोजन से समाज में वायरस जनित रोगों के पनपने की संभावना क्षीण हो जाती है। गौरतलब है कि कोरोना से मुक्ति और विश्व के कल्याण हेतु माघमेला स्थित शंकराचार्य अधोक्षजानंद के शिविर में लगातार यज्ञ का आयोजन हुआ। मथुरा में गोवर्धन स्थित उनके आश्रम में भी पिछले कई माह से यज्ञ का अनुष्ठान अनवरत चल रहा है। माघमेला स्थित शिविर में हुए यज्ञ में असम सरकार के प्रतिनिधि के रुप में किशोर जयंत माधव समेत देश के विभिन्न भागों से आए श्रद्धालुओं ने आहुतियां डालीं।

## भाजपा की केन्द्र व प्रदेश की सरकार कर रही चौमुखी विकासः कपिल देव

**अंबेडकरनगर।** सरकार की योजनाओं, परियोजनाओं और किसानों, वंचितों सहित सभी के लिए किए गए कार्यों को जन जन तक पहुंचा कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में हम भाजपा प्रत्याशियों को चुनावी समर में जीत दिला सकते हैं।सरकार का नारा सबका साथ,सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर सभी के सम्मान और समृद्धि के लिए समर्पित भाजपा की केंद्र और प्रदेश सरकार बिना भेद भाव किए चहुमुखी विकास कर रही है। उपरोक्त विचार भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष कपिल देव वर्मा ने जिला पंचायत वार्ड 14 टांडा मध्य प्रथम की मण्डल अध्यक्ष दानबहादुर यादव की अध्यक्षता और जिला पंचायत वार्ड प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय, मण्डल प्रभारी जिला मंत्री चंद्रिका प्रसाद और वार्ड संयोजक अनिल वर्मा (नीलू ) की उपस्थिति में कामकाजी बैठक को सम्बोधित करते हुए माता प्रसाद विद्यालय इनामीपुर में व्यक्त किया। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी बाल्मीकि उपाध्याय द्वारा जिला पंचायत वार्ड नं 14 टांडा मध्य प्रथम की प्रदेश नेतृत्व के निर्देशन और भाजपा जिलाध्यक्ष के मार्गदर्शन में पहली कामकाजी बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव विधान सभा चुनाव से कम नहीं है।हम अपने सामर्थ्यवान कार्यकर्ताओं और स्वच्छ छवि के संगठन के ऊर्जा श्रोत से टांडा मध्य प्रथम की सीट पर भारी जीत दर्ज कराएंगे। भाजपा की चल रही तीन दिनों की बैठक के क्रम में दूसरे दिन जिला पंचायत वार्ड भियांव मध्य में डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी, जलालपुर उत्तरी में अवधेश द्विवेदी,बसखारी पश्चिमी में डाक्टर शिव पूजन वर्मा, टांडा पश्चिमी में चंद्र प्रकाश वर्मा, टांडा मध्य प्रथम में बाल्मीकि उपाध्याय,जहांगीर गंज मध्य में राम सूरत मौर्य,राम नगर दक्षिणी में राम दरश उपाध्याय,राम नगर पश्चिमी में सुनील पासवान,कटेहरी दितीय में अभिषेक कन्नौजिया,अकबरपुर दितीय में केशव प्रसाद श्रीवास्तव, अकबरपुर षष्ठम में मीसम रजा,भीटी तृतीय में दिनेश पाण्डेय ने बैठक कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की दृष्टि से संगठन के निर्देशानुसार योजना रचना बनाया।

## भारतीय संस्कृति के हर पहलू पर ध्यानः मनोज तिवारी

**प्रयागराज।** भारतीय जनता पार्टी से सांसद और दिल्ली भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष तथा भोजपुरी गायक मनोज तिवारी विविधता भरे कंटेंट और कहानियों के लिये दर्शकों की तारीफ बटोरने के बाद अब एण्डटीवी वीकडे के लिये आपराधिक कहानियों वाली दिलचस्प सीरीज मौका ए वारदात पर नजर आएंगे। मनोज तिवारी को मौका ए वारदात में देखिये। जिसका प्रसारण नौ मार्च से शुरू होगा। प्रत्येक सोमवार से शुक्रवार शाम सात बजे सिर्फ एण्डटीवी पर होगा। भारतीय संस्कृति के हर एक पहलू रंग रूप और किरदारों को दर्शाती कहानियां पेश की है। नई सीरीज में रहस्यमयी अपराध के मामले दिखाये जायेंगे। जो कि दर्शकों के दिमाग को झकझोर कर रख देगा। शो में बेहद चर्चित और जानी मानी हस्ती मनोज तिवारी बहुत ज्यादा हैरान कर देने वाले अपराधों की झलकियां पेश करते नज़र आयेंगे। शो के साथ जुड़ाव के बारे में बताते हुये सिंगर से एक्टर और बाद में पॉलिटिशियन बने मनोज तिवारी कहते हैं कि मैं एक ऐसे शो का हिस्सा बनना चाहता था जो कि समाज में एक सकारात्मक बदलाव लेकर आये और अपराध जैसे अहम मुद्दों पर जागरूकता फैलाये। इसमें सर्वाधिक जघन्य और हैरान कर देने वाले अपराधों की कहानी दिखाई जायेगी। अपराध की दुनिया भी नये तरीकों और चालों के साथ अपने आपको अपडेट कर रही है।

# बहुत अच्छा काम कर रही हैं आजीविका मिशन की महिलाएंः घनश्याम मीणा

संवाददाता। अंबेडकरनगर

● महिला सशक्तीकरण व सरकार की योजनाओं पर हुई विचार गोष्ठी

**मिशन शक्ति** अभियान अंतर्गत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित अन्य विभागों के द्वारा महिलाओं के सम्मान,सुरक्षा व स्वावलंबन एवं बच्चियों की शिक्षा के लिए शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के विषय में जानकारी प्रदान करने के साथ ही उन्हें उसका लाभ दिलाने की यह श्रृंखला जो शारदीय नवरात्र से प्रारंभ हुई थी ,वह अनवरत चल रही है । इस कड़ी में शनिवार को डॉ राम मनोहर लोहिया भवन में विधायक टांडा एवं मुख्य विकास अधिकारी की उपस्थिति में महिला सशक्तिकरण एवं सरकार की योजनाओं पर एक विचार गोष्ठी तथा जिन महिलाओं ने उत्कृष्ट कार्य किया है उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की सामुदायिक कम्युनिटी रिसोर्स पर्सन ,स्वास्थ्य एवं पोषण तथा समूह सखी, एवं बीसी सखी के द्ववारा प्रतिभाग किया गया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन तथा महिला कल्याण विभाग के तत्वाधान में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की महिलाओं ने अपने संघर्ष की कहानी एवं सफलता के बारे में बताया ।महिला कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला आदि योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई है। उपायुक्त श्रम व रोजगार आर बी यादव ने आर्थिक स्वावलंबन में मुख्य विकास अधिकारी के मार्गदर्शन में वर्ष में कराए गए कार्यों की विस्तृत जानकारी दी तथा समूह में अच्छा कार्य करने वाली महिलाओं की भी जानकारी दी। विकास खंड टांडा के ग्राम पंचायत नाऊसांडा की। पूजा सैनी द्वारा संघर्ष और विपत्ति के समय अपने परिवार का सहयोग देते हुए बकरी पालन मत्स्य पालन फूलों की खेती गोपालन करने के लिए विधायक ने साल और स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया। मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ने जनपद में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े हुए 104000 महिलाओं द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने के लिए तथा प्रतिष्ठित इसका जवाब प्राप्त करने के लिए बधाई दी। उनके द्वारा कहा गया कि अंबेडकर नगर में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन ने बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध सिंह, जिला मिशन प्रबंधन चौधरी सोमनाथ आदि अधिकारी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र यादव जिला मिशनप्रबंधक के द्वारा किया गया।

## दुष्कर्म-छेड़खानी का वांछित अभियुक्त समेत कई गिरफ्तार

**गोरखपुर।** बांसगांव थाने की पुलिस टीम ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म व छेड़खानी के वांछित अभियुक्त सतेन्द्र यादव उर्फ़ सतई यादव पुत्र जगदीश यादव निवासी भैसा नाथू थाना बांसगांव को उसके घर से गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार करने वाली टीम में उ.नि. छोटेलाल, आरक्षी संजय यादव, पिन्टू प्रसाद शामिल रहें। गुलरिया थाने की पुलिस टीम ने मुठभेड में चोरी की योजना बना रहे दो शातिर अभियुक्त मय असलहा व चोरी करने के उपकरण के साथ गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पूजा फार्मेसी स्थित पुलिया पर बहद ग्राम करमहा उर्फ कर्महिया में चोरी की योजना बना रहे चोरों को गिरफ्तार करने पहुंची पुलिस टीम पर चोरों ने जान मारने की नियत से फायर कर दिया। बचते एवं घेरघार कर पुलिस ने छोटू अंसारी उर्फ जावेद पुत्र मंजूर अली निवासी जंगल मातादीन ज्ञानपुरम थाना शाहपुर, मैनुद्दीन अंसारी पुत्र नसीरुद्दीन अंसारी निवासी आवास विकास कालोनी धरमपुर थाना शाहपुर को मय असलहा, चाकू तथा चोरी करने के औजार (उपकरण) के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में उ.नि. गौरव राय कन्नौजिया, अजय कुमार वर्मा, रामकेश, दुर्गेश सिंह, हे.का. अनिल कुमार, गामा यादव आदि शामिल रहें।

# सीजेआई बोबडे ने वाद-पूर्व मध्यस्थता के जरिए अदालतों का बोझ घटाने की अपील की

भाषा। पटना



**प्रधान** न्यायाधीश एस ए बोबडे ने वाद-पूर्व मध्यस्थता के विकल्प के प्रति पक्षकारों को प्रोत्साहित कर अदालतों पर मुकदमों का बोझ घटाने की शनिवार को अपील की। उन्होंने कहा कि वाद-पूर्व मध्यस्थता, दीवानी और फौजदारी, दोनों ही मामलों में विवादों का समाधान करने का एक जरिया है।

पटना उच्च न्यायालय के नए शताब्दी भवन के उद्घाटन कार्यक्रम को यहां संबोधित करते हुए उन्होंने यह टिप्पणी की। इस अवसर पर केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश संजय करोल सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) ने कहा कि वाद अच्छी चीज है और वाद के लिए प्रावधान करना भी ठीक है। लेकिन वक्त आ गया है कि हम वाद-पूर्व मध्यस्थता का सहारा लें।

उन्होंने कहा कि वाद-पूर्व मध्यस्थता के जरिए विवादों का समाधान होने से पक्षकारों को कुछ अलग तरह का अनुभव होता है और इसके अलावा अदालतों पर मुकदमों का बोझ भी कम होता है। सीजेआई ने कहा कि मैं कानून मंत्री से इस बारे में चर्चा कर रहा था कि वाद-पूर्व मध्यस्थता के लिए बस एक कानून का अभाव है...। उन्होंने कहा कि अदालत के नए भवन की जरूरत पड़ने का यह मतलब है कि कानूनी साक्षरता में वृद्धि हुई है...जो जरूरती है और लोग कानून अपने हाथ में लेने के बजाय विवादों का समाधान कराने के लिए अदालतों का रुख कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को पहले संबोधित किया, जिसके बाद प्रधान न्यायाधीश ने अदालतों की जरूरतों को न्यायपालिका की ओर से समझने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री का शुक्रिया अदा करते हुए कहा, शक्तियों के पृथक्करण (कार्यपालिका, विधायिका और न्यायपालिका के बीच) का सिद्धांत का मतलब सरकार की विभिन्न शाखाओं के बीच बैर होना नहीं है और संविधान के बिल्कुल अनुरूप इस तरह के अनूठे एवं वास्तविक विचारों को सुनना बहुत ही सुखद अहसास कराने वाला है। सीजेआई ने अदालतों के कामकाज में प्रौद्योगिकी की भूमिका का भी उल्लेख किया।

हालांकि कि उन्होंने अदालतों के डिजिटल माध्यम से कामकाज की नई शैली कई वकीलों और वाद दायर करने वालों को रास नहीं आने पर खेद प्रकट किया। सीजेआई बोबडे ने बिहार के साथ अपने जुड़ाव का जिक्र करते हुए कहा, मैंने राज्य के कई न्यायाधीशों के साथ काम किया है, इसलिए यह मेरे लिए कोई नई जगह नहीं है और मैं यहां आकर खुश हूं। उन्होंने यहां वकालत करने वाले देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद जैसी विभूतियों का भी जिक्र किया।

## टीटीडी ने 2021-22 के लिए 2,938 करोड़ रुपये के बजट को मंजूरी दी

भाषा। तिरुपति (आंध्र प्रदेश)

**तिरुमाला** पहाड़ी में स्थित भगवान वेंकटेश्वर मंदिर का प्रबंधन करने वाले तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) बोर्ड ने शनिवार को 2021-22 के लिए 2,938 करोड़ रुपए के बजट को मंजूरी दी। टीटीडी के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि बजट प्रस्ताव में लगभग 2,938 करोड़ रुपए के राजस्व का अनुमान लगाया गया है।

टीटीडी बोर्ड के अध्यक्ष वाई वी सुब्बा रेड्डी ने बोर्ड की एक बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा कि इस वित्त वर्ष के कुल अपेक्षित राजस्व में लगभग 1,131 करोड़ रुपए भक्तों द्वारा नकद चढ़ाए जाने की संभावना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीयकृत और निजी बैंकों में जमा से 533 करोड़ रुपए का राजस्व आने का अनुमान है।



प्रयागराज में चल रहे 'माघ मेला' के दौरान 'माघ पूर्णिमा' पर्व के अवसर पर संगम पर गंगा नदी में डुबकी लगाने के लिए एकत्रित हुए भक्तगण।

## दूसरे देश भी भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू करना चाहते हैं: निशंक

भाषा। नई दिल्ली



**केंद्रीय** शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक ने शनिवार को कहा कि शीर्षस्थ संस्थानों एवं विभिन्न देशों ने भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 (एनईपी) का स्वागत विश्व के सबसे बड़े सुधार के तौर पर किया है और इसे अपने यहां लागू करने में रुचि दिखाई है। दिल्ली विश्वविद्यालय के 97वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए पोखरियाल ने कहा कि नई शिक्षा नीति काफी विचार-विमर्श कर लाई गई है और इससे भारत में सुधार, प्रदर्शन एवं बदलाव होगा। शिक्षामंत्री ने नीति की प्रशंसा करते हुए इसे समानता, गुणवत्ता एवं सुलभता के आधार पर तैयार प्रभावशाली,संवाद वाली, नवोन्मेषी एवं समावेशी नीति करार दिया। उन्होंने कहा कि कैम्ब्रिज, संयुक्त अरब अमीरात, ऑस्ट्रेलिया, मॉरीशस, इंडोनेशिया...और कई और देशों ने भारत की राष्ट्रीय शिक्षा नीति को विश्व का सबसे बड़ा सुधार कहा है और वे अपने-अपने देशों में भी लागू करना चाहते हैं। यह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय दोनों है।, यह वोकल फॉर लोकल (स्थानीय के लिए मुखर) का समर्थन करती है तथा यह वैश्विक स्तर पर स्थानीय है। यह विद्यार्थियों के लिए नए तरह के अवसर लेकर आएगी। निशंक ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को नई नीति मिशन स्तर पर लागू करने में अगुआ बनने का आह्वान किया। गौरतबल है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंजूरी दी है जो 34 साल पहले वर्ष 1986 में आई राष्ट्रीय शिक्षा नीति का स्थान लेगी। इसका उद्देश्य स्कूली एवं उच्च शिक्षा में बदलाव करना है ताकि भारत को ज्ञान के क्षेत्र में महाशक्ति बनाया जा सके।

## बालाकोट एयर स्ट्राइक की वर्षगांठ पर वायु सेना ने किया अभ्यास

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना ने पाकिस्तान के बालाकोट में आतंकवादी ठिकानों पर की गई एयर स्ट्राइक की दूसरी वर्षगांठ के अवसर पर अभ्यास किया, जिसके तहत लंबी दूरी तय कर एक लक्ष्य को भेदा गया। सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। बालाकोट में आतंकवादी शिविरों को नष्ट करने वाले अभियान में शामिल रही स्क्वाड्रन के सदस्यों ने इस अभ्यास में हिस्सा लिया। सूत्रों ने कहा कि यह अभ्यास हाल ही में किया गया। वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल आर. के. एस. भदौरिया ने इस अवसर पर उक्त स्क्वाड्रन में शामिल रहे पायलटों के साथ उड़ान भरी। भारतीय वायु सेना के लड़ाकू विमानों ने 26 फरवरी 2019 को नियंत्रण रेखा के पार जाकर बालाकोट में आतंकवादी ठिकानों को नष्ट कर दिया था। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा में 14 फरवरी 2019 को आतंकवादियों के हमले में सीआरपीएफ के 40 जवान शहीद हो गए थे, जिसके जवाब में यह कार्रवाई की गई थी।

## सोनम वांगचुक ने सैनिकों के लिए सौर ऊर्जा से गर्म रहने वाले टेंट विकसित किए

**श्रीनगर।** आविष्कारक एवं शिक्षाविद सोनम वांगचुक ने सौर ऊर्जा से गर्म रहने वाला पर्यावरण अनुकूल तम्बू (टेंट) विकसित किए हैं जिसका इस्तेमाल सेना के जवान लद्दाख के सियाचिन एवं गलवान घाटी जैसे अति ठंडे इलाके में कर सकते हैं। बता दें कि बॉलीवुड की सुपरहिट फिल्म थ्री इडियट्स में फुंगसुक वांगडू का किरदार वांगचुक पर ही आधारित था। वांगचुक ने कई पर्यावरण अनुकूल अविष्कार किए हैं। उन्होंने कहा कि सौर ऊर्जा से गर्म रहने वाले सैन्य टेंट (तम्बू) जीवाश्म ईंधन बचाएंगे जिसका पर्यावरण पर दुष्प्रभाव पड़ता है और साथ ही सैनिकों की सुरक्षा भी बढ़ाएंगे। वांगुचुक ने बताया, ए टेंट दिन में सौर ऊर्जा को जमा कर लेते हैं और रात को सैनिकों के लिए सोने के गर्म चेम्बर की तरह काम करते हैं। चूंकि इसमें जीवश्म ईंधन का इस्तेमाल नहीं होता है, इसलिए इससे पैसे बचने के साथ-साथ उत्सर्जन भी नहीं होता है। अविष्कारक ने बताया कि सैन्य टेंट में सोने के चेम्बर का तापमान ऊष्मारोधी परत की संख्या को कम या ज्यादा कर बढ़ाया एवं घटाया जा सकता है। वांगचुक ने बताया, सोने के चेम्बर में चार परत होती है और बाहर शून्य से 14 डिग्री सेल्सियस कम तापमान होने पर इसमें 15 डिग्री सेल्सियस तापमान रहता है। गर्म स्थानों पर परतों की संख्या घटाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि टेंट के भीतर बहुत आरामदायक तापमान नहीं होना चाहिए क्योंकि सैनिकों को खुले में दुश्मनों से लड़ने के लिए तैयार रहना चाहिए क्योंकि गलवान घाटी जैसे इलाकों में शून्य से 30 डिग्री सेल्सियस से भी कम तापमान होता है। लद्दाख में भारत-चीन के बीच सीमा पर हुए गतिरोध का संदर्भ देते हुए वांगचुक ने बताया कि उन्होंने सौर ऊर्जा से गर्म रहने वाले टेंट के शुरुआती संस्करण 15 साल पहले पश्मीना बकरियों के चरवाहों के लिए बनाए थे। वांगचुक ने नए टेंट को प्रारूप का संदर्भ देते हुए कहा कि इसे आसानी से एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है और इसमें 10 सैनिक रह सकते हैं। उन्होंने कहा, टेंट का कोई भी हिस्सा 30 किलोग्राम से अधिक वजनी नहीं है, जिससे आसानी से इसे एक स्थान से दूसरे स्थान पर ले जाया जा सकता है। टेंट को 30 से 40 हिस्सों में अलग-अलग किया जा सकता है। वांगचुक ने कहा कि अति हल्के अल्युमिनियम का इस्तेमाल कर टेंट के प्रत्एक हिस्से का वजन 20 किलोग्राम तक लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मौजूदा प्रोटोटाइप से वह संस्करण महंगा होगा। वांगचुक ने स्वीकार किया कि सौर ऊर्जा से गर्म रहने वाले टेंट का विकास करने में सेना ने मदद की। उन्होंने कहा कि इसे सेना की जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। वांगचुक ने बताया कि हिमालयन इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टर्नटिव, लद्दाख (एचआईएएल) की उनकी टीम ने इस टेंट के प्रोटोटाइप को एक महीने में तैयार किया।

## सामग्री को ब्लॉक करने का नियम नया नहीं, 2009 से अस्तित्व में : सरकार

भाषा। नई दिल्ली

**सोशल** मीडिया सहित अन्य ऑनलाइन सामग्री को ब्लॉक करने संबंधी विवाद पर भारत सरकार का कहना है कि डिजिटल माध्यमों पर साझा सामग्री को आपात स्थिति में ब्लॉक करने का नियम देश में नया नहीं है और वह 2009 से ही अस्तित्व में है।

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने डिजिटल मीडिया के नए दिशा-निर्देशों पर शनिवार को स्पष्टीकरण देते हुए इस आशय की जानकारी दी। मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दिशा-निर्देशों के भाग तीन के नियम 16 को लेकर कुछ भ्रम की स्थिति है। इस नियम के तहत आपात स्थिति में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव सामग्री को अंतरिम रूप से ब्लॉक करने का निर्देश दे सकते हैं।

बयान के अनुसार, यहां स्पष्ट किया जाता है कि यह कोई नया प्रावधान नहीं है। यह पिछले 11 साल से (2009 से) अस्तित्व में है और प्रावधान के तहत अधिकार का उपयोग इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी मंत्रालय के सचिव द्वारा सूचना प्रौद्योगिकी (जनता के लिए सूचना को ब्लॉक करने की प्रक्रिया और सुरक्षा) नियम, 2009 के तहत किया जाता है। बयान में कहा गया है कि इस साल 25 फरवरी को जारी नियमानुसार प्रावधान में इसका उपयोग करने का अधिकार सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के सचिव को दे दिया गया है।

मंत्रालय ने कहा, यह दोहराया जाता है कि... प्रावधान में कोई बदलाव नहीं किया गया है और न हीं सूचना प्रौद्योगिकी (मध्यस्थता दिशा-निर्देश और डिजिटल मीडिया नीति संहिता) नियम, 2021 के तहत सामग्री को ब्लॉक करने के लिए कोई नया प्रावधान जोड़ा गया है।

## केंद्र पूर्वोत्तर क्षेत्र में संपर्क को मजबूत करने, विकास लाने के लिए प्रतिबद्धः हर्षवर्धन

**कोहिमा।** केंद्रीय मंत्री हर्षवर्धन ने शनिवार को कहा कि केंद्र पूर्वोत्तर राज्यों में संपर्क (कनेक्टिविटी) को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस क्षेत्र में देश के बाकी हिस्सों जितना ही विकास हो। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस क्षेत्र में पिछले 5-7 वर्षों में कई विकास परियोजनाओं को पूरा किया गया है और आने वाले दिनों में और अधिक केंद्रीय पहल की जाएगी। उन्होंने नगालैंड के कोहिमा जिले के फरिबागेई में निर्माणाधीन मेडिकल कॉलेज के अपने दौरे के दौरान पत्रकारों से कहा, यह सुनिश्चित किया जाएगा कि इस क्षेत्र में देश के बाकी हिस्सों जितना ही विकास हो। उन्होंने कहा कि इस मेडिकल कॉलेज को नगालैंड का पहला मेडिकल कॉलेज माना जाता है। उन्होंने कहा कि इसकी आधारशिला 2014 में मुख्यमंत्री नेफ्यू रियो ने रखी थी लेकिन विभिन्न कारणों से इस परियोजना के पूरा होने में विलंब हुआ।

# पीएसएलवी-सी51 अमेजोनिया-1 मिशन के लिए उल्टी गिनती शुरू

भाषा। बेंगलुरु

**अगर** सब कुछ योजना के मुताबिक रहा तो, भारत का रॉकेट रविवार को श्रीहरिकोटा अंतरिक्ष केंद्र से पहली बार ब्राजील का उपग्रह लेकर अंतरिक्ष रवाना होगा। यह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का 2021 में पहला प्रक्षेपण है।

इस रॉकेट को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र (एसडीएससी) एसएचएआर से प्रक्षेपित करने का समय 28 फरवरी को सुबह 10 बजकर 24 मिनट है जो मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है। पीएसएलवी- सी51 अमेजोनिया-1 मिशन के लिए उल्टी गिनती शनिवार सुबह आठ बजकर 54 मिनट पर शुरू हो गई। इसरो ने एक बयान में बताया कि पीएसएलवी-सी51 पीएसएलवी का 53वां मिशन है। इस रॉकेट के जरिए ब्राजील के अमेजोनिया-2 उपग्रह के साथ 18 अन्य उपग्रह भी अंतरिक्ष में भेजे जाएंगे। इस रॉकेट को चेन्नई से करीब 100 किलोमीटर दूर श्रीहरिकोटा से प्रक्षेपित किया जाएगा। इन उपग्रहों में चेन्नई की स्पेस किड्ज़ इंडिया (एसकेआइ) का सतीश धवन एसएटी (एसडी एसएटी) शामिल है। इस अंतरिक्ष यान के शीर्ष पैनल पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर उकेरी गई है।

एसकेआई ने कहा कि यह उनकी (प्रधानमंत्री की) आत्मानिर्भर पहल और अंतरिक्ष निजीकरण के लिए एकजुटता और आभार व्यक्त करने के लिए है। एसकेआई एसडी (सुरक्षित डिजिटल) कार्ड में भगवद गीतौ भी भेज रहा है। इसरो की वाणिज्य इकाई न्यूस्पेस इंडिया लिमिटिड (एनएसआईएल) के लिए भी यह खास दिन है। इसरो का मुख्यालय बेंगलुरु में है। पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल) सी51 अमेजोनिया-1 एनएसआईएल का पहला समर्पित वाणिज्यिक मिशन है जिसक प्रक्षेपण अमेरिका के सिएटल की उपग्रह राइडशेयर एवं मिशन प्रबंधन प्रदाता स्पेसफ्लाइट इंक के वाणिज्य प्रबंधन के तहत किया जा रहा है।

एनएसआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक जी नारायण ने बताया कि हम प्रक्षेपण का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हमारे लिए ब्राजील निर्मित पहला उपग्रह प्रक्षेपित करना गर्व की बात है। 637 किलोग्राम वजनी अमेजोनिया-। ब्राजील का पहला उपग्रह है जिसे भारत से प्रक्षेपित किया जाएगा। यह राष्ट्रीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान (आईएनपीआई) का ऑप्टिकल पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है।

## मुख्यमंत्री एदियुरप्पा 78 साल के हुए

**बेंगुलरु।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता बीएस एदियुरप्पा शनिवार को 78 साल के हो गए। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह एवं अन्य ने उन्हें बधाई दी। प्रधानमंत्री ने मोदी ने ट्विटर के जरिए एदियुरप्पा को बधाई दी। उन्होंने ट्वीट किया, एदियुरप्पा जी सबसे अधिक अनुभवी नेताओं में से एक हैं जिन्होंने अपना जीवन किसानों के कल्याण एवं गरीबों को सशक्त बनाने के लिए समर्पित कर दिया।

हम उनकी लंबी आयु एवं स्वस्थ जीवन के लिए प्रार्थना करते हैं। शाह ने बधाई देते हुए ट्वीट किया, उनकी कर्नाटक के गरीबों एवं किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्धता सराहनीय है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एचडी कुमारस्वामी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, साथी विधायकों एवं सहयोगियों ने भी एदियुरप्पा को जन्मदिन की बधाई दी।

## भारत-बांग्लादेश गृह सचिव स्तरीय वार्ता में सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर हुई चर्चा

भाषा। नई दिल्ली

**भारत-बांग्लादेश** के बीच शनिवार को हुई गृह सचिव स्तर की वार्ता में दोनों पक्षों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने का काम जल्दी पूरा करने और आतंकवाद तथा चरमपंथ के खिलाफ लड़ाई को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।

बांग्लादेश मुक्ति संग्राम और दोनों देशों के बीच राजनयिक संबंध स्थापित होने के 50 साल मुजीब बर्षों के पूरे होने की पृष्ठभूमि में यह 19वीं वार्ता हुई। आधिकारिक बयान के अनुसार, केन्द्रीय गृह सचिव अजय भल्ला ने भारतीय पक्ष का और बांग्लादेश के जन सुरक्षा विभाग के वरिष्ठ सचिव मुस्तफा कमाल उद्दीन ने अपने देश के शिष्टमंडल का नेतृत्व किया। उसके अनुसार, भारत और बांग्लादेश द्विपक्षीय संबंधों को बहुत महत्व देते हैं। दोनों सचिवों ने सुरक्षा और सीमा से जुड़े मुद्दों पर परस्पर सहयोग को और अधिक विस्तार देने और उसे मजबूत बनाने की प्रतिबद्धता दोहराई। बयान के मुताबिक, दोनों पक्षों ने अपनी जमीनासीमा का उपयोग दूसरे पक्ष को नुकसान पहुंचाने वाली गतिविधियों के लिए ना होने देने की बात दोहराई।

दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों के बीच बनी सहमति के आधार पर दोनों पक्षों ने भारत-बांग्लादेश सीमा पर कांटेदार बाड़ लगाने का काम जल्दी पूरा करने पर चर्चा की। बयान के अनुसार, सीमा पर गैरकानूनी गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए समन्वित सीमा प्रबंधन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर दोनों पक्ष सहमत हुए। दोनों देश जाली भारतीय मुद्रा और मादक पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए सहयोग को और बेहतर बनाने पर भी राजी हुए।

## चिराग पासवान ने खुद को बताया शबरी का वंशज

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी के अध्यक्ष चिराग पासवान ने खुद को शबरी का वंशज बताते हुए अयोध्या में भव्य राम मंदिर के निर्माण के लिए शनिवार को एक लाख 11 हजार रुपए का दान दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्य में सहभागिता करना समाज के वंचित तबके के प्रत्एक व्यक्ति का कर्त्तव्य है। लोजपा बिहार में सत्तारूढ़ राष्ट्र्य जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का हिस्सा अब नहीं है, लेकिन चिराग अब भी भाजपा के मुखर समर्थक हैं। पासवान ने ट्वीट किया, वंचित वर्ग से आने वाली श्रीराम की परमभक्त माता शबरी का वंशज होने के नाते हम सबका यह कर्तव्य है कि भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर के निर्माण में अपनी-अपनी सहभागिता दें। उन्होंने ट्वीट में कहा कि आज के समाज को भी श्रीराम व माता शबरी के बीच असीम स्नेह के रिश्ते को समझना होगा। दलित समाज के सभी भाइयों-बहनों को प्रेम और सम्मान की ज़रूरत है, ताकि सामाजिक प्रेम हमेशा ही श्री राम व माता शबरी के जैसा बना रहे।

## पेज 1 का शेष

### निजी अस्पतालों...

सूचित कर दिया गया है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा था कि ऑन-साइट पंजीकरण कराने की सुविधा उपलब्ध होगी, ताकि योग्य लाभार्थी अपनी पसंद के टीकाकरण केंद्र पर जाकर अपना पंजीकरण कराएं और टीका लगवाएं। टीके के लाभार्थी को-विन 2.0 पोर्टल डाउनलोड कर और आरोग्य सेतु आदि मोबाइल ऐप के जरिए पहले भी अपना पंजीकरण करा सकते हैं। मंत्रालय ने कहा था कि लाभार्थी अपनी पसंद के कोविड-19 टीकाकरण केंद्र (सीवीसी) को चुन सकते हैं और टीका लगवाने के लिए अपना समय निर्धारित करवा सकते हैं। कोविड-19 के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान 16 जनवरी को शुरू हुआ था। मंत्रालय ने कहा था कि सभी लाभार्थियों को अपना एक तस्वीर युक्त पहचान पत्र-आधार कार्ड, मतदाता पहचान पत्र आदि लेकर टीकाकरण केंद्र जाना होगा। वहीं, किसी बीमारी से ग्रसित 45 वर्ष से अधिक उम्र का लाभार्थी होने की स्थिति में बीमारी से संबद्ध प्रमाणपत्र भी साथ लाना होगा, जिस पर पंजीकृत चिकित्सक के हस्ताक्षर होने चाहिए।

### लगातार तीसरे...

थीं। मंत्रालय ने अपनी वेबसाइट पर बताया कि उसके आंकड़ों का भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के आंकड़ों के साथ मिलान किया जा रहा है।

### महाराष्ट्र और...

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया है कि प्रदेश में अब महाराष्ट्र व केरल से आने वाले हर विमान यात्रियों को कोरोना वायरस संक्रमण का टेस्ट एयरपोर्ट पर ही करवाना अनिवार्य होगा। एयरपोर्ट पर यात्रियों का एंटीजेन टेस्ट किया जाएगा। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में कोविड.19 के टेस्ट पर फोकस करने पर जोर दिया है। उन्होंने कहा कोरोना वायरस संक्रमण के चक्र को तोड़ने में टेस्टिंग की महत्वपूर्ण भूमिका है। यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि राज्य में प्रति दिन 1०25 लाख से कम टेस्ट न हों। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्रए केरल व दिल्ली में केस की एक बार फिर से वृद्धि को देखते हुए उत्तर प्रदेश में फिर से अतिरिक्त सतर्कता बरती जानी चाहिए। बाहरी राज्यों से आने वाले लोगों के कॉन्ट्रैक्ट ट्रेसिंग व क्वारंटीन सुनिश्चित करने के लिए व्यवस्था की जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना वायरस मामलों की रोकथाम व उपचार के लिए प्रभावी प्रणाली बनाए रखी जानी चाहिए। जिलों में स्थापित एकीकृत कमान व नियंत्रण केंद्र को सक्रिय रूप से संचालित किया जाना चाहिए। उन्होंने रेखांकित किया कि लोगों को वायरस से खुद को बचाने बचाने के बारे में लगातार जागरूक किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में कोरोना संक्रमण की स्थिति नियंत्रण में है। इसके बावजूद कोरोना से बचाव तथा उपचार की प्रभावी व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है। इस सम्बन्ध में थोड़ी लापरवाही भी भारी पड़ सकती है। उन्होंने कई राज्यों में कोरोना के मामलों में वृद्धि को देखते हुये अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि आमजन को मास्क के अनिवार्य उपयोग तथा सोशल डिस्टेंसिंग के पालन की सम्पूर्ण जानकारी दें। मुख्यमंत्री कहा कि सम्पूर्ण कार्रवाई केंद्र सरकार के दिशा निर्देशों और क्रम के अनुरूप संचालित की जाये। कोरोना वैक्सीनेशन के लक्षित समूहों को टीकाकरण की तिथि, स्थान व समय के सम्बन्ध में पहले से अवगत कराया जाये। कोरोना वैक्सीन का मानकों के अनुरूप स्टोरेज एवं ट्रांसपोर्टेशन सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कोविड वैक्सीनेशन कार्य में इन्टीग्रेटेड कमाण्ड एंड कन्ट्रोल सेन्टर की सेवाओं का उपयोग करने के निर्देश भी दिये हैं।

### 50 लाख...

लाख उपयोगकर्ता की सीमा निर्धारित की है। इससे पहले, सरकार ने सोशल मीडिया और स्ट्रीमिंग कंपनियों को नियंत्रित करने वाले नियमों को कड़ा करने की बृहस्पतिवार को घोषणा की। इस कदम का उद्देश्य फेसबुक, व्हाट्सएप, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों को प्रकाशित सामग्रियों के लिए अधिक जवाबदेह बनाना है।

### वन डिस्ट्रिक्ट...

13, आंध्र प्रदेश के 13, दिल्ली, मेघालय, मिजोरम और नगालैंड के 11-11 जिले, असम, गुजरात, राजस्थान और तेलंगाना में भी प्रत्येक में 33 जिले योजना में शामिल किए गए हैं। इसके अलावा, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के तीन जिले, दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव के कुल तीन जिले, लद्दाख और पुदुचेरी के दो-दो जिले, चंडीगढ़ और लक्षद्वीप में एक-एक जिला इस योजना का हिस्सा है। मंत्रालय के अनुसार, 226 जिलों के फल, 107 जिलों की सब्जियां, 105 जिलों के मसाले चिन्हित किए गए हैं, जबकि गन्ने के लिए 40 और गेहूं के लिएकुल पांच जिलों की पहचान की गई है। यह सूची राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और इंडियन काउंसिल ऑफ एग्रीकल्चरल रिसर्च की सलाह लेकर तैयार की गई है।

# हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी के दो और साथी अंतरिम जमानत पर जेल से रिहा

भाषा। इंदौर

**हिन्दू** देवी-देवताओं पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के विवाद से जुड़े हास्य कार्यक्रम के आयोजन में शामिल होने के दो और आरोपी शनिवार की देर शाम यहां केंद्रीय जेल से रिहा हो गए। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ ने इन्हें शुक्रवार को अंतरिम जमानत दी थी। निचली अदालत में शनिवार को जमानत की औपचारिकताएं पूरी किए जाने के बाद नलिन यादव (25) और सदाकत खान (23) को केंद्रीय जेल से रिहा कर दिया गया।

ये दोनों धार्मिक भावनाएं आहत करने के आरोपों पर आधारित उस बहुचर्चित मामले में करीब आठ हफ्तों से न्यायिक हिरासत में थे जिसमें गुजरात से ताल्लुक रखने वाले हास्य कलाकार मुनव्वर फारुकी (32) मुख्य आरोपी हैं। रिहाई के बाद संवाददाताओं के सवालों पर संक्षिप्त प्रतिक्रिया में यादव और खान ने कहा कि उन्हें न्याय प्रणाली पर पूरा भरोसा है। इंदौर के नजदीक पीथमपुर के रहने वाले यादव ने बताया कि वह पिछले चार साल से कॉमेडी के क्षेत्र में सक्रिय हैं और एक इवेंट मैनेजमेंट कम्पनी भी चलाते हैं। खान के मुताबिक वह पेशे से सिविल इंजीनियर हैं। विवादास्पद हास्य कार्यक्रम में हिन्दू देवी-देवताओं को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियों के आरोपों पर यादव ने कहा कि मामला अदालत में विचाराधीन है और इसमें अदालत को ही फैसला करना है। इसके अलावा मैं भला क्या बोलूं? यादव ने हालांकि कहा कि हमें पूरी उम्मीद है कि हमें जरूर इंसाफ मिलेगा।

यादव ने दावा किया कि जांचकर्ताओं को मामले के आरोपियों के खिलाफ अब तक कोई भी ठोस सबूत नहीं मिला है और यही वजह है कि वे करीब दो महीने बाद भी अदालत में आरोपपत्र पेश नहीं कर पाए हैं। उन्होंने कहा कि अगर उनके (जांचकर्ताओं) पास हमारे खिलाफ सबूत के रूप में कोई भी ऐसा वीडियो होता कि वहां (हास्य कार्यक्रम) कुछ गलत हुआ था, तो जाहिर तौर पर वे अब तक अदालत में आरोपपत्र पेश कर चुके होते। गौरतलब है कि शीर्ष न्यायालय ने मामले के मुख्य आरोपी मुनव्वर फारुकी को इंदौर में एक जनवरी की रात दर्ज मामले में पांच फरवरी को अंतरिम जमानत दी थी।

इस आदेश के आलोक में पखवाड़े भर के दौरान मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ यादव और खान समेत चार अन्य आरोपियों को भी अंतरिम जमानत दे चुकी है। राज्य में सत्तारूढ़ भाजपा की स्थानीय विधायक मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ के बेटे एकलव्य सिंह गौड़ ने शहर के एक कैफे में एक जनवरी की शाम आयोजित कार्यक्रम में हिंदू देवी-देवताओं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और गोधरा कांड को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणियों का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। नववर्ष के मौके पर आयोजित इस कार्यक्रम में फारुकी को बतौर मुख्य हास्य कलाकार बुलाया गया था।

पायनियर
लखनऊ ,रविवार, 28 फरवरी, 2021



## इंग्लैंड की रोटेशन नीति के तहत वोक्स स्वदेश लौटेंगे

**अहमदाबाद।** इंग्लैंड के हरफनमौला क्रिस वोक्स ईसीबी की रोटेशन नीति के तहत एक भी मैच खेले बिना भारत के टेस्ट दौरे से रवाना हो गए है। वोक्स दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका और भारत दौरे पर टेस्ट टीम का हिस्सा थे लेकिन किसी मैच मे उन्हे उतारा नही किया। उन्होंने आखिरी वनडे आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले साल सितंबर मे खेला था।

## जिम्नास्टिक महासंघ को खेल मंत्रालय से मान्यता

**नई दिल्ली।** खेल मंत्रालय ने गुटबाजी के शिकार भारतीय जिम्नास्टिक महासंघ को दस साल बाद मान्यता दे दी है और नवंबर 2019 मे अध्यक्ष पद पर सुधीर मित्तल के चुनाव को रिकॉर्ड मे रखा गया है। यह मान्यता 31 दिसंबर तक के लिए दी गई है। खेल मंत्रालय ने 2011 मे महासंघ मे अंतर्कलह के कारण इसकी मान्यता रद्द कर दी थी।

## स्वियाटेक ने फ्रेंच ओपन खिताब जीता

**एडीलेड।** फ्रेंच ओपन चैंपियन इगा स्वियाटेक ने शनिवार को यहां मेमोरियल ड्राइव पर बेलिंडा बेनसिच को 6-2, 6-2 से हराकर एडीलेड इंटरनेशनल टेनिस टूर्नामेंट का महिला एकल खिताब जीत लिया। पोलैंड की 19 साल की खिलाड़ी ने पूरे टूर्नामेंट मे एक भी सेट नही गंवाया और सिर्फ 22 गेम हारी। स्वियाटेक पहले सेट में जब 3-2 से आगे थी तब उन्होंने बेनसिच की सर्विस तोड़ी जब स्विट्जरलैंड की खिलाड़ी ने तीन डबल फॉल्ट किए।

## सौराष्ट्र ने चंडीगढ़ को 62 रन से हराया

**कोलकाता।** मध्यक्रम के बल्लेबाज प्रेरक मांकड ने विजय हजारे ट्राफी एकदिवसीय टूर्नामेंट के ग्रुप ई मुकाबले मे रविवार को यहां चंडीगढ़ के खिलाफ 174 रन की ताबड़तोड़ पारी खेलकर अपनी टीम को 62 रन से जीत दिलाने मे अहम भूमिका निभाई।

## उत्तराखंड, असम की लगातार चौथी जीत

**चेन्नई।** उत्तराखंड ने शनिवार को यहां विजय हजारे ट्रॉफी वनडे के प्लेट ग्रुप मे मिजोरम को आठ विकेट से हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज की। उत्तराखंड की टीम चार मैचों मे 16 अंक के साथ शीर्ष पर चल रही है। असम के भी 16 अंक है जिसने सिक्किम को चार विकेट से हराया।

## अय्यर के शतक से मुंबई ने राजस्थान को हराया

**जयपुर।** कप्तान श्रेयस अय्यर के 116 रन और शारदुल ठाकुर (50 रन पर चार विकेट) की उम्दा गेंदबाजी से मुंबई ने विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच मे शनिवार को यहां राजस्थान को 67 रन से हराया।

# आईसीसी मोटेरा को गंभीर सजा नहीं देगा

## ●अंतिम टेस्ट की पिच बल्लेबाजी के अनुकूल होने की संभावना

**भाषा।** नई दिल्ली

दिन-रात्रि टेस्ट के दो दिन के अंदर खत्म होने के बाद मोटेरा की पिच को भले ही आलोचनाओं का सामना करना पड़ा हो लेकिन इसे खेल की संचालन संस्था अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) से गंभीर सजा मिलने की संभावना नहीं है क्योंकि अंतिम टेस्ट की पिच के बल्लेबाजी के अनुकूल होने की संभावना है। भारत चार टेस्ट की श्रृंखला में 2-। से आगे चल रहा है और आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में क्वालीफाई करने के लिए उसे लार्ड्स में 18-22 जून तक होने वाले अंतिम टेस्ट को सिर्फ ड्रॉ कराना होगा। एक और स्पिन की अनुकूल पिच की संभावना कम है क्योंकि घरेलू टीम पिच को लेकर कोई जोखिम नहीं उठाना चाहती। मामले की जानकारी रखने वाले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने नाम जाहिर नहीं करने की शर्त पर पीटीआई को बताया, अच्छी पिच की उम्मीद है जो ठोस रहेगी और समान उछाल मिलेगा। यह बल्लेबाजी के अनुकूल होगी और यह पारंपरिक लाल गेंद का टेस्ट मैच होगा इसलिए यहां चार से आठ मार्च तक होने वाले मुकाबले में काफी बड़े स्कोर की उम्मीद की जा सकती है। बीसीसीआई के शीर्ष अधिकारियों के साथ टीम प्रबंधन भी समझता है कि धूल से भरी एक और पिच नए स्थल के लिए अच्छी नहीं होगी जिसके इंडियन प्रीमियर लीग और आईसीसी टी20 विश्व कप के दौरान कई महत्वपूर्ण मैचों की मेजबानी करने की संभावना है। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, अगर एक ही स्थल पर दो मैच होते हैं तो आप एक नतीजे को अलग नहीं कर सकते। अंतिम टेस्ट होने दीजिए और इसके बाद ही मैच रैफरी जवागल श्रीनाथ की रिपोर्ट के आधार पर आईसीसी अपनी कार्वाई को लेकर फैसला करेगा। साथ ही अब तक इंग्लैंड की टीम ने भी कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। अगर एक ही स्थल पर एक अच्छी और एक खराब पिच होती है तो आईसीसी के कार्वाई करने की संभावना नहीं है। भारत श्रृंखला को 3-। से अपने नाम करके खुश होगा लेकिन टीम को नतीजा देने वाली स्पिन की अनुकूल पिच की जरूरत नहीं है क्योंकि उसके लिए ड्रॉ ही काफी है। साथ ही भारतीय टीम प्रबंधन ऐसी पिच नहीं चाहता जिस पर बेहद महत्वपूर्ण मैच में खेलते हुए उसे नुकसान उठाना पड़े। गुलाबी गेंद का टेस्ट अच्छा रहा क्योंकि यह गेंद से अधिक जुड़ा हुआ मामला था। गेंद पिच पर गिरकर तेजी से आ रही थी जबकि पिच में कोई समस्या नहीं थी जैसा इंग्लैंड के कई पूर्व दिग्गज खिलाड़ी कह रहे हैं। वे सीधी गेंदों का सामना करने में नाकाम रहे। लेकिन इस तरह की पिचें अपने ऊपर भी भारी पड़ सकती हैं और बीसीसीआई को इसकी अच्छी तरह जानकारी है। अगले टेस्ट के टीम संयोजन में बदलाव होगा क्योंकि बुमराह को निजी कारणों से अगले टेस्ट में नहीं खेलने की स्वीकृति दी गई है।

## पिच बनाम कौशल बहस पर अश्विन ने कहा, किसी धारणा से परेशान नहीं, ऐसा एक दशक से हो रहा है



**अहमदाबाद।** दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने हाल के दिनो मे भारत की बड़ी जीत को कम कर के आंकने की कोशिश करने वाले आलोचको पर कटाक्ष करते हुए शनिवार को कहा कि कौशल की जगह पिच को अहमियत देने से उन्हे कोई परेशानी नही है। अश्विन ने शुक्रवार को कई ट्वीट करके कहा था एक विशेष विचार को बढ़ावा (विपणन) देने के साथ मुद्दा बनाया जा रहा है। यही कारण है कि मैंने कल कुछ ट्वीट किए थे। मुझे लगता है कि लोगो को यह जानना चाहिए कि किस संदर्भ मे चीजे हो रही है। कुछ लोग ऐसे है जिन्होने मुझे संदेश भेजा और कहा कि मैच दो दिन मे खत्म हो गया है। जब एक ब्रिटिश पत्रकार ने पूछा कि क्या उन्हे लगता है कि मोटेरा मे इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे मैच के लिए इस्तेमाल की गई पिच टेस्ट क्रिकेट के लिए अच्छी थी, तो अश्विन अपने त्वरित जवाब मे सवाल दागते हुए कहा, मेरे पास एक सवाल है।

## पिच पर दोष मढ़कर हम अपना ही नुकसान करेंगे: ट्रॉट

**अहमदाबाद।** मोटेरा की पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नही थी लेकिन इंग्लैंड के बल्लेबाजी कोच जोनाथन ट्रॉट का मानना है कि अपने कौशल पर ध्यान देने की जगह सिर्फ 22 गज की पिच पर दोष मढ़ना सही नही होगा। इंग्लैंड को गुलाबी गेंद से खेले गए तीसरे टेस्ट मे 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इस दौरान टीम दोनों पारियों मे 112 और 81 रन ही बना सकी और दो दिन मे ही मैच खत्म हो गया जिसके कारण पिच को आलोचना का सामना करना पड़ा। ट्रॉट ने कहा, मुझे लगता है कि सभी के लिए यह कभी ना कभी खेलने के लिए आसान नही थी, बेशक काफी सूखी पिच थी और हमने भारत मे ऐसा ही देखा है। हमने पहले इसका इस्तेमाल किया इसलिए हम अधिक रन बनाना पसंद करते और भारत को थोड़ा दबाव में डालते।

## कुंबले के 619 विकेट पर अश्विन ने कहा, काफी समय पहले उपलब्धियों के बारे में सोचना छोड़ दिया


**अहमदाबाद।** भारत के शीर्ष स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने लंबे समय पहले उपलब्धियो के बारे मे सोचना छोड़ दिया था और इस समय वह सिर्फ अपने कौशल पर काम कर रहे है जिससे कि भारत के लिए खेलते हुए हमेशा उपयोगी भूमिका निभा सकें। अश्विन इंग्लैंड के खिलाफ यहां तीसरे टेस्ट के दौरान 400 टेस्ट विकेट के आंकड़े को छूने वाले चौथे भारतीय गेंदबाज बने और उनसे पूछा गया कि क्या आगामी वर्षो मे वह अनिल कुंबले के 619 विकेटो के आंकड़े को पार कर सकते है। अगर आप से व्यावहारिक रूप से देखे तो यह सिर्फ 218 विकेट दूर है। मैने हालांकि लंबे समय पहले इन उपलब्धियो के बारे मे सोचना छोड़ दिया है। इस भारतीय आफ स्पिनर ने कहा कि वह जब भी मैदान पर उतरते है तो बेहतर क्रिकेटर बनने का प्रयास करते है।

# अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे भारतीय टीम से बाहर

## वनडे में शेफाली को नहीं मिली जगह

**भाषा।** नई दिल्ली





अनुभवी तेज गेंदबाज शिखा पांडे को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सात मार्च से शुरू होने वाली आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं के लिए शनिवार को चुनी गई भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल नहीं किया गया है।मिताली राज एकदिवसीय जबकि हरमनप्रीत कौर टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का नेतृत्व करेंगी। युवा विस्फोटक बल्लेबाज शेफाली वर्मा को टीम में जगह नहीं दी गई है जिसके बाद नीतू डेविड की अगुवाई वाली चयन समिति के फैसले पर सवाल उठने लगा है। एकदिवसीय टीम में मिताली और पुनम राउत जैसे बल्लेबाज है जिन्हें धीमी बल्लेबाजी के लिए जाना जाता है।पिछले साल महिला टी20 विश्व कप में शानदार बल्लेबाजी करने वाली शेफाली को 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय का अनुभव है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई-भाषा से कहा, यह जानना दिलचस्प होगा कि शीर्ष क्रम पर धीमी बल्लेबाजी करने के लिए जानी जाने वाली कप्तान मिताली राज खुद शेफाली को टीम में चाहती थी या नहीं। उन्होंने कहा, शेफाली की गैरमौजूदगी में भारत को बड़े शॉट लगाने वाले खिलाड़ियों की कमी खलेगी। चयनकर्ताओं ने पिछले सत्र के अलावा बांग्लादेश के खिलाफ भारत ए और भारत बी की श्रृंखला के प्रदर्शन को ध्यान में रखते हुए टीम का चयन किया है जिसमें कई नए चेहरों को मौका मिला है। नियमित विकेटकीपर सुषमा वर्मा दोनों टीमों का हिस्सा है जबकि एकदिवसीय टीम में श्वेता वर्मा और टी20 अंतरराष्ट्रीय में नुजहत परवीन दूसरे विकेटकीपर की भूमिका में है। श्वेता को पहली बार राष्ट्रीय टीम में जगह मिली है। चयनकर्ता शिखा की जगह तेज गेंदबाजी में बेंच स्ट्रेंथ को परखना करना चाहते थे जिसमें दाएं हाथ के मध्यम तेज गेंदबाज सी प्रत्युषा और मोनिका पटेल को दोनों टीम में शामिल किया गया था। युवा तेज गेंदबाज सिमरन दिल बहादुर टी20 अंतरराष्ट्रीय टीम का हिस्सा हैं।

## बुमराह निजी कारणों से टेस्ट टीम से बाहर

**अहमदाबाद।** तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को निजी कारणों से गुरूवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू हो रहे चौथे क्रिकेट टेस्ट के लिए भारतीय टीम से रिलीज किया गया है। बीसीसीआई ने यह जानकारी देते हुए कहा कि चौथे टेस्ट के लिए बुमराह की जगह किसी को टीम में शामिल नहीं किया गया है। बोर्ड के सचिव जय शाह ने एक विज्ञप्ति में कहा , जसप्रीत बुमराह ने अनुरोध किया था कि निजी कारणों से वह चौथा टेस्ट नहीं खेल पाएंगे।उन्हें टीम से रिलीज कर दिया गया है और वह चयन के लिए उपलब्ध नहीं हैं। भारतीय टीम श्रृंखला में 2-1 से आगे है। बुमराह को कार्यभार प्रबंधन के तहत पांच टी20 और तीन वनडे की सीमित ओवरों की श्रृंखला के लिए पहले ही आराम दिया गया है। तीसरे टेस्ट में उन्होंने कोई विकेट नहीं लिया जो भारत ने दस विकेट से जीता था। स्पिनरों की मददगार पिच पर उन्होंने छह ओवर ही डाले।

## द्वितीय खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स लखनऊ में

**लखनऊ।** द्वितीय खेलो मास्टर्स नेशनल गेम्स का आयोजन लखनऊ में होगा। इन खेलों में विभिन्न आयु वर्ग में मास्टर्स एथलीट हिस्सा लेंगे। इसमें 35 साल से लेकर 90 साल तक के एथलीट खेलते दिखाई देंगे। खेलो मास्टर्स गेम्स फाउंडेशन की लखनऊ में हुई एजीएम के बाद फाउंडेशन के महासचिव शैलेंद्र सिंह ने बताया कि लगभग सवा साल बाद मास्टर्स खिलाड़ी 15 खेलों की स्पर्धाओं में उतरेंगे। पिफलहाल इन गेम्स के आयोजन की संभावित तारीख 20 से 23 मई है लेकिन अभी इस पर अंतिम पफैसला नहीं हुआ हैं। उन्होंने बताया कि 15 गेम्स की स्पर्धा में लगभग 5000 खिलाड़ियों के हिस्सा लेने का अनुमान है। हम आयोजन स्थल के बारे में बाद में पफैसला लेंगे। इस बारे में स्पोर्ट्स कॉलेजए केडी सिंह बाबू स्टेडियमए बीबीडी स्टेडियम पर चर्चा चल रही है। व्यक्तिगत खेलों में 35 साल से ऊपर और टीम गेम्स में 45 साल से ऊपर के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। इस अवसर पर द्वितीय खेलों मास्टर्स गेम्स के आयोजन समिति के अध्यक्ष डा आशुतोष मिश्रा, संयुक्त सचिव बिपुल सैंकिया,कार्यकारिणी सदस्य बलबिंदर सिंह मौजूद थे।

## दीपक कुमार को स्ट्रांजा मेमोरियल टूर्नामेंट में रजत

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज दीपक कुमार (52 किग्रा) को शनिवार को बुल्गारिया के सोफिया में चल रहे 72वें स्ट्रांजा मेमोरियल मुक्केबाजी टूर्नामेंट के फाइनल में हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। एशियाई रजत पदक विजेता दीपक स्थानीय मुक्केबाज और यूरोपीय चैम्पियनशिप के दो बार के स्वर्ण पदक विजेता डेनियल असेनोव से करीबी मुकाबले में खंडित फैसले से हार गए। इस भारतीय मुक्केबाज ने शुक्रवार को सेमीफाइनल में ओलंपिक और विश्व चैम्पियन शखोबिदिन जोइरोव को हराकर उलटफेर किया था। फाइनल के पहले दौर में बुल्गारिया का मुक्केबाज दीपक पर भारी दिखा जिसने अपना बचाव करने के साथ जवाबी हमले भी किए।

# जर्मनी ने भारतीय महिला हॉकी टीम को 5-0 से रौंदा



**भाषा।** डसेलडोर्फ

विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज जर्मनी ने चार मैचों के दौरे पर यहां आई भारतीय महिला हॉकी टीम को शनिवार को पहले मैच में 5-0 की करारी शिकस्त दी। जर्मनी के लिए माएर्टेंस (10वें और 14वें मिनट), माइकेल (20वें मिनट), पॉलीन हेंज (28वें मिनट) और लिसा (41वें मिनट) ने गोल किए। माएर्टेंस ने पहले क्वार्टर में चार मिनट के अंदर दो गोल कर जर्मनी को 2-0 की बढ़त दिला दी। दूसरे क्वार्टर में भी मेजबान टीम ने अपना दबदबा बनाए रखा और भारतीय रक्षापंक्ति को भेद कर 17वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। भारतीय टीम इस पेनल्टी कॉर्नर का बचाव करने में सफल रही। टीम ने जवाबी हमला कर खुद पेनल्टी कॉर्नर हासिल किया। जर्मनी की रक्षा पंक्ति ने भारतीय कोशिश को नाकाम कर दिया। जर्मनी ने 20वें और 28वें मिनट में गोल कर अपनी बढ़त को मध्यांतर से पहले 4-0 कर लिया।

## ओलंपिक से पहले खुद को परखने का मौका : श्रीजेश

**क्रेफेल्ड (जर्मनी)।** भारतीय पुरूष हॉकी टीम के गोलकीपर पी आर श्रीजेश का मानना है कि जर्मनी और ब्रिटेन जैसी मजबूत टीमों के खिलाफ खेलकर टीम को तोक्यो ओलंपिक से पहले शारीरिक, मानसिक और तकनीकी तौर पर खुद को आंकने का मौका मिलेगा। कोरोना महामारी के कारण एक साल बाद भारतीय पुरूष टीम रविवार से शुरू हो रहे चार मैचों के यूरोप दौरे पर दुनिया की छठे नंबर की टीम जर्मनी से खेलेगी।

## भारतीय पुरूष स्कीट टीम को आईएसएसएफ विश्व कप में कांस्य

**काहिरा।** भारत के मैराज अहमद खान, अंगद वीर सिंह बाजवा और गुरजोत खांगुरा ने यहां आईएसएसएफ शॉटगन विश्व कप में पुरूषों की स्कीट स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। भारतीय टीम ने कजाखस्तान के डेविड पोचिवालोव, एडुअर्ड एचशेंको और अलेक्जेंडर एम की टीम को 6-2 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने क्वालीफिकेशन दौर में 491 का स्कोर किया। इसमें सात दौर में प्रत्एक दौर में 25 निशाने लगाने थे। भारतीय टीम फाइनल में भी पहुंच जाती लेकिन शूटआफ में रूस से 6-5 से हार गई। रूस ने चेक गणराज्य को 6-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय महिला टीम भी कांस्य पदक के मुकाबले में पहुंची लेकिन कजाखस्तान से 4-6 से हार गई।

# सऊदी अरब के शहजादे ने पत्रकार खशोगी की हत्या की मंजूरी दी थी

**भाषा।** वाशिंगटन

अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट



**अमेरिकी कांग्रेस** (संसद) को सौंपी गई एक खुफिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि सऊदी अरब के शहजादे (क्राउन प्रिंस) मोहम्मद बिन सलमान ने इस्तांबुल में पत्रकार जमाल खशोगी को पकड़ने या मारने के एक अभियान को मंजूरी दी थी। सऊदी अरब के असंतुष्ट पत्रकार की बर्बर हत्या से संबंधित यह रिपोर्ट बाइडन प्रशासन ने जारी की है।

खशोगी की दो अक्टूबर 2018 को तुर्की के इस्तांबुल शहर में सऊदी अरब के वाणिज्य दूतावास में मोहम्मद बिन सलमान से संबंधित लोगों ने हत्या कर दी गई थी। वह अमेरिका के वैध स्थाई निवासी थे और वाशिंगटन पोस्ट अखबार में लेख लिखते थे और शहजादे की नीतिओं के कटु आलोचक थे।उनके शव के टुकड़े-टुकड़े कर दिए गए थे और उनके अवशेष कभी नहीं मिले। सऊदी अरब को आखिरकार मानना पड़ा कि खशोगी की हत्या गलती से हुई थी और हालांकि हत्याकांड में शहजादे की संलिप्तता से इनकार किया था।

राष्ट्रीय खुफिया निदेशालय कार्यालय (ओडीएनआई) ने कांग्रेस (संसद) को सौंपी रिपोर्ट में कहा कि मोहम्मद बिन सलमान ने शायद ऐसा माहौल बनाया जिसमें उनके सहयोगियों में इस बात का डर पैदा हुआ कि सौंपा गया काम पूरा नहीं करने पर उन्हें बर्खास्त किया जा सकता है या उनकी गिरफ्तारी की जा सकती है। रिपोर्ट में कहा गया कि इस बात की संभावना नहीं है कि उनके सहयोगी शहजादे के आदेश पर सवाल कर सकते थे या फिर संवेदनशील अभियान बिना उनकी मंजूरी के चला सकते थे। यह रिपोर्ट 11 फरवरी की है और रिपोर्ट के एक हिस्से को गोपनीयता के दायरे से बाहर किया गया है जिसे शुक्रवार को कांग्रेस को सौंपा गया है।रिपोर्ट के मुताबिक, हमारा आकलन है कि सऊदी अरब के शहजादे मोहम्मद बिन सलमान ने तुर्की के इस्तांबुल में सऊदी पत्रकार खशोगी को पकड़ने या मारने के अभियान को मंजूरी दी थी।

ओडीएनआई ने कहा कि उसका आकलन इस पर आधारित है कि सऊदी अरब में मोहम्मद बिन सलमान की मर्जी के बिना फैसले नहीं होते हैं और अभियान में उनके प्रमुख सलाहकार और उनके सुरक्षा दस्ते के एक सदस्य की सीधी संलिप्तता है और खशोगी समेत विदेश में रह रहे असंतुष्टों को चुप कराने के लिए हिंसक उपाय करने को लेकर उनका समर्थन था।रिपोर्ट कहती है, 2017 से शहजादे का देश की सुरक्षा एवं खुफिया संगठनों पर पूर्ण नियंत्रण है। इस बात की संभावना नहीं है कि सऊदी अधिकारी इस प्रकृति का अभियान बिना वलीअहद की इजाजत के चलाएं।अमेरिकी खुफिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए सऊदी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि सऊदी अरब की सरकार देश के नेतृत्व से संबंधित एक रिपोर्ट में उल्लेखित नकारात्मक, झूठे और अस्वीकार्य आकलन को खारिज करते हैं और रिपोर्ट में गलत जानकारी और निष्कर्ष हैं। कांग्रेस को रिपोर्ट मिलने के कुछ देर बाद, अमेरिका विदेश मंत्री एंटोनी ब्लिंकन ने ‘खशोगी प्रतिबंधै की घोषणा की, जिसमें सऊदी अरब के 76 ऐसे व्यक्तियों पर वीजा प्रतिबंध लगाए गए हैं जिनके बारे में माना जाता है कि वे विदेशों में असहमति के स्वरों को डराने-धमकाने में शामिल हैं। यह सिर्फ खशोगी हत्याकांड तक सीमित नहीं है।

ओडीएनआई रिपोर्ट कहती है कि सऊदी अरब की 15 सदस्ईय टीम दो अक्टूबर 2018 को इस्तांबुल पहुंची थी। इसमें शाही दरबार में सऊदी सेंटर फॉर स्टडिज़ एंड मीडिया अफेयर्स के लिए काम करने वाले या उससे जुड़े अधिकारी शामिल थे। खशोगी तुर्की महिला से अपनी शादी के सिलसिले में दस्तावेजों के लिए महावाणिज्य दूतावास गए थे।



जकार्ता में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ के बीच लोग सुरक्षित स्थान की ओर जाते हुए

## हैती में जेल से भागे 400 कैदी, गोलीबारी में 25 लोगों की मौत

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)।** हैती की सरकार ने शुक्रवार को कहा कि जेल से 400 से ज्यादा कैदी फरार हो गए हैं और गोलीबारी की घटना में जेल निदेशक समेत 25 लोगों की मौत हो गई।यह घटना बृहस्पतिवार को राजधानी पोर्ट ऑ प्रिंस के उत्तर पूर्व में स्थित क्रूआ दि बूके सिविल जेल में हुई। घटना के वक्त जेल में 1542 कैदी थे। इस जेल का निर्माण 2012 में कनाडा ने कराया था। वर्ष 2014 में इसी जेल से 300 से अधिक कैदी फरार हुए थे।अधिकारियों ने बताया कि अपराधी अर्नेल जोसेफ को मुक्त कराने के लिए गिरोह के लोगों ने इस घटना को अंजाम दिया। दुष्कर्म, अपहरण और हत्या के आरोप में 2019 में जोसेफ को गिरफ्तार किया गया था। जेल से फरार होने के बाद वह मोटरसायकिल से भाग रहा था लेकिन पुलिस के साथ मुठभेड़ में मारा गया।अधिकारियों ने कहा है कि 60 कैदियों को पकड़ लिया गया है और बाकी की तलाश की जा रही है। जेल से कैदी कैसे फरार हुए इस घटना की जांच के लिए आयोग का गठन किया गया है। गोलीबारी की घटना में जेल निदेशक पॉल जोसेफ हेक्टर की भी मौत हो गई।

# द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की जिम्मेदारी भारत की

**भाषा।** इस्लामाबाद

**पाकिस्तान** के प्रधानमंत्री इमरान खान ने भारत के साथ संघर्ष विराम समझौते का शनिवार को स्वागत किया और कहा कि द्विपक्षीय संबंधों में प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण बनाने की जिम्मेदारी नई दिल्ली की है। भारत और पाकिस्तान की सेनाओं के बृहस्पतिवार को संयुक्त रूप से घोषणा की थी कि वे नियंत्रण रेखा पर और अन्य सेक्टरों में संघर्ष विराम समझौते का कड़ाई से पालन करेंगे। इसके बाद पहली बार प्रतिक्रिया देते हुए खान ने कहा कि पाकिस्तान, भारत के साथ सभी लंबित मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए करने को तैयार है। उन्होंने ट्वीट किया, नियंत्रण रेखा पर फिर से संघर्ष विराम स्थापित करने का मैं स्वागत करता हूं। इसमें आगे की प्रगति के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने की जिम्मेदारी भारत की है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों के अनुसार कश्मीरी लोगों द्वारा अपने निर्णय खुद करने की उनकी बहुप्रतीक्षित मांग और अधिकार के लिए भारत को आवश्यक कदम उठाने चाहिए। खान ने सिलसिलेवार ट्वीट में कहा, हम हमेशा शांति चाहते हैं और सभी लंबित मुद्दों का समाधान बातचीत के जरिए निकालने को तैयार हैं। पाकिस्तान के बालाकोट में भारतीय वायु सेना द्वारा 2019 में जैश-ए-मोहम्मद के आतंकी शिविरों पर हवाई हमला किया गया था।

## विफलताओं का आकलन करने का समय आ गया है: भारत

**जिनेवा।** भारत ने शुक्रवार को कहा कि यह मानवाधिकार परिषद की उपलब्धियों और विफलताओं का आकलन करने और संयुक्त राष्ट्र के संगठन को मजबूत करने और उसमें सुधार करने के तरीकों पर विचार करने का समय है ताकि उसे अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद मिल सके। मानवाधिकार परिषद के 46वें सत्र में उच्चायुक्त मिशेल बाचेलेट के मौखिक अद्यतन का जवाब देते हुए, भारत के स्थाई प्रतिनिधि, राजदूत इंद्र मणि पांडेय ने कहा कि वैश्विक प्रगति और मानवाधिकारों के संरक्षण के लिए भारत का दृष्टिकोण स्वयं के अनुभव पर आधारित है क्योंकि भारत एक समावेशी और बहुलवादी समाज और एक धर्मनिरपेक्ष राजनीति के साथ एक जीवंत लोकतंत्र है।



म्यामार में मांडले रेलवे स्टेशन के बाहर सैन्य तख्तापलट के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

## कोरोना वायरस राहत पैकेज को मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा ने 1900 अरब डॉलर के कोरोना वायरस राहत पैकेज संबंधी विधेयक को शनिवार को मंजूरी दे दी।राष्ट्रपति जो बाइडन के इस पैकेज के जरिए कोविड-19 महामारी के कारण संकट का सामना कर रहे लोगों, कारोबारियों, राज्यों और शहरों को वित्तीय सहायता दी जाएगी। प्रतिनिधि सभा में 212 के मुकाबले 219 वोट से इस विधेयक को पारित कर दिया गया।डेमोक्रेट सांसदों ने कहा कि अब भी अर्थव्यवस्था पूरी तरह संभल नहीं पाई है और लाखों लोगों की नौकरियां चली गई हैं। रिपब्लिकन सांसदों ने कहा कि विधेयक में बहुत अधिक खर्च का प्रावधान किया गया है और स्कूलों को खोलने के लिए ज्यादा राशि की व्यवस्था नहीं की गई है।

# रिपब्लिकन नेताओं ने 2022 शीतकालीन ओलंपिक के बहिष्कार की मांग की

**भाषा।** वाशिंगटन

**चीन पर मानवाधिकारों** के घोर उल्लंघन का आरोप लगाते हुए भारतवंशी अमेरिकी सांसद निक्की हेली समेत शीर्ष रिपब्लिकन नेताओं ने अमेरिका से चीन में आयोजित हो रहे 2022 शीतकालीन ओलंपिक का बहिष्कार करने की मांग की है।इन नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति से कार्यक्रम के आयोजन के लिए नई जगह चुनने का भी आह्वान किया है।हालांकि व्हाइट हाउस ने कहा है कि नेताओं की मांग पर फिलहाल कोई फैसला नहीं किया गया है।संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत हेली ने कहा कि यह किसी से छिपी बात नहीं है कि चीन अपने व्यापक कम्युनिस्ट दुष्प्रचार अभियान के तहत शीतकालीन ओलंपिक का इस्तेमाल करना चाहता है। हेली ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रपति जो बाइडन खेल का बहिष्कार करने की घोषणा करें, इसके लिए उन्होंने अभियान की शुरुआत की है।रिपब्लिकन नेता ने फॉक्स न्यूज के लिए प्रकाशित ऑप एड में कहा, हम बैठकर चुपचाप देखते नहीं रह सकते कि चीन अपने मानवाधिकारों के घोर उल्लंघन को छिपाने के लिए शीतकालीन ओलंपिक के आयोजन का इस्तेमाल करे। सीनेटर रिक स्कॉट ने राष्ट्रपति को लिखे एक पत्र में समूचे चीन में मानवाधिकारों के उल्लंघनों और अत्याचारों पर चर्चा के लिए एक बैठक बुलाने का अनुरोध किया है ।

हाय रे प्रधानी, उड़ गई नींद, भूल गए खाना-पानी

# आरक्षण के इंतजार में दावेदारों की बढ़ रही बेचैनी

● आरक्षण सूची जारी होने में अब महज 60 से 72 घंटो का वक्त, दावेदारों की किस्मत तय करेगा आरक्षण-कौन लड़ पाएगा चुनाव

संवाददाता। सीतापुर




**पंचायत चुनाव** की तैयारी में जुटे दावेदारों के दिलों की धडकनें हर गुजरते पहर के साथ तेज होती जा रही हैं। ऐसा होना लाजिमी भी है। क्योंकि आरक्षण सूची जारी होने का वक्त धीरे-धीरे करीब आ रहा है। यह भी कह सकते हैं कि आरक्षण सूची नहीं दावेदारों की यह पहली परीक्षा है। इस परीक्षा के नतीजे ही तय करेंगे कि कौन सा दावेदार इस काबिल है कि वह चुनावी बिसात पर अपनी किस्मत आजमा सकेगा और किस दावेदार को मन मसोसकर रह जाना पडेगा। इसीलिए तो आरक्षण सूची के इंतजार में दावेदार बेचैन हैं। अब दावेदारों की नजर सिर्फऔर सिर्फ आरक्षण सूची जारी होने पर है। सबसे ज्यादा बेकरार प्रधानी का चुनाव लडने वाले दावेदार हैं। इनका हाल कुछ ऐसा है कि भूख-प्यास लगती नहीं और रातों की नींद उड गई है। अब जरा उन दावेदारों की हालत समझिए जो 2015 का चुनाव भी अपनी सीट आरक्षित हो जाने से नहीं लड पाए थे और इस बार भी चर्चाओं के मुताबिक उन्हें सीट अपने वर्ग के खाते में आती नजर नहीं आ रही है। सीतापुर में इस बार प्रधान के 1599, ग्राम पंचायत सदस्य के 20 हजार 215, क्षेत्र पंचायत सदस्य के 1978 और जिला पंचायत सदस्य के 79 पदों पर चुनाव होने हैं। इन पदों पर चुनाव लडने वालों की किस्मत का फैसला 30 लाख 65 हजार 526 मतदाताओं को करना है। षासन की ओर से मुकर्रर प्रक्रिया के मुताबिक 28 फरवरी तक आरक्षण सूची फाइनल कर लेनी है। इसके बाद आरक्षण सूची का डीएम अवलोकन करेंगे। दो से तीन मार्च तक आरक्षण सूची का प्रकाषन किया जाना है। इसके बाद आपत्तियां मांगी जाएंगी और फिर आपत्तियों का निस्तारण करते हुए 13 से 14 मार्च तक आरक्षण सूची का फाइनल प्रकाषन कर दिए जाने का कार्यक्रम निर्धारित है। यानी अब आरक्षण सूची जारी होने में महज साठ से बहत्तर घंटो का वक्त बचा है। जिसके बाद यह तय हो सकेगा कि कौन से वार्ड और ग्राम सभा में किस जाति के लिए चुनाव लड़ने को सीट अरक्षित की गई है। कितने दावेदारों के ख्वाब चकनाचूर होंगे अब तक की गई मेहनत और खर्च हुई रकम बेकार जाएगी और कितनों के अरमानों को पंख लग जाएंगे यह तो वक्त ही बताएगा, फिलहाल सोषल मीडिया पर आरक्षण को लेकर वायरल होने वाली फेक न्यूज और गांव में फैल रही अफवाहों से दावेदार बुरी तरह से तंग हैं। उनकी निगाहें अब बस आरक्षण सूची जारी होने पर टिकी हैं। लष्करपुर के पूर्व प्रधान जयंत यादव ने तो दो टूक कह दिया कि अगर सीट उनके माफिक नहीं हुई तो अपने किसी करीबी को चुनाव मैदान में उतारने का मन बनाए हुए हैं।

एलआईयू टीम का हुआ सम्मान

# लॉकडाउन में दायित्वों को सजगता से निभाने पर किया गया सम्मानित


सीतापुर-सम्मानित होने के बाद मौजूद एलआईयू की टीम के अधिकारी

● अखिल भारतीय मारवाड़ी युवा मंच ने दिया स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र

**सीतापुर।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच की ओर से वैष्विक महामारी कोरोना की रोकथाम के लिए घोशित लॉकडाउन में अपने कर्तव्यों को पूरी ईमानदारी से निभाने वाली एलआईयू टीम को सम्मानित किया गया। षनिवार को संगठन की अध्यक्ष वर्तिका अग्रवाल, महामंत्री नीतू अग्रवाल और कोशाध्यक्ष कल्पना गुप्ता एलआईयू दतर पहुंची। ऑफिस में एलआईयू प्रभारी निरीक्षक अपाला सिंह, सब इंस्पेक्टर संजीव द्विवेदी, सुषील कुमार, मुख्य आरक्षी षहरोज आलम, अली अकबर तथा आरक्षी मनोज कुमार को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। संगठन की पदाधिकारियों ने कहा लॉकडाउन के मुष्किल दौर में जब सभी लोग अपने घरों में थे तब एलआईयू की टीम फील्ड में निकलकर अपने दायित्वों का पूरी सक्रियता से निर्वाहन कर रही थी।

## क्विक न्यूज

### चोरों ने एक घर को बनाया निशाना

**संदना सीतापुर।** संदना थाना क्षेत्र के अदौली गांव में बेखौफ चोरों ने शुक्रवार रात अषोक के घर को निशाना बनाया। अषोक सपत्नीक गंगा स्नान गए थे। घर पर उसका भाई राजेश लेटा था। चोरों ने राजेश को बंधक बनाकर 5000 नगद, 2 जोड़ी पायल, 2 जोड़ी पाजेब एक करधनी, एक हार, एक अंगूठी, झुमकी और चांदी 4 सिक्के पार कर दिए। थाना प्रभारी अवधेश यादव ने बताया तहरीर मिल गई है, जांच की जा रही है।

### नौ वांछित अपराधी गिरफ्तार

**सीतापुर।** अलग-अलग थाना पुलिस ने 9 वांछित अपराधियों को गिरतार करके जेल भेजने की कार्यवाही की है। पिसावां पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित उदित सिंह पुत्र राजबहादुर सिंह निवासी मोहम्मद नगर, संदना पुलिस ने दिनेश कुमार यादव उर्फ बबलू पुत्र स्व0 रामसिंह यादव निवासी खानीपुर मजरा बलियामऊ थाना मछरेहटा, रेउसा पुलिस ने राजेन्द्र पुत्र छोटेलाल व सिपाही पुत्र छोटेलाल निवासी नरायनपुर, बिसवां पुलिस ने अनुरुद्ध पुत्र मेघनाद निवासी भरतपुर, सदरपुर पुलिस ने अशोक कुमार पुत्र सियाराम निवासी अशरफपुर और लहरपुर पुलिस ने दिवाकर शुक्ल पुत्र लक्ष्मीकांत निवासी नवीनगर को गिरतार करके अदालत के समक्ष पेश किया है।

### नेशनल इंटर कॉलेज में मनाया गया वार्षिकोत्सव

**सीतापुर।** नेशनल इंटर कॉलेज अलादादपुर सिधौली में वार्षिकोत्सव मनाया गया। इस दौरान प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि एडीजी पीटीसी सुजीत पाण्डेय, कॉलेज के संरक्षक गिरजा शंकर मिश्र और प्रधानाचार्य राजीव मिश्र ने मां सरस्वती के सम्मुख दीप जलाकर षुभारंभ किया। आराध्या, तृष्णा मिश्रा, तृष्णा वर्मा, रोली आदि ने देश भक्ति के गीत पर नृत्य किया। विद्यार्थियों कई अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। डॉ. सुरेश तिवारी प्रधानाचार्य आरबी एसबीएस इंटर कॉलेज कमलापुर, आरएन बाजपेई प्रधानाचार्य ग्रामोदय इंटर कॉलेज बांसखेड़ा, राम शिरोमणि पाल प्रधानाचार्य सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज संदना, अभय श्रीवास्तव प्रधानाचार्य पीएलबीएल इंटर कॉलेज टड़ई, दिनेश अवस्थी प्रधानाचार्य अमरनाथ इंटर कॉलेज, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष सिधौली गंगाराम राजपूत, सभासद मुन्नन शुक्ल के साथ ही शिक्षक शिक्षिकाओ को सम्मनित किया गया। इस मौके पर दिलीप बाजपेई, शांति प्रकाश मिश्रा, नवनीत मिश्र, आशुतोश जोशी, कमलेश, कोरियोग्राफर आदित्य मिश्रा, संदीप पाण्डेय हिमांशु सिंह, रोहित मिश्रा, रघुवंश शुक्ल, प्रशांत, विवेक, जाग्रत मिश्र, दिनेश, रीता सिंह, कंचन मिश्र, उपासना मिश्र, श्रुति आदि मौजूद थे।

दुकान निर्माण के लिए 14 लाभर्थियों को दी गई चेक

# पीएम-सीएम ने किया दलितों का सम्मान: लालजी निर्मल

● अध्यक्ष अनुसूचित जाति वित्त व विकास निगम अध्यक्ष ने की प्रेसवार्ता

संवाददाता। सीतापुर


सीतापुर-महिला को प्रशस्ति पत्र देते राज्यमंत्री व जिलाध्यक्ष

**डा लालजी** प्रसाद निर्मल अध्यक्ष अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम लि. उ.प्र. ने शनिवार को लोक निर्माण विभाग गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम के दौरान टेलरिंग शाप योजना के 26 लाभार्थियों को सिलाई मशीन एवं निजी भूमि पर नगरीय क्षेत्र दुकान निर्माण योजना के 14 लाभार्थियों को अधिकार पत्र वितरित किये। पहली बार दलितों के लिए समग्र विकास का एजेंडा लेकर सरकार आई है। डॉ. निर्मल ने प्रेस वार्ता में कहा कि योगी व मोदी युग दलितों के लिए विकास का स्वर्णिम काल है। शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार के अवसर के साथ आवास योजना स्वच्छ भारत मिशन, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं से इन वर्गों का सशक्तिकरण हो रहा है। केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न योजनाओं के सबसे बड़े लाभार्थी अनुसूचित जाति-जनजाति के लोग हैं। निर्मल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्वरोजगार योजना तथा केंद्र सरकार की स्टैंड अप इंडिया योजना से दलित उद्यमी बन रहे हैं। डॉ. अंबेडकर से जुड़े पंच तीर्थों यथा जन्मस्थल महू, शिक्षा स्थल 10 किंग्स हेनरी रोड लन्दन, दीक्षा स्थल नागपुर, निर्वाण स्थल 26, अलीपुर रोड, दिल्ली और चौत्यभूमि, मुंबई को भव्य स्मारकों का स्वरूप दिया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ की सरकार ने बाबा साहेब डॉ. अंबेडकर की फोटो को प्रदेश के सभी कार्यालयों में लगवाया और प्रदेश में दलित उत्पीड़न पर दोषियों के विरूद्ध राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही की। इतना ही नहीं दलितों के आर्थिक सशक्तीकरण के लिए योजनाएं चलाकर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। यह काल दलितों के लिए स्वर्णिम युग है। सीतापुर में भी 41 गांव प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना में चिन्हित किए गए हैं। इसमें से 4 ग्रामों के लिए 38 लाख रुपए अवमुक्त किए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, सहायक प्रबंधक उ.प्र. वित्त विकास निगम लि. विनोद कुमार वर्मा सहित संबंधित अधिकारी व लाभार्थी उपस्थित रहे।

# विधायक ने पांच करोड़ की परियोजना का किया लोकार्पण

**सेउता सीतापुर।** सेवता विधायक ज्ञान तिवारी ने विधान सभा क्षेत्र में 5 करोड़ रुपये की लागत की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया है। रेउसा के भानीपुर चौराहे पर आयोजित समारोह में उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास मुद्दा नहीं है, इसलिए .षि कानून को मुद्दा बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हर दिन बीस किलोमीटर सड़क का निर्माण हो रहा है, ढाई सौ की आबादी वाले गांवों को मुख्य मार्ग से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश मिश्र, अभियंता ईसम सिंह, रामरतन, आरसी अवस्थी, अरविंद वाजपेई, अशोक भदेवा, रामू शुक्ल, संजय शुक्ल, आशीष, राजन, अशोक, वेदप्रकाश, उमाराम, मथुरा प्रसाद, लालता, अशीष, कप्तान सिंह, सचिन, संदीप आदि मौजूद थे।

आजाद हिन्द भगत संगठन कार्यकर्ताओं ने

# चंद्रशेखर आजाद को अर्पित की श्रद्धांजलि


सीतापुर-चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते समाजसेवी प्रभात अग्निहोत्री व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

**परतंत्र भारत** की स्वाधीनता आंदोलन के महानायक जिन्हें दुश्मन अंग्रेज पकड़ ना सके उन महान क्रांतिकारी प्रखर राष्ट्रवादी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर आजाद हिन्द भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। आजाद हिन्द भगत संगठन के कार्यकर्ताओं ने मूर्ति की साफ सफाई कर पुष्पांजलि अर्पित की। संगठन के नगर अध्यक्ष प्रभात हिन्दू ने कहा कि हम सभी को आजाद जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए , जिन्होंने अपने जीवन की परवाह किए बिना अंग्रेजी हुकूमत की नीव हिला दी देश की आजादी के लिए अपने प्राणों का बलिदान हस्ते हस्ते दे दिया। संगठन का एक एक कार्यकर्ता आजाद जी को अपना आदर्श मानते हुए राष्ट्र सेवा में समर्पित है। कोरोना जैसी महामारी में संगठन के कार्यकर्ताओं ने अपने जीवन की परवाह ना करते हुए लोगो की हर संभव मदद की। संगठन के कार्यकर्ता राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से रात दिन सामाजिक कार्य में लगे रहते है। श्रद्धांजलि सभा में सत्यम हिन्दू, रमाकांत हिन्दू, प्रतीक हिन्दू, दीपक हिन्दू, ऋषभ हिन्दू, विजय शंकर हिन्दू, अमन हिन्दू, अश्वनी हिन्दू आदि लोग उपस्थित रहे।

दूसरे दिन भी महमूदाबाद विधायक नरेन्द्र सिंह का प्रदर्शन

# ...जब चौराहे पर रो पड़े एमएलए

● महंगाई की शव यात्रा निकालने के दौरान विधायक की आंखों से बहने लगे आंसू

संवाददाता। महमूदाबाद सीतापुर


महमूदाबाद-सम्बोधित करते विधायक नरेन्द्र वर्मा

**सीतापुर के** महमूदाबाद में बस स्टॉप चौराहे पर शनिवार को सपा विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा एकाएक रो पड़े। बीच चौराहे पर उनके रोने की आवाज सुनते ही वहां भारी भीड़ उमड़ पड़ी। दरअसल, विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा मंहगाई के विरोध में पेट्रोल और गैस की शवयात्रा निकालकर अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सम्पन्न कर रहे थे। विधायक के इस अचरच भरे अंदाज को देख हर कोई हैरत में पड़ गया। पूरे देश में गैस और पेट्रोल डीजल के साथ तमाम जरूरी वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही है। विधायक नरेन्द्र सिंह वर्मा लगातार बढ़ती मंहगाई के विरोध में प्रदर्शन कर रहे हैं। शुक्रवार को विधायक ने नाले से गैस भरने का प्रयास कर केन्द्र सरकार पर तंज किया था। इसके बाद शनिवार को विधायक ने कार्यकर्ताओं के संग पेट्रोल-डीजल व गैस की शव यात्रा निकाली। महमूदाबाद के बस स्टॉप चौराहे पर पूरे विधि-विधान से अंतिम संस्कार की प्रक्रिया सम्पन्न कराई गई। षव यात्रा और अंतिम संस्कार के दौरान विधायक के साथ दर्जनों सपाईयों ने आंसू भी बहाये और सरकार की बुद्धि-शुद्धि की कामना की। इस मौके पर सपा व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष ऋषिराज सिंह, जिलाउपाध्यक्ष डा. प्रतीक, सपा वि.स. अध्यक्ष मो. कादिर, नगर अध्यक्ष इश्तियाक साद, प्रमोद वर्मा, सरताज, दीपक, शिवेन्द्र, साकेन्द्र, लवकुश आदि मौजूद थे।

सपा में शामिल हुई पूर्व प्रत्याशी सुनीता चौधरी

# जयंती पर संत रविदासस का किया गया भावपूर्ण स्मरण


सीतापुर-सपा कार्यालय पर पुष्प अर्पित करते जिलाध्यक्ष व अन्य

संवाददाता। सीतापुर

● सपा कार्यालय में प्रतिमा पर चढ़ाए गए पुष्प

**जिला समाजवादी** कार्यालय पर संत रविदास की जयंती मनाई गई। जिलाध्यक्ष छत्रपाल यादव की अध्यक्षता में वक्ताओं ने संत रविदास के व्यक्तित्व व कृतित्व पर प्रकाष डाला। संचालन महासचिव मसूद आलम अंसारी ने किया। इस मौके पर विजय वर्मा, कौशलेन्द्र सिंह, मदन कनौजिया, सुदीप मौर्य, चन्द्रशेखर यादव, राजकिशोर गौतम, सुहैल अहमद, आशुतोष सिंह यादव, असद अराफात, महेंद्र यादव, सीताराम यादव, फुरकान खाँ, निहाल कुरैशी, अब्दुल हमीद, भुट्टू सभासद, मोलहे सभासद, कपिल मिश्रा, कमलेश लोधी, श्रीपाल यादव, अखिलेश भार्गव, जयवीर सिंह, देवेंद्र यादव, अनिल यादव, शिवम मिश्रा, अनुपम भार्गव, रामप्रसाद भार्गव, ब्रजेन्द्र यादव, रामवीर सिंह, भानु प्रताप, सुरेन्द्र यादव आदि मौजूद थे। उधर समाजवादी पार्टी के लिए शनिवार का दिन अच्छा रहा। जिलाध्यक्ष क्षत्रपाल सिंह यादव ने विधान सभा क्षेत्र मिश्रिख की पूर्व प्रत्याशी सुनीता चौधरी के साथ ही दर्जन भर से अधिक राष्ट्रीय लोकदल के नेता व पदाधिकारियों को समाजवादी पार्टी मे शामिल कराया। पार्टी की सदस्यता लेने वालों में वीरेन्द्र कुमार तिवारी, अभिषेक शुक्ला, फैजान, रामपाल, मो. जीशान, मो. नफीस, मो. कलीम, मो. इशहाक, मो. मुश्ताक, सुशील कुमार, रामकुमार, राधेश्याम आदि शामिल हैं।

### कांग्रेसजनों ने संत रविदास को किया नमन व आजाद को दी श्रद्धांजलि


कार्यक्रम में मौजूद कांग्रेस पदाधिकारीगण

**जिला कांग्रेस** कमेटी कार्यालय में जिला अध्यक्ष उत्कर्ष अवस्थी की अध्यक्षता में एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें संत रविदास के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर विस्तृत चर्चा की तथा साथ ही स्वतंत्रता सेनानी चन्द्र शेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। गोष्ठी को प्रमुख रूप से शहर अध्यक्ष संतोष भार्गव, धीरेश कश्यप, राजीव शर्मा, जेपी शुक्ल, अमित मिश्र, चोक्ष विभु अवस्थी, रामफल चौधरी, अमांश वर्धन, संजय कुमार सनी, विजयलक्ष्मी, अभव्या सिंह, सूरज, प्रमोद सिंह आदि ने प्रमुख रूप से संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन के बाद शहर कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष राज किशोर वर्मा के निधन पर उन्हें 2 मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

विद्युत विभाग की भरी झोली

# स्वेच्छा से बिल जमा करने वालों को किया गया सम्मानित


उपभोक्ता को सम्मानित करते ए.के. श्रीवास्तव

**सीतापुर।** शनिवार के दिन विद्युत विभाग द्वारा चलायी गई बड़े बकाएदार प्रोत्साहन योजना विभाग की झोली भरने में काफी अहम साबित हुई है। स्वेच्छा से अपना बकाया जमा करने पहुंचे विद्युत उपभोक्ताओं को वितरण खण्ड प्रथम के अधिशाषी अभियंता ए.के. श्रीवास्तव ने माल्यार्पण एवं जलपान कराकर सम्मानित किया। बताते चलें कि शासन ने विद्युत बकाया न चुकाने वालों को आगे किसी प्रकार की राहत नहीं देने का फैंसला किया है। पूर्व से चल रही एकमुश्त समाधान योजना का आज अन्तिम दिन है चल रही है योजना को सफल बनाने के लिए उक्त कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस सम्बंध में उपखण्ड अधिकारी ऐलिया रवि त्रिपाठी ने बताया कि शनिवार को 90 बकाएदारों ने स्वेच्छा से करीब 20 लाख रूपये जमा कराए है। श्री त्रिपाठी ने यह भी बताया कि यह जमा काउंटर आज भी खुले रहेगें।

# मोबाइल दिलाने के नाम पर 15 लाख रुपये की ठगी

**● 25 को मोबाइल दिलाने का किया था वादा रात ही हो गए फरार**

संवाददाता। निघासन-खीरी

**कस्बे** में मोबाइल फाइनेंस पर दिलाने के नाम पर लोगों से 15 लाख रुपये की ठगी कर एक फाइनेंस कंपनी भाग गई। पीड़ितों ने मामले की शिकायत पुलिस से की है। उधर योगी पेंशन योजना का नाम देकर एक व्यक्ति ने 30 लोगों से दो सौ रुपये की ठगी की है।

कस्बे के पलिया रोड पर एक व्यक्ति की दुकान किराए पर लेकर नौ फरवरी को खालसा इंटर प्राइजेज के नाम से एक कंपनी खोली गई थी। कपंनी का प्रचार कराने के लिए पंपलेट छपवाकर गांवों में भी वितरण किया गया था। पंपलेट पर 20 हजार तक मोबाइल या नगद धनराशि फाइनेंस पर देने की बात लिखी थी। इसके अलावा रजिस्ट्रेशन कराने के लिए पेनकार्ड, आधार कार्ड और एक फोटो लाना अनिवार्य था। उसके बदले में 99 रुपये का एक कार्ड बनने के बाद मोबाइल या पैसा देने की बात लिखी थी। भजनपुरवा निवासी रामू, राजकुमार, सोनापती, कस्बे के सोहन आदि ने बताया कि जब वह रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कंपनी पहुंचे। वहां पर एक कार्ड बनवाने के 99 रुपये, अन्य खर्चा आदि मिलाकर छह सौ रुपए लिए गए। कंपनी 10 दिनों तक खुली रही। इस दौरान करीब दो हजार लोगों से करीब 15 लाख रुपये की वसूली करते हुए 25 फरवरी के बाद मोबाइल देने का आश्वासन दिया गया। समय पूरा होने से पहले ही रात में कंपनी सारा पैसा और लेपटाप आदि लेकर फरार हो गई। उधर कस्बे के पलिया रोड स्थित एक व्यक्ति ने योगी पेंशन योजना का नाम देकर करीब 30 लोगों से दो सौ रुपये की ठगी की है। पैसा लेने के बाद जब कोई पेंशन नहीं मिली तब लोगों ने मामले की शिकायत पुलिस से की।

## सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**औरंगाबाद-खीरी।** मैगलगंज थाना क्षेत्र के चौकी औरंगाबाद अंतर्गत औरंगाबाद बरवर मार्ग पर चर्च के निकट ट्रैक्टर ने बाइक सवार को पीछे से ट्रैक्टर मार दी। हादसे में बाइक सवार की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार, मैगलगंज थाना क्षेत्र के मूड़ा बसही निवासी सुधीर मिश्रा औरंगाबाद बाजार से वापस आ रहा था। तभी बरबर की तरफ से आ रहे ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। आनन-फानन में मौके पर पहुंचे कोतवाल चंद्रकांत सिंह ने सरकारी गाड़ी से मितौली सीएचसी पहुंचाया। वहां से हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। सुधीर मिश्रा अपने पिता का इकलौता बेटा था। मृतक अपने पीछे अपना एक बेटा अंश (8) वर्ष छोड़ गया है। कोतवाली प्रभारी चंद्रकांत सिंह ने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# थाना समाधान दिवस में डीएम एसपी ने सुनीं जनसमस्याएं



संवाददाता। लखीमपुर-खीरी

**माह के** चतुर्थ शनिवार को जनपद के सभी थानों पर थाना समाधान दिवस का आयोजन हुआ। डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह व एसपी विजय दुल ने थाना मितौली व पसगवा में आयोजित थाना समाधान दिवस पहुंचे। जहां दोनो अधिकारियों ने फरियादियों से रूबरू होकर समस्याएं सुनी। वहां मौजूद संबंधित राजस्व, पुलिस अधिकारियों को मौके पर जाकर शिकायतों का शत प्रतिशत गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम शैलेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि राजस्व पुलिस से संबंधित शिकायतें का निस्तारण आपसी सामंजस्य से सुनिश्चित किया जाये। इसमें किसी भी स्तर पर हीलाहवाली क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने वहां मौजूद शिकायत पंजिका का निरीक्षण करते हुए निस्तारित हो चुकी शिकायतों के बाबत स्वयं दूरभाष पर शिकायतकर्ताओ से बात कर उनका सत्यापन कर जानकारी ली कि वह शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता से सहमत है। उन्होंने यह भी कहा कि सभी शिकायतकर्ता अपने शिकायती प्रार्थना पत्र में मोबाइल नम्बर का अवश्य उल्लेख करे। जिससे की शिकायत निस्तारण में सहूलियत मिल सके। इस दौरान एसडीएम दिग्विजय कुमार सिंह, सीओ मितौली सहित पुलिस और राजस्व के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# शिवकुमार चुने गए बार के अध्यक्ष

**● अमित मिश्रा चुने गए महामंत्री**



संवाददाता। मोहम्मदी-खीरी

**बार एसोसिएशन** मोहम्मदी के चुनाव मे अध्यक्ष शिव कुमार सिंह और महामंत्री में अमित मिश्रा ने अपने निकटतम प्रत्याशी को हराकर विजय हासिल की। मुख्य चुनाव जयप्रकाश त्रिवेदी ने बताया कि बार एसोसिएशन के चुनाव में 356 वोट कुल पड़े। इसमें अध्यक्ष शिव कुमार सिंह को 147 वोट मिले, प्रद्युम्न मिश्रा को 108 योगेश चंद्र श्रीवास्तव को 99 वोट मिले जबकि 2 वोट इनवेलिड हुए। जिसमें अध्यक्ष शिव कुमार सिंह 39 वोटों से विजई घोषित किया गया। वहीं महामंत्री में अमित मिश्रा को 197 प्रदीप त्रिवेदी को 156 बोर्ड अमित मिश्रा 41 वोटों से विजय घोषित किया गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक गुप्ता को 189, नरेंद्र बहादुर सिंह को 170 वोट मिले। दीपक गुप्ता को 14 वोटों से विजई घोषित किया गया। कोषाध्यक्ष में आलोक कुमार मिश्रा को 164 रामकिशोर शर्मा 189 रामकिशोर शर्मा 25 वोटों से विजय घोषित किए गए। जीते हुए बार के सभी अधिवक्ताओ ने सभी को ने बधाई दी है। सुरक्षा के लिहाज से पर्याप्त पुलिस बल मौजूद रहा।

# गायत्री परिवार ने रक्तदान शिविर के साथ मनाई संत रविदास जयंती

**निघासन-खीरी।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ लखीमपुर खीरी द्वारा चलाई जा रही रक्तदान महायज्ञ श्रृंखला के अंतर्गत शनिवार को संत शिरोमणि गुरु रविदास जी की जयंती गायत्री परिवार द्वारा रक्तदान महायज्ञ के साथ मनाई गई। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ निघासन के दामोदर वर्मा ने बताया शनिवार को निघासन के माँ गायत्री इंटर कॉलेज परिसर में रक्तदान महायज्ञ शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी निघासन ओम प्रकाश गुप्ता ने देव पूजन और संत रविदास जी को दीपांजलि समर्पित करके किया। रक्तदान महायज्ञ शिविर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और व्यापार मंडल निघासन सहित कस्बे के युवाओं और गायत्री परिजनों ने प्रतिभाग कर मानवता के हित में रक्तदान रूपी आहूति समर्पित की। मीडिया प्रभारी अनुराग मौर्य ने बताया नेताजी सुभाष चंद्र बोस जयंती ;23 जनवरी 2021 के अवसर पर युवा प्रकोष्ठ द्वारा आरंभ की गई रक्तदान महायज्ञ श्रृंखला के अंतर्गत निघासन में आयोजित सातवें रक्तदान शिविर में कुल यूनिट 25 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान करने वालों में शिक्षिका अर्चना सिंह, मां गायत्री इंटर कॉलेज प्रबंधक यज्ञ भूषण सिंह, गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ निघासन के दामोदर वर्मा, व्यापार मंडल के पीयूष दीक्षित, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शुभम कुमार, शेखर मिश्रा, सोनू मौर्य, रविंद्र, अनुज त्रिवेदी, ध्रुव, संजय, अंकित पांडेय, अवधेश, नागेंद्र व अमित कश्यप आदि सम्मिलित हुए। इस दौरान कार्यक्रम संयोजक गायत्री परिजन विनोद सिंह, क्षेत्राधिकारी प्रदीप कुमार वर्मा, जिला अस्पताल ब्लड बैंक टीम के लैब टेक्नीशियन सुशांत सिंह, फार्मासिस्ट संदीप वर्मा, रति वर्मा, सुनीता यादव व रामसागर आदि मौजूद रहे।

# बालिकाओं व महिलाओं ने की हक की बात

**लखीमपुर-खीरी।** कलेक्ट्रेट सभागार में हक की बात कार्यक्रम आयोजित हुआ। एसडीएम पूजा यादव के सीयूजी नंबर पर करीब 20 महिलाओं-बालिकाओं ने महिला अधिकारों व उनके संरक्षण, सुरक्षाए सम्मान व स्वावलंबन के संबंध में जानकारी हासिल की। बताते चलें कि कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय कक्ष में एसडीएम पूजा यादव ने सीयूजी नंबर पर आई कॉल्स पर बालिकाओं व महिलाओं की विभिन्न जिज्ञासाओं को जानकारी देकर शांत किया। इस दौरान उन्होंने टेलीफोन पर ही महिलाओं व बालिकाओं को महिलापरक योजनाओं के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। केंद्र व प्रदेश सरकार महिला सुरक्षा के प्रति पूरी तरह संकल्पित है। सरकार समय-समय पर आवश्यकतानुसार विभिन्न योजनाओं का सृजन एवं संचालन कर आवश्यक कदम भी उठा रही हैं।

# दरोगा की पिटाई को लेकर वकील का परिवार दहशत में

**बरेली।** बारादरी थाने के जगतपुर चौकी साईं मंदिर के पास रहने वाले लालाराम एडवोकेटने बताया कि अमर सिंह मिष्ठान भण्डार की दुकान उसके घर केपास मेनरोड पर मेज व तख्त डालकर अपनी दुकान चलाता है जिससे राहगीरों का रास्ता अवरुद्ध होता है । 24 फरवरी को सांय 8रू30 उसका ध्योता अपनी फोर व्हीलर गाड़ी लेकर ननिहाल आ रहा था।मेज व तखत से रास्ता संकरा होने की बजह से गाड़ी नहीं निकल पा रही थी।इसी बात को लेकर दुकानदार ने मेरे ध्योते को गंदी गंदी गालियां दीं और विरोध करने पर इन लोगों ने एकराय होकर अमर सिंह श्रीवास्तव व उसकी पत्नी रुचि व मां माया देवी ने मारपीट करना शुरू कर दिया।शोर सुनकर मोहल्ले पड़ोस के लोग तथा हम लोग भी मौके पर पहुंच गये । हम लोगों ने बीच बचाव की कोशिश की और उन लोगों ने हमारे साथ मारपीट की । चूंकि चोट हमारे लोगों के अधिक लगी थी । घबराकर अमर सिंह ने 112 नम्बर पर फोन कर दिया।तव चौकी का दरोगा अनिल कुमार व सिपाही राजीव व गौरीशंकर द्विवेदी व 112 नम्बर गाड़ी आ गयी । गौरीशंकर द्विवेदी व अन्य पुलिस वालों ने युवक व उसके बेटे के साथ मौके पर व थाने में मारपीट की। जब युवक ने बताया कि वह स्वयं अधिवक्ता है लेकिन पुलिस वालों ने उससे अभद्रता की ।उसने भागकर अपनी जान बचायी। परन्तु उनके बेटे अभिषेक गंगवार को पुलिस उठा ले गयी तथा उसे बेरहमी से पीटा और पुलिस वालों ने धमकी दी। इस सारी घटना को पुलिस चौकी में मौजूद संगीता गंगवार , देवेन्द्र पटेल व अन्य बहुत सारे लोग ने देखा । युवक को पुलिस चौकी जगतपुर की पुलिस से जानमाल का खतरा है और वह किसी भी समय युवक व उसके परिवार के साथ कोई भी संगीन घटना घटित कर सकते हैं और झूठे मुकदमें में फंसा सकते हैं । इसी संबंध में पीड़ित के पिता अधिवक्ता हैं अपनी एसोसिएशन के साथ एसएसपी कार्यालय में शिकायती प्रार्थना पत्र दिया।

# माघी पूर्णिमा पर डीएम ने की गंगा आरती, दीपदान भी

**● घाट की सफाई कर स्वच्छता का दिया गया संदेश**



**फतेहपुर।** गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष शैलेन्द्र शरन सिम्पल द्वारा माघी पूर्णिमा ओमघाट मे गंगा आरती का आयोजन किया गया। इस आयोजन में जिलाधिकारी अपूर्वा दुबे और मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश यजमान के रूप में मौजूद रहे। सोशल डिस्टेंस का पालन करते हुए आरती की गई। डीएम ने आयोजन की सराहना की और कहा कि पतित पावनी मां गंगा को स्वच्छ बनाये रखना सभी की जिम्मेदारी है। शासन स्तर से भी गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिये कार्य किये जा रहे है। इसके साथ ही गंगा घाटों में साफ सफाई रखने के लिये कर्मचारियों को निर्देश दिये गये है।

सीडीओ ने कहा कि गंगा को स्वच्छ बनाये रखने के लिये लगातार शासन स्तर से काम हो रहा है। केंद्र और प्रदेश सरकार भी इस ओर बेहद गंभीर है। गंगा घाट के आसपास गंदगी फैलाने वालों पर कार्यवाही भी की जा रही है। गंगा बचाओ सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष द्वारा आयोजित गंगा आरती में शामिल होने पहुंचे भक्तगणों ने घाट की साफ-सफाई की। अध्यक्ष ने कहा कि गंगा मां को स्वच्छ रखना सबका दायित्व है। इस मौके पर स्वामी विज्ञानानंद महाराज, गायत्री परिवार के गिरधारी लाल गुप्ता, जेल पर्यवेक्षक विपिन बिहारी शरन, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, भाजपा नेता राम प्रताप सिंह गौतम, अपर्णा सिंह गौतम, सुनीता गुप्ता, राजकुमार शरन, गोविंद बाबू गुप्ता, ओम अनुज गुप्ता, शिवजीत, रविकांत, अनुज, आचार्य अखिलेश तिवारी, आचार्य रामचंद्र तिवारी, अनिल कुमार आदि मौजूद रहे।

# सपाइयों ने मनायी संत शिरोमणि रविदास जयंती



**फतेहपुर।** समाजवादी पार्टी कार्यालय में सन्त शिरोमणि रविदास की जयन्ती उनकी तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर मनायी गयी। साथी ही गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष विपिन सिंह यादव के नेतृत्व में संत रविदास जयन्ती के अवसर पर कहा कि उनकी समताबन्धुत्व सौहार्द और ऊँच-नींच की विचारधारा को सशक्त किया है। यह समाज सुधारक महान क्रान्तिकारी थे उन्होंने कर्मकाण्ड और अंधविश्वासों का डटकर विरोध किया तथा समाज को एकता भाईचारा व समानता का संदेश दिया। उनका कहना था कि सभी मनुष्य एक समान है यही उनका मूलदर्शन था। इस मौके पर पूर्व चेयरमैन नगर पालिका चन्द्रप्रकाश लोधी, शकूर राणा, फहमीदा खान, रहीम राईन कादरी, मो0 आजम खान, मो0 साबिर, तनवीर अहमद, रबीन्द्र यादव, कपिल यादव, जसबीर सिंह, गुड्डी बानो परवीन खान, कृष्ण कुमार सिंह रूक्कू, कृष्णा अग्निहोत्री, नरेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# महंगाई के विरुद्ध गुगैलो ने भरी हुंकार, खोला मोर्चा



**गाजीपुर (फतेहपुर)।** गुलाबी गैंग लोकतान्त्रिक अध्यक्ष हेमलता पटेल के नेतृत्व में संगठन की महिलाएं व अन्य स्थानीय लोगों नें बहुआ कस्बे के समीप गाजीपुर मार्ग में महंगाई के खिलाफ विरोध प्रदर्शन कर घरेलू गैस सिलेंडर व डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाने का विरोध किया। सडक पर सिलेंडर, मिट्टी का चूल्हा रख कर, हांथ में चिमटा, बेलन व तवा लेकर सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर आवाज बुलंद की। अध्यक्ष नें कहा कि महंगाई चरम सीमा पर पहुंच गई है, डीजल-पेट्रोल की कीमत लगातार बढ़ाई जा रही है व रसोई गैस का दाम 832 रूपए पहुँच जाने से लोगों में नाराजगी है। सिलेंडर के दाम बढ़ा कर सरकार नें आम आदमी के विरोध का काम किया है। सिलेंडर के दाम पहले से ही बहुत अधिक थे। इसका सीधा असर महिलाओं की रसोई पर पड़ेगा। कोरोना महामारी के चलते लोग पहले से ही आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं और सरकार नें बेपरवाही दिखाते हुए डीजल-पेट्रोल व गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा कर उनके घावों में नमक छिड़कने का काम किया है। बताया कि आम आदमी के महीने की आय नहीं बढ़ रही है, लेकिन हर महीने महंगाई बढ़ रही है। बढ़े हुए दामों को वापस लिया जाये। ऐसा न होने पर सरकार के विरोध में बृहद प्रदर्शन किये जायेंगे। केंद्र सरकार गरीब, किसान के हित में कार्य करने की बजाय उद्योगपतियों को लाभ पहुँचाने का काम कर रही है। इस दौरान सत्यवती, रेखा रानी, विमला, सरला सिंह, सुमन, प्रीती, राजरानी, रेशमा, शहरुन, आमना, महरून, सुधा, संयोगिता, काजल, गोपाल, नफीस, राजू, दीपक, निजाम आदि मौजूद रहे।

# मिशन शक्ति अभियान की हुई बैठक

संवाददाता। फतेहपुर

**जिलाधिकारी श्रीमती** अपूर्वा दुबे की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ मिशन शक्ति विशेष अभियान की बैठक सम्पन्न हुई। यह अभियान 27 फरवरी से 08 मार्च तक चलेगा। उन्होने कृषि विभाग, पंचायती राज, राजस्व विभाग, चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग, युवा कल्याण, बेसिक शिक्षा, समाज कल्याण, उच्च शिक्षा, लघु सूक्ष्म एवं मध्यम उद्यम विभाग, चिकित्सा शिक्षा, दुग्ध विकास, माध्यमिक शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, ग्राम्य विकास विभाग, औद्योगिक विकास विभाग, परिवहन, पशुपालन, नगर विकास, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, आवास एवं शहरी नियोजन, श्रम विभाग आदि को निर्देश दिये कि अपने विभाग के कार्यक्रमों की कार्ययोजना बनाकर आज ही जिला प्राबेशन अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें और कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया जाय तथा मिशन शक्ति विशेष अभियान में गुडवर्क करने वालें महिलाओं को सम्मानित किया जाय। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिये कि अपने विभाग से सम्बन्धित कार्यक्रमों की फोटो, वीडियो प्रतिदिन मिशन शक्ति व्हाट्सएप ग्रुप एवं हार्ड कांपी जिला प्रोबेशन अधिकारी को हर हाल में सांय 05 बजे तक उपलब्ध कराये। उन्होने कहा कि यह कार्यक्रम शीर्ष प्राथमिकता वाला कार्यक्रम है। इसमें किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाय।

पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल ने कहा कि मिशन शक्ति अभियान माह अक्टूबर-2020 से प्रारम्भ हुआ है जिसमें प्रत्येक विभाग द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई है, 01 जनवरी से 22 फरवरी तक आंकड़ों के अनुसार महिला उत्पीड़न की घटनाओं में काफी कमी आयी है, जिसका कारण मिशन शक्ति अभियान रहा है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सत्य प्रकाश, अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व लालता प्रसाद शाक्य, उप जिलाधिकारी बिन्दकी श्रीमती प्रियंका, जिला विकास अधिकारी रमेश चन्द्रा, परियोजना निदेशक डीआरडीए ए0के0 निगम, जिला कृषि अधिकारी बृजेश सिंह, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ0 गोपाल कुमार महेश्वरी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा0 शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी के0एस0 मिश्र, जिला प्रोबेशन अधिकारी राजेश कुमार सोनकर, जिला कार्यक्रम अधिकारी जया त्रिपाठी, जिला युवा कल्याण अधिकारी मनोज कुमार यादव, जिला क्रीड़ा अधिकारी अनुराग यादव, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी आर0एस0 गौतम, जिला विद्यालय निरीक्षक महेन्द्र प्रताप सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शिवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी अजय आनन्द सरोज सहित अनेक जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहें। जिलाधिकारी ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिये कि जो डाटा सत्यापन हेतु अवशेष है उसे किसान सहायकों से सत्यापन कराया जाय, जिससे समय से निस्तारण हो सके। उन्होने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिये कि सत्यापन का डाटा तहसीलवार निकलवाकर अपर जिलाधिकारी वित्त/राजस्व को दिया जाय।

## क्विक न्यूज

### शातिर अपराधी हुआ गिरफ्तार

**मोहम्मदी-खीरी।** प्रभारी निरीक्षक बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान पुवायां रोडए कस्बा मोहम्मदी से गोवध अपराधों का शातिर जिलाबदर, गुण्डा व गिरोहबंद अभियुक्त कमर उर्फ आशिक निवासी मोहल्ला देवीस्थान कस्बा व थाना मोहम्मदी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त थाना मोहम्मदी का गोवध अपराधों का अभ्यस्त व गिरोहबंद अपराधी है। जिसके विरूद्ध थाना मोहम्मदी पूर्व से करीब एक दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। इस अभियुक्त को न्यायालय भेज जा रहा है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाल ब्रजेश कुमार त्रिपाठी, एसआई जगपाल सिंह, कांस्टेबल राहुल कुमार, कपिल कुमार, विशाल कुशवाहा व थाना मोहम्मदी खीरी शामिल रहे।

### रविदास व आजाद की मनाई जयंती

**लखीमपुर-खीरी।** कांग्रेस कार्यालय पर संत रविदास जयंती, चंद्र शेखर आज़ाद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिलाध्यक्ष प्रह्लाद पटेल से सम्बोधित करते हुए कहा कि संत रविदास ने समाज में चले आ रहे ऊंच नीच जात पात के भेदभाव को मिटाने व समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास किया। उन्होंने अपना जीवन भगवान राम को समर्पित कर दिया। मीराबाई संत रविदास की भक्त थी। सन्त जी ने देश की एकता के लिए देश के कोने कोने में अपनी लेखनी के माध्यम से समाज की एकजुटता के लिये अपनी भावनाओं को पहुंचाने का काम किया। गोष्ठी को राम कुमार मिश्रा, शिव सहाय सिंह, संजय गोस्वामी, रमाकांत गुप्ता ने सम्बोधित किया। गोष्ठी में मुख्य रूप से महिला जिलाध्यक्ष मंजू मिश्रा, पूर्व अध्यक्ष कोमल सिंह शामिल रही।

### दो को होगी विचार गोष्ठी

**निघासन-खीरी।** भारतीय जनता पार्टी निघासन के पदाधिकारियों द्वारा 2 मार्च 2021 को ढखेरवा रोड़ स्थित क्रय विक्रय सीमित प्रंगण में बजट एवं किसान कानून के विषय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ किसान कानून पर भी प्रकाश डाला जायेगा। कार्यक्रम में खीरी भाजपा सांसद अजय मिश्र टेनी मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। यह जानकारी भाजपा मीडिया प्रभारी रतीराम लोधी नें दी है।

### पोर्टल का पत्रकार बताकर महिला से 5 हजार की ठगी , महिला ने की चप्पल से पिटाई

**बरेली।** कार्रवाई कराने के नाम पर 5000 वसूली करना पड़ी बहरी तथाकथित को घेरकर महिला ने जमकर चप्पल से पिटाई कर दी । इतना ही नहीं मौके पर शहर कोतवाली पुलिस पहुंची तो एक युवकों को चौकी ले जाया गया । दोनों अपने आपको पोर्टल का पत्रकार बता रहे थे जिसमें एक युवक मौका देखकर फरार हो गया ।इज्जतनगर थाना क्षेत्र के रहपुर चौधरी इलाके की रहने वाली एक महिला 2 दिन पहले एसएसपी ऑफिस में शिकायत लेकर पहुंची थी महिला का आरोप था कि उसकी पति की पहली पत्नी के बच्चों से संपत्ति विवाद चल रहा है जिसको लेकर वह शिकायत कराने आई थी साथ ही साथ कार्रवाई की मांग कर रहे थे इसी दौरान अपने आप को अलग-अलग अखबार का पत्रकार बता कर कार्रवाई कराने की बात कही इस दौरान तीनों ही तथाकथित पत्रकारों ने महिला के घर पहुंच कर 5000 की वसूली कर ली । लेकिन दो दिन बाद कार्रवाई नहीं हुई तो महिला आज एसपी ऑफिस पहुंची। इसी दौरान कचहरी रोड से बोल रही थी कि कलेक्ट्रेट से चंद कदमों की दूरी पर अवधेश , शंकर और एक और साथी महिला को दिख गए। इसी दौरान महिला ने चप्पल निकालकर दोनों की जमकर पिटाई की । इस दौरान किसी ने यह जानकारी शहर कोतवाली को दी । मौके पर जंक्शन चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई और जिसमें से शंकर नाम के व्यक्ति को पुलिस ने हिरासत में लिया ।

### फर्नीचर कारीगर की गोली मारकर हत्या


**बरेली।** काम से घर लौट रहे फर्नीचर बनाने वाले कारीगर को किसी ने गोली मार दी। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लाश को पोस्टमार्टम के लिए कर हत्या आरोपियों को गिरफ्तार करने की कोशिश शुरू कर दी।पीलीभीत के सुनगढ़ी थाने के गांव नौगांवा पकड़िया निवासी 35 वर्षीय यामीन पुत्र अशफाक कि बीती रात इलाज के दौरान बरेली के जिला अस्पताल में मौत हो गई। मृतक के घर वालों ने बताया कि यामीन घर के पास ही फर्नीचर की एक दुकान पर काम करता था और कल शाम को दुकान से घर वापस लौटते समय किसी ने उसे गोली मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और जमीन पर गिर पड़ा। मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जिसने घायल को इलाज के लिए पीलीभीत के जिला अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दी। अस्पताल पहुंचे घरवाले हालत नाजुक देख कर उसे इलाज के लिए बरेली ले आए यहीं पर बीती रात जिला अस्पताल में उसकी मौत हो गई। मृतक 4 बच्चों का पिता था। उसकी पत्नी का नाम सहाना बेगम है।

### स्वयंसेवियों ने मतदान जागरूकता अभियान चलाया



**बरेली।** महाराजा अग्रसेन महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सात दिवसीय विशेष शिविर ग्राम सुंदरपुर मे चल रहा है। शिविर से पांचवे दिन एनएसएस स्वयंसेवियो ने मिशन मतदान जागरूकता अभियान चलाया। स्वयंसेवियो ने ग्रामीणो से अपील की कि मतदान अवश्य करे। बिना किसी दबाब के मतदान करे, अगर कोई अच्छा लीडर चुनाव मे न हो तो नोटा का बटन दबा कर मतदान करे। मतदान करना हमारा कर्तव्य और अधिकार दोनो है। मतदान ही सच्ची देश सेवा है। विभिन्न नारे लगाते हुए एनएसएस के स्वयंसेवको ने ग्राम सुन्दरपुर मे कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमल किशोर मेहरोत्रा के नेतृत्व मे जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ कमल किशोर मेहरोत्रा ने अनेक मनोवैज्ञानिक एवं बौद्धिक खेल भी खिलाये। प्राचार्य डॉ सौरभ अग्रवाल ने सभी स्वयंसेवियो के उत्कृष्ट कार्यो की सराहना की। स्वयंसेवी अर्पिता सिंह,शिवलिका,अर्चना देवी,अंशु सिंह,रेनु शर्मा, फिजा हुसैन,अनीता राठौर, महिमा गुप्ता, शिल्पी, राहुल मिश्रा विभाकर आदि ने सहयोग प्रदान किया।

### मिशन प्रेरणा के तहत कार्यशाला आयोजित



**संडीला(हरदोई)।** मिशन प्रेरणा के अंतर्गत ज्ञानोत्सव प्रिंट एवं रिच सामग्री हेतु एक उनमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया तथा न्यायपंचायत के नौ शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में भौतिक दृष्टि एवं कायाकल्प के नौ बिंदुओं पर उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्राथमिक विद्यालय सुंदरपुर के शिक्षक अनंन्त कुमार, गोपालपुर के भास्कर सिंह, पंजाबीखेड़ा की कल्पना भदौरिया, भेरका नीतू शुक्ला, सर्वा की निधि गुप्ता, मीतौं की श्वेता गौरव, भदेहना के नारायनलाल, तलौली के शैलेन्द्र कुमार मौर्य तथा दक्खिनहार के नूरुल हसन को सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षाधिकारी ने सभी शिक्षकों के प्रेरक विद्यालय बनाने की दशा में किए जा रहे सकारात्मक प्रयासों की सराहना की तथा 1 मार्च से खुल रहे विद्यालयों में उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने का आह्वान किया।

### मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 54 जोड़े एक दूजे के हुए



सामूहित विवाह समारोह में उपस्थित विधायक एवं अन्य

**संडीला(हरदोई)।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में 54 जोड़े एक दूसरे के हुए। इस मुखमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक राजकुमार अग्रवाल, ब्लाक प्रमुख कुंवर वीरेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, बीडीओ सुधीर कुमार, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी आलोक कुमार अस्थाना, एडीओ समाज कल्याण प्रेमचन्द्र, एडीओ पीपी प्रमोद कुमार, एडीओ आइएसबी अमलकांत, सामाजिक कार्यकर्ता अब्दुल वली, शहर काजी आरिफअब्दुल्ला, टीआरएस कॉन्वेंट स्कूल की डायरेक्टर विभा सिंह की उपस्तिथि में 46 हिन्दू तथा 8 मुस्लिम लड़कियों की शादी हुइ। ब्लाक संडीला के 28, भरावन के 19 तथा बेंहदर के 7 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। विधायक श्री अग्रवाल ने सभी जोड़ों को एक एक साड़ी तथा ब्लाक प्रमुख वीरेन्द्र सिंह की तरफसे नकद धनराशि के अलावा बीडीओ सुधीर कुमार तथा ब्लाक कार्यालय परिवार की ओर से उपहार देने के अलावा ग्राम प्रधान गदौरा बालादीन एवं ग्राम प्रधान भरिगाना मूलचन्द ने अपना सहयोग दिया।

# माघ पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने गंगा में लगाई डुबकी

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**हिंदू धर्म** में पूर्णिमा तिथि का विशेष महत्व होता है। हिंदू पंचांग के अनुसार नए माह की शुरुआत पूर्णिमा से ही होती है। मेला रामनगरिया में भी शनिवार को रौनक रही। श्रद्धालुओं नें गंगा में डुबकी लगाने के बाद मेले का आनन्द लिया।

शनिवार भोर से लोग गंगा स्नान के लिए पंहुचने लगे। जिसके चलते पांचाल घाट पर भीड़ हो गयी। पतित पावनी मां गंगा में स्नान कर भक्तों ने विधि विधान से भगवान विष्णु का पूजन किया और दान दिया। स्नान के बाद भक्त गंगाजल लेकर भगवान का श्रृंगार पूजन करते रहे। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने जरूरतमंदों को दान कर किया। गंगा घाट पर स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने मां गंगा की आरती और भगवान विष्णु का स्मरण किया। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार गंगा घाट पर श्रद्धालुओं की भीड़ कम ही रही। सीमित संख्या में पहुंचे श्रद्धालु गंगा स्नान कर पूजन किया। मान्यता है कि पूर्णिमा के दिन दान व स्नान करने से बत्तीस गुना ज्यादा फल की प्राप्ति होती है। भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है और चंद्रमा इस दिन अपनी पूर्ण कलाओं में होता है।

घर वापसी करनें लगे कल्पवासीरू कल्पवासियों नें अपने घरों की तरफ रुख कर दिया। जिसके चलते उनके परिजन ट्रैक्टर आदि लेकर मेला पंहुचे। दिन में भी गंगा स्नान के बाद दर्जनों श्रद्धालु अपने घरों को रवाना हुए। रात में भी घर वापसी का दौर चलेगा। इसके साथ ही अधिकतर श्रद्धालु रविवार को सुबह गंगा स्नान के बाद घर रवाना होंगे।

जाम की समस्या से श्रद्धालुओं को रही राहत

जाम की झाम से ट्राफिक पुलिस व पुलिस की सक्रियता से शनिवार को लोगों को जूझना नही पड़ा। कादरी गेट पांचाल घाट मार्ग में रास्ते में पुलिस नें चार पहिया वाहनों को जाने से रोंक दिया। जिससे आधी दूर से श्रद्धालु पैदल गंगा स्नान को पंहुचे। मेले में भी भीड़ देखनें लायक हुई।

## गंगा स्नान कर लौट रहे दस लोग सड़क दुर्घटना में हुए घायल, तीन की हालत गंभीर

**कायमगंज, फर्रुखाबाद।** जनपद एटा थाना जैथरा के गांव अंगरइया एवं नगला बड़े के निवासी भूरेलाल ए शिवमए छाया एगुड्डी देवी ब चौदह वर्षीय पूसी तथा बारह वर्षीय राहुल एवं निशा एराजपाल सिंहए सिरसा देवी एआरती व एक अन्य व्यक्ति यह सभी लोग टेंपो द्वारा मांघ पूर्णिमा पर फर्रुखाबाद गंगा नहाने गए थे। गंगा स्नान के बाद यह सभी लोग टेंपो से अपने घर वापस जा रहे थे। जैसे ही टेंपो कायमगंज. फर्रुखाबाद मार्ग पर स्थित ग्राम बरझाला के पास पहुंचा। उसी समय तेज रफ्तार किसी अज्ञात चौपहिया वाहन ने टेंपो में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे टेंपो असंतुलित होकर सड़क के किनारे ही पलट गया। दुर्घटना में टेंपो में सवार यह सभी लोग घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेंस की सहायता से कायमगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। यहां से राजपालए राहुल तथा गुड्डी देवी की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण इन तीनों घायलों को डॉक्टर राम मनोहर लोहिया अस्पताल फर्रुखाबाद के लिए रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना घायलों के परिजनों को दे दी गई है। शेष सात घायलों का उपचार कायमगंज के सरकारी अस्पताल में ही जारी है । उनके परिजनों के आने का इंतजार किया जा रहा है।

# डीएम ने हवाई पट्टी का किया निरीक्षण, दिये निर्देश

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी डा० दिनेश चन्द्र ने जनपद तहसील क्षेत्र स्थित बनाये गये हवाई पट्टी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने लोक निर्माण विभाग एवं अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने स्तर से भी बनाये गये हवाई पट्टी का निरीक्षण व अवलोकन कर जहां कही भी बाउड्रीबालए पानी निकासी हेतु नाला आदि जहां खराब व टूट गयी है उसको मानक के अनुरूप सही करायें तथा हवाई पट्टी को पूरी तरह से सुरक्षित करने हेतु सभी आवश्यक कदम उठाये। उन्होंने कहा कि हवाई पट्टी की सुरक्षा हेतु अधूरे पडे कार्यो को नियमानुसार ठीक कराया जाये। वहीं जिलाधिकारी ने भेड चरवाहों को कम्बल व फल आदि भी भेंट किये।

वहीं जिलाधिकारी ने दिनांक 8 मार्च को महामहिम राज्यपाल के सम्भावित भ्रमण कार्यक्रम को दृष्टिगत रखते हुए मैथा तहसील अन्तर्गत अनूपपुर गांव का भी निरीक्षण किया व गांव में कराये जा रहे विकास कार्यो का बारीकी से निरीक्षण किया। उन्होंने इस मौके पर सामुदायिक शौचालयए सड़क निर्माणए प्राथमिक विद्यालय में हो रहे कार्यए गौवंश हेतु बनाये जा रहे टीनशेड कार्य का भी निरीक्षण किया। उन्होंने गौआश्रय स्थल पर पशुओं हेतु सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करने एवं दवाए साफ सफाईए पानीए चाराए विद्युत आदि की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिये है। इस मौके पर उन्होंने गांव वासियों से वार्ता करते हुए उनकी समस्याओं को सुना तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित कर उनकी समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये तथा योजनाओं से लाभावित किये जाने के भी निर्देश दिये। वहीं उपस्थित समूह की महिलाओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना तथा मिशन शक्ति अभियान के तहत महिलाओं को जागरूक करने व उनको स्वावलम्बन बनाने को कहा। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चैधरीए अपर जिलाधिकारी प्रशासन पंकज वर्माए उप जिलाधिकारी मैथा रामशिरोमणिए डीडीओए पीडी आदि अधिकारीगण व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# सामूहिक विवाह में 116 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का दामन

**औरैया।** दिबियापुर के नारायणी मंडपम गेस्ट हाउस में विभिन्न क्षेत्रों से विवाह के लिए पंजीकृत 116 जोड़ों का विवाह कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत, राज्यसभा सांसद गीता शाक्य, भाजपा के जिलाध्यक्ष श्रीराम मिश्रा, जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा तथा जनपद के सभी वरिष्ठ अधिकारियों, कर्मचारियों, जन-प्रतिनिधियों एवं सम्भ्रान्त व्यक्तियों की उपस्थिति में विवाह के पवित्र बंधन में गायत्री परिवार द्वारा विधि-विधान से विवाह कराया गया। सभी ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 116 जोड़ों का सामूहिक विवाह आयोजित कराकर वर-वधू को आशीर्वाद देते हुए हार्दिक बधाई दी व उनके मंगलमय भविष्य की कामना भी की गई।

**● मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सकुशल व हर्षोउल्लास के साथ हुआ सम्पन्न**

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम सकुशल व हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा व मुख्य विकास अधिकारी अशोक बाबू मिश्रा द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत विवाह बंधन में बंधे सभी जोड़ों व उनके परिजनों को हार्दिक बधाई देते हुए मंगलमय भविष्य की कामना की है।

मुख्य अतिथि कृषि राज्यमंत्री लाखन सिंह राजपूत ने कहा कि पूरे प्रदेश में सामूहिक विवाह योजना में प्रारम्भ से अब तक लाखों से अधिक जोड़ों का विवाह सम्पन्न कराया जा चुका है। विवाह के तहत दहेज की कुप्रथा से मुक्ति, विवाह उत्सव में अनावश्यक अपव्यय एवं प्रदर्शन से मुक्ति, सर्वधर्म समभाव तथा सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना भी है। प्रदेश सरकार द्वारा इस प्रकार के आयोजन को प्रत्येक जनपद में कराकर जहां गरीबों परिवारों के विवाह सम्पन्न कराकर समाजिक दायित्वों का निर्वहन कर रही है। वहीं इस प्रकार के आयोजन समाज में आपसी भाईचारा और सौहार्द बढ़ता है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह के आयोजन से एक साथ सैकड़ों शादियां एक ही मण्डप व एक ही स्थान पर हो रही हैं। जिससे फिजूल खर्चे पर भी रोक लगने के साथ ही सामाजिक बुराईयां भी दूर हो रही हैं। प्रदेश सरकार द्वारा बेटियों के लिए कन्या सुमंगला योजना भी चलाई गई हैं। जिसमें बेटी के जन्म होते ही उसके खाते में दो हजार की धनराशि भेजने का काम किया जा रहा है। सरकार द्वारा बेटियों के लिये बहुत सी योजनाएं चलायी जा रहीं हैं। मिशन शक्ति अभियान से महिलाओं और बेटियों की सुरक्षा सम्मान और स्वावलंबन के लिये जागरूक किया जायेगा।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कन्या के खातें में मिली धनराशि...

जिलाधिकारी सुनील कुमार वर्मा व जिला समाज कल्याण अधिकारी आवेश कुमार सिंह ने बताया गया कि योजनान्तर्गत शासन द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत कन्या के खातें में धनराशि 35 हजार एवं उपहार सामग्री की धनराशि 10 हजार तथा कार्यक्रम आयोजन की धनराशि 06 हजार इस प्रकार प्रत्येक जोड़ों पर 51 हजार रुपये खर्च किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री का गरीब परिवारों की शादी योग्य कन्याओं के विवाह में सहायता उपलब्ध कराने के लिए एक नवीन एवं अभिनव प्रयास है, जिसके सुखद परिणाम है। मुख्यमंत्री के इस दिशा में उठाये गये कदम का उद्देश्य शादी में अनावश्यक व्यय को नियंत्रित करना है और सामूहिक विवाह को बढ़ावा देना है, ताकि कम खर्चे में एक ही स्थान पर विवाह की रसमे पूरी हो जाये।

# पूर्णाहुति के साथ विशाल भण्डारे का हुआ आयोजन



**रूरा, कानपुर देहात।** कस्बे के झींझक रोड पर धनीरामपुर गॉव के पास स्थित क्षेत्रीय आस्था के प्रमुख केन्द्र बालाजी धाम में आयोजित किये गये श्री विष्णु महायज्ञ व रामकथा के समापन के अवसर पर विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर भारी सॅख्या में भक्तों ने भण्डारे में प्रसाद ग्रहण किया। बालाजी धाम धनीरामपुर में श्री विष्णु महायज्ञ व रामकथा के विश्राम के अवसर पर शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। भण्डारे के आयोजन से पूर्व परिसर में ही स्थित यज्ञशाला में 33 करोड देवी देवताओं का आवाहन कर यज्ञाचार्य ने पूर्णाहूति दी। पिछले सात दिनों से बालाजी धाम परिसर में चित्रकूट धाम से पधारे रामचरित मानस के प्रसिद्ध विद्वान नवलेश जी महाराज द्वारा रामकथा के विभिन्न प्रसॅग मनोहारी रूप में प्रस्तुत किये गये। कन्याभोज के साथ प्रारम्भ हुये भण्डारे में कस्बे व क्षेत्र के भारी सॅख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से गोविन्द सिंह गौर, राजेन्द्र सिंह गौर, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, व्यापार मण्डल के आशीष गुप्ता मोनू, मयॅक गुप्ता तीती, अशोक चौहान, अभिषेक पाण्डेय सहित भारी सॅख्या में लोग भण्डारे में मौजूद रहे।

# परिवहन विभाग ने शिविर में किया लोगों को जागरूक



**औरैया।** शुक्रवार को शहर के फूलमती मंदिर के समीप स्थित एक कंप्यूटर सेंटर पर शुक्रवार को परिवहन विभाग द्वारा जागरूकता शिविर लगाया गया। जिसमें छात्रों को मिशन शक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया गया। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने छात्र/छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के बारे में भी जानकारी दी। अधिकारियों ने छात्रों को नसीहत देते हुए कहा की बाइक पर हेलमेट लगाकर अवश्य चले और बाइक चलाते समय मोबाइल का इस्तेमाल न करें।

शुक्रवार को शहर के फूलमती मंदिर के समीप स्थित एक कंप्यूटर सेंटर पर परिवहन विभाग द्वारा छात्र/छात्राओं को जागरूक करने के लिए मिशन शक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 08 मार्च तक अनवरत चलाया जाएगा। इसके माध्यम से छात्र/छात्राओं को जागरूक करते हुए मिशन शक्ति के बारे में जानकारियां उपलब्ध कराई जाएंगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मालकर अधिकारी रेहाना बानो ने कहा कि मिशन शक्ति का उद्देश्य छात्राओं को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा महिला उत्पीड़न रोकने के लिए इस प्रकार के आयोजनों को शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति गलत मंसूबे से कोई हरकत करता है तो संबंधित की शिकायत उच्च अधिकारियों तक अवश्य पहुंचना चाहिए। जिससे वह व्यक्ति दोबारा उसके साथ कोई गलत कार्य न कर सके। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वह अपनी झिझक खोलें। इसके अलावा उन्होंने यातायात के नियमों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए यातायात प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार तिवारी ने छात्र-छात्राओं को वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग न करने की सलाह दी। कहा कि वह लोग जब भी वाहन चलाएं तो सभी कागजात अवश्य लेकर चलें, जिससे कि उन्हें कोई समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने बताया कि वाहन को ज्यादा गति से न चलाएं, जिससे उन्हें कोई नुकसान हो। बताया कि नियमों को जान लेना सभी के लिए आवश्यक एवं लाभप्रद होता है। इस दौरान कंप्यूटर सेंटर के संचालक सहित आधा सैकड़ा छात्र एवं छात्राएं मौजूद रहे।

# फर्रुखाबाद में बड़ा फेरबदल 20 चौकी इंचार्ज बदले गए

**फर्रुखाबाद।** शासन और सरकार की मंशा के अनिरूप पंचायत चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपादित करानें के चलते पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा नें आधी रात में अपने महकमें की नींद उड़ा दी। जब उन्होंने 20 चौकी इंचार्जो की तैनाती में फेर बदल कर दिया। एसपी नें बीती आधी रात को कादरी गेट चौकी इंचार्ज संदीप कुमार को लाइन हाजिर कर दिया। पुलिस लाइन में रमेश यादव को कादरी गेट चौकी का चार्ज दिया गया है। तिकोना चौकी इंचार्ज दीपक त्रिवेदी को भी लाइन हाजिर किया गया है। थाना मऊदरवाजा में तैंनात दारोगा जितेन्द्र सिंह को तिकोना चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। एसपी नें अपने पीआरओ ज्ञानेश्वर सिंह को कर्नलगंज चौकी का इंचार्ज बनाया है। पुलिस लाइन से दारोगा दिग्विजय सिंह को मदनपुर मोहम्मदाबाद का चौकी इंचार्ज बनाया है। मदनपुर चौकी इंचार्ज अभय प्रताप सिंह को भोजपुर (मेडिकल कालेज) चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। भोजपुर मेडिकल कालेज चौकी इंचार्ज जय प्रकाश चौहान को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस में तैनात दारोगा उदयभान सिंह को कंपिल के सिवारा चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। सिवारा चौकी इंचार्ज देवी प्रसाद गौतम को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस लाइन से दारोगा बलवीर सिंह को अमृतपुर चौकी का इंचार्ज बनाया गया है। अमृतपुर चौकी इंचार्ज चमन सिंह को पुलिस लाइन भेज दिया गया है। पुलिस लाइन में तैनात दारोगा नरेंद्र सिंह को सरह फतेहगढ़ का चौकी इंचार्ज बनाया गया है। मेरापुर में तैंनात दारोगा मोहित मिश्रा को नीवकरोरी का चौकी इंचार्ज बनाया गया है।

नीवकरोरी चौकी इंचार्ज शैलेन्द्र सिंह भदौरिया को लाइन हाजिर किया गया है। पुलिस लाइन में तैंनात दारोगा ओमवीर सिंह को चिलसरा चौकी इंचार्ज बनाया गया है। चिलसरा चौकी इंचार्ज रामकृपाल सिंह को लाइन हाजिर किया है। पुलिस लाइन से इंद्रजीत सिंह को थाना मऊदरवाजा भेजा गया है। पुलिस लाइन से नर सिंह को थाना मेरापुर भेजा गया है।

## संत रविदास ने किया समाज को नई दिशा देनें के काम

**फर्रुखाबाद।** शनिवार को आवास विकास स्थित सपा कार्यालय में प्रमुख समाज सुधारक, महान संत रविदास की जयंती पर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। सपाईयों नें उनके जीवन पर प्रकाश डाला। गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में पंहुचे पूर्व मंत्री सर्वेश अम्बेडकर नें कहा कि संत रविदास ने समाज को ऐसी दिशा देने का काम किया है, जिससे समाज में समानता और भाईचारा मजबूत रहे। जिलाध्यक्ष नदीम अहमद फारुखी नें कहा कि इन्हीं महापुरुषों की वजह से हमारा देश भारतवर्ष आज विश्व गुरु कहलाता है इनके बताए हुए सिद्धांत हम सबके लिए प्रेरणा के स्रोत हैं। जिला महासचिव मंदीप यादव ने कहा कि युवा साथी महापुरुषों का साहित्य अवश्य पढ़ें, महापुरुषों के जीवन वृतांत से संघर्ष करने का मार्ग सुलभ होता है। महेंद्र सिंह कटियार, यूनुस अंसारी, विवेक यादव, जिला उपाध्यक्ष बृजेश पाल, ओम प्रकाश शर्मा, शिव प्रताप सिंह चीनू आदि रहे।

# 34 सप्ताह का प्रशिक्षण पूर्ण कर 309 रिक्रूट ने ली देश सेवा की शपथ



**फर्रुखाबाद।** शनिवार को राजपूत रेजिमेंट के 309 रिक्रूट 34 सप्ताह का प्रशिक्षण पूर्ण कर भारतीय सेना में शामिल हुए। रेजीमेंट की ओर से हुई पासिंग आउट परेड में सैनिकों ने देश सेवा की शपथ ली। राजपूत रेजीमेंट के ब्रिगेडियर इंद्र मोहन सिंह परमार नें परेड का निरीक्षण किया।

मुख्य अतिथि ब्रिगेडियर इंद्र मोहन सिंह परमारनें फतेहगढ़ के करियप्पा कांप्लेक्स में हुई परेड की सलामी के बाद जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि आज का दिन आपके लिए गौरवशाली है। आज आपके जीवन का नया अध्याय आरम्भ होता है। आप सभी यहाँ से अपनी-अपनी बटालियन में जायेंगे। उन्होंने कहा कि आपसे अपेक्षा है कि आप अपनी वटालियन में दी जानें वाली जिम्मेदारी का निर्वाहन कुशलता पूर्वक करेंगे। अपनी डियूटी के दौरान आपका परम कर्तव्य होगा कि आप किसी भी प्रकार के खतरे से देश की रक्षा करेंगे।

उन्होंने कहा कि आपके अनुशासन और कर्तव्य निष्ठा पर रेजिमेंट को और देश को पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि सैनिक एक योद्धा है और लड़ना उसका धर्म है। इसलिए आपको अपने शरीर, दिमाग, आत्मा को हमेशा युद्ध के लिए तैयार रखना होगा और निडरता से दुश्मन का सामना करना होगा।

### सिक्योरिटी ड्रिल में सैनिकों ने दिखाये बेहतर प्रदर्शन

पासिंग आउट परेड के बाद सेना के जबानों नें सिक्योरिटी ड्रिल के माध्यम से सेना के अनुशासन, शौर्यता, वीरता और अदम्य साहस का प्रदर्शन किया। इस दौरान सीओ ट्रेनिग कर्नल अमित कुमार चन्द्र, डिप्टी कमान्डेंट जोजफ डिसूजा आदि रहे।

# जुलूस-ए-अली में दिखा देश की एकता का नज़ारा, या अली की सदाओं से गूंज उठी फ़िज़ा



**फर्रुखाबाद ।** हजरत मौला अली के जन्म दिवस के अवसर पर रवायती अंदाज में जुलूस निकाला गया। जुलूस में विभिन्न धर्मों के धर्म गुरुओं ने भाग लिया।

मस्जि़द वारिसिया से मौला अली का पैगाम लेकर हज़रत अली के चाहने बालो ने से जुलूस.ए.अली निकाला। कांग्रेस पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद आफताब हुसैन,मौलाना सदाक़त हुसैन सैथली ने जुलूस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। ये जुलूस लालदरवाजा, घूमना बाजार,त्रिपोलिया चौक, पक्कपुल होते हुए रकाबबगंज स्थित दरगाह हज़रत अब्बास पर समाप्त हुआ और महफ़िल मकासीदा में तब्दील हो गया। कोरोना की बजह से इस बार महज़ तीन मरकज़ी गाड़िया शामिल रही बही घोड़ो व ऊंट पर सवार नन्हे अली के शैदाई अलग ही नजर आरहे थे। इस अवसर शहर कोतवालए कई चौकी इंचार्ज को शाल उड़ा कर स्वागत किया। बही जुलूस के आयोजकों का मुस्लिम महासभा की तरफ से रुश्द खानएमेराजुद्दीन आदि ने जोरदार तरीके से स्वागत किया।

नफरतों के इस दौर में जुलूस ए अली हिन्दू मुस्लिम एकता का प्रतीक बना है जुलूस में मुस्लिम ही नही बल्कि हिन्दू समाज व अन्य समाज़ वर्ग के गणमान्य लोगों ने शामिल होकर एकता के पैगाम को मजबूत किया। नारे हैदरी या अली की सदाओं से माहौल अली के रंग में रंगा हुआ नज़र आया। शहर के मुख्य मार्गो पर जुलूस ए अली का जगह जगह पुष्प बर्षा के साथ लोगो ने स्वागत किया।

जुलूस में शायर आफताब आलम क़ादरी ने रहबर है अपना सबसे निराला अली अली एहै अपनी जि़न्दगी का उजाला अली अलीएएपढ़ लोगो को नारे हौदरी लगाने पर मजबूर कर दिया। मौलाना सदाक़त हुसैन सैथली ने कहा कि मौला अली के बताये रास्ते पर चलकर ही कामयाबी मिल सकती है। आयोजक संरक्षक सैय्यद अफताब हुसैन ने मेहमानों का शुक्रिया अदा किया।

मौलाना फरहत हुसैन ज़ैदी,सूफी पप्पन मियां वारसी, आफाक आलम क़ादरी,ज्ञानी गुरुबचन सिंह, अरुण प्रकाश तिवारी दादुआ आदि ने भी जलसे को खिताब किया। मुमताज हुसैन, नफीस हुसैन, व्यापारी नेता संजय गर्ग,सज़र ज़ैदी,फैज़ान अब्बास,इमरान नकवी,मुजाहिद रिज़वी,शबाब हैदर,आलिम हुसैन,सिख धर्म गुरु ज्ञानी गुरुबचन सिंह ,पादरी कृष्ण आदि मौजूद रहे।

## रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार में नामित हुये डा0 आरजी पाण्डेय का हुआ भव्य अभिनन्दन

**रूरा, कानपुर देहात।** हिन्दी के प्रसिद्ध विद्वान पं0 रामचन्द्र शुक्ल के नाम से उ0प्र0 हिन्दी सॅस्थान द्वारा नामित किये गये 75 हजार रूपये के पुरस्कार को रूरा कस्बे के पालीवालनगर निवासी डा0 आरजी पाण्डेय ने हासिल कर कस्बे को गौरवान्वित किया है। हिन्दी लेखन के क्षेत्र में योगदान प्रदान करने वाले विद्वान को प्रति वर्ष यह पुरस्कार प्रदान किया जाता है। कस्बे के प्रसाद पैलेस में निगमागम सम्मत तुलसी चिन्तन( भाग1 व भाग2) पुस्तक के लेखक रूरा कस्बे के पालीवालनगर निवासी आरजी पाण्डेय को वर्ष 2019 के उ0प्र0 हिन्दी सॅस्थान द्वारा रामचन्द्र शुक्ल पुरस्कार का सम्मान प्राप्त करने पर कस्बे के बुद्धिजीवियों व सम्भ्रान्तजनों ने उनका भव्य अभिनन्दन किया। इस मौके पर प्रमुख वयोवृद्ध कॉग्रेसी नेता हरीशॅकर द्विवेदी, पूर्व शिक्षक जेएन मिश्रा, सर्राफ व्यवसाई रविशशिनारायण द्विवेदी, रामबाबू शुक्ला, प्रसिद्ध होम्यो चिकित्सक डा0 अशोक मिश्रा, भाजपा नेता रजोल शुक्ला, कमलेश पाण्डेय, सामाजिक कार्यकर्ता ब्रजेन्द्र त्रिवेदी बउआ, आशुतोष मिश्रा छोटे भईया, अवधेश शुक्ला, गिरजेश द्विवेदी दादा, ओपी द्विवेदी पूर्व प्रधानाचार्य, भगवताचार्य पं0 महेन्द्र मिश्र गरल जी सहित अन्य लोगों ने सम्मानित पुरस्कार में नामित किये गये आरजी पाण्डेय को पुष्पमाला पहना कर उनका नागरिक अभिनन्दन किया।

# नौ अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्र बढ़े

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**● परीक्षा केंद्र वाले कालेज नहीं बनेंगे मतगणना स्थल**

**त्रिस्तरीय** पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्रों और मतदेय स्थलों की संख्या तय हो गए हैं। इस बार नौ अतिसंवेदनशील प्लस मतदान केंद्र बढ़ गए हैं। 225 मतदान केंद्र संवेदनशील और 203 अतिसंवेदनशील श्रेणी में रखे गए हैं। परीक्षा केन्द्र वाले कॉलेजों को मतगणना स्थल न बनाने का निर्णय लिया गया है।

त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारियां तेजी से चल रही हैं। जिला पंचायत सदस्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान और ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए आरक्षण तैयार किया जा रहा है। आरक्षण घोषित होने के साथ ही चुनाव की तारीखें भी घोषत होने की संभावना है। मतदान केंद्रों तय कर लिए गए हैं। सभी एसडीएम ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर श्रेणियां तय कर रिपोर्ट एडीएम विवेक श्रीवास्तव को सौंपी दी है। इस बार 94 मतदान केंद्र अतिसंवेदनशील प्लस श्रेणी में रखे गए हैं। वर्ष 2015 में हुए पंचायत चुनाव के सापेक्ष इनकी संख्या 85 थी। 225 मतदान केंद्र संवेदनशील और 203 अतिसंवेदनशील की श्रेणी में हैं। 363 मतदान केंद्र सामान्य हैं। वर्ष 2021-श्रेणी मतदान केंद्र मतदेय स्थल, अति संवेदनशील प्लस 94 225,अतिसंवेदनशील 203 461, संवेदनशील 225 535,सामान्य 363 740, कुल 885 1961-वर्ष 2015,श्रेणी मतदान केंद्र, अति संवेदनशील प्लस 75, अतिसंवेदनशील 199,संवेदनशील 187, सामान्य 363 कुल 891। पंचायत चुनाव में प्रत्येक ब्लाक में मतगणना केंद्र बनाया जाना है। चुनाव के दौरान ही बोर्ड परीक्षा होने की संभावना भी है। इसे देखते हुए परीक्षा केंद्र वाले इंटर कालेजों में स्ट्रांग रूम व मतगणना केंद्र नहीं बनाए जाएंगे। एडीएम विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि ब्लॉक शमसाबादए मोहम्मदाबाद व राजेपुर में तीन कालेज परीक्षा केंद्र वाले चिह्नित किए गए हैं। स्ट्रांगरूम व मतगणना केंद्र बनाने के लिए इनके स्थान पर दूसरे कालेजों का चयन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## पुण्यतिथि पर अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद को किया गया याद

**फर्रुखाबाद।** अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें याद कर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित करनें के साथ ही उनके जीवन पर विचार व्यक्त किये। शहर के बद्री विशाल डिग्री कालेज में स्थापित शहीद चन्द्र शेखर आजाद की प्रतिमा पर समाजिक संगठनों नें पुष्पांजली अर्पित करने के साथ ही अपने विचार रखे। प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी क्रांतिकारी गतिविधियों को बता कर लोगों को जागरूक किया। कहा कि चंद्रशेखर आजाद ने उन्नाव जिले के बदरका गांव में पिता सीताराम तिवारी व माता जगरानी की गोद में जन्म लिया। 14 साल की उम्र में कोड़े अंग्रेजों द्वारा मारे गए। पता पूछे जाने पर घर जेलखाना पिता का नाम स्वतंत्रता और माता का नाम भारत मां बताया था। शहीद प0 रामनारायण आजाद के पौत्र बॉबी दुबे नें कहा कि हमे इतिहास की सही जानकारी होनी चाहिए। देश के क्रांतिकारियों पर सभी को गर्व है। कार्यक्रम संयोजक व अंतराष्ट्रीय मानवाधिकार संरक्षण के जिलाध्यक्ष आदित्य दीक्षित, नमामि गंगे के जिला संयोजक रवि मिश्रा, राममुरारी शुक्ला, स्वेता दुबे आदि नें विचार रखे।

## चित्रकूटधाम मंडल में अवैध खनन का दर्द

# खदान बनती धरती होती जा रही है बेजान

आलोक निगम। बांदा

**बंजर हुई सैकड़ों बीघा उपजाऊ जमीनें, पेयजल संकट के मुहाने पर खड़ा है पूरा इलाका- प्रशासन के सामने ताल ठोक रहे माफिया, खुलेआम कर रहे हैं मानकों की ऐसी-तैसी, सरपट भागते ओवरलोड वाहनों ने बदल दी सड़कों की सूरत, खतरा झेल रही आबादी**

**अवैध** खनन के खेल से चित्रकूटधाम मंडल कराह रहा है। इस रेगिस्तानी इलाके के लोग अरसे से बड़ी परेशानी और मुसीबत झेल रहे हैं और अब उनके सीने पर सवार खनन माफियाओं के आतंक ने उनकी नींद हराम कर दी है। वे न तो प्रशासन के काबू में हैं और न ही कायदा-कानूनों से उनका कोई लेना--देना है। इसी का नतीजा है कि मंडल की सैकड़ों बीघा उपजाऊ जमीनें बंजर हो गईं और खनन का खेल इस कदर गहराई तक पैठ कर गया कि रेगिस्तान की शक्ल ले चुका यह इलाका तमाम दावों के बावजूद भीषण पेयजल संकट के मुहाने पर आ खड़ा हुआ है।

बांदा में इन दिनों जबरदस्त तरीके से अवैध खदानों से किसानों की उपजाऊ जमीनों को बंजर बनाने का कार्य किया जा रहा है। बालू कारोबारियों द्वारा दबंगई के बल पर मरौली खंड 4 पट्टा धारक द्वारा जबरदस्त तरीके से पोकलैंड लगाकर 50-50 मीटर गहरे तालाब बना दिए गए हैं, जबकि एनजीटी के नियमावली के तहत खनन मात्र 3 फीट तक किया जा सकता है और उसको भी पट्टाधारक ही इस लेवल करेगा। लेकिन यहां तो 1 किलोमीटर तक नदी के पाट पर बड़े-बड़े भारी-भरकम तालाब बना दिए गए और वहां बालू के ढेर लगा दिए गए। इससे जलीय जीव जंतु पोकलैंड मशीनों से नष्ट हो रहा है साथ में पानी भी ट्रकों में लोड किया जा रहा है जिसका सीधा जागता उदाहरण इन ट्रकों से टपक रहा बालू के बीच पानी जोकि ओवरलोड 90 टन लगे में बालू के साथ पानी भी लोड हो रहा है आगे आने वाले समय में जलस्तर बिल्कुल नीचे हो जाएगा लोक पेयजल के भीषण संकट से त्राहिमाम त्राहिमाम करेंगे। जिला प्रशासन को और खनिज विभाग को इस पर ध्यान देना चाहिए लेकिन बड़ा हास्यास्पद है चित्रकूट धाम मंडल में पर्यावरण का ऑफिस है, लेकिन उनका देखरेख ना के बराबर है। ऐसा लगता है कि विभाग ने आंख में काली पट्टी बांध ली है ओवरलोड तक वहां रहा है होने दो बालू उड़ रही है तो उड़ने दो जबकि एनजीटी के नियमानुसार कृपाल लगाकर ही ट्रक आगे जाएगा लेकिन उसका फॉलो बिल्कुल नहीं होता और साथ में किसी भी ट्रक से पानी टपकता नजर नहीं आएगा। अगर पानी टपकता पाया गया तो यह एनजीटी के नियम का उल्लंघन है नियमों के ममुताबिक पट्टाधारक खनन के बाद लेबलिंग करेगा। इसके साथ ही ओवरलोडिंग न करने की सख्त हिदायत है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एनजीटी के नियमों के तहत खनन के साथ लागू करने की बात कही है। बावजूद इसके प्रशासन को भी इसकी परवाह नहीं। लिखित





उनके आदेशों का पालन नहीं हो रहा है आखिर क्यों कौन करेगा मुख्यमंत्री के आदेशों का पालन खनिज निदेशालय ने एक आदेश में सभी पट्टा धारकों को कांटा लगाने के आदेश किए हैं, कांटे लगे भी हैं लेकिन उन कांटों का कोई उपयोग नहीं हो रहा वह कांटे शोपीस बनकर एक किनारे में लगे हुए हैं उन पर कभी भी ट्रक तुला नहीं जाता क्योंकि ट्रक में मानक से 6 गुना माल होता है यदि वह माल सहित ट्रक को कांटे पर चढ़ाएंगे तो एक भी पर्ची उनकी नहीं निकल पाएगी अतः यह नए तरीके से नंबर दो से ओवरलोड बालू वाले ट्रक निकाल रहे हैं सैकड़ों ट्रक प्रतिदिन निकल जाते हैं आज मरौली क्यों टन का डेरा के प्रधान का कहना है की बालू ठेकेदारों ने दबंगई के चलते हम सीधे साधे किसानों से इकरार के धोखे में रखकर उपजाऊ जमीन का करा लिया अब वह उससे हमारे खेतों को बंद करें दे रहे हैं अब हम परेशान हैं हम कुछ बोल नहीं पा रहे अनाज पैदा होने की स्थिति में नहीं हैं। अब इन रास्तों में लगभग 200 बीघे जमीन बंजर हो गई है कोई भी गांव वासी अस्पताल और मुख्यालय अपने परिवार को लेकर मोटरसाइकिल कार साइकिल पैदल नहीं जा सकता क्योंकि रास्ता बचा ही नहीं है पैदल चल ही नहीं सकता साइकिल में चल नहीं सकता मोटरसाइकिल में चल नहीं सकता बच्चे स्कूल जाने को तरस रहे हैं डर लगता है कहीं ट्रक ना चढ़ जाए।

### कायदा-कानून के दायरे में हो खननः डीएम
### जिसने भी नियम तोड़ा, बख्शेंगे नहीं

**बांदा।** जिला अधिकारी आनंद कुमार सिंह के तेवर कुछ सख्त हुए हैं, अलबत्ता उन्होंने यह भी कहा कि खनन पर रोक नहीं है लेकिन कायदे-कानून के दायरे में रहकर। प्रेस वार्ता के डीएम ने कहा कि मरौली खंड 4 बालू खनन पट्टे पर यदि इस तरह की अनियमितता बरती गई है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। एनजीटी के नियमानुसार ही खनन पट्टे जारी रख सकते हैं। उधर, ओवरलोडिंग को लेकर उन्होंने परिवहन विभाग के पेंच भी कसे। डीएम ने आरटीओ को निर्देशित किया है किसी भी दशा में ओवरलोडिंग बर्दाश्त नहीं है सीधे सीज की कार्रवाई होगी। साथ में सेल टैक्स विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया जा चुका है कि वह सभी खनन पट्टे धारक को के द्वारा जीएसटी पे की जा रही है या नहीं हालांकि जिला कलेक्टर ने यह भी कहा की मैंने खनिज अधिकारी को और सभी तहसील मजिस्ट्रेट को ये निर्देश दे रखा है कि जेट ओवरलोड सामि में पकड़ा जाता है तो यह किस खदान से आया है उस पट्टे धारा के खिलाफभी कार्रवाई की जाएगी यह कार्यवाही जुर्माने की होगी।

## नानाजी देशमुख 11 वीं पुण्यतिथि पर

# गडकरी ने किया स्फूर्ति योजना का शुभारंभ

**चित्रकूट।** भारत रत्न नानाजी देशमुख और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के विचारों पर आत्मनिर्भर भारत की जो संकल्पना है, उसे प्रधानमंत्रीनरेंद्र मोदी जी एक मिशन के रूप में पूरे जोर-शोर से लगे हुए हैं। उसी के अंतर्गत खादी ग्रामोद्योग आयोग के माध्यम से इस स्फूर्ति परियोजना के तहत ग्रामीण भारत में बेरोजगारी को दूर करने के लिए 5 हजार क्लस्टर के माध्यम से 25 लाख लोगों को रोजगार से जोड़ने की पहल की जा रही है। क्योंकि गांव के लोग खेती और छोटे-छोटे पारंपरिक कुटीर उद्योगों पर निर्भर रहते हैं। इसके लिए सरकार की पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित और विकसित करने के लिए स्फूर्ति योजना कारगर साबित होगी। उपरोक्त बातें भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री नितिन गडकरी ने वर्चुअली रूप में स्फूर्ति योजना के शुभारंभ अवसर पर कहीं। श्री गडकरी ने वर्चुअली संबोधन में कहा कि दीनदयाल शोध संस्थान के द्वारा स्फूर्ति परियोजना के अंतर्गत विशेष रूप से एक हर्बल क्लस्टर का शुभारंभ हो रहा है। इस क्लस्टर के माध्यम से 500 स्थानीय ग्राम वासियों को रोजगार मिल सकेगा। अभी तक देशभर के विभिन्न हिस्सों में 50 क्लस्टर के माध्यम से 44 हजार आर्टिजन को काम मिला है। श्रद्धेय नाना जी, पंडित दीनदयाल जी और महात्मा गांधी जी का ग्राम विकास का जो सपना है उसे पूरा करने के लिए देश के प्रत्येक गांव में 2 उद्योगों की स्थापना करना होगा। आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में हमारे यहां की बनी कई चीजें आज विदेश जा रही हैं। आप जैसे लोग जो भी उत्पादन करें उसको विपणन के लिए उचित प्लेटफार्म मिले उसके लिए सरकार एक पोर्टल तैयार कर रही है। नाना जी के सपनों को पूरा करने के लिए हर गांव में गोबर से ऑयल पेंट बनाने का एक कारखाना शुरु करना होगा। ताकि पशुपालकों को गोबर का मूल्य मिल सके और रोजगार भी सृजित हो सके। इसके लिए दीनदयाल शोध संस्थान को भी 100 क्लस्टर तैयार करने का बीड़ा उठाना होगा।




# डीएम ने आरईएस के अवर अभिंयता से किया जवाब तलब

**हमीरपर।** आज जिलाधिकारी डॉ ज्ञानेश्वर त्रिपाठी ने ग्राम पंचायतों के विभिन्न कार्यों का औचक रूप से निरीक्षण कर आरईएस के अभियंता से जवाब तलब किया है। डीएम ने ग्राम पंचायत नेवादा में बने सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण किया तथा शौचालय की डिजाइन मानक के अनुरूप ना पाए जाने पर जिलाधिकारी ने जेई आरईएस को नोटिस देकर स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए हैं । मौके पर सार्वजनिक शौचालय के क्रियाशील ना होने पर जिलाधिकारी ने तत्काल क्रियाशील करने के तथा पानी की टंकी आदि रखने के निर्देश दिए ।उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की महिला के माध्यम से इसको शीघ्र क्रियाशील किया जाए। कहा कि सार्वजनिक शौचालय का गेट मानक डिजाइन के अनुरूप रखा जाए, शौचालय के बाउंड्री वाल का शीघ्र निर्माण कराया जाए । जिलाधिकारी ने बिंवार में बने खेल के मैदान का निरीक्षण किया। जहां बाउण्ड्रीवाल टूटी पाए जाने पर उसे दुरुस्त कराने के निर्देश दिए । उन्होंने कहा कि खेल के मैदान में साफसफाई करायी जाय तथा इसको शीघ्र विकसित किया जाए। गाँव के युवक मंगल दलों को सक्रिय किया जाय तथा उन्हें खेलकूद किट उपलब्ध करायी जाये ग्राम पंचायत बिंवार के पंचायत भवन का भी निरीक्षण किया तथा कहा कि पंचायत भवन में वर्ष 2019- 20 एवं 2020-21 के प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का वॉल पेंट कराया जाए। कहा कि ग्राम पंचायत की धनराशि से रोड किनारे बनवायी गयी दुकानों से प्राप्त आयध् धनराशि को ग्राम पंचायत के खाते में जमा कराने के निर्देश दिए।

# अपराधियों पर करें कार्रवाई: एएसपी

**माधौगढ़ ( जालौन )।** अपर पुलिस अधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार सिंह ने माधौगढ़ कोतवाली सर्किल के सभी थानाध्यक्षों के साथ मीटिंग की मीटिंग के दौरान सभी अधीनस्थों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये ।

एएसपी ने पंचायती चुनाव को लेकर प्रशासनिक रणनीति बनाने में पूरी तरह कमर कस ली है देखा जाये तो कोतवाली माधौगढ़ सर्किल के थानाध्यक्षों गोहन, रामपुरा, रेढ़र के साथ चर्चा की। सभी थानाध्यक्षों को निर्देशित करते हुए कहा कि अराजकता फैलाने वाले व अपराधियों के खिलाफ स ती से पेश आये व अधिकांश क्षेत्रीय स्तर पर जुआ, सट्टा, शराब तस्वीरों पर पैनी नजर रखें किसी भी प्रकार की हल चल समझ आने पर अपराधियों को हिरासत में लें व ग्राम पंचायतों में अराजकतत्वों व अपराधियों को चिन्हित कर उन पर कानूनी कार्यवाही करें। उन्होंने बताया कि सभी थाना अध्यक्ष चुनाव को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग करें व आम जन के बीच आपसी समन्वय उन्होंने बताया कि सभी थाना अध्यक्ष चुनाव को लेकर पीस कमेटी की मीटिंग करें व आम जन के बीच आपसी समन्वय बनाये व मित्रवत व्यवहार रखें ताकि क्षेत्रीय व ग्रामीण क्षेत्रों की गोपनीय जानकारी अवैध शराब तस्करी, अराजकता का माहौल गढ़ने वालों की सूचना पुलिस को मिल सके जिससे अपराध पर अंकुश लगाया जा सके तो वहीं जानकारी देने वाले श स को गोपनीय रखा जायेगा। मीटिंग के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बीएल यादव, रामपुरा थाना प्रभारी जेपी पाल, रेढ़र थाना प्रभारी, गोहन थाना प्रभारी राजीव वैश्य व उपनिरीक्षक रामवीर सिंह, योगेन्द्र सिंह लेखपाल चन्द्रपाल निरंजन, निशा यादव, सदर लेखपाल मंसूर खांन अन्य पुलिस स्टाफमौजूद रहा।

# एक से तीन तक निपटेंगी किसानों की समस्यायें: जिलाधिकारी

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि प्रत्येक विकासखण्ड में राजकीय कृषि बीज भंडारे पर एक से तीन मार्च तक प्रधानमंत्री किसान स मान दिवस में किसानों की स मान निधि से संबंधित समस्याओं का निराकरण किया जायेगा। शनिवार को डीएम शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि जिन किसानों के आधार न बर गलत होने पर स मान निधि का लाभ नहीं मिल रहा है, वह किसान एक से तीन मार्च तक सवेरे दस से शाम पांच बजे तक ब्लाक मु यालय पर राजकीय बीज गोदाम में अपने आधार कार्ड, बैंक खाते की छायाप्रति के साथ पहुंचकर डाटा ठीक करायें। आधार सं या या नाम गलत होने पर जिन्हें आगामी किस्तें नहीं मिल रही हैं, ऐसे किसानों को बैंक अभिलेख में अंकित पते को सिविल प्रभारी दुरुस्त करायेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों में मुनादी कराई जाये कि कै प स्थल पर नामित कर्मचारी-अधिकारी की टीम मौजूद रहेगी। न्याय पंचायत और गांव पंचायत में किसानों की समस्यायें निपटाई जायेंगी। जो किसान वास्तव में पात्र हैं। किन्हीं कारणोंवश अपात्र प्रदर्शित हो रहे हैं। ऐसे किसानों को लाभ दिया जायेगा। ब्लाक में शिविर में तीनों दिन लेखपाल मौजूद रहकर वरासत जारी करेंगे। किसानों की जमीन के विवरण संबंधित लेखपाल सत्यापित करेंगे। उन्होंने अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक को निर्देश दिये कि जिले के सभी विकासखण्डों में होने वाले समाधान दिवस में बैंक शाखाओं के प्रतिनिधियों के मौजूद रहने के निर्देश जारी करें।

# सर्वाधिक नंबर पाने वाली बालिका के नाम से होगा तालाब: जयेन्द्र

**संवाददाता।** कालपी (जालौन)



**शनिवार को** उप जिलाधिकारी जयेन्द्र कुमार आईएएस अध्यक्षता में व तहसीलदार शशिबिन्द द्विवेदी की मौजूदगी में मिशन शक्ति के अंतर्गत ग्राम सिमरा शेखपुर में कार्यक्रम आयोजित हुआ ।कार्यक्रम मे सहमति बनी की हाईस्कूल में सर्वाधिक नंबर पाने वाली बालिका के नाम से तालाब का सुन्दरीकरण के पश्चात नाम रखने की योजना बनी। व विरासत अभियान में शत प्रतिशत महिलाओं के नाम अंकित पाए गए, कोई महिला खातेदार का नाम नहीं छूटा है। वहीं महिला आत्मनिर्भरता हेतु रोजगार में स्वयं सहायता समूह व उद्योग के संबंध में जागरूक करते हुये ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जयेन्द्र कुमार ने कहा कि महिलाओं की भूमि पर अवैध कब्जा हटाने का प्रोग्राम बनाया गया है जो जल्द टीम बनाकर अवैध कब्जे हटाये जायेगे। वही कार्यक्रम में मौजूद तहसीलदार शशिविन्द द्विवेदी ने मिशन शक्ति कार्यक्रम मे कहा कि महिला हेल्पलाइन नंबर 181 व 1090 इत्यादि के बारे में ग्रामीणो को जानकारी देते हुये कहा कि कन्या सुमंगला व महिलाओं से जुड़ी कई योजनाओं के बारे मे बताया और उनका लाभ कैसे ले जिसकी संपूर्ण जानकारी दी। इस मौके पर क्षेत्रीय लेखपाल, ग्राम प्रधान, ग्राम विकास सचिव सहित सैकडों ग्राम व क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# सामाजिक परिवर्तन के अग्रदूत थे रविदासः प्रजापति




**चित्रकूट।** पूरे देश में हिंदुत्व जगाने एवं समाज में आपसी भाईचारा समरसता कायम रखने के लिए योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में संचालित विश्व हिंदू महासभा की ओर से संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में मु य अतिथि के रुप में प्रदेश अध्यक्ष भिखारी लाल प्रजापति मौजूद रहे। संगठन की प्रदेश मंत्री श्रीमती ज्योति करवरिया, नीता करवरिया,सीमा निगम, सरस्वती, ममता तिवारी, गीता तिवारी, अर्चना श्रीवास्तव एवं जिलाध्यक्ष शिवकुमार मिश्रा ने सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ और अंग वस्त्र भेंट कर स्वागत अभिनंदन किया। कार्यक्रम की शुरुआत मु य अतिथि सहित सभी लोगों ने संत रविदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष भिखारी प्रजापति ने कहा कि देशभर में उत्तर प्रदेश के मु यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के निर्देशन में हिंदुत्व को मजबूती प्रदान करने और हिंदू समाज में एकता अखंडता कायम रखते हुए विश्व हिंदू महासंघ काम कर रहा है। योगी जी के निर्देशानुसार पूरे देश में संत रविदास जी की जयंती पर साप्ताहिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी जयंती के उपलक्ष में आज चित्रकूट में संत रविदास जी की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस पर उन्होंने यहां के जिला पदाधिकारियों प्रांतीय पदाधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया। बताया कि कल वह हो प्रयागराज में संत रविदास जयंती के साप्ताहिक कार्यक्रमों का समापन करेंगे। अपने संबोधन में भिखारी प्रजापति ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज में एकता भाईचारा समरसता कायम रखने का संदेश दिया था। हमे उनके बताए मार्ग पर चलना चाहिए। विश्व हिंदू महासंघ की प्रदेश मंत्री ज्योति करवरिया ने कहा कि हिंदुत्व को विखंडित करने के लिए अनेक असुर शक्तियां देश में काम कर रही हैं। हमें उनका डटकर मुकाबला करना चाहिए और हिंदू समाज को संगठित करने के लिए काम करना चाहिए। जनपद चित्रकूट में हिंदुत्व की रक्षा के लिए उनका संगठन सभी पदाधिकारी मुस्तैदी से लगे हुए हैं और हिंदुत्व की रक्षा के लिए योगी जी के नेतृत्व में सब लोग काम कर रहे हैं। इसी एकता के बल पर 2022 का चुनाव भी भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में जाएगा। उन्होंने कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार जताया। कार्यक्रम में ज्योति करवाया, मीता करवरिया,सभासद सीमा निगम, ममता तिवारी, जगदीश केसरवानी ने अतिथियों को कामता नाथ का चित्र भेंट किया ।कार्यक्रम में अंकित पांडेय,रणविजय सिंह, दीपक द्विवेदी, किशन करवरिया, पवन अनुरागी, किशन करवरिया, मनीष सिंह तोमर, शिवचरण प्रजापति, मनोरमा सिंह, जिला अध्यक्ष शिव कुमार मिश्र आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे ।कार्यक्रम का सफ्ल संचालन गोरक्षा प्रभारी नत्थू पांडेय द्वारा किया गया।

# उठाई श्रम कानूनों में छूट का आदेश वापस लेने की मांग



**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश उत्तराखंड मेडिकल एंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव एसोसिएशन के जिला महामंत्री का देवेन्द्र सिंह, जिलाध्यक्ष भूमेश्वर पाण्डेय की अगुवाई में सभी पदाधिकारियों ने बुंदेलखंड विकास बोर्ड उपाध्यक्ष दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजा बुन्देला के श्रम कानूनों से तीन साल की छूट के आदेश को वापस लेने एवं सेल्स प्रमोशन ए पलाइज की समस्याओं की बाबत मु यमंत्री स बोधित ज्ञापन सौंपा।

शनिवार को महामंत्री देवेन्द्र सिंह ने सेल्स प्रमोशन ए पलाइज की समस्याओं पर चर्चा करते हुए कार्य दिवस आठ घंटे बढ़ाकर बारह घंटे की अधिसूचना रदद् करने की मांग उठाई। लघु व माध्यम उद्योगों को विशेष पैकेज देकर मजदूरों के वेतन का अस्सी फीसदी हिस्सा सरकार दे। क पनी मालिकों के लॉकडाउन की अवधि में पूरे समय का वेतन दिया जाये। श्रम कानूनों से तीन साल छूट देने के निर्णय को वापस लिया जाए। सेल्स प्रमोशन ए पलाइज के लिये 21 हजार न्यूनतम वेतन घोषित किया जाये। बुंदेली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह समेत संगठन के सदस्य उपाध्यक्ष तोशेन्द्र सिंह, कोषाध्यक्ष करण सिंह, शोभराज मिश्रा, सुबोध शर्मा, कृष्णा पाण्डेय, अभिषेक सिंह, सीएल सिंह, अभिषेक श्रीवास्तव, शिव सिंह, मनोज कुशवाहा, मनीष पांडेय, शशिकांत पदाधिकारी मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### ठेलिया चुराते तीन धरे गये

**मौदहा (हमीरपुर)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रीवन निवासी भूरा कुशवाहा चाट का ठेला लगा कर परिवार का भरण-पोषण करता है वही रात को अपने घर के दरवाजे के बाहर चाट का ठेला खडा कर सो गया तीन व्यक्ति ग्राम रीवन निवासी चन्द्र कुमार, राजाबाबू, और चांदबाबू ने रात में उसका ठेला घसीट कर ले जाने लगे तभी मोहल्ले वाले जाग गये शोर गुल सुन ग्रामीण एकत्र हो गए और ग्रामीणों के सहयोग से तीनों यूवको को ठिलिया सहित पकड़ लिया वहीं सुबह 112 नंबर पुलिस को बुलाकर थाना मौदहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया।

### विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी

**हमीरपुर।** कुराश थाना क्षेत्र के शेखुपुर गाँव में अज्ञात कारण के चलते विवाहिता ने कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली ।वही परिजनों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेजा है।क्षेत्र के शेखुपुर गाँव में बीती रात अज्ञात कारण के चलते नेहा 32वर्ष पत्नी मनीष कुमार अवस्थी ने अपने कमरे में फाँसी लगाकर आत्महत्या कर ली । घटना की जानकारी सुबह परिजनों को हुई । तब उन्होंने थाना पुलिस को सूचना दी। तब उपनिरीक्षक शिवदान सिंह व जितेन्द्र बहादुर सिंह ने मौके पर जाकर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। वही मृतका की शादी को 11 वर्ष हो गए हैं। उसके कोई संतान नही थी । वही पति बाहर रहकर काम करता था।

### अन्ना पशु चर गये लहलहाती फसल, रिपोर्ट

**हमीरपुर।** कुरारा थाना क्षेत्र के जमरेही ऊपर ग्रामपंचायत में बंद अन्ना गौबंश को बीती रात अराजक तत्व ने गोशाला से निकाल दिया जिससे ग्रामीणों की फसल का नुकसान हुआ है। वही ग्राम पंचायत विकास अधिकारी ने अज्ञात के खिलाफथाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। क्षेत्र के जमरेही ऊपर गाँव के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी राममोहन पाल ने थाने में तहरीर देकर बताया कि गांव में बनी गौशाला में 51 गौबंश संरचित है। वही बीती रात जब गौशाला का चौकीदार खाना खाने घर चला आया तब अज्ञात लोगों ने गौशाला का ताला तोड़कर गौबंश को बाहर निकाल दिया । तथा वहाँ रखे चार हैंडप प के पाइप भी चोरी कर ले गए । सुबह अन्ना गौबंश को ग्रामीणों के सहयोग से अंदर कराया गया है। इससे फसल का नुकसान हुआ है। सचिव ने थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफतहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।

### केंद्रीय मंत्री के आदेश का कोई असर नही

**कुरारा।** विकास खण्ड क्षेत्र के मिश्री पुर गाँव में अन्ना गौबंश के लिए अभी तक चारा की व्यवस्था न हो पाने के कारण जंगल में चराने की व्यवस्था चल रही है। वही एक सप्ताह पूर्व केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री की चौपाल में गौशाला संचालन में हीला हवाली करने पर सचिव को निलंबित किया गया था। लेकिन इसमें कोई सुधार नहीं हो पाया है। क्षेत्र के मिश्री पुर गाँव में संचालित गौशाला में अन्ना पशुओं के लिये चारा की व्यवस्था न होने पर सचिव के खिलाफनिल बन की कार्यवाही की गई थी। वही सिमरा गाँव में केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति ने चौपाल लगाई थी। जिसमे ग्रामीणों की शिकायत पर कार्यवाही की गई थी। तथा ग्रामप्रधान मिश्रीपुर को चौपाल से मंत्री ने बाहर कर दिया था। वही गौशाला में रखे पशुओं के चारा की व्यवस्था अभी तक नही हो पाई है। मन्त्री का आदेश हवाई साबित हो रहा है। वही आज भी गौबंश को चरवाहा जंगल में ले जाते हैं। तथा खुले में विचरण कर रहे हैं। तथा फसल का नुकसान कर रहे हैं।ग्रामीणों ने चारा की व्यवस्था कराये जाने की मांग की है।

### कुरारा में रविदास जयंती का किया गया आयोजन

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के भौली रॉड स्थित भजना नंद आश्रम में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वही रविदास की शोभायात्रा नगर में निकाली गई।वही अध्यक्ष ता बाबूराम चौधरी ने की।इस अवसर पर रविदास जी के चरित्र चित्रण पर वक्ताओ ने प्रकाश डाला। चेयर मैं न कुरारा श्री कांत गुप्ता ने कहा कि रविदास जी ने अपने कार्य मे निष्ठा रखी और समाज को नई दिशा दी। शिवशरण यादव ने महापुरषो के बताए रास्ते पर चलने का आवाहन किया।पूर्व चेयर मेन माया बाल्मीक ने कहा संत रविदास जी ने समाज को दिशा देने का काम किया है।मनीराम वर्मा ने बच्चों की शिक्षा पर जोर देने की बात कही ।शिक्षा से समाज की उन्नत होगी। रामकरन अहिरवार ने बुराइयों को छोड़ने की अपील की। वही मु य अतिथि एस पी राम ने कहा कि रविदास जी के बताए रास्ते पर चलने की जरूरत है। तथा बुराइयों को त्याग कर सुधार कर के नई पीढ़ी को दिशा देने की जरूरत है। कार्यक्रम की अध्यछता कर रहे बाबूराम चौधरी ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर पप्पू गौतम, जगपाल,नफीस, विनय अहिरवार, रामकरन रिठारी , सुरेंद्र यादव, नारायणदास अकेला, जगभान वर्मा, अखिलेश श्रीवास,अशोक विद्यार्थी, अजीत बहादुर साहू, गंगाराम वर्मा आदि मौजूद रहे।

### सात सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हुये

**राठ।** स्वामी ब्रहमानंद इंटर कॉलिज की प्रबंध समिति के चुनाव नामांकन वापसी में 8 सदस्यों में से एक सदस्य वीरपाल द्वारा अपना नामांकन वापस ले लेने से समिति के 7 सदस्य निर्विरोध निर्वाचित चुने गये। वहीं उपाध्यक्ष पद पर बालकेश मुंशी द्वारा अपना नामांकन पत्र वापस लेने से उ मीदवार ओमप्रकाश चौरसिया उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुने गये। अब उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव नहीं होगा। शेष चार पद अध्यक्ष, प्रबंधक, उप प्रबंधक एवं कोषाध्यक्ष पद पर दो-दो उ मीदवार होने के कारण 4 पदों पर कल रविवार को सुबह 10 से 5 बजे तक मतदान होगा। इसके बाद 5रू30 से मतगणना शुरू होगी। नामांकन वापसी के समय उप सभापति सुरेंद्र सिंह राजपूत, पर्यवेक्षक जगदीश प्रसाद यादव, प्रधानाचार्य राजकीय हाईस्कूल जरिया एवं पीठासीन अधिकारी हरिमोहन चंसौरिया ने सभी प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आवंटन किये।

### चोर चुरा ले गये दो लाख के जेवरात

**जालौन (उरई)।** अज्ञात चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर लगभग 2 लाख रुपये के सोने चांदी के जेवर उड़ाए। पीड़ित गृहस्वामी ने चोरी की सूचना कोतवाली में तहरीर देकर की है। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके का मुआयना किया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला चुर्खीवाल निवासी चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव पत्नी के साथ रहते हैं। पास में ही उनके रिश्तेदार भी हैं। शुक्रवार की रात वह अपने रिश्तेदार के यहां पत्नी सहित गए थे। घर में ताला लगा था। रात में किसी समय घर के मेन गेट का ताला तोड़कर अज्ञात चोर घर में घुस गए। चोरों ने कमरे व अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखा सोने का हार, मंगलसूत्र, कान के कुंडल समेत लगभग 2 लाख रुपए के जेवर चोरी कर लिए। सुबह जब लोगों ने उनके घर के ताले टूटे देखे तो उन्हें सूचना दी। पीड़ित गृहस्वामी ने घर पहुंचकर पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अभी रिपोर्ट दर्ज नहीं की है। घटना को लेकर आसपास पूछताछ कर रही है।

### ढाबों पर संदिग्ध व्यक्ति दिखे तो तत्काल दें पुलिस को सूचना

**जालौन (उरई)।** होटल और ढाबों पर आने वाले संदिग्ध व्यक्तियों के बारे में पुलिस को सूचित करें। होटलों व ढाबों पर शराब न पीने दें। यह निर्देश प्रभारी कोतवाल ने नगर में स्तिथ होटलों व ढाबों की चेकिंग के दौरान दिए। प्रभारी कोतवाल आनंद सिंह के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार की रात नगर में स्तिथ होटलों व ढाबों पर चेकिंग अभियान चलाया।

### शिविर में छात्र-छात्राओं को योगा यास के आसन समझाए

**कुसमिलिया (उरई)।** चौधरी दिग्विजय सिंह महाविद्यालय डकोर में योगाचार्य जगमोहन सिंह यादव के निर्देशन में महाविद्यालय के 50 छात्र छात्राओं ने अपने को स्वस्थ रखने हेतु योगाचार्य के साथ योगा यास किया योगा यास में विभिन्न रोगों से बचाव हेतु कपालभाति, अनुलोम विलोम जिससे ब्लड प्रेशर आदि में महत्वपूर्ण बचाव होता है इस प्रकार योगाचार्य ने बताया कि गलत खानपान तथा खराब जीवनशैली से रात में देर तक जागना तथा प्रातः काल देर से सोकर उठने से तमाम तरह की बीमारियां हो जाती हैं सुबह की जागरण से मस्तिष्क स्वस्थ रहता है तथा पढ़ाई में मन लगता है तथा शुगर इत्यादि रोग कभी पास भी नहीं आते हैं अतः सभी छात्र छात्राओं को सुबह जाकर एक घंटा समय अनुसार योगा यास करना चाहिए इस प्रकार शरीर में कभी भी खून की कमी नहीं रहती है और व्यक्ति पूर्णता स्वस्थ रहता है इस मौके पर कई तरह के व्यायाम कराए गए जिसमें मंडूकासन एवं भामरी प्रमुख रूप से सिखाए गए। इस मौके पर प्रबंधक हरजीत यादव प्राचार्य सीमा सिंघल, उप प्राचार्य संतोष तिवारी, अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह यादव, राजेंद्र सिंह एडवोकेट, भगवती शरण पटेरिया पूर्व प्रधानाचार्य रामसेवक बाबूजी, रिंकू दुबे डॉ. रमाशंकर श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

### तीन तीन दिन डीटीओ व डिप्टी डीटीओ देखेगे टीबी मरीज

**हमीरपुर।** राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत शासन ने कहा है कि क्षय रोगियों को तीन दिन जिला क्षय रोग अधिकारी व तीन दिन उप जिला क्षय रोग अधिकारी मरीजो का इलाज करेगे। शासन ने कहा है कि क्षय रोगियों का उपचार शुरु कर दिया जाये, जिला क्षय रोग अधिकारी सोमवार, बुधवार, शुक्रवार को मरीज देखेगे। मंगल, गुरुवार, शनिवार को उप जिला क्षय रोग अधिकारी मरीजो का उपचार करेगे। यदि किसी अस्पताल में उपजिला क्षय रोगअधिकारी नही है तो सीएमओ से समन्वय स्थापित कर अधिकारी को नियुक्त किया जाये। शासन ने एक प्रारुप देकर कहा है कि जिला क्षय रोग अधिकारी व उपजिला क्षय रोग अधिकारी माह की पूरी रिपोर्ट शासन को भेजेगे किस अधिकारी ने कितने मरीज देखे इसकी रिपोर्ट माह की दो तारीख को भेजे।

### 12 लोगों ने खिलाफपुलिस ने की गुण्डाएक्ट की कार्रवाई

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर अपराधों में अंकुश लगाने को भरतकूप थानाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने 12 लोगों के खिलाफगुण्डा एक्ट की कार्रवाई की है। इस कार्यवाही से अपराधी तत्वों में खलबली मच गई है। शनिवार को भरतकूप थानाध्यक्ष संजय उपाध्याय ने धौरहीमाफी गांव के गंगा यादव पुत्र शिवकुमार, श्यामसुन्दर पुत्र शिवकुमार, रामलखन पुत्र शिवकुमार व फटापुरवा रसिन के बद्री पुत्र सिपाहीलाल, राजेन्द्र पुत्र हरिश्चन्द्र, हरश्चिन्द्र पुत्र सिपाहीलाल, जयकरन पुत्र हरिश्चन्द्र तथा भैसौंधा के कुबेर सिंह पुत्र रामशरण, संजय पुत्र रामभवन, अजय पुत्र रामभवन, दहिनी गांव के रामसेवक पुत्र कल्लू निषाद, भारतपुर के लालमन पटेल पुत्र चन्द्रभान के खिलाफ110जी के तहत कार्यवाही की है।

# कार्यकर्ताओं के बूते भाजपा अब पंचायत चुनाव में रचेगी नया इतिहास

संवाददाता। सुलतानपुर



**भारतीय** जनता पार्टी ने पंचायत चुनाव की तैयारी व्यापक पैमाने पर शुरू कर दी है। शनिवार को जिला पंचायत के 24 वार्डों में बैठक आयोजित हुई। बैठकों में भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत कर आगामी कार्ययोजना व चुनावी रणनीति को अन्तिम रूप दिया।

मण्डल अध्यक्ष संदीप तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित जिला पंचायत धनपतगंज/ कुड़वार वार्ड नं. 24 की बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा कि प्रत्येक बूथ एवं शक्ति केन्द्रों को अभेद्य दुर्ग के रूप में मजबूत करना है। उन्होंने कहा कार्यकर्ताओं के दम पर पार्टी पंचायत चुनाव में नया इतिहास रचेगी। उन्होंने पार्टी नेतृत्व द्वारा तय आगामी कार्यक्रमों, ग्राम संपर्क अभियान, ग्राम चौपाल एवं ग्राम पंचायत स्तर पर होने वाली बैठकों के सफल आयोजन के लिए विस्तार से चर्चा की। धनपतगंज के गुरूकुल एकेडेमी में आयोजित बैठक में प्रवीन कुमार अग्रवाल ने कहा गरीबों तक केन्द्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ भ्रष्टाचार मुक्त व पारदर्शी ढंग से पहुँचे इसके लिए पंचायत में भाजपा की सरकार बनाना जरूरी है। इस मौके पर अवध कुमार सिंह, संतबख्श सिंह,चन्दन सिंह,अखिलेश मिश्रा, उमाकांत शुक्ला सहित जिम्मेदार कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

भाजपा प्रवक्ता विजय सिंह रघुवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि ब्रजभूषण मिश्रा के संयोजन में आयोजित जिला पंचायत वार्ड संख्या -21 की बैठक को जिला मंत्री विवेक सिंह, संदीप मिश्रा पूर्व सांसद प्रतिनिधि, वार्ड नं. 28 बल्दीराय - धनपतगंज को रामभवन मिश्रा, वार्ड नम्बर-35 की बैठक को जिला मंत्री प्रदीप शुक्ला, वार्ड नम्बर- 3 अखण्डनगर तृतीय की बैठक को जिला महामंत्री संदीप सिंह, वार्ड नं.- 4 की बैठक को जिला उपाध्यक्ष आनन्द प्रकाश द्विवेदी, वार्ड नं.-8 कादीपुर प्रथम की बैठक को जिला महामंत्री धर्मेन्द्र कुमार, वार्ड नं.-18 कूरेभार प्रथम की बैठक को जिला उपाध्यक्ष प्रीति प्रकाश, वार्ड नम्बर - 25 की बैठक को जिला मंत्री आशीष सिंह,वार्ड नं. - 17 जयसिंहपुर/कूरेभार की बैठक को सहकारी बैंक अध्यक्ष विजय मिश्रा, वार्ड नं-12 मोतिगरपुर बैठक को रूपेश सिंह, वार्ड नं.14 जयसिंहपुर प्रथम की बैठक को जिला मंत्री जगदीश चौरसिया ने संबोधित किया और पंचायत चुनाव में जीत का परचम फहराने के लिए रणनीति को अन्तिम रूप दिया। इसी क्रम में शनिवार को जिला पंचायत वार्ड संख्या 5 , 9 , 14 , 15, 19 , 26 , 28 , 30 , 35, 36 , 37, 39 , 42 , 43 , 44 एवं वार्ड संख्या 45 की बैठकें आयोजित हुई जिसमें वरिष्ठ नेताओं ने शिरकत कर रणनीति को अन्तिम रूप दिया। शेष 13 वार्डों की बैठक 1 मार्च को आयोजित होगी।

बैठकों में ओम प्रकाश पांडे, महिला आयोग सदस्य सुमन सिंह, विनोद सिंह, रजनीश मिश्रा, हरिशंकर वर्मा, इन्द्रदेव मिश्रा, शिवशंकर तिवारी, उपमा शर्मा, महेश सिंह, अशोक सिंह, मुकेश अग्रहरि, सुधीर साहू, देवेन्द्र सिंह,रेनू सिंह, आकाश जायसवाल, राजमणि सिंह, धर्मेन्द्र शर्मा, तेज बहादुर तिवारी, बृजभूषण मिश्र, सुभाष वर्मा, लक्ष्मीकांत दूबे, सिद्धिनाथ मिश्रा, राघवेन्द्र, शेष कुमार सिंह सहित वार्ड संयोजक, ब्लाक संयोजक, मण्डल अध्यक्ष मण्डल प्रभारी, शक्तिकेन्द्र प्रमुख सहित बड़ी संख्या में जिम्मेदार उपस्थित रहे।

## डीएम के निर्देश पर अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर हुयी छापेमारी

**श्रावस्ती इकौना।** जिलाधिकारी टी के शिबू के निर्देश पर शनिवार को इकौना के एसडीएम व सीएचसी अधीक्षक ने इकौना नगर मे स्थित अल्ट्रासाउंड सेंटरों की जांच की इस दौरान कई केंद्रों पर अभिलेख दुरुस्त न मिलने पर केन्द्र संचालकों को चेतावनी दी गयी। इस अभियान से नगर में स्थित अल्ट्रासाउंड केन्द्र संचालकों मे दिन भर हड़कंप व्याप्त रहा।एसडीएम राजेश मिश्र ने सीएचसी अधीक्षक डाण् आशीष श्रीवास्तव के साथ इकौना नगर में स्थित शेखर डायग्नोसिक सेंटरए लाईफ केयरए सेवा डायग्नोस्टिक सेंटरए सपना अल्ट्रासाउंडए ज्योति अल्ट्रासाउंड सेंटरो का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान अल्ट्रासाउंड सेंटरों पर मरीजों के परीक्षण संबंधी अभिलेख अपूर्ण व नियमानुसार नहीं पाये गये। अल्ट्रासाउंड केन्द्रों पर भ्रूण परीक्षण संबंधी चेतावनी भी छोटे अक्षरों मे लिखी पायी गई।

# विश्व हिंदू महासंघ ने संत रविदास को किया नमन

संवाददाता। सुलतानपुर




**विश्व** हिंदू महासंघ सुल्तानपुर ने संत रविदास जयंती के शुभ अवसर पर गनपत सहाय महाविद्यालय के महिला विभाग में आयोजित की गोष्ठी एवं समरसता भोज, कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक एवं होम्योपैथी मेडिसिन बोर्ड उत्तर प्रदेश के सदस्य डॉ रमाशंकर मिश्र ने की, मुख्य अतिथि रहे प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य बृजेश नारायण सिंह, संचालन राजेन्द्र शर्मा ने किया व आभार जिलाध्यक्ष दिनकर सिंह ने प्रेषित किया। मुख्य वक्ता डॉ सुधाकर सिंह ने आज जात पात के भेद से ऊपर उठकर एक दूसरे के सहयोग के साथ मां भारती की सेवा करने का संकल्प लेने के लिए उपस्थित लोगों का आवाहन किया। दिनेशानंद जी, मारकंडेय सिंह पूर्व प्रधानाचार्य ने भी गोष्ठी को संबोधित किया। सभी ने एक स्वर से रविदास जी के विचारों को जीवन में व्यवहार में लाने की पुरजोर वकालत की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित रहे काउंसिल ऑफ उद्योग व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष अशोक कसौधन, कुलदीप गुप्ता, वरिष्ठ पत्रकार बंधु, केशव प्रसाद सिंह, डॉ एनके शर्मा, अजय कुमार मिश्रा, वरिष्ठ कांग्रेसी नेता योगेश प्रताप सिंह, गोमती मित्र मंडल के संरक्षक रतन कसौधन, प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह, महिला मंडल की वरिष्ठ पदाधिकारी सरिता सेठ, राजश्री, वंदना माहेश्वरी, सोनी कसौधन, रिंकी सेठ आदि।

# समाधान दिवस में आए 12 मामलों में 3 का निस्तारण

- शेष मामलों के निस्तारण के लिए गठित की गईं टीमें

संवाददाता। शिवगढ़,रायबरेली



**शिवगढ़** थाना परिसर में महराजगंज तहसीलदार अजय कुमार की अध्यक्षता में समाधान दिवस सम्पन्न हुआ। समाधान दिवस में आए कुल 12 मामलों में 3 मामलों का मौके पर ही निस्तारण हो गया। वहीं शेष 9 मामलों के निस्तारण के लिए पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर दी गई हैं। गौरतलब हो कि शनिवार को शिवगढ़ थाना परिसर में तहसीलदार अजय कुमार की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 12 मामलों में 10 राजस्व से संबंधित व 2 पुलिस से संबंधित मामले आए थे। जिनमें से एक राजस्व से संबंधित व पुलिस से संबंधित दोनों मामलों का मौके पर ही निस्तारण हो गया। वहीं शेष बचे 9 मामलों के निस्तारण के लिए तहसीलदार ने पुलिस एवं राजस्व की संयुक्त टीमें गठित कर दीं है। समाधान दिवस में तहसीलदार अजय कुमार ने लेखपालों को निर्देशित करते हुए कहा कि एक सप्ताह के अन्दर सड़क के किनारे स्थित सुरक्षित जमीनों व ऐसे तालाबों जिन्हित कर रिपोर्ट दें, जिन तालाबों का अभी तक पट्टा नही हुआ। इस मौके पर थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव,गुमावां पुलिस चौकी इंचार्ज कृष्णचन्द्र, एसआई राम कृपाल सिंह, महराज यादव आदि लोग मौजूद रहे।

# नहर की जमीन कब्जे से करा ली गई मुक्त

- पायनियर की खबर का असर

संवाददाता। बछरावां रायबरेली





**सिंचाई** विभाग की पहल व समाचार पत्रों में प्रमुखता से खबर प्रकाशित होने से बछरावां नगर में बगाही माइनर ज्ञात हो कि बछरावां नगर में प्रयागराज लखनऊ राजमार्ग से लगभग 150 मीटर की दूरी पर बगाही माइनर पर हेड की तरफ गेट व पिलर लगाकर कब्जा करके। यह आम रास्ता नहीं है का बैनर लगा दिया गया था। जिसको लेकर सिंचाई विभाग के अवर अभियंता आर के यादव ने बछरावां थाने में लिखित शिकायत पत्र दिया था। शिकायती पत्र में अवैध निर्माण का दोषी आरोपित किया था। उस मामले को दैनिक समाचार पत्र में प्रमुखता से प्रकाशित होने पर प्रशासनिक अमला हरकत में आया। बछरावां थाना अध्यक्ष राकेश सिंह अवगत कराया था कि समाधान दिवस के दिन बगाही माइनर की पटरी पर अवैध कब्जे को टीम बनाकर निस्तारण किया जाएगा। वहीं समाधान दिवस से पूर्व ही नहर की पटरी पर निर्माण को गिरवा कर आम रास्ते को अवैध कब्जे से मुक्त कर दिया। अवैध कब्जे से बगाही माइनर मुक्त होने पर प्रशासन व समाचार पत्रों के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है।

# पूर्वांचल एक्सप्रेस-वे के निर्माण में लाएं तेजी:अवस्थी

संवाददाता। सुलतानपुर



**अपर** मुख्य सचिव, गृह व मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा उ0प्र0 अवनीश कुमार अवस्थी पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के पैकेज-3 का निरीक्षण तथा पैकेज-3 व 4 निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक करने कैम्प ऑफिस पूर्वांचल एक्सप्रेसवे कुवांसी बड़ाडॉड सुलतानपुर आज हेलीकाप्टर से हवाई सर्वेक्षण के पश्चात पहुँचे। जहाँ प्रभारी जिलाधिकारीध्मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स व पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरविन्द चतुर्वेदी द्वारा अपर मुख्य सचिव, गृह का जनपद में आगमन पर पुष्प भेंटकर स्वागत किया। मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा ने समीक्षा बैठक के दौरान समस्त कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अवशेष कार्यों को पूर्ण करने के लिये और तेजी लायें। अपर मुख्य सचिव, गृह व मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा श्री अवस्थी ने बिन्दुवार समीक्षा बैठक में निर्देशित किया कि सभी पैकेज का कार्य एक साथ पूर्ण किये जायें। बैठक में उनके संज्ञान में लाया गया कि सरिया इत्यादि की चोरी हो जाती है, जिस पर उन्होंने पुलिस अधीक्षक को निर्देशित किया कि यथाशीघ्र इस प्रकरण में कार्यवाही सुनिश्चित करें। बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों ने अपनी-अपनी प्रगति की जानकारी अपर मुख्य सचिव गृह को दी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी यूपीडा ने समीक्षा बैठक के दौरान पाया कि अद्यतन क्लीयरिंग एण्ड ग्रबिंग का कार्य 100 प्रतिशत, मिट्टी का कार्य 98 प्रतिशत, सबग्रेड का कार्य 87 प्रतिशत, जी0एस0बी0 का कार्य 85 प्रतिशत, डब्लू0एम0एम0 का कार्य 82 प्रतिशत, डी0बी0एम0 का कार्य 78 प्रतिशत, बी0सी0 का कार्य 57 प्रतिशत एवं संरचनाओं का कार्य 96 प्रतिशत पूर्ण कर लिया गया है। परियोजना की कुल भौतिक प्रगति लगभग 78 प्रतिशत से अधिक पूर्ण हो चुकी है। उन्होंने सम्बन्धित कार्यदायी संस्था के अधिकारियों को कड़े निर्देश दिये कि निर्माणाधीन पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के अपूर्ण कार्यों को समय से पूर्ण करने के लिये और तेजी लायें। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश के पूर्वी क्षेत्र के विकास के लिये राज्य सरकार के द्वारा सुल्तानपुर, अम्बेडकर नगर, अमेठी और अयोध्या के अतिरिक्त आर्थिक रुप से कम विकसित जनपदों आजमगढ, मऊ और गाजीपुर को प्रदेश की राजधानी लखनऊ से जोड़ने के लिये पूर्वांचल एक्सप्रेसवे का निर्माण कराया जा रहा है। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे लखनऊ-सुल्तानपुर रोड (एन0एच0-731) पर स्थित ग्राम चाँदसराय, जनपद लखनऊ से प्रारम्भ होकर यूपी-बिहार सीमा से 18 किमी0 पूर्व राष्ट्रीय राजमार्ग सं0-31 पर स्थित ग्राम हैदरिया पर समाप्त होगा। एक्सप्रेसवे की लम्बाई 340.824 किमी0 है। इस परियोजना से जनपद लखनऊ, बाराबंकी, अमेठी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर, आजमगढ़, मऊ तथा गाजीपुर लाभान्वित होंगे। इस अवसर पर प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी अतुल वत्स, पुलिस अधीक्षक डॉ0 अरविन्द चतुर्वेदी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 डी0के0 त्रिपाठी, उप जिलाधिकारी बल्दीराय राजेश सिंह, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी पन्ना लाल सहित यूपीडा व अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# हत्या अभियुक्त चढ़ा पुलिस के हत्थे

संवाददाता। श्रावस्ती



**इकौना** थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम समगढ़ा मे चार दिन पूर्व हुई भटठा मजदूर की हत्या का खुलासा पुलिस अधीक्षक ने प्रेस कांफ्रेंस कर किया। उन्होंने बताया कि हत्या की वजह शराब पीकर तीन साथियों के बीच सौ रुपये के लेनदेन का विबाद रहा जिसको लेकर म्रतक के साथियों ने ही भटठा मजदूर की बेल्ट से गलाकसकर हत्या कर दी और शव सरसों खेत मे फेंक दिया। पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। क्षेत्र के लोनियनपुरवा समगढ़ा निवासी भटठा मजदूर अंगनू निषाद पुत्र रामदीन का शव समगढा मे सरसों खेत मे 24 फरवरी को बरामद किया गया थाए पुलिस अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन कर रही थीए प्रभारी निरीक्षक ज्ञानेंद्र पांडेय ने बताया कि मृतक अंगनू 22फरवरी को सीताद्वार भटठे से मजदूरी लेकर गृहस्थी का सामान पहुंचाने घर जा रहा था सेमगढ़ा मे उसने बजरंगी केवट पुत्र आशा राम व पिंटू पुत्र कंधई निवासी पश्चिमी केवटनपुरवा के साथ शराब पी ण्तीनो साथी राम खेलावन के यहां उसकी मरी बकरी का सौदा करने पहुंचे अंगनू ने सौ रुपये बकरी खरीदने के लिए पिंटू को दिया बकरी मालिक ने मरी हुई बकरी बेचने से मना किया तो अंगनू ने पिंटू से अपने रुपये वापस मांगे पिंटू ने रुपये वापस करने से मना किया तो तीनो साथी आपस मे भिड़ गये राम खेलावन ने बीच बचाव कर तीनो को वहां से हटाया तीनो साथी सड़क पर जाकर फिर लड़ने लगे प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तीनो साथी लड़ते झगड़ते मसूर खेत मे पहुंच गये वहां बेल्ट से मारपीट कर व गला कसकर अंगनू की हत्या कर लाश सरसों खेत मे फेंक दोनो साथी भाग लिए प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर बजरंगी को शुक्रवार शाम सेमगढ़ा मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया हैण्दूसरे फरार अभियुक्त पिंटू की तलाश जारी है।

# बालिका सशक्तीकरण को संचालित मिशन शक्ति अभियान को बनाएं सफल: बीएसए

संवाददाता। रायबरेली




**27 फरवरी** से 8 मार्च तक सभी विद्यालयों में चलाया जाएगा बालिका सशक्तिकरण कार्यक्रम महिलाओं एवं बालिकाओं को सजग जागरूक सशक्त एवं उन्हें अपने अधिकारों के प्रति चिंतनशील बनाने हेतु प्रदेश सरकार की सराहनीय पहल मिशन शक्ति अभियान काफी प्रभावशाली साबित हो रहा है इसी कड़ी में बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित मीना मंच के माध्यम से राज्य परियोजना निदेशक विजय किरण आनंद द्वारा 27 फरवरी से 8 मार्च के मध्य विभिन्न मुद्दों पर विशेष अभियान चलाकर बालिकाओं को जागरूक किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए जिसका शुभारंभ आज विकास खंड राही के मीना मंच विद्यालय भुएम ऊ के प्रांगण में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आनंद प्रकाश शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया उन्होंने कहा की महिलाओं एवं बालिकाओं को स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा के लिए जागरूक बनाने के लिए प्रदेश सरकार की मिशन शक्ति अभियान सफल प्रयास साबित हो रहा है इस मिशन को 27 फरवरी से 8 मार्च के मध्य विशेष अभियान के रूप में सभी विद्यालयों में प्रतिदिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर प्रतियोगिताओं का आयोजन एवं बच्चों के बीच चर्चा कराई जाए और उसका अभिलेखीकरण भी किया जाए 8 मार्च को विद्यालय स्तर पर भव्य आयोजन कर बालिकाओं एवं महिलाओं को सम्मानित किया जाए आयोजन हेतु प्रति विद्यालय ?1000 एसएमसी खाते में भेजा जा रहा है सभी सुगम करता टीम मीना मंच प्रभारी एस.एस पाण्डेय पूर्व की भांति 8 मार्च तक विशेष अभियान को भी सफल बनाएं।

## दो पक्षों में हुई मारपीट

**शिवगढ़,रायबरेली।** शिवगढ़ थाना क्षेत्र के बल्दी खेड़ा मजरे असहन जगतपुर में पुरानी रंजिश के चलते दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर जानलेवा हमला कर पति,पत्नी और उसके 10 वर्षीय बेटे को गम्भीर रूप से घायल कर दिया। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने गम्भीर रूप से घायल पति-पत्नी का प्राथमिक उपचार कर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने गम्भीर रूप से घायल संतोष कुमार की तहरीर पर दूसरे पक्ष के 3 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के बल्दी खेड़ा मजरे असहन जगतपुर में जमीनी विवाद के चलते संतोष कुमार व राकेश कुमार के मध्य पुरानी रंजिश चल रही थी। जिसको लेकर शनिवार को प्रात: काल दोनों पक्षों में मारपीट हो गई जिसमें एक पक्ष से संतोष कुमार व उनकी पत्नी अनीता व 10 वर्षीय बेटा गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ ले जाया गया।

# शिक्षकों को परोसा जा रहा घटिया खाना, प्रशिक्षण में गोलमाल

संवाददाता। रायबरेली

**स्कूल** शिक्षा महानिदेशक द्वारा प्रारंभिक शिक्षा को बेहतर बनाने के लिए प्रयास किया जा रहा है इसी के चलते समय समय पर प्रशिक्षण भी दिलाया जाता है इसका पर्याप्त बजट भी होता है इसमें नाश्ते से लेकर खाने की व्यवस्था है। पारदर्शिता बनी रहे इसके लिए बकायदा टेंडर के जरिए फार्म चयन करने के निर्देश दिए गए हैं। ऐसे में जिम्मेदार सांठगांठ करके मनमाने फार्म कुछ जिम्मेदारी दे दी जा रही है वहीं खाने की गुणवत्ता भी बेहद खराब है। सताव ब्लॉक के शिक्षकों ने इंटरनेट मीडिया पर एक वीडियो वायरल किया है इसमें खटिया खाना पर होते हुए दिखाया गया है। दरअसल बीएसए रायबरेली की कार्यशैली पर प्रश्न चिन्ह समय-समय पर लगते रहते हैं लेकिन जिम्मेदार विभाग भी इतना सख्त हो गया है कि उसको कोई फर्क भी नहीं पड़ता और कार्यवाही के नाम पर भी नगण्य है यह विभाग। अब यही शिक्षक अफसरों के आगे विवश नजर आ रहे हैं प्रशिक्षण के दौरान घटिया खाना परोसा जा रहा है गाहे-बगाहे शिक्षकों ने वीडियो तो वायरल कर दिया लेकिन साहेब की कार्यवाही से डर के मारे विरोध नहीं कर पा रहे हैं। उन्हें अपने सेहत की चिंता सता रही है। लेकिन इस सब के बाद एक शिक्षक ने वीडियो वायरल कर दिया तो अफसरों के होश उड़ गए हैं फिलहाल मामले पर पर्दा डालने की कोशिश पूरी तरह से चल रही है और ऐसा भी हो सकता है कि वीडियो वायरल करने वाले शिक्षक पर कार्यवाही भी हो सकती है क्योंकि साहब के आगे बोलने की मजाल किसी में नहीं साहब जो कहेंगे वही होगा। जी बीएसए रायबरेली की कार्यशैली चर्चित है। चाहे कक्षा कक्ष बनवाने का मामला हो, स्कूलों में टाइल्स लगाई जा रही है, कॉन्ट्रैक्ट बेस पर कर्मचारियों की नियुक्ति हो व उनकी कार्यशैली हो, और अब मामला निकल कर आया है कि प्रशिक्षण के दौरान घटिया खाना परोसा जा रहा है।

बीएसए साहब के विभाग में अच्छा खासा पैसा सरकार इसलिए खर्चा करती है ताकि उन अध्यापकों को प्रशिक्षण के दौरान उच्च गुणवत्ता का खाना मिले उन्हें नाश्ता दिया जाए। लेकिन साहब फर्म का सिलेक्शन किस आधार पर करते हैं वह भी खुलकर सामने आ गया। साहब ने अपने बयान में यह भी कह दिया है अभी तो ऐसी कोई शिकायत मिली नहीं है शिकायत मिलेगी तो कार्यवाही की जाएगी।

### सुपर डिप्टी साहिब के जिम्मे खाने से लेकर और भी काम

**सूत्र तो** यहां भी बताते हैं कि यहां पर जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है उनके बीच का ही एक शिक्षक इसमें लिप्त है। उनकी जिम्मेदारी प्रशिक्षण देने तक है लेकिन हर उस जगह भूमिका रहती है जहां पर सरकारी धन नजर आता है। सरकारी धन का किस तरह से प्रयोग करना है और फर्म का सिलेक्शन किसके आधार पर करना है यह सब कुछ तय रहता है सूत्रों के मुताबिक इस फर्म में भी उनकी अहम भूमिका है यहां तक कि उन्हें सुपर डिप्टी के पद से भी नवाजा जाता है। इतनी सब अंधेर गर्दी होने के बाद भी बीएसए साहब को अभी शिकायत आने का इंतजार है शिकायत मिलेगी तो वह कार्यवाही करेंगे! लेकिन विभाग में सरकारी धन का जिस तरह से दुरुपयोग हो रहा है उससे यह अधिकारी कहीं ना कहीं उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वादों और इरादों पर पलीता लगाते नजर आ रहे है। अब देखना होगा उच्च अधिकारी गण और लखनऊ के जिम्मेदार सरकारी धन के बर्बादी पर कैसी कार्यवाही करते हैं? क्या वह इस बड़े मामले का संज्ञान लेते हैं? आखिर कितने दिन में जांच रिपोर्ट सामने आएगी ?.

# भानपुर तहसील में हुआ फर्जी वोटरों के 'खेल' का खुलासा

- एडीओ पंचायत औरं सुपरवाइजर की रिपोर्ट को ही गायब कर दिया
- आपत्ति दाखिल होने के बाद भी नहीं काटा गया फर्जी वोटरों का नाम
- सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम साड़ी कल्प में 53 फर्जी मतदाताओं का मामला
- गांव वालों ने सीएम, आयुक्त निर्वाचन, कमिश्नर और डीएम से की शिकायत

**संवाददाता।** बस्ती

**फर्जी** वोटरों के सहारे प्रधानी का पद हासिल करने के लिए मतदाता सूची में बड़ा खेल हो रहा है। इस खेल में बीएलओ, वेंडर और तहसीलों की भूमिका सामने आ रही है। विरोधियों का नाम काटने और अपने लोगों का नाम जोड़ने के लिए खूब लेनदेन हो रहा है। आपत्ति के बाद भी फर्जी वोटरों के नाम नहीं काटे जारहे हैं। जहां तक कि सुपरवाजर और एडीओ पंचायत की जांच रिपोर्ट को ही गायब कर दिया जा रहा है। चुनाव जीतने के लिए गैर जनपद ही नहीं गैर प्रांत के लोगों का नाम भी मतदाता सूची में शामिल कर देने का खुलासा हो रहा है। इसी तरह का एक मामला भानपुर तहसील के सल्टौआ ब्लॉक के ग्राम पंचायत साड़ी कल्प का मामला सामने आया। प्रषांत सहित अन्य ग्रामीणों ने इसकी शिकायत साक्ष्य के साथ आयुक्त राज्य निर्वाचन आयोग, मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव पंचायत, कमिश्नर और डीएम से की है। इस ग्राम पंचायत में 53 फर्जी वोटरों के नामों की सूची अधिकारियों को कार्रवाई के लिए दी गई है। अगर आगामी पंचायत चुनाव में कोई अप्रिय वारदात होती है, उसके लिए सबसे अधिक, सुपरवाइज, एडीओ पंचायत और तहसीलों के एसडीएम जिम्मेदार होंगे। अंतिम सूची प्रकाषन और आपत्तियों के निस्तारण के बाद जो स्थित सामने आरही है, उससे निष्पक्ष चुनाव कराना प्रषासन के लिए आसान नहीं होगा। आपत्ति दाखिल होने और जांच होने के बाद भी फर्जी मतदाताओं के नाम नहीं काटे जा रहे है। यही फर्जी मतदाता प्रशासन के लिए बड़ी मुसीबत साबित हो सकते है। इसे लेकर अभी से गांव में दो पक्षों में तनाव होना शुरु हो गया है। गांव वालों का सुझाव है कि मार पीट से बचने के लिए प्रशासन को और से ही कठोर कार्रवाई करनी होगी। शिकायतकर्त्ता का कहना है कि पहले गांव के बीएलओ रोजगार सेवक पप्पू चौधरी ने प्रधान के पक्ष में 53 ऐसे फर्जी लोगों का नाम मतदाता सूची में शामिल कर दिया, जो गांव के क्या प्रदेश के नहीं है। गौर ब्लॉक और जनपद सिद्वार्थनगर खुनियांव ब्लॉक के लोगों का नाम शामिल कर दिया। आपत्ति दाखिल करने के बाद सुपरवाइजर के रुप में ग्राम पंचायत अधिकारी अखिलेष वर्मा जांच करने आए, इसी जांच पर एडीओ पंचायत सुरेंद्र राव ने भी नाम काटने की रिपोर्ट भानपुर तहसील में भेज दिया। मगर जब तहसील से पता किया गया तो पता चला कि कोई भी रिपोर्ट नहीं आई, जब कि सेक्रेटरी और एडीओ पंचायत का कहना है कि उन लोगों ने रिपोर्ट तहसील को दे दी। षिकायतकर्त्ता का आरोप है कि फर्जी मतदाता सूची के मामले में सभी मिले हुए और एक पक्ष को लाभ पहुंचाना चाह रहे हैं।

## देवतानंद सिंह ने संभाली बीजपुर थाना की कमान

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थाना के प्रभारी निरीक्षक श्याम श्याम बहादुर यादव का स्थांतरण जनपद के प्रभारी एस ओ जी के पद पर हो जाने पर शुक्रवार को उन्हें बीजपुर वासियों ने भावभीनी विदाई दी। क्षेत्र के लोगों ने श्री यादव के डेढ़ वर्ष से ऊपर के कार्यकाल की जमकर सराहना की। करमा थाना से प्रभारी निरीक्षक पद से बीजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक के पद पर स्थान्तरित हुए देवतानंद सिंह ने शुक्रवार की सायं बीजपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक की कमान संभाली। श्री सिंह ने कहा कि शासन के दिशा निर्देशों के अनुपालन में अराजक तत्वों पर नकेल कसना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। दोषी व्यक्ति को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा चाहे वह कितनी ही पहुँच वाला क्यों न हो। निर्दोषी व्यक्ति को छेड़ा नहीं जाएगा। उन्होंने उपस्थित क्षेत्र के नागरिकों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता के सहयोग से कठिन से कठिन कार्य मे सफ्लता हाशिल कर लेती है। इसलिए पुलिस को सफ्लता हाशिल करने के लिए जनसहयोग नितांत आवश्यक है। अपने मातहतों को भी उन्होंने जनता के साथ मधुर व्यवहार बनाए रखने की हिदायतें भी दी।

## त्रिस्तरीय पंचायत चुनावः एडीएम ने दिया अधीनस्थों को निर्देश

- पंचायत चुनाव से संबंधित सभी तैयारी पूर्ण कर लें अधिकारीः सीडीओ

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**अपर** जिला निर्वाचन अधिकारी/अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व मनोज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव की तैयारी को लेकर विभागाध्यक्षो के साथ बैठक कर निर्देश दिया है कि पंचायत चुनाव को सहकुशल सम्पन्न कराये जाने के लिए राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशो का पालन हो और पारदर्शिता के समयावधि के अन्दर सभी कार्य किये जाये इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाय। आज की बैठक में अनुपस्थित पदाधिकारियों को भी उनके पदस्थापित पर आने वाले कर्मचारियों को निर्देश दिया गया है कि अगली बैठक में विभागाध्यक्ष की उपस्थिति रहनी चाहिए और आज की बैठक की सम्पूर्ण निर्देश को अवगत कराया जाय। अपर जिलाधिकारी ने बिन्दुवार सम्बन्धित विभागाध्यक्षो को त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के महत्वपूर्ण बिन्दुओ को अवगत कराया है। उन्होने क्रमवार ट्रेजरी अफ्सर, आबकारी विभाग, विद्युत, जिला पूर्ति, बेसिक, जलनिगम, पीडब्लूडी सहित अन्य विभागों के अधिकारियों को निर्देश देकर तैयारी की रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए कहा। मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्र ने तैयारी पूर्ण किये जाने के लिए निर्देश दिया है। समय-समय पर तैयारियों की भी बैठक कर समीक्षा की जायेगी। बैठक में पीडी डीआरडीए प्रमोद कुमार यादव, उपजिलाधिकारी खलीलाबाद राज नारायण त्रिपाठी, एसडीएम धनघटा योगेश्वर सिंह, तहसीलदार मेंहदावल प्रियंका चौधरी, जिला आबकारी अधिकारी राम प्रकाश तिवारी, ट्रेजरी अफ्सर जगत नारायण झा, ईडीएम राकेश, अतिरिक्त उपजिलाधिकारी कलेक्ट्रेट नवीन श्रीवास्तव, अभियोजन अधिकारी, बीएसए सत्येन्द्र कुमार सिंह, एडीएओ पंचायत के0डी0 पाण्डेय सहित विभिन्न विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

## इंटरमीडिएट पास अभ्यर्थी प्रशिक्षण के लिये करें आवेदन

**सोनभद्र।** जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा संचालित निदेशक प्रशिक्षण सेवायोजन उ0प्र0 लखनऊ के नियंत्रणाधीन शिक्षण एवं मार्गदर्शन केन्द्र जिला सेवायोजन कार्यालय सोनभद्र में अनु0 जाति जनजाति एवं अन्य पिछड़े वर्ग के न्यूनतम इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण 18 वर्ष से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों की सेवायोजित को बढ़ाने के उद्देश्य से एक वर्षीय कार्यालय प्रबन्ध प्रशिक्षण का पाठ्यक्रम संचालित की जाती है। जिसका प्रशिक्षण कार्य 01 अप्रैल 2021 से प्रारम्भ हो रहा है। निर्धारित योग्यता वाले उक्त वर्गीय अभ्यर्थियों का हाईस्कूल में अंग्रेजी विषय होना अनिवार्य है। ऐसे प्रशिक्षणेच्छुक अभ्यर्थी जो वर्तमान में कही भी अध्ययनरत न हों अथवा किसी प्रकार का अन्य प्रशिक्षण प्राप्त नहीं कर रहे हैं उनमें निर्धारित प्रारूप पर 25 मार्च 2021 तक जिला सेवायोजन कार्यालय सोनभद्र में प्रशिक्षण के लिए आवेदन कर सकते हैं।उन्होंने बताया कि पूर्णतया निःशुल्क इस प्रशिक्षण के अन्तर्गत प्रशिणार्थियों को जो विषय पढ़ाये जायेंगें उनमें सामान्य हिन्दी सामान्य अंग्रेजी सामान्य ज्ञान एवं सचिवीय पद्धति तथा कप्यूटर शामिल है। लिपिकीय पदों की प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी विषयक उक्त प्रशिक्षण में साक्षात्कार तकनीक व विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में विज्ञापित होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी भी सम्मिलित है। पात्रता सेवायोजिता वृद्धि उन्मुख इस प्रशिक्षण में प्रशिक्षणार्थियों को आवासीय व्यवस्था स्वयं करनी होगी। उ0प्र0 सरकार द्वारा समय समय पर प्रदत्त अन्य सुविधाएं भी देय होगी।

## मनुष्य जाति से नहीं कर्मो से होता है ऊंचाः आशुतोष

**सोनभद्र।** भारतीय युवा कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष आशुतोष कुमार दुबे की अध्यक्षता में युवाओं ने राबर्ट्सगंज विधानसभा के नगर राबर्ट्सगंज के चाचा नेहरू पार्क में रविदास जी की जयंती मनाई और उनको याद किया। आशु दुबे ने कहा कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी उत्तर प्रदेश माननीय प्रियंका गांधी आज वाराणसी में रविदास जी की जन्म स्थली वाराणसी में जयंती मनाने के लिए आई हुई है हम लोग आज सोनभद्र में उनको याद कर रहे हैं। माघ मास की पूर्णिमा को जब रविदास जी ने जन्म लिया वह रविवार का दिन था जिसके कारण इनका नाम रविदास रखा गया।रविदासजी चर्मकार कुल से होने के कारण वे जूते बनाते थे। ऐसा करने में उन्हें बहुत खुशी मिलती थी और वे पूरी लगन तथा परिश्रम से अपना कार्य करते थे।संत रविदास जी बहुत ही दयालु और दानवीर थे।

## स्वास्थ्य केन्द्रों पर हर सप्ताह लग रहा नसबंदी शिविर

**मिर्जापुर।** परिवार नियोजन को लेकर इन दिनों जिले में मौजूद सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर नसबन्दी शिविर का आयोजन कर लोगों का नसबंदी की जा रही है। इस आयोजित शिविर में अभी तक 4735 महिलाओं की सापेक्ष मात्र 27 पुरूषों ने ही नसबन्दी कराकर अपनी भागीदारी को दर्ज कराया है। मुख्य चिकित्साधिकारी डाक्टर प्रभु दयाल गुप्ता ने बताया कि परिवार नियोजन को लेकर स्वास्थ्य विभाग अत्यधिक तत्परता से कार्य करने के लिए मण्डलीय चिकित्सालयए 9 सामुदायिक केन्द्रों समेत 8 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों हर सप्ताह महिला व पुरूष नसबन्दी के शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही हर माह 21 तारीख को भी महिला व पुरूष नसबन्दी शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। नवम्बर से अभी तक जिले में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर 319, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चील्ह 144, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कछवां 319, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पड़री 499, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र गुरूसण्डी 168, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार 318, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीखड़ 319, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जमालपुर 736, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लालगंज 355, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र हलिया 340, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र पटेहरा 440, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र राजगढ़ 504, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चुनार 286 व सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र अहरौरा में 42 लोगों ने नसबन्दी कराकर अपने हिस्सेदारी को दर्ज कराया है। परिवार नियोजन के कार्यक्रम समन्वयक विनय सिंह का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से महिला के नसबन्दी कराने पर लाभाथी को 1400 रूपया व पुरूष के नसबन्दी कराने पर सरकार व विभाग की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 2000 रूपये की धनराशि दिये जा रहे है। जिले के आंकड़ो से यह मालूम पड़ रहा है कि पुरूषों की अपेक्षाएं महिलाएं परिवार नियोजन की साधनों को आगे बढ़कर अपनाने का कार्य कर रही है। पुरूष नसबन्दी की प्रक्रिया महिला नसबन्दी की अपेक्षा अत्यन्त सरल रहने के बावजूद पुरूष नसबन्दी कराने से बच रहे है। पुरूषों को हमेशा से यह भ्रम होता है कि नसबन्दी कराने से शारीरिक कमजोरी हो जाती है जबकि इस प्रकार की कोई बात नही है। सरिता पत्नी महेश निवासिनी ग्राम गोड़सर कलना का कहना है कि मेरे दो पुत्र व एक पुत्री है मेरी गांव की आशा विभा ने बताया कि हर सप्ताह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र विजयपुर पर नसबन्दी शिविर लग रहा है तुम नसबन्दी करा लो क्योकि छोटा परिवार बहुत ही सुखद होता है नसबन्दी कराने पर किसी भी प्रकार की कोई कमजोरी नही होती है तुम पहले की तरह ही काम काज कर सकती हो इसके अलावा नसबन्दी कराने के बाद विभाग की ओर से प्रोत्साहन राशि के रूप में 1400 भी दिये जा रहे है। फिर हमने नसबन्दी कराया और आज मैं पूर्णत स्वस्थ्य हूं।

## अनुप्रिया पटेल ने त्रिलोकी नाथ पुरवार के निधन पर दुख व्यक्त किया

**मीरजापुर।** अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने लोकतंत्र सेनानी एवं मीरजापुर नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष स्वण्त्रिलोकी नाथ पुरवार जी के निधन की सूचना पर दुरू ख व्यक्त किया है। श्रीमती पटेल ने कहा है कि स्वण्त्रिलोकी नाथ पुरवार जी के निधन की सूचना से बहुत आहत हूं। सांसद श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा कि एक अभिभावक के रूप में स्वण्त्रिलोकी नाथ पुरवार जी का मार्गदर्शन निरंतर प्राप्त होता रहा। उनके निधन से उत्पन्न सूनापन भरना कठिन होगा। ईश्वर उनकी आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को इस अपार दुः ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। पार्टी के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य श्री आशीष पटेल एवं पार्टी के जिलाध्यक्ष इंजीण्रामलौटन बिंद ने स्वण्त्रिलोकी नाथ पुरवार जी निधन पर शोक प्रकट किया एवं उनके परिजनों को इस दुरूख को सहन करने की ईश्वर से कामना की।

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गई भावभीनी विदाई




**बीजपुर।** एनटीपीसी के रिहंद स्टेशन में कार्यरत पाँच कर्मचारियों को उनकी सेवानिवृत्ति पर सामाजिक दूरी का पालन करते हुए शनिवार को उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित कार्यकारी निदेशक बालाजी आयंगर ने सेवानिवृत कर्मचारियों को अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें सम्मानित किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि श्री आयंगर ने सेवानिवृत कर्मियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उन सभी का अभिनंदन किया। अपने संबोधन के दौरान श्री आयंगर ने उनकी सेवाओं की तारीफ करते हुए उनके बेहतर भविष्य के लिए कामना की। इसके पूर्व एसोसिएशन एवं विभिन्न यूनियन के पदाधिकारियों ने सेवानिवृत्त हो रहे कर्मचारियों को माल्यार्पण किया। सेवानिवृत कर्मचारियों में ई एम जी ए यू विभाग के महाप्रबंधक विजय कुमार अत्री मानव संसाधन विभाग के सहायक प्रबन्धक राम प्रसाद सुरक्षा विभग के एस एल पी एस अभियंता आशुतोष दीक्षित सी एंड एम स्टोर के एस एल पी एस अभियंता शुभ नारायण तिवारी एवं सी एंड आई विभाग के अभियंता ऑगस्टिन लकरा ने अपने अपने सम्बोधन के जरिये रिहंद स्टेशन में बिताए गए अपने कार्यकाल एवं अनुभव को प्रेक्षागृह में उपस्थित लोगों के समक्ष बांटे। इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्य महाप्रबंधकगण विभागाध्यक्षगण एवं विभिन्न यूनियन व एसोसीएशन के प्रतिनिधिगण उपस्थित थे आगंतुकों का स्वागत संचालन व धन्यवाद ज्ञापन प्रबन्धक मानव संसाधन संतोष कुमार विश्वकर्मा ने किया।

## बीडीओ नहीं, ब्लॉक प्रमुख चला रहे ब्लॉक!

- कई ब्लॉकों पर प्रमुखों का है दबदबा इनके सामने बौना साबित हो रहे बीडीओ
- प्रमुखों का विरोध आवाज करने वाले बीडीओ के खिलाफछेड़ी जाती है मुहिम
- कमीशनबाजी ने बीडीओ को बनाया कमजोर और भ्रष्टाचारी
- कुदरहा, परसुरामपुर, हर्रैया, विक्रमजोत और गौर को संचालित कर रहे क्षेत्र पंचायत अध्यक्ष

**संवाददाता।** बस्ती

**हाल** के दिनों में जिस तरह ब्लॉकों पर ब्लॉक प्रमुखों का दबदबा सामने आया,उसे देखकर कहा जाने लगा है कि ब्लॉकों का संचालन बीडीओ नहीं बल्कि ब्लॉक प्रमुख कर रहे है। कहने को भले ही बीडीओ सरकार के नुमांदे के रुप में कार्यरत हैं, मगर एक ब्लॉक प्रमुख के सामने इनकी एक नहीं चलती। अगर कोई बीडीओ ब्लॉक प्रमुख के अगेंस्ट जाने की हिम्मत करता है, तो उसे अपने मातहतों और समाज के सामने अपमानित होना पड़ता है। ऐसे बीडीओ को हटाने की मुहिम छेड़ दी जाती है, इस तरह का नजारा जनता हर्रैया और विक्रमजोत में देख चुकी है। बीडीओ की कमजोरी का आलम यह है कि यह अपनी मर्जी से किसी अखबार वाले को छोटा सा विज्ञापन तक नहीं दे सकते, इसके लिए भी उन्हें ब्लॉक प्रमुख से इजाजत लेनी पड़ती है। ऐसा ही एक वाक्या सदर ब्लॉक में हाल ही में हो चुका है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि एक बीडीओ ब्लॉक प्रमुख के सामने कितना बौना साबित हो रहा है। इस कमजोरी के लिए जनता उस कमीशनबाजी को जिम्मेदार मान रही है, जो बीडीओ और ब्लॉक प्रमुख मिलकर लेते हैं। एक अधिकारी का दावा है कि अगर बीडीओ ईमानदार हो जाए तो ब्लॉक प्रमुख को चुनाव का खर्चा निकालना मुश्किल हो जाएगा। बीडीओ की कमजोरी और कमीशन के लालच का फायदा कुदरहा, परसुरामपुर, गौर, हर्रैया, विक्रमजोत, बहादुरपुर के ब्लॉक प्रमुख उठा रहे हैं। इन ब्लॉकों में खुले आम पक्के काम, आवास, पशुचरनी के नाम पर भारी कमीशन मांगा जारहा हैं, कुदरहा में इन दोनों की पोल वहां के सेक्रेटरी खोल चुके है। दिक्कत यह है कि आज तक एक भी ब्लॉक प्रमुख के खिलाफकार्रवाई नहीं हुई, जबकि कई बीडीओ बलि का बकरा बन चुके हैं।

### क्षेत्र पंचायत निधि में हो रहा फर्जीवाड़ा, जांच की उठी मांग

**वैसे** तो लगभग सभी क्षेत्र पंचायतों निधियों का दुरुपयोग जमकर पिछले पांच सालों में हुआ, मगर सबसे अधिक क्षेत्र पंचायत निधि का दुरुपयोग विक्रमजोत ब्लॉक में होने का दावा किया जा रहा है। इस क्षेत्र पंचायत के अकला, कुआगांव, धिरौली बाबू, जयतापुर जैसी अन्य कई ग्राम पंचायतें हैं, जहां पर बिना काम कराए फर्जी भुगतान हो गया। जिस काम को ग्राम पंचायत ने किया उसी काम को अपना दिखाकर क्षेत्र पंचायत ने दिखा कर धन का बंदरबांट किया। यहां तक कि पांच साल पहले हुए काम को नया दिखाकर लाखों रुपया निकला लिया गया। श्री करणी राजपूत सेना के मंडल प्रवक्ता चंद्रेश प्रताप सिंह ने मुख्यमंत्री और अन्य अधिकारियों से विक्रमजोत क्षेत्र पंचायत के निधियों की जांच कराने की मांग की है। यह वही क्षेत्र पंचायत हैं, जहां पर भुगतान कराने को लेकर स्थानीय विधायक और वर्तमान बीडीओ के बीच विवाद हुआ था। इतना ही नहीं यही क्षेत्र पंचायत हैं, जहां के वरिष्ठ सहायक जितेंद्र सिंह ने ब्लॉक प्रमुख धमेंद्र सिंह पर जान से मारने का आरोप लगाकर सनसनी फैला दिया था, यह वही क्षेत्र पंचायत हैं, जहां पर अपने रिष्तेदारों और सगे संबधियों के फर्मो के नाम पर मनरेगा के सामग्री का करोड़ों का फर्जी भुगतान हुआ।

## सामूहिक विवाहः विधायक व डीएम-एसपी ने नवदम्पतियों को दिया आशीर्वाद

- 188 जोड़ों का विवाह संपन्न

**संवाददाता।** संतकबीरनगर



**जिलाधिकारी** श्रीमती दिव्या मित्तल के कुशल निर्देशन एवं मुख्य विकास अधिकारी अतुल मिश्रा के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत जनपद मुख्यालय स्थित शगुन मैरेज हाल में 181 जोड़ो का विवाह धार्मिक रीति रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। कोविड.19 प्रोटोकाल का अनुपालन करते हुये सामूहिक विवाह का आयोजन तहसीलवार तीन पालियों में कराया गया। मुख्य प्रवेश द्वारा पर कोरोना जांच टीम द्वारा प्रत्येक आगंतुकों का थर्मल स्कैनिग एवं एंटीजन टेस्ट करते हुये आवश्यकतानुसार मास्क भी वितरित किया गया। ारोह में विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण जय चौबे एवं विधायक मेंहदावल राकेश सिंह बघेल सहित अन्य जनप्रतिनिधगणों ने जिला प्रशासन द्वारा सामूहिक विवाह कराने हेतु बनाई गयी चाक.चैबन्द व्यवस्था पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद दिया और कहा कि मा0 मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य ऐसे गरीब परिवारों के लड़के.लड़कियों की शादी करवाना है जो शादी का खर्च स्वंय नही उठा सकते। उन्होंने बताया कि यह योजना मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा गरीब लडकियों की शादी के लिये सबसे अच्छी पहल है और अब कोई भी गरीब परिवार अपने लड़की की शादी को लेकर खुद पर बोझ नही महसूस करेगा क्योकि इसमें शादी का पूरा खर्चा प्रदेश सरकार उठाती है। विधायक खलीलाबाद दिग्विजय नारायण ष्जय चैबेए विधायक मेंहदावल राकेश सिंह बघेलए सांसद प्रतिनिधिए जिलाधिकारी दिव्या मित्तलए पुलिस अधीक्षक डा0 कौस्तुभए अपर जिलाधिकारी मनोज कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों ने सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पधारे सभी घरातियोंए बरातियों एवं उनके संबंधियों का हार्दिक स्वागत करते हुए विवाह सूत्र में बधने वाले सभी नवयुगलो को उनके सफ्ल वैवाहिक जीवन का आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सदर विधायक दिग्विजय नारायण उर्फ जय चैबे ने सामूहिक विवाह योजना को प्रदेश सरकार का गरीब परिवारों को उपहार बताते हुये नव विवाहित दम्पत्तियों को उनके स्वस्थ एवं सफ्ल वैवाहिक जीवन की कामना किया।

आज सम्पन्न इस सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनपद के तीनों तहसीलों से कुल 181 जोड़ो का जिसमें 177 जोड़ों का हिन्दु धर्म की परम्परा एवं धार्मिक रीति रिवाज के साथ गायत्री परिवार के विद्वान आचार्योध्पंडितों के द्वारा सम्पन्न कराया गया तथा 11 जोड़ो का मुस्लिम धर्म की परम्परा के अनुसार मौलवीध्काजी द्वारा निकाह कराया गया। मा0 मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में उपहार स्वरूप लड़की के खातें में 35 हजार धनराशि सहित पायलए विछियाए वर्तन सेटए मोबाइल फोनए वर वधू को कपड़ाए अटैची इत्यादि के अलावा वन विभाग द्वारा एक.एक आम का पौधा भी दिया गया। उल्लेखनीय है कि इसमें प्रति जोड़ो पर प्रदेश सरकार द्वारा 51 हजार रूपये खर्च करने की व्यवस्था की गयी है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम के दौरान जनपद के समाज कल्याण अधिकारी सतीश कुमार सहित जनपद के सभी सम्बंधित विभागों के अधिकारी कर्मचारी एवं क्षेत्र के अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहें।

## देश में बढ़ती हुई महंगाई लोकतंत्र पर बड़ा खतराः अखिलेश यादव

**मिर्जापुर।** शुक्रवार को प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने विंध्याचल मिर्जापुर मंडल में मंडलीय कार्यकर्ता सम्मेलन करने हेतु आए हुए थे। सर्वप्रथम उन्होंने चुनार तहसील क्षेत्र के अड़गड़ानंद आश्रम पर पहुंच कर स्वामी अड़गड़ानंद जी से आशीर्वाद प्राप्त किए।ततपश्चात पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने नगर के एक प्राइवेट होटल में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि देश के लेखको कवियों और सोशल मीडिया के माध्यम से वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए अक्सर ऐसा सुनने और पढ़ने को मिल रहा है कि हमारे लोकतंत्र पर बहुत बड़ा खतरा मडरा रहा है। ऐसा प्रतीत होता है कि अब लोकतंत्र नहीं बच पाएगा।उन्होंने बढ़ती हुई महंगाई व भ्रष्टाचार पर तंज कसते हुए भारतीय जनता पार्टी की भड़ास निकाली श्री यादव ने कहा कि जब से देश में बीजेपी की सरकार आई हुई है महंगाई व भ्रष्टाचार चरण सीमा पर चढ गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की स्थिति बद से बदतर होती चली जा रही है अफ्सोस की बात है कि उत्तर प्रदेश ही एक ऐसा प्रदेश है जहां से अक्सर देश के लिए प्रधानमंत्री चुने जाते हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अभी हाल ही में प्रदेश सरकार द्वारा पारित बजट आप लोगों ने देखा होगा पांच पांच बार बजट केंद्र सरकार से मिलने के बावजूद भी विकास का कार्य रुका हुआ है उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के व्यवहारों पर तंज कसते हुए कहा कि जिस मंदिर से प्रदेश के कल्याण की योजनाएं बनाई जाती है वहां पर उन्होंने अपनी भाषा शैली का परिचय देते हुए कहा कि ठोक देंगे लाल टोपी वालों को ठोक देंगे ।श्री यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की तरफ इशारा करते हुए कहा कि यह जो हमारे टोपी का कलर लाल है यह प्रतीत कराती है कि हम किस इमोशन हालात में है क्या प्रसन्नता और प्रसन्नता का परिचय कराता है लाल कलर क्रोध और खुशियां का एहसास कराता है। उन्होंने पत्रकारों के बारे में बताया कि बीजेपी के सरकार में सही खबर छापने पर पत्रकारों के ऊपर एफआई आर दर्ज करा दिया जाता है जब एक पत्रकार ने मिड डे मील के घोटाले को उजागर करने की कोशिश की तो उसे जेल भेजने की तैयारी करा दी गई। उन्होंने कहा कि द्वेष की भावना से सपा के दस हजार कार्यकर्ताओं के खिलाफ बीजेपी सरकार ने थाने में एफआई आर दर्ज कराई है। पत्रकारों के माध्यम से श्री यादव जनता को संदेश देना चाहते हैं कि यदि पेट बढ़ गया है या पेट में कोई बीमारी है तो उसके इलाज के लिए साइकिल की सवारी ही एकमात्र विकल्प है। प्रदेश की जनता से पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने अपील किया कि अब वह समय आ गया है साइकिल पर सवार होने का। बढ़ती हुई महंगाई पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा कि आज कई प्रदेशों में पेट्रोल और डीजल के दाम 100 के पार या 100 के करीब पहुंच रहा है जो एक चिंता का विषय है बढ़े हुए दामों से जनता घबरा चुकी है किसानों की समस्याओं पर श्री यादव ने कहा कि किसानों की धान की बिक्री नहीं हो पा रही है। मजबूर होकर किसान नौ 10 किलो धान बेचने के लिए विवश हैं।

# आज मारे-मारे फिर रहे माफिया: स्वतंत्र

संवाददाता। मऊ



### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने सरदार पटेल की प्रतिमा का अनावरण

### मऊ के मधुबन स्थित रामपुर बेलौली में जनसभा का आयोजन

**भारतीय** जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि कांग्रेस के लोगों ने देश के सपूत पटेल को सरदार की उपाधि नहीं दी। बल्कि इस देश के किसानों ने सरदार का सम्मान किया। जिन्होंने देश को एकता के सूत्र में बांधा उनकी कांग्रेस ने उपेक्षा की। प्रदेश अध्यक्ष शनिवार को जिले के मधुबन स्थित शहीदी धरती पर रामपुर बेलौली में सरदार वल्लभ भाई पटेल की प्रतिमा का अनावरण कर जनसभा को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश अध्यक्ष ने विरोधी दलों पर हमला बोलते हुए कहा कि पूर्व सरकारों के पाले हुए माफिया आज मारे-मारे फिर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी की ताकत ऐसी है कि एके-47 चलाने वाले को पंजाब में शरण लेनी पड़ रही है। आज गुंडे, माफियाओं के लिए योगी सरकार का बुलडोजर तैयार है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि घोसी विधानसभा के उपचुनाव के बाद यह मेरा पहला आगमन है। संत शिरोमणि व सामाजिक चेतना के अग्रदूत संत रैदास ने छुआछूत को समाप्त करने का बीड़ा उठाया था। प्रदेश अध्यक्ष ने स्वतंत्रता संग्राम के महानायक चंद्रशेखर आजाद को पुण्यतिथि पर नमन करते हुए लेह में शहीद हुए जनपद के लाल चकरा निवासी गणेश यादव को भी याद किया। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व डाण् भीम राव आंबेडकर का सम्मान किया। प्रदेश में सपा व बसपा की सरकार ने केवल भ्रष्टाचार व अपराध को बढ़ावा दिया। आज देश में मोदी व प्रदेश में योगी की सरकार है। इनके पास खुद के लिए पक्की छत नहीं है पर दिन-रात गरीबों को पक्की छत देनेए जीवन स्तर सुधारनेए किसानों की आय दोगुनी करने व महिलाओं के सम्मान के लिए काम कर रहे हैं। सरदार पटेल ने देश की 564 से अधिक छोटी-बड़ी रियासतों को एक सूत्र में पिरोया। हैदराबाद के निजाम नहीं मानेए गरीबों पर अत्याचार करते रहे पर पांच दिन के अंतर में वह भी नतमस्तक हो गए। ऐसे व्यक्ति को प्रधानमंत्री की कुर्सी पर जाने से कांग्रेस ने रोका। सपा.बसपा पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि दोनों सरकारों ने प्रदेश को लूटा है। जनसभा को कैबिनेट मंत्री अनिल राजभरए गोरक्ष प्रांत के क्षेत्रीय अध्यक्ष डाण् धर्मेंद्र सिंहए कैबिनेट मंत्री दारासिंह चौहान आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व ब्लाक प्रमुख मनोज राय, प्रदेश महामंत्री अनुप गुप्ता, कामेश्वर सिंह, सांसद सकलदीप राजभर, बजरंगी सिंह बज्जू, विधायक श्रीराम सोनकर, जिला महामंत्री राधेश्याम सिंह, मनोज गुप्त आदि उपस्थित थे। इसके पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज गुप्त ने प्रदेश अध्यक्ष का स्वागत किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण गुप्त व संचालन विजय बहादुर सिंह ने किया।

## खंड विकास अधिकारी को दी गयी भावभीनी विदाई

**धानापुर,चन्दौली।** शनिवार को ब्लाक सभागार में सेवानिवृत्त हुए खण्ड विकास अधिकारी सुशील मिश्रा को भावभीनी विदाई समारोहपूर्वक दी गयी। समारोह में विकास क्षेत्र के ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं ब्लाक कर्मियों ने सुशील मिश्रा को फूल माला पहनाकर अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर उनको सम्मानित किया। इस दौरान प्रधान संघ के अध्यक्ष दिलीप सिंह ने कहा कि खंड विकास अधिकारी सुशील मिश्रा कभी भी अधिकारी के रूप में पेश नही आये वह हमेशा एक अभिभावक के रुप मे हम लोगों के साथ रहे। किसी भी विकास कार्य मे उन्होंने हमेशा सहयोग दिया है । सभी वक्ताओं ने उनके स्वास्थ्य और सेवानिवृत्त होने के बाद अच्छे जीवन व्यतीत होने की शुभकामनये देते हुए भावभीनी विदाई दी। इस दौरान मुख्य रूप से डीपीआरओ ब्रम्हचारी दुबेए चिकित्साधीक्षक डॉ जेपी गुप्ता, विधायक प्रतिनिधि अन्नू सिंह, आलोक कुमार पांडेय, एडीओ संजीव कुमार सिंह, अरविंद कुमार, रमेशचंद्र सिंह, दयाल शरण सिंह,अतीक अहमद, जैनेन्द्र सिंह, ग्राम प्रधान सियाराम, जलील अहमद, रोजगार सेवक संघ अध्यक्ष पीयूष यादव, प्रेम सिंह, सहित समस्त ब्लॉक कर्मी उपस्थित रहे।

## आगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य अविलंब पूरा कराएं : जिलाधिकारी

**चन्दौली।** राष्ट्रीय पोषण मिशन उप्र पोषण अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला कन्वर्जेंस की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान आंगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण से संबंधित समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने अवशेष आगनबाड़ी केंद्रों का निर्माण कार्य अविलंब पूरा कराए जाने के सख्त निर्देश दिए। साथ ही निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन आंगनवाड़ी केंद्र के सिलाप व लेंटर लेवल तक निर्माणाधीन समस्त आंगनबाड़ी केंद्र अभिलंब पूर्ण करा लेने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कार्य आरंभ होने व पूर्ण होने के फोटोग्राफ्स अनिवार्य रूप से रखे जाएं इसमें लापरवाही किसी भी प्रकार की बर्दाश्त नहीं होगी। जिलाधिकारी ने चहनियां विकास खंड के पकड़ीए मुल्लापुर व फूलपुर के आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण कार्य में घोर लापरवाही बरतने पर ग्राम पंचायत अधिकारियों को प्रतिकूल प्रविष्टि जारी करने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई एजेंसीयों को निर्देशित करते हुए कहा कि कंप्लीट भवनों की सूची बनाकर 3 दिन के अंदर प्रस्तुत करें। ताकि क्रॉस चेकिंग कराकर गुणवत्ता व मानक की जांच की जा सके। चिन्हित आंगनबाड़ी केंद्रों पर पोषण वाटिका को मानक के अनुसार विकसित करेंए इसमें लापरवाही न बरतें अन्यथा विभागीय कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। सैम एवं मैम बच्चों की पोषण की कार्यवाही अभियान चलाकर कराएं जनपद में कोई बच्चा कुपोषित न रहे इसके लिए ठोस रणनीति बनाते हुए अभियान चलाकर कार्रवाई किया जाए इसमें बाल विकास विभाग एवं स्वास्थ्य विभाग के साथ ही सभी संबंधित विभाग समन्वय बनाकर प्रभावी कार्यवाही करें। अति कुपोषित बच्चों को आवश्यकतानुसार पोषण पुनर्वास केंद्र में अवश्य भर्ती कराकर उनके इलाज एवं पोषण की कार्रवाई कराएं। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अजितेंद्र नारायण, डीसी मनरेगा धर्मजीत सिंह, डी सी एन आर एल एम, जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास एवं पुष्टाहार, जिला पंचायत राज अधिकारी, परियोजना अधिकारीगण, खंड विकास अधिकारी नियमताबाद व संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंचायत चुनाव तैयारियों को लेकर गहन समीक्षा

**सिद्धार्थनगर।** पंचायत चुनाव को सफल बनाने के लिए जनपद के सभी तहसीलों में जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा द्वारा बीएलओ एवं सुपरवाइजर के कार्यों की समीक्षा किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी दीपक मीणा ने उपस्थित सभी बीएलओ को निर्देश दिया कि सभी बीएलओ अपने अपने बूथों पर मतदाता सूची का मिलान कर लें कि कितने मतदाताओं का नाम विलोपित हुये और कितने मतदाताओं का नाम सम्मिलत हुआ है यदि कोई अन्तर आता है तो मतदाता सूची का नवीनीकरण कराना सुनिश्चित करें। नये मतदाताओं का नाम जोड़ने तथा छूटे हुये नामों को सम्मिलित करने का कार्य सुनिश्चित किया जाये साथ ही जिन लड़कियों की शादी हो गयी है उनके नाम को विलोपित किये जायें। जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी श्री दीपक मीणा द्वारा तहसील शोहरतगढ़ एवं तहसील नौगढ़ में वोटर लिस्ट अधूरा होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुये जल्द से जल्द कार्य को पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उपजिलाधिकारी व तहसीलदार को अवश्य सूचित करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि/रा) श्री सीताराम गुप्ता, समस्त तहसीलों पर उपजिलाधिकारी, तहसीलदार सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारी व बीएलओ की उपस्थिति रही।

### औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक सम्पन्न

**चन्दौली।** जिलाधिकारी संजीव सिंह की अध्यक्षता में जिला उद्योग बन्धु एवं औद्योगिक व्यापारिक सुरक्षा फोरम की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक में रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज-2 में स्थित पार्को को वृक्षारोपड़ कर माडल पार्क बनानेए पटनवा से सिधी ताली होते हुए फेज.2 तक सड़क निर्माणए रामनगर औद्योगिक क्षेत्र फेज.2 में जफरपुरवा व चन्द्रखा गॉव की एवार्ड की भूमि में कृषको को मुआवजा सम्बन्धित आदि समस्याओं पर विस्तृत चर्चा हुई। जिलाधिकारी ने क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीएसआईडीसी को अस्थाई अतिक्रमण चिह्नित कर हटवाने की कार्यवाही शुरू कर दिया जाय। मे गणेश प्लाइवुड से कटारिया के सामने सर्विस रोड के मरम्मत से संबंधित कार्य कराने के निर्देश जिला पंचायत को दिए।

## समाधान दिवस पर डीएम, एसपी ने सुनी फरियाद



संवाददाता। देवरिया

शनिवार को जनपद देवरिया के समस्त थानो पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी देवरिया अमित किशोर एवं पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र द्वारा थाना कोतवाली में सामाधान दिवस पर फरियादियों की समस्याओं को सुनकर त्वरित निस्तारण हेतु संबन्धित को निर्देशित किया गया।

जिसके क्रम में कुल 6 शिकायत प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जहां 6 प्रर्थना पत्रों के निस्तारण हेतु पुलिस व राजस्व विभाग की टीम को मौके पर भेजते हुए 2 शिकायती प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। शेष प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु जिलाधिकारी देवरिया व पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा संबन्धित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक देवरिया डा रामयश सिंह द्वारा थाना रामपुर कारखाना में लोगों की शिकायत सुनते हुए प्राप्त 2 शिकायती प्रार्थना पत्रों के निस्तारण हेतु राजस्व व पुलिस टीम को निर्देशित किया गया जिसके क्रम में राजस्व व पुलिस टीम द्वारा 1 प्रार्थना पत्र का मौके पर जा कर निस्तारण किया गया।

समस्त क्षेत्राधिकारी एवं समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष द्वारा अपन-अपने थानों पर आयोजित समाधान दिवस में लोगों की समस्याओं को सुनते हुए कुल जनपद देवरिया के थानों पर 97 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए जिसके परिप्रेक्ष्य में राजस्व व पुलिस टीम द्वारा मौके पर जाकर कुल 37 प्रार्थना पत्रों का निस्तारण किया गया। लम्बित प्रार्थना पत्रों के शीघ्र निस्तारण हेतु पुलिस अधीक्षक देवरिया द्वारा समस्त प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष को निर्देशित किया गया।

## दृष्टि है, सृष्टि है अभियान को मेरा सैल्यूट : मिथिलेश पाण्डेय

**शहाबगंज, चन्दौली** । काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के पूर्व छात्रों द्वारा स्थापित स्वयंसेवी संगठन मातृभूमि सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में कम्युनिटी पुलिसिंग के अन्तर्गत बिना किसी सरकारी सहायता के आरण्के नेत्रालय द्वारा पूर्व की भांति लगातार प्रत्येक सप्ताह आयोजित होने वाले निशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर में कुल 124 मरीजों का फालोअप किया गया। जिसमें 16मरीजों के आंखों के मोतियाबिंद का ऑपरेशन नवीनतम एवं अद्यतन फेको विधि द्वारा किया गया और फोल्डेबल लेन्स प्रत्यारोपित किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए आरण्के नेत्रालय के डायरेक्टर मिथिलेश पाण्डेय ने कहा कि नेत्र रोगियों की सेवा करना बड़े ही पुण्य का कार्य हैएआरण्के नेत्रालय एवं मातृभूमि सेवा ट्रस्ट द्वारा यह कार्य बहुत सुचारू रूप से किया जा रहा है जो नेत्रहीनों के जीवन में रोशनी का उजाला भरने का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता आर के नेत्रालय के व्यवस्थापक संजय ओझा ने की। उपस्थित सभी मरीजों को निशुल्क दवाइयां एवं 30 लोगों को चस्में लगाने की सलाह डॉण्वन्दना यादव द्वारा दी गई। उन्होंने नेत्र सुरक्षा के उपाय भी मरीजों को विसतार से बतलाए।

## एक माह पूर्व हुई भीषण चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

**चंदौली।** पुलिस ने एक माह पूर्व हुई भीषण चोरी का शनिवार को खुलासा कर ही दिया। सैयदराजा थाना क्षेत्र के ककरही गांव में चोरों ने हजारों की नगदी सहित सोने व चांदी की 30 लाख के गहनों पे हाथ साफकिया था। राज्य स्तरीय पहलवान सहित चार शातिर चोरों ने घटना को अंजाम दिया था। जिससे चोरी की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गई थी। इनकी निशानदेही पर चोरी की गयी नगदी सहित आभूषण बरामद किया गया। चोरों ने अपने गांव के कुएं में बोरी में सुरक्षित बांधकर नगदी सहित आभूषण को छुपाया था। पुलिस ने कुएं से सभी सामान को बरामद कर लिया। सभी चोर स्थानीय थाना क्षेत्र के ककरही व मनराजपुर गांव के निवासी बताये गए हैं। इनके पास से एक अवैध तमंचा व पांच जिन्दा कारतुस भी बरामद किया गया। मुखबिर की सूचना से सैयदराजा पुलिस ने जामानिया तिराहा से शातिर चोर शमसेर यादवए अमित यादवए अजीत यादव व शैलेन्द्र को गिरफ्तार किया है।

## चंदौली केसरी कुश्ती 1 मार्च से, फाइनल 2 मार्च

**मुग़लसराय,**चन्दौली । चंदौली जिला कुश्ती एसोसिएशन द्वारा शनिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर यह सूचना दी गई कि चंदौली केसरी चैंपियनशिप का आयोजन 1 मार्च और 2 मार्च को दुल्हीपुर स्थित बीपी हायर सेकेंडरी स्कूल के प्रांगण में किया जाएगा जिसमें जूनियर व सब जूनियर बालक बालिका जिला कुश्ती चैंपियन संस्था के अध्यक्ष दीनानाथ यादव ने बताया कि 1 मार्च को सुबह 8 बजे से 10 बजे तक पहलवानों का वजन किया जाएगा इसके लिए प्रतियोगी पहलवानों को अपने साथ मूल आधार कार्ड व साथ में अपना एक फोटो लाना आवश्यक होगा।

## संत रविदास की जयंती पर विधायक ने पुष्प अर्पित कर किया भावपूर्ण नमन

संवाददाता। देवरिया



**भाजपा** कार्यकर्ताओं ने संत रविदास जंयती के अवसर पर देवरिया खास हनुमान मन्दिर परिसर स्थित संत रविदास मंदिर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि कर नमन किया। इसके बाद उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुये सदर विधायक डॉ सत्यप्रकाश मणि त्रिपाठी ने कहा कि संत रविदास की जीवनी दया, प्रेम, क्षमा, धैर्य, सौहार्द, समानता जैसे गुणों की प्रेरणा देता है। महात्मा गांधी ने संत रविदास के दर्शन को समझकर ही अपने राम राज्य के लिए पारंपरिक हथकरघा और कुटीर उद्योग को महत्व दिया था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आत्मनिर्भर भारत के तहत इसी दर्शन को आगे बढ़ा रहे हैं। संत रविदास ने हमें धर्म का सही अर्थ समझाया जो कि सत्य के करीब है। वह संत रविदास की शिक्षा और उनके मूल्यों में विश्वास करते हैं। सच्चा धर्म लोगों को जोड़ता है। सम्मान,प्रेम और करुणा का भाव समाज मे कायम रहना चाहिए यही हमे संत रविदास के जीवन से सीख मिलता है। इस दौरान मुख्य रूप धनुषधारी मणि त्रिपाठी, अम्बिकेश,नवीन,अभिजीत , राजेश कुशवाहा,नीलू मणि,ओमप्रकाश मणि, हंसनाथ यादव,विकास मणि त्रिपाठी गोलू,अरुण मणि मौजूद रहे।

## युगों-युगों तक याद रखा जाएगा आजाद का बलिदान : जयप्रकाश

**देवरिया** । अंग्रेजों के खिलाफआजादी की लड़ाई के दौरान महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले और करोड़ों युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे चंद्रशेखर आजाद की 90 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आचार्य व्यास मिश्र स्मृति देवरिया महोत्सव समिति द्वारा पोस्टमार्टम चौराहे पर स्थित चन्द्रशेखर आजाद जी की प्रतिमा की साफ सफाई करने के बाद माल्यार्पण और पुष्पांजलि करके पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समिति अध्यक्ष पवन कुमार मिश्र ने ष्भारत मां के अमर सपूत चंद्रशेखर आजाद को याद करते हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि चंद्रशेखर आजाद से अंग्रेजी हुकूमत थर-थर कांपती थी। उन्होंने कहा था कि मैं आज़ाद था। आज़ाद हूं, आज़ाद रहूंगा और वो सच में अपनी अंतिम सांसों तक आज़ाद रहे। उनके राष्ट्रप्रेम ने देश के लाखों युवाओं के हृदय में स्वाधीनता की लौ जलाई। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मुख्य



अतिथि राज्यमंत्री जयप्रकाश निषाद जी ने कहा कि अंग्रेजों के खिलाफलड़ाई में हजारो,लाखों स्वतंत्रता सेनानियों ने अपनी जान न्योछावर कियाए जिसमे चन्द्रशेखर आजाद जी ने भी भारत माँ को आजाद कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दियाए इनका बलिदान युगों युगों तक याद रखा जाएगा। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा मीडिया प्रमुख अम्बिकेश पांडेय ने कहा कि चन्द्रशेखर आजाद जी की जीवनी से आज भी देश के युवा प्रेरणा लेते हैं। मध्य प्रदेश में 23 जुलाई 1906 को चन्द्रशेखर आजाद का जन्म हुआ। करीब 14 साल की उम्र में वो आंदोलनों से जुड़ गए, उसी वक्त उन्हें जेल भी जाना पड़ा और उसके बाद अंग्रेजों को हमेशा ही चंद्रशेखर आजाद खटकते रहे। आजाद ने ठानी थी कि कोई अंग्रेज उन्हें कभी जिंदा नहीं पकड़ पाएगा और ऐसा ही हुआए अंतिम समय मे 27 फरवरी 1931 को उन्होंने अल्फ्रेड पार्क ,चन्द्रशेखर आजाद पार्क, प्रयागराज में अंग्रेजो से घिर जाने के बाद अपनी ही बंदूक की गोली से अपने प्राणों की आहुति दे दी।

## पथरदेवा में आयोजित विराट किसान मेले के दूसरे दिन के कार्यक्रमों की शुरुआत



संवाददाता। देवरिया

**आचार्य** नरेन्द्र देव इंटर कालेज पथरदेवा में आयोजित तीन दिवसीय एग्रो क्लाइमेटिक जोन स्तरीय विराट किसान व प्रदर्शनी के आज दूसरे दिन बतौर मुख्य अतिथि सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी सिरकत किये। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ मुख्य अतिथि सदर सांसद श्री त्रिपाठी द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि सांसद श्री त्रिपाठी ने कहा कि किसानों की खुशहाली के लिये देश व प्रदेश की सरकार अनेक योजनाये संचालित की है तथा उसका क्रियान्वयन तेजी के साथ कराया जा रहा है। सभी लोगों के जीवन में खुशहाली लाना सरकार की प्राथमिकता है। किसानो की आमदनी दोगुनी हो इसके लिये किसान हित में भी योजनायें बनायी गयी है। कृषक खुशहाल होगें तभी देश व प्रदेश खुशहाल होगा। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने सम्बोधन के दौरान कहा कि सरकार महिलाओं के लिए अनेक लाभकारी योजनाएं चलायी जा रही हैए जिससे वे सुरक्षितए स्वालम्बी व सम्मान के साथ रह सके। किसानों के विकास से ही प्रदेश व देश का विकास होगा। प्रदेश के सभी जिलों में मेले के माध्यम से किसानों को जागरूक किया जा रहा है। सरकारी योजनाओं का किसान लाभ लें। आज के कार्यक्रम के अध्यक्षता करते हुए पथरदेवा ब्लाक प्रमुख सुब्रत शाही ने कहा कि तीन दिवसीय मेले में कृषिए बेसिक शिक्षाए समाज कल्याणए स्वास्थ्यएपशुपालन के साथ ही अन्य विभागो की ओर से क्षेत्रीय लोगों को योजनाओं का लाभ देने के लिए लगभग 100 स्टाले लगायी गयी है तथा कृषि वैज्ञानिकों द्वारा किसानों को उत्पादन बढाने की तकनीकी जानकारियां भी दी गयी।

### कॉलेज प्रशासक को धरना स्थल पर बुलाने की मांगधरना जारी

**सकलडीहा,चन्दौली।** एबीवीपी कार्यकर्ता पिछले दस दिनों से सकलडीहा पीजी कॉलेज में कॉलेज प्रशासक;जिलाधिकारीद्ध और पुलिस प्रशासन की अड़ियल रवैया का आरोप लगाते हुए धरनारत है। शनिवार को एबीवीपी कार्यकर्ता दोषी पुलिस अधिकारियों के खिलाफविरोध प्रदर्शन किया। मौके पर कॉलेज प्रशासक के आने तक धरना प्रदर्शन जारी रखने की मांग दोहराया। इस दौरान सीओ और कोतवाली पुलिस की दुर्व्यवहार को लेकर जमकर नारेबाजी किया। पिछले दिनों कॉलेज प्रशासन के खिलाफ धरना दे रहे एबीवीपी कार्यकर्ता से सीओ और कोतवाली पुलिस बल पूर्वक दुर्व्यवहार किया था।

## श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन

**मुग़लसराय,चन्दौली।** स्थानीय गल्लामंडी स्थित श्री दुर्गा मंदिर प्रांगण मे चल रहे संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कथा वाचक अजयानन्द महाराज ने ब्यास पीठ से ठाकुर जी के रासलीला पर वर्णन करते हुए की प्रेम की ब्याख्या उन्होने उपस्थित भक्तों को बताया कि वृंदावन मे ठाकुर जी ने गोपियों संग जब रास किया उस समय भगवान शिव और माता पार्वती भी गोपियों का रूप धरकर उस रास मे सम्मलित हुए और अन्य गोपियों की भाँति भगवान के प्रेम मे वशीभूत हो कर नृत्य करने लगे लेकिन यह बहुत समय तक न चल सका और ठाकुर जी ने भूत भावन और माँ पार्वती को पहचान गए जब गोपियों ने भूत भावन शंकर जी का विकराल रूप देखा तो वहाँ से डर पलायन करने लगीं जिसे ठाकुर जी मुस्करा, और उन्होंने वही गोपेश्वर महादेव को स्थापित किया।

## मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 234 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे



संवाददाता। देवरिया

**महाराजा** अग्रसेन इंटर कालेज के परिसर में शनिवार को आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत कुल 234 जोडे एक दुजे के बंधन में बंधेए जिसमें 221 हिन्दू जोडे का विवाह हिन्दू रीतियों से तथा 13 मुस्लिम जोड़ो का निकाह सम्पन्न कराया गया। नवदम्पतियों को कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाहीए मत्स्य राज्य मंत्री जय प्रकाश निषाद, सदर सांसद रमापति राम त्रिपाठी,गन्ना विकास उपाध्यक्ष नीरज शाही,जिलाधिकारी अमित किशोर, पुलिस अधीक्षक डा श्रीपति मिश्र, मुख्य विकास अधिकारी शिव शरणप्पा जी एनए अपर जिलाधिकारी प्रशासन कुवर पंकज सहित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा भावभीनी बिदाई की गयी।

आयोजित यह वैवाहिक कार्यक्रम भव्य एवं आकर्षक रहा। कार्यक्रम का शुभारम्भ कृषि मंत्री श्री शाही एवं राज्य मंत्री श्री निषाद द्वारा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री श्री शाही ने कहा कि गरीबों की शादी धूमधाम एवं भव्यता के साथ सुनिश्चित होए इसके लिये मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की गयी है। आज इसी योजना के तहत यह भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ। यह अत्यन्त ही सराहनीय तथा बेटी को संरक्षण देने वाला योजना है। उन्होने मिशन शक्ति कौशल, विकास सहित अनेक संचालित महत्वाकांक्षी योजनाओं की चर्चा की एवं नव दम्पतियों को विवाह बंधन की शुभकामनाये देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की। मत्स्य राज्य मंत्री श्री निषाद ने समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि सबका साथ सबका विकास के साथ गरीबों के कल्याण का कार्य किया जा रहा है। उनको छतए बिजलीए शौचालय सहित हर प्रकार से गरीब कल्याण की योजना प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री जी द्वारा चलाई गयी है और उसपर कार्य भी किया जा रहा है। उन्होने नवदम्पतियों के जीवन सार्थक एवं मंगलमय होए इसकी कामना करते हुए कहा कि आर्थिक कठिनाईयों के कारण गरीब परिवारों को अपनी बेटियों की शादी के लिये कठिनाईयां होती थी।

## रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि के लिए चंदौली मझवार स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम शुरू

**मुग़लसराय,चन्दौली** । डीडीयू मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय के दिशा निर्देशन में पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल रेल अवसंरचना विकास, उन्नयन व आधुनिकीकरण करते हुए सुचारू रेल परिचालन एवं रेल परिचालन क्षमता में वृद्धि हेतु निरंतर कार्य कर रहा है। सिग्नल सिस्टम के उन्नयन के क्रम में चंदौली मझवार स्टेशन पर आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम की स्थापना संबंधी विभिन्न अवसंरचना उन्नयन कार्य सफलतापूर्वक संपन्न करने के उपरानत मंडल रेल प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय की उपस्थिति में चंदौली मझवार स्टेशन पर नए सिस्टम के साथ रेल परिचालन का शुभारंभ किया गया। चंदौली मझवार स्टेशन पर मंडल रेल प्रबंधक के साथ इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक राकेश कुमार रौशन, वरीय मंडल संकेत एवं दूरसंचार अभियंता बी के यादव,उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता वर्क्स, मनीष कुमार, वरीय मंडल अभियंता सुनील कुमार, मंडल परिचालन प्रबंधक रेहान रज़ा रिज़वी आदि अधिकारियों सहित संबंधित अन्य उपस्थित रहे। डीडीयू मंडल में पिछला रिकॉर्ड 7 घंटे की नॉन इंटरलॉक्ड कार्य अवधि का था जिसमें 24 जनवरी को सैयदराजा स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम स्थापित किया गया था। चंदौली मझवार स्टेशन पर वर्ष 1996 में लगाये गए पुराने पैनल इंटरलॉकिंग सिस्टम के स्थान पर लगाया गया नया आधुनिक इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम 83 रूट की क्षमता सहित अत्याधुनिक सिगनलिंग संबंधी सुविधाओं से युक्त है। इसके साथ ही चंदौली मझवार स्टेशन पूर्व मध्य रेल का पहला स्टेशन है जहां भारतीय रेल के अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन के अद्यतन दिशा,निर्देशों के अनुरूप इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सर्किट मानकीकरण लागू किया गया है। चंदौली मझवार स्टेशन पर इस नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग सिस्टम के माध्यम से ट्रेनों की आवाजाही हेतु त्वरित ट्रैक सेट करने की सुविधा युक्त उन्नत सिग्नल सिस्टम हो जाने से चंदौली मझवार स्टेशन होकर रेल परिचालन और सुगम तथा सुचारू होगा और साथ ही संरक्षा में भी बढ़ोतरी होगी।

## रविदास ने नई दिशा दी

**पड़ाव,चन्दौली।** सेंट अल हनीफ एजुकेशनल सेंटर तथा सेंट अल हनीफ इंटर कॉलेज सेमरा चंदौली के तत्वाधान में संत रविदास जी की जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम संत रविदास जी के तैल चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पण किया गया उसके बाद अध्यापकों ने अपने विचार व्यक्त किए। प्रमुख वक्ता प्रधानाचार्य बी राम ने कहा कि संत रविदास जी सामाजिक समरसता के प्रणेता थे। उन्होंने सगुण भक्ति शाखा का पुरजोर समर्थन किया। तथा प्रधानाचार्य कृष्ण दत्त त्रिपाठी ने कहा कि संत रविदास जी सामाजिक बुराई जैसे ऊंच, नीच, जाति, पति का खंडन करते हुए समाज को नई प्रेरणा से प्रेरित करते थे । विद्यालय के प्रबंधक हाजी वसीम अहमद ने कहा कि संत रविदास जी ने नेक नियति को प्रमाणित करते हुए समाज को एक नई दिशा दी तथा तत्कालीन राजा और रानियों को भी दीक्षा दी। उन्होंने मन चंगा तो कठौती में गंगा को भी चरितार्थ किया। उक्त अवसर पर प्रशासनिक अधिकारी डॉक्टर सेराज अंसारी,आसिफ इदरीश ,स्वालेह उल हक, कल्पना,अमित, मुसाहिब अली, रवि इत्यादि लोग उपस्थित रहे संचालन इम्तियाज खान ने किया

# गोशाला में शार्ट सर्किट से लगी आग, कई मवेशियों की मौत



**संवाददाता।** बाराबंकी

**नगर** पंचायत टिकैतनगर में शनिवार की दोपहर शॉर्ट सर्किट से एक गौशाला में आग लग गई।आग की चपेट में आने से 4 मवेशी जिंदा जल गए तो वही दर्जनों झुलस गए। घायल मवेशियों में आधा दर्जन मवेशियों की हालत गंभीर बनी हुई है। ग्रामीणों की मदद से मवेशियों को बाहर निकाला गया सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।टिकैतनगर बारिनबाग मार्ग पर नगर पंचायत चेयरमैन जगदीश प्रसाद गुप्ता की गौशाला है। यहां पर शनिवार की दोपहर लगभग एक बजे अचानक शॉर्ट सर्किट हुआ। शॉर्ट सर्किट से टीन सेट के ऊपर व नीचे से मवेशियों को गर्मी से बचाने के लिए रखे गए छप्पर में आग लग गई। लोग जब तक कुछ समझ पाते हवा के तेज झोंके के साथ आग पूरी गौशाला में फैल गई। गौशाला में काम करने वाले लोगों के साथ ग्रामीणों ने कड़ी मशक्कत कर मवेशियों को किसी तरह बाहर निकाला। लेकिन तब तक आप की चपेट में आकर 4 मवेशी जिंदा जल गए दर्जनों मवेशी झुलसे है। इनमें से कई की हालत गंभीर है। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत कर आग पर काबू पाने का प्रयास किया लेकिन तेज हवा के झोंकों के साथ आग लगातार बढ़ती रहे सूचना के 1 घंटे बाद पहुंचे दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया। सूचना पर मौके पर पहुंची पशु चिकित्सकों की टीम ने मवेशियों का इलाज शुरू कर दिया है। मौके पर पहुंचे दरियाबाद विधायक सतीश चंद शर्मा ने पशु विभाग के अधिकारियों को गंभीर रूप से घायल मवेशियों के इलाज के निर्देश दिए।

## खेलकूद से शारीरिक व मानसिक विकास

**लालगंज।** नगर के हेमवती नंदन बहुगुणा पीजी कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शनिवार को आयोजित हुई। प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मु य अतिथि डॉ. राज कुमार पांडेय ने खेल के महत्व को लेकर प्रतिभागियों को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष डा. वीरेंद्र कुमार मिश्र ने किया। छात्रों ने सरस्वती वंदना व स्वागत गान प्रस्तुत किया। प्राचार्य डा. आरपी मिश्र ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि खेल से छात्रों की शारीरिक व मानसिक क्षमता का विकास होता है। कार्यक्रम का संचालन डा. ऋ्चासुकुमार ने कया। खेलकूद प्रतियोगिता डा. फणींद्र नारायण मिश्र, क्रीड़ाधिकारी डा. सीमा त्रिपाठी, डा. गंगाधर मिश्र, डा. अभिषेक पांडेय, डा. महेश पांडेय व शैलेंद्र कुमार की देखरेख में संपन्न हुई। इस मौके पर डा. आलोक द्विवेदी, डा. निशांत पांडेय, डा. वाचस्पति मिश्र, डा. संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

# सरकार की गलत नीतियों से देश की अर्थव्यवस्था हुई चौपट: प्रमोद तिवारी

**संवाददाता।** लालगंज



**केंद्रीय** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य व यूपी आउटरीच कोआर्डिनेशन कमेटी प्रभारी प्रमोद तिवारी ने कहा है कि मोदी सरकार की गलत आर्थिक नीतियों के कारण देश की अर्थव्यवस्था में शर्मनाक गिरावट आई है। पिछले उन्नीस माह में डालर के मुकाबले भारतीय रूपए में 104 पैसे की गिरावट होने से रूपया 73.47 प्रति डालर पहुंच गयाा है। जिसका असर शेयर बाजार में साफ देखने को मिला और सेंसेक्स 1943 अंक व नि टी 568 अंक की रिकार्ड गिरावट के साथ बंद हुआ। इसके चलते निवेशकों का लगभग साढ़े पांच लाख रूपए डूब गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता व पूर्व राज्य सभा सदस्य प्रमोद तिवारी ने अर्थव्यवस्था की बदहाली से स्पष्ट है कि मोदी सरकार की गलत नीतियों के चलते आज देश आर्थिक तबाही व बर्बादी के कगार पर पहुंच गया है। उन्होने कहा कि अब देश को जागना होगा, अन्यथा हम आर्थिक बदहाली के ऐसे मुकाम पर पहुंच गए जाएंगे जहां से लौटकर आना मुश्किल होगा। ऐसा नहीं होने पर देश की आने वाली पीढियां हमें कभी माफ नहीं करेंगी। प्रमोद तिवारी ने पेट्रोलियम पदार्थों के दामों में रिकार्ड बढ़ोत्तरी पर भी चिंता जताई है। श्री तिवारी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमत लगभग 61 रूपए प्रति बैरल है, इसके बाद भी मध्य प्रदेश में में पेट्रोल सौ रूपए प्रति लीटर, मुंबई में 97, दिल्ली में 00, लखनऊ में 89 समेत देश के सभी हिस्सों में सौ का आंकड़ा छूने को तैयार है। डीजल के दामों में भारी बढ़ोत्तरी हुई है और रसोई गैस के एक सिलेंडर की कीमत साढ़े आठ सौ रूपए के करीब पहुंच चुकी है। जिससे आम आदमी व किसानों की कमर टूट गई और रसोई का बजट बेपटरी हो गया। उन्होंने कहा कि देश की जनता पेट्रोलियम पदार्थ की भारी कीमत चुका रही है और दूसरी और उद्योगपति अंबानी व अडानी दुनिया के सबसे अमीन आदमी बन रहे हैं।

# जच्चा-बच्चा की मौत के बाद जागा स्वास्थ्य विभाग, अस्पताल सीज करने की कार्रवाई शुरू

**संवाददाता।** सिरौलीगौसपुर बाराबंकी



**बदोसराय** रसूलपुर सेंट्रल बैंक के बगल अवैध रूप से संचालित हो रहे अस्पताल में जच्चा बच्चा की मौत के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। शुक्रवार को डॉक्टर बंगाली द्वारा संचालित अस्पताल में ग्राम बीहड़ निवासी साजन चौहान की पत्नी सुमन और उसके नवजात शिशु की मौत हो गई थी। जिसके बाद पीड़ित ने इस मामले की शिकायत करने कोतवाली बदोसराय गया जहां उसने अस्पताल के संचालक और कर्मचारियों पर लापरवाही बरतने के साथ ही पैसे के अभाव में पत्नी व बच्चे की मौत का आरोप लगाया था। उसके बाद अस्पताल के संचालक अस्पताल में ताला लगा कर भाग गए थे।पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर कार्यवाही करने के बजाए सुलह समझौता करा कर मामले को रफा.दफा कर दिया था। इस मामले को मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ बीकेएस चौहान ने गंभीरतापूर्वक लेते हुए शनिवार को अपर मुख्य चिकित्साधिकारी पंजीयन के नेतृत्व में एक टीम मौके पर भेजकर अस्पताल की जांच कराई और अस्पताल को सील करा दिया है। पंजीयन टीम ने अवैध अस्पताल के संचालकों के मौजूद ना मिलने पर अस्पताल गेट पर एक नोटिस चस्पा कर दी है। जिसमें 3 दिन के अंदर साक्ष्य देने की बात कही गई है।बताते चलें स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते बदोसराय कस्बे सहित क्षेत्र के आसपास ऐसे कई अवैध अस्पताल संचालित हो रहे हैं।जिन पर गरीब ग्रामीणों को इलाज के नाम पर जमकर ठगा जा रहा है। साथ ही उनके जीवन के साथ किया जा रहा है।

## फरार चल रही मां-बेटी बरामद

**जगदीशपुर अमेठी।** गस्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने पांच माह से फरार चल रही मां बेटी को बरामद किया ।जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दयाराम सरोज के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार यादव के कुशल नेतृत्व में कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी के दिशा निर्देश पर वरिष्ठ उपनिरीक्षक संतोष कुमार त्रिपाठी हमराही सिंकी नागर के साथ क्षेत्र में मौजूद थे कि मुखबिर की सूचना पर मुकदमा अपराध संख्या 560य20 में लगभग पाँच माह से फरार चल रही शकुन्तला पत्नी विक्रम कुमार व उसकी नौ वर्षीय पुत्री मोनिका निवासी भटगवां कोतवाली गौरीगंज जनपद अमेठी को दिन में लगभग पौने बारह बजे बस स्टॉप जगदीशपुर से बरामद किया गया ।इस सम्बन्ध में कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मां बेटी लगभग पाँच माह से फरार चल रही थी।

# एसपी ने कमरौली थाने का किया निरीक्षण



**संवाददाता।** जगदीशपुर अमेठी

**एसपी** ने थाने का वार्षिक निरीक्षण करते हुए मातहतों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और परिसर की साफ सफाई के साथ ही अभिलेखागार शस्त्रागार आवासीय बैरक का निरीक्षण किया।कमरौली थाने का निरीक्षण करने पहुंचे पुलिस अधीक्षक अमेठी दिनेश सिंह ने गार्ड ऑफ ऑनर लेने के उपरांत परिसर का निरीक्षण करते समय साफ सफाई शौचालय के साथ साथ पुलिस बैरक का निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष शिवाकांत पाण्डेय को आवश्यक दिशा निर्देश दिए और वही बनी महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण करते हुए डेस्क पर तैनात महिला हेल्प डेस्क प्रभारी से जानकारी हासिल करने के साथ अभिलेखों के रखरखाव शस्त्रागार कम्प्यूटर कक्ष का अवलोकन किया ।आगामी पंचायत चुनाव के मद्देनजर कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त रखने के लिए सभी ग्राम पंचायतों के सम्बन्ध में बैठक कर विस्तृत जानकारी प्राप्त कर असामाजिक तत्वों पर कार्यवाही के निर्देश दिए । लंबित विवेचनाओं के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नही की जाएगी और वही परिसर को हरा भरा तथा वातावरण को शुद्ध रखने के लिए वृक्षारोपण कराने का निर्देश दिया। इस मौके पर क्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना मनोज कुमार यादव उपनिरीक्षक राम बचन राम महिला कांस्टेबल महिमा यादव सहित समस्त स्टॉप मौजूद रहा ।

## सन्त रविदास की मूर्ति स्थापित

**मुसाफिरखाना अमेठी।** संत शिरोमणि रविदास की जयंती पर क्षेत्र के गुन्नौर गांव में सन्त रविदास की मूर्ति स्थापित की गई।मूर्ति का अनावरण बसपा नेता डॉ हरिद्वार सिंह भालेसुल्तान ने फीता काटकर किया।भिक्षणी संघमित्रा बौध्द और भिक्षक शीलंकर बौद्ध मूर्ति पूजन का भी कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में शामिल लोगो ने सन्त रविदास के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। डॉ हरिद्वार सिंह ने कहा कि संत रविदास के सिद्धांतों एवं आदर्शों को व्यवहारिक जीवन में अपनाने की अपील की।श्री सिंह ने कहा कि उनके द्वारा किए गए कार्यों से पीढ़ियां प्रेरणा लेती हैं। रविदास की भक्ति भावनाए आत्म निवेदन की एकाग्रताए निश्छल व निष्कपट व्यवहार की प्रसिद्धि दूर.दूर तक फैल गई। संत रविदास जीवन के अंतिम क्षणों तक आध्यात्म के क्षेत्र में ख्याति के चरम पर पहुंच गए थे। हमे उन्हें अपने जीवन मे उतारना चाहिए।

# पुलिस ने चार ऑटो लिफ्टर को किया गिरफ्तार, 6 बाइक व जेवरात बरामद



**संवाददाता।** बाराबंकी

**पुलिस** का चोरो एलुटेरों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है ताजा कड़ी में पुलिस ने एक अन्तर्जनपदीय ऑटो लिफ्टर गैंग का पर्दाफाश किया हैए जिनके कब्जे औऱ पूछताछ के आधार पर 6 मोटरसाइकिल और सोने चांदी के जेवरात बरामद किए हैंए पुलिस अभियुक्तों को जेल भेजने की कार्यवाही कर रही है ।

एएसपी उत्तरी आर एस गौतम ने बताया कि थाना कोतवाली पुलिस ने मुखबिर की सटीक सूचना पर चार अंतर्जनपदीय चोरो को गिरफ्तार किया है । पकड़े गये इरशाद पुत्र अब्बास एसुनील रावत पुत्र रामचंद्रए रिन्कू रावत पुत्र छंगा रावत आशीष सिंह पुत्र शिवम सिंह हैएपूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि विभिन्न स्थानों से मोटरसाइकिल चोरी की है जिनको बन्द पड़ी शुगर मिलए मंझपुरवाखण्डहर के कमरे में रखी है गाड़ी चोरी करने के बारे में बताया कि हम लोग भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मोटरसाइकिल में मास्टर चाभी लगाकर अनलॉक कर देते है और स्टार्ट कर गाड़ी लेकर भाग जाते है मोटरसाइकिल की नम्बर प्लेट बदल देते है औऱ ग्राहक मिलने पर 10 15 हजार में बेच देते है इसके अलावा बन्द घरौं की रेकी करते है औऱ ताला तोड़कर जेवरात और नगदी चुरा लेते है अभियुक्तों ने लखनऊए बाराबंकीए अयोध्या औऱ अन्य जनपदों में भी चोरियां स्वीकार किया है पुलिस टीम मे नगर कोतवाल पंकज सिंहए उप निरीक्षक मारकन्डेय सिंहएअमित मिश्राएजमानत अब्बासए राजेश कुमार पटेल ए संजीव प्रकाश सिह आदि शामिल रहे ।

## 21 उपनिरीक्षक इधर से उधर

**बाराबंकी।** पुलिस अधीक्षक यमुना प्रसाद ने एक बार फिर बड़ी तबादला एक्सप्रेस चलाते हुए 21 उपनिरीक्षकों की तैनाती में फेरबदल कर दिया । शनिवार को जारी तबादला सूची में फतेहपुर कोतवाली मे तैनात महिला उपनिरीक्षक शिखा सिंह को थाना मसौली में तैनात किया है वहीं एसएसआई जितेंद्र बहादुर सिंह को सफदरगंज थाने एसएसआई बनाकर नई तैनाती दी है वहीं मोहम्मदपुर खाला थाने तैनात उपनिरीक्षक राज किशोर दुबे को रामनगर थाने का एसएसआई बनाया है वहीं जैदपुर के एसएसआई रहे अभिमन्यु शुक्ला को इसी पद पर हैदरगढ़ कोतवाली भेजा है वहीं पुलिस लाइन से उपनिरीक्षक मुन्ना सिंह को रामनगर थाने में तैनाती दी है।वहीं विशेष जांच प्रकोष्ठ के प्रभारी मदन पाल को एसएसआई जैदपुर बनाकर भेजा है।उपनिरीक्षक सौम्य जायसवाल को टिकैतनगर थाने से चौकी प्रभारी विशुनपुर थाना देवा के पद पर भेजा है।वहीं पुलिस लाइन से उपनिरिक्षक प्रवीण मिश्रा को एसएसआई मोहम्मदपुर खाला बनाया है वहीं चौकी इंचार्ज विशुनपुर राजेश कुमार गुप्ता को वरिष्ठ उपनिरीक्षक रामसनेहीघाट बनाकर नवीन तैनाती दी है।वहीं विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी एसएसआई हैदरगढ़ रहे प्रेम नारायण सरोज को बनाया है वहीं अखिलेश सिंह को एसएसआई रामसनेहीघाट से एसआई जहांगीराबाद बनाया है।बदोसराय में तैनात एसआई जवाहर लाल द्विवेदी को सुबेहा थाने का एसआई बनाकर भेजा है।और फतेहपुर में तैनात एसआई जितेंद्र प्रताप सिंह चौकी इंचार्ज छेदा के पद पर मोहम्मदपुर खाला में तैनात किया है उपनिरीक्षक छद्दू चौधरी के लाइन हाजिर होने के पद काफी समय से इस चौकी पर किसी की तैनाती नही थी।

# आखिर क्यों नही लग पा रहा है नकली पेस्टीसाइड के अवैध कारोबार पर विराम!

**संवाददाता।** बाराबंकी

**शहर** के शांति विहार कालोनी में नकली पेस्टीसाइड बनाने का कारखाना पकड़े जाने के बाद अब इससे जुड़े लोगों में इस बात की चिन्ता सता रही हैं कि आखिर किसके इशारे पर यह अवैध कारोबार संचालित होता हैं एबार बार इस तरह के कारोबार को पकड़े जाने के बावजूद इस पर विराम क्यों नहीं लग पा रहा है आदि सवालों को लेकर किसान उहापोह की स्थिति में है लेकिन ना तो इसका जवाब विभाग के पास है ना कोई औऱ ही दे पा रहा है जिससे कयासों का बाजार भी गर्म हो गया है ।एमामले की जानकारी होने के बाद लोग तरह तरह की चर्चाएं कर रहे है कोई विभाग पर उंगली उठा रहा है तो कोई इसे कानून में ढीलाई का हवाला देकर सच्चाई से मुँह मोड़ने की बात कर रहा हैए जिससे जिले में नकली पेस्टीसाइड का कारोबार परवान चढ़ गया हैए भोला भाला किसान यह सोचकर पेस्टीसाइड ले जाता है कि उसकी फसल लहलहा उठेगी लेकिन असर उसका उल्टा होता है जनपद में यह खेल आज से नही बल्कि दशकों से होता चला आ रहा है एसूत्रों का कहना है कि विभाग पहले ऐसे लोंगो को पकड़ता है बाद में बचाव जैसी कार्यवाही करके इतिश्री कर लेता है जिससे यह अवैध कारोबार खत्म होने का नाम नही ले रहा है । पूर्व के एक नही अनेको उदाहरण है यह बताने की आवश्यकता नही है विभाग भली भांति जानता है ।

खुलासे के कई दिन बीत जाने के बावजूद नकली पेस्टीसाइड के कारोबारी खुलेआम घूम रहे हैंए लगभग चार दिन बीतने को है लेकिन विभाग अभी प्राथमिकी भी दर्ज नही करा पाया है जांच तक सीमित है जिससे साफप्रतीत होता है कि हर बार की तरह इस बार भी लीपापोती जारी है ऐसे में जहाँ कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं वही भोले भाले किसानो को बेवकूफ बनाने का इनका शगल भी बनता जा रहा है इस सम्बंध में पूछे जाने पर कृषि रक्षाअधिकारी प्रीती किरण बाजपेई ने बताया कि सम्बंधित फाइल डी एम के पास भेज दी गई है जल्द ही आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा फाइल कराया जायेगालेकिन समाचार प्रेषण तक ऐसी कोई भी कारवाई प्रकाश मे नही है ।

सूत्रों की माने तो नकली पेस्टीसाइड मामले के आरोपी विकास गुप्ता एसोनू आदि पूर्व में अयोध्या जनपद के रौजागांव में पकड़े जा चुके है वहाँ इनके विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत है।

# विधायक ने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र और सामुदायिक शौचालय का किया उद्घाटन



**संवाददाता।** सिरौलीगौसपुर बाराबंकी

**नवनिर्मित** आंगनबाड़ी केंद्र एवं सामुदायिक शौचालय का उद्घाटन विधायक ने फीता काटकर किया। इस मौके पर बाल विकास विभाग द्वारा गोद भराई अन्नप्राशन सहित विभिन्न कार्यक्रम विधायक की मौजूदगी में कराए गए। दरियाबाद विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जगदीशपुर के प्राथमिक विद्यालय परिसर में बने नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र के उद्घाटन समारोह में पहुंचे दरियाबाद विधायक सतीश चंद्र शर्मा ने सरकार द्वारा चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में लोगों को जानकारी देते हुए अपने द्वारा क्षेत्र में कराए गए विकास कार्यों की जानकारी दी। बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गर्भवती महिला नीलम की गोद भराई एवं श्रेया गायत्री का अन्नप्राशन सीडीपीओ अर्चना वर्मा की देखरेख में संपन्न कराया गया। वही विभाग द्वारा निर्धारित पांच प्रकार के लाभार्थियों को ड्राई राशन योजना के तहत घी दूध आदि सामग्री का वितरण कराया गया। समारोह में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए विधायक सतीश चंद शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार गरीबों किसानों के कल्याण के लिए काम कर रही है। गांव में विकास के महत्वपूर्ण कार्य कराए जा रहे हैं। इस मौके पर ग्राम प्रधान मोहम्मद अहमद पंचायत सचिव हरि मोहन सक्सैना अवर अभियंता केके वर्मा रागिनी मिश्रा साफिया खातून प्रतिमा यादव आंगनबाड़ी कार्यकत्री मिथिलेश पुष्पेंद्र शुक्ला लवकुश वर्मा लवलेश पंडित लक्ष्मीनारायण अतुल मंगल जसकरण वर्मा रिंकी नाग राजेश तिवारी राममनोरथ वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

## साइकिल सवार को अनियन्त्रित टैंकर ने रौंदा, मौत

**बाराबंकी।** साइकिल से जा रहे एक साइकिल सवार को शुक्रवार रात एक अनियन्त्रित दूध के टैंकर ने रौंद दिया जिससे साइकिल सवार गम्भीर रूप से घायल हो गया घायल को इलाज के लिये पुलिस ने जिला अस्पताल पंहुचाया इलाज के दौरान साइकिल सवार ने दमतोड़ दिया। प्राप्त विवरण के अनुसार शुक्रवार की रात साइकिल से कोतवाली नगर के पल्हरी चौराहे के पास से जा रहे रामनगर थानाक्षेत्र के सुढियामऊ निवासी हेमन्त कुमार;34द्धपुत्र घनश्याम दास को एक अनियन्त्रित दूध लेकर जा रहे टैंकर ने रौंद दिया जिसके बाद गम्भीर रूप से घायल हेमंत को इलाज के लिये जिला अस्पताल लेकर पुलिस पंहुची इलाज के दौरान घायल की मौत हो गई।पुलिस ने मृतक का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया है वहीं पोस्टमार्टम करवाने आये मृतक के ससुर ने बताया कि मृतक पार्टियों में कैटरिंग का काम करता था और घर मे उसकी पत्नी ही है।

# उद्घाटन मैच में पारा प्रतापगढ़ टीम विजयी



**संवाददाता।** जामों अमेठी

**क्षेत्र** के बहुचर्चित प्रदेश स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि स्वामी दिनेश आनंद जी महाराज परमहंस आश्रम टीकरमाफी व श्री राघवेंद्र चैतन्य ब्रह्मचारी महाराज परमहंस आश्रम कल्याणपुर ने फीता काटकर खिलाड़ियों का परिचय व आशीर्वाद देकर शुरू करवाया द्य इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में लगभग दो दर्जन टीमें शामिल हो रही है द्य खेल के पहले दिन 16 टीमों का पंजीकरण हो चुका है जिसमें साईं हॉस्पिटल रायबरेली बांदा राणा क्लब रायबरेली प्रतापगढ़ स्टेडियम कर कशा रायबरेली अयोध्या शाहजहांपुर पंत स्टेडियम सुल्तानपुर पारा प्रतापगढ़ की टीम पहुंच चुकी है द्य खेल के दूसरे दिन दिल्ली हरियाणा सहित कई नामी.गिरामी टीमों के पहुंचने की उम्मीद है द्य फिलहाल उद्घाटन मैच करकशा रायबरेली वा पारा प्रतापगढ़ के बीच हुआ जिसमें 3 त्र1 के सेट में कर कसा रायबरेली को पारा प्रतापगढ़ ने 25 त्र22 से हराकर रोमांचक जीत दर्ज की दोनों टीमों का मैच काफी रोमांचक रहा द्य इस मैच के अंपायर बृजेश मौर्य व अजय वर्मा रहे उपरोक्त वॉलीबॉल प्रतियोगिता विगत कई वर्षों से गांव व समाज के जागरूक लोगों के सहयोग से स्वामी परमहंस आश्रम कल्याणपुर वॉलीबॉल क्लब की देखरेख में संपन्न होती रही है द्य इस मैच का गवाह संजय लघु माध्यमिक विद्यालय का प्रांगण अतिथियों के आने से धन्य महसूस करता होगा द्य उपरोक्त ऐतिहासिक प्रतियोगिता को सफल बनाने के लिए सदानंद द्विवेदी अवधेश तिवारी अजय मिश्रा संजय मिश्रा ज्योति प्रकाश ओझा शिवाकांत तिवारी सहित ग्राम के सभी लोग जी जान से लगे रहे द्य विद्यालय के प्रधानाचार्य मंगल पांडे भी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाई गई संत रविदास जयंती

**जगदीशपुर अमेठी।** मन चंगा तो कठौती मा गंगा उक्त कहावत चरितार्थ है जहाँ विगत वर्षों की भाँति इस वर्ष संत रविदास जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई ।जगदीशपुर विकास खण्ड स्थित विभिन्न ग्राम पंचायतों में सन्त रविदास जयंती बड़े ही धूमधाम के साथ मनाई गई । संत रविदास चर्म का कार्य करते थे उनके सही काम व मधुर व्यवहार से लोग प्रसन्न रहते थे और वे अपना कार्य पूरी लगन और परिश्रम से करते थे। साधु .संतो की सहायता करने में उन्हें अत्यंत आनंद मिलता था संत रविदास के गुरू स्वामी रामानन्द थे जो काशी में काफी लोकप्रिय हुआ करते थे । अपने कार्यो से फ्री होने के बाद अधिकतर समय स्वामी रामानंद के साथ बिताते थे । उस दौरान समाज में धार्मिक आडंबर छुआछूत सहित तमाम बुराइयां फैली हुई थी ।संत रविदास ने इन सामाजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया तथा समाज सुधार के कार्य में लगे रहे और उन्होंने लोगो को बताया की वाह्य आडंबर और भक्ति में बड़ा अंतर है।

पायनियर
रविवार, 28 फरवरी, 2021

# एजेण्डा

मेरा सिद्धांत यह है कि यदि आप दृढ़प्रतिज्ञ दिखते हैं तो आप हर चीज में कामयाब हो सकते हैं- यहां तक अगर आपको कुछ न पता हो कि आप क्या कर रहे हैं

- जेसिका अल्बा






# कुंठा का शिकार पुरुष अहंकार

पुरुष अहंकार इतना नाजुक क्यों है कि किसी उत्तर को ना में स्वीकार नहीं कर पाता है और उनके पास ना वाले इंकारों का केवल एक समाधान होता है - एसिड अटैक। हालांकि, परेशान करने वाली बात यह है कि न केवल नौजवान लोग बल्कि तथाकथित परिपक्व लोग भी इन कायराना हरकतों को अंजाम दे रहे हैं। विशेषज्ञों से बातचीत पर आधारित **मुस्बा हाशमी** की रिपोर्ट

*कि मैं गुमशुदगी में खुद को ढके हुई हूं कुछ इस तरह, कि जो रब ने दिया था, तेजाब में जला दिया, उसने मेरा, सबकुछ, सरे आम, कोई नहीं आया मुझे बचाने, मैं चीखती चिल्लाती रही, घंटों, कई रोज, कि, कोई तो .. दे दे मुझे वापस मेरी तस्वीर वो... पुरानी, महफूज नहीं हूं मैं, मेरा जिस्म जला दिया, सिर्फ रूह ही तो हूं मैं अब, सिर्फ एक रूह।*

महिला अधिकार कार्यकर्ता और अधिवक्ता पूजा सरीन की ये पंक्तियाँ उस भयानक पीड़ा को व्यक्त करती हैं, जिसे हर लड़की एसिड अटैक के जरिए झेलती है। भारत में एसिड अटैक के मामलों की बढ़ती संख्या हर लड़की को घर के सुरक्षित वातावरण से बाहर जाने से भयभीत कर रही है। यह उन्हें सोचने या स्वतंत्र रूप से निर्णय लेने के मामले में अपने मन पर लगाम लगा रही है क्योंकि वे कभी नहीं जानती कि कौन घर के बाहर उन पर केवल इसलिए तेजाब फेंक देगा क्योंकि वह उनकी स्वतंत्रता को स्वीकार नहीं कर पाता है।

खतरा न केवल युवा और कम परिपक्व पुरुषों से है, बल्कि तथाकथित परिपक्व व्यक्तियों से भी है। आम धारणा यह थी कि भयावह एसिड हमलों के अपराधी युवा निराश व्यक्ति हैं, लेकिन हाल ही में असम के डिब्रूगढ़ में एक महिला पर तेजाब फेंकने वाले एक 50 वर्षीय व्यक्ति को पकड़ा गया। अब मूक प्रश्न यह है कि महिलाओं द्वारा अस्वीकार से निपटने के लिए परिपक्व पुरुष भी अपरिपक्वता दिखा रहे हैं।

लगभग 50 साल के उस व्यक्ति को पिछले सप्ताह गिरफ्तार किया गया, हालांकि उस व्यक्ति का इरादा अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है, फिर भी यह एक ऐसी श्रेणी में आता है जहाँ महिलाओं को उनके प्राकृतिक सौंदर्य से वंचित किया जाता है या लूट लिया जाता है क्योंकि कोई भी बर्दाश्त नहीं कर पाता कि महिला अपनी मर्जी के मुताबिक अपने हित में फैसला कर सके। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों में पाया गया कि 2018 और 2020 के बीच देश में एसिड हमलों के लगभग 1, 600 शिकार हुए हैं। हर दिन कम से कम एक एसिड अटैक होता है। हालांकि, पीड़ितों के साथ मिलकर काम करने वाले कार्यकर्ताओं के अनुसार, सबसे अधिक एसिड हमलों वाले देश में सबसे कम संख्या में दोषसिद्ध होते हैं - पांच प्रतिशत से कम। महिलाएं पुरुषों की मनमानी का शिकार हो रही हैं, और यह प्रवृत्ति नहीं रूक रही है।

इसमें कोई शक नहीं, महिलाओं को सुना जा रहा है और छपाक जैसी फि ल्में बनाई जा रही हैं, लेकिन जिस सम्मान की महिलाएं हकदार हैं वह उनकी पहुंच से दूर है। छपाक फिल्म लक्ष्मी अग्रवाल की कहानी से प्रेरित थी, जिसे 2005 में दिल्ली में एसिड से जलाया गया था, जब वह मुश्किल से 15 साल की थी। वह प्रतिरोध करती है कि भारत में एसिड की बिक्री पर प्रतिबंध लगाया जाए और एसिड हमले से बचे लोगों की सहायता की जाए। कई अन्य एसिड अटैक पीड़िताएं इस उद्देश्य के लिए काम कर रही हैं, ताकि दूसरी लड़कियों को इस तरह की हिंसक, हृदयविदारक घटनाओं से बचाया जा सके। सरीन कहती हैं, 'सवाल यह है कि हमें अपनी लड़कियों को क्यों और किससे बचाना है? हमें उन्हें उन पुरुषों से बचाने की जरूरत है जो उनकी दोस्ती, शादी, डेटिंग और यौन प्रस्तावों के इंकार का सामना करते हैं। पुरुष का अहंकार इतना जहरीले ढंग से खतरनाक क्यों है कि यह बर्दाश्त नहीं कर पाता है और उनके चेहरे पर तेजाब फेंककर निर्दोष लड़कियों से प्रतिशोध और बदला लेने पर उतारू हो जाता है। विचारधारा या सोच यह है कि, जो मेरा नहीं हो सकता, वह किसी और का भी नहीं हो सकता'। यह केवल उनकी परेशान और हानिकारक सोच को दिखाता है।'

कम सजा मिलना भी इस उद्देश्य में बाधक बन रहा है। भारतीय दंड संहिता की धारा 326 ए एसिड हमलों की सजा का प्रावधान करती है। इसके लिए न्यूनतम सजा 10 साल की सजा है। यह जुर्माने के साथ आजीवन कारावास तक बढ़ सकती है। एसिड हमलों का शिकार, लक्ष्मी अग्रवाल द्वारा याचिका दायर करने के बाद, ऐसे मामलों में अपराधियों को दंडित करने हेतु, 2013 में यौन अपराधों के कानून में संशोधन के साथ, एक अलग कानून पारित किया गया था। 'इन अपराधियों को सख्ती के साथ दंडित किया जाना चाहिए, और ऐसे दुष्कर्मियों पर सख्त कानून और जुर्माने लगने चाहिए, जो एसिड के साथ लड़कियों पर हमला करते हें और उनके जीवन को तहस-नहस कर देते हैं।' सरीन कहती हैं।



**पुरुष का अहंकार इतना जहरीले ढंग से खतरनाक क्यों है कि यह बर्दाश्त नहीं कर पाता है और उनके चेहरे पर तेजाब फेंककर निर्दोष लड़कियों से प्रतिशोध और बदला लेने पर उतारू हो जाता है। विचारधारा या सोच यह है कि, जो मेरा नहीं हो सकता, वह किसी और का भी नहीं हो सकता'। यह केवल उनकी परेशान और हानिकारक सोच को दिखाता है।'**

-पूजा सरीन
महिला अधिकार कार्यकर्ता और अधिवक्ता

## चिंताजनक तथ्य

- 2014 से 2017 तक, वर्ष 2017 में 319 पीड़ितों के साथ सबसे अधिक 309 एसिड हमले हुए। लेकिन उसी दौरान 2017 के बाद साल 2018 में, दुर्भाग्य से, कानूनी प्रक्रिया दोनों वर्षों के लिए एक गंभीर टालमटोल दर्शाती है।
- 2017 और 2018 में एसिड अटैक के कुल 596 मामले सामने आए, जिसमें 623 महिलाएं बुरी तरह शिकार हुई, लेकिन आंकड़ों से पता चलता है कि प्रत्येक वर्ष में केवल 149 लोगों को चार्जशीट किया गया था। यह प्रत्येक वर्ष में होने वाली घटनाओं की संख्या का लगभग आधा या उससे भी कम है। 2014 में सबसे कम मामले (244)दर्ज हुए थे, जिसमें 201 लोगों को चार्जशीट किया गया था।
- उत्तर प्रदेश, पश्चिम बंगाल और दिल्ली, एसिड अटैक के मामले में , 2014 से 2018 तक लगातार, 10 सबसे खराब राज्यों में से एक रहे। इन पांच वर्षों के दौरान, इन तीनों राज्यों ने अकेले ही, भारत में होने वाले कुल एसिड हमलों में से 42 प्रतिशत लोगों को शिकार बनाया है।
- वर्ष 2015 में मुकदमों की सबसे अधिक संख्या देखी गई - 734। प्रथमदृष्टया, महिलाओं के खिलाफ अन्य अपराधों की तुलना में 45.4 प्रतिशत की दोषसिद्धि-दर बेहतर है। लेकिन सुनवाई के लिए गए 734 मामलों में से केवल 33 ही संपन्न हुए।

**- राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो**

इस मामले में रक्षिमा (बदला हुआ नाम) का मामला उल्लेखनीय है, जिस पर एक ऐसे व्यक्ति द्वारा तेजाब से हमला किया गया था, जो उससे उम्र में बहुत बड़ा था, हां आपने इसे सही समझा, क्योंकि रक्षिमा ने उसके शादी के प्रस्ताव को ठुकरा दिया था।

'मैं अपने 20 के दशक के उत्तरार्ध में थी, जब उस आदमी, जो आस-पास कहीं रहता था, ने मेरे चेहरे और शरीर पर एसिड फेंक दिया था, क्योंकि मैंने उसके शादी के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया था।' वह न केवल मेरी उम्र से दोगुना था, बल्कि तलाकशुदा भी था। उसने एक दिन मुझे थोड़ी देर के लिए रोका और मुझसे कहा कि वह मुझसे शादी करना चाहता है। दरअसल, यह एक प्रस्ताव नहीं , बल्कि एक आदेश था। मुझे उस दिन को याद करने से नफरत है, लेकिन दुर्भाग्य से यह मेरी स्मृति में और मेरे चेहरे पर अंकित कर दिया गया है। जो हर दिन, मुझे याद दिलाता है कि उस दिन ने मेरे जीवन को पूरी तरह से कैसे बदल दिया है।' रक्षिमा कहती हैं।

रक्षिमा की कहानी का दुखद हिस्सा यह है कि इस घटना के बाद आदमी को बिना किसी अपराधबोध का अहसास कराए बिना रिहा कर दिया गया। 'मैं घटना के बाद उसके चेहरे पर दिखते भावों को याद कर सकती हूं। वह संतुष्ट था कि उसने वही किया, जो वह चाहता था, कि उसने एक निर्दोष जीवन को बर्बाद कर दिया और उसने सफलतापूर्वक अपने झूठे अहंकार को तुष्ट किया। मैं उसी क्षण बेहोश हो गयी और केवल अपने विरूपित चेहरे को देखने के लिए उठी। मैं रोई या चिल्लाई नहीं। मैं स्तब्ध थी। मैंने यह सोचना शुरू किया कि कौन सी चीज है जो लोगों को इतना कायर बनने और जीवन में इतना नीचे ले जाती है कि वे जीवन को बर्बाद करने तक से नहीं कतराते हैं।

>> पेज 3



हर उस काम में आनंद ढूंढो जो आप करना तय करते हैं, प्रत्येक काम, संबंध या घर... यह आपका दायित्व है कि उससे प्रेम करें या उसे बदल दें

- चक पलानिउक

# ध्यान का सोपान




**जीवन चक्र**
**भारत भूषण पद्मदेव**

हमने अभी तक ऋषि पतंजलि द्वारा प्रस्तावित आठ सूत्रीय मार्ग के पहले चार चरणों का जानकारी हासिल की है। जो ध्यान प्रक्रिया शुरू करने का आधार निर्मित करता है। अनुपालन योग्य चरणों को सिलसिलेवार ढंग से देखने की जरूरत है, जो कि धीरे धीरे एकल प्रक्रिया के आगामी चरण हैं। क्योंकि पहला चरण प्रत्याहार, जो मन के भीतरीकरण को दर्शाता है, वो अवस्था है जिसमें समूची ध्यान प्रक्रिया काम करती है। धारणा, ध्यान और समाधि धीरे धीरे ध्यान के तीन अनुवर्ती चरण हैं। इनमें से किसी एक के प्रति समर्पित कोई अन्य विशिष्ट प्रक्रिया नहीं है। व्यक्ति एक चरण से दूसरे चरण में प्रवेश करता जाता है। एक चरण से दूसरे चरण में अत्यंत बारीक अंतर है।

प्रत्याहार,: प्रत्याहार का व्यवहारिक अर्थ में अर्थ है बाह्य वस्तुओं से अपना ध्यान वापस खींचना, और उसे मन के भीतर केन्द्रित करना। हमारा ध्यान इससे अंदर की ओर मुड़ता है। ऐसा सोद्देश्यपूर्ण ढंग से, क्योंकि अंतिम गंतव्य तक पहुंचना है और चेतना के तत्व के साथ लयबद्ध होना है, जो कि हम सबके भीतर मौजूद जीवन का मूल है। जिसके बाद, समूची मन की शक्ति उपलब्ध हो जाती है।

यह ध्यान देना आवश्यक है कि सभी घटनाएं मूलत: मन के आंतरिक दायररों में घटती हैं। आप पहले सोचते समझते और आंकलन करते हैं और फिर उन्हें कार्यरूप में परिणित करते हैं। और किसी भी कार्य की प्रकृति, चाहे वो ताजा उठाया गया कदम हो या बाहय प्रेरणा की प्रतिक्रिया में, इस बात से प्रभावित होती है कि किस तरह प्रत्येक मन अनुवांशिक रूप से बना होता है। जो इस बात की मांग करता है कि हम पता लगाएं कि हमारे मन के आंतरिक दायरों में क्या लिखा है। इसलिए, हमें अपना ध्यान अंतर्मन की ओर ले जाने की जरूरत है। लेकिन इससे पहले कि अंतिम गंतव्य सामने आ जाए, व्यक्ति को मन विभिन्न परतों से होकर गुजरना पड़ता है। उनके भीतर तत्काल एवं सुदूर अतीत में ग्रहण की गयी विभिन्न स्मृतिगत छवियां अंकित होती हैं।

जैसे ही ध्यान अंदर की ओर मुड़ता है, तो सबसे पहले तत्काल बीते समय में एकत्रित विभिन्न विचार नजर आते हैं। ये छवियां, हालांकि अतीत से संबंधित होती है, मगर अंदर ही अंदर लगातार पीछा करती रहती हैं, तत्कालिक अर्थों में हमारा ध्यानाकर्षित करती हैं। जो छवियां हमें सर्वाधिक प्रभावित करती हैं, वो हैं अनवरत इच्छाएं तथा वे जो नकारात्मक रूझान लिए होती हैं। वे चाहत, आहत व दुखद भावनाओं के साथ साथ, अंतर्निहित भय व असुरक्षा की भाव के रूप में मन में जीवित रहती हैं। वे हमें लगातार परेशान करती हैं। लेकिन



तब, उनकी जानकारी हासिल किए बिना, उनसे किसी भी तरह से अलग हटने तथा उन्हें हल करना संभव नहीं होगा। नकारना मदद नहीं करता है। अंतर्निहित विचारों की भीड़ से खुद को तटस्थ करने के बाद, जो कि अंदर ही अंदर हमें डराती रहते हैं, व्यक्ति सहज व मुक्त महसूस करता है। इसके उपरांत, मन के गहन दायरों तक में प्रवेश करने के द्वार खुल जाते हैं।

इसके बाद, व्यक्ति का सच्चा स्वभाव सामने आता है- अनुवांशिक कमजोरियां व व्यक्ति की अंतर्निहित क्षमताओं का कामकाजी हिस्सा, जो कि पूर्वजन्म से चले आ रही कार्मिक छवियों का प्रतिबिंबन हो सकता है। इस प्रकार, हम अपनी अनुवांशिक प्रवृत्तियों- इच्छा प्रवृत्तियां, आदतों व नजरियों, रूचियों व अरूचियों, पूर्वाग्रहों व आवेगों, गुणों व विशेषताओं, साथ ही साथ अंतर्निहित क्षमता के जानकार होते हैं। तदनुसार, व्यक्ति आवश्यक सुधारवादी कदम उठा सकता है ताकि ताजा जानकारियों के जरिए व्यक्ति अपने मन की कमजोरियों पर काबू पा सके। साथ ही, अपनी अंतर्निहित क्षमता के कामकाजी हिस्से को पहचानता है और उन्हें समकालीन अर्थों में उपयोग होने लायक बनाता है। व्यक्ति सजग प्रयासों तथा अपनी रचनात्मक योग्यताओं को बेहतर बनाकर अपनी क्षमताओं का विस्तार भी कर सकता है।

जैसे ही व्यक्ति प्रक्रिया में स्थापित होता है, धीरे धीरे व्यक्ति गहन से गहन तह में जा सकता है और अवचेतन स्तर पर मौजूद स्मृतिगत छवियों का पता लगा सकता है। धीरे धीरे, व्यक्ति अपने अस्तित्व के मूल तक पहुंच सकता है। व्यक्ति को सच्चा आत्म का फिर पता चलता है, जिसके बाद, व्यक्ति अंतर्निहित समस्त विविध जीवनों की एकजुटता को महसूस करता है। जो व्यक्ति को दोहरेपन की भावना तथा उससे जुड़ी अवधारणा से ऊपर उठाता है। व्यक्ति के मन की पूर्ण क्षमता इससे उद्घाटित होती है।

धारणा/ ध्यान: ध्यान प्रक्रिया धारणा से उचित आरंभ होती है। इस प्रक्रिया की मांग है कि मन को इस तरह से साधा जाए कि वह जहां भी ध्यान दिया जाए वहां केन्द्रित हो जाए। प्रस्तावित प्रक्रिया निरंतर समयावधि के लिए किसी मूर्ति या अवधारणा पर ध्यान केन्द्रित करना है और उसके प्रति अडिग रहना है। आदर्श का चयन उल्लेखनीय स्तर पर गुरू द्वारा आदेशित होना चाहिए। यह कोई ज्ञात मूर्ति, अवधारणा, या कोई अमूर्त आकृति, मसलन कोई बिन्दू हो सकता है। भारतीय परंपरा में, सामान्यतया प्रतीकात्मकता को प्राथमिकता प्राप्त है जो प्राचीन भारतीय ऋषियों द्वारा परिकल्पित सहजबोध है और प्रत्येक मूल्यवान शैक्षणिक जानकारी प्रदान करती है। उन पर विचार करना व्यक्ति की चिंतन प्रक्रिया में गुणवत्ता व मूल्य का बढ़ाता है। इस प्रक्रिया में साथ ही साथ एकाग्र छवि के प्रति समर्पित मंत्र का उच्चारण करना शामिल होता है।

# शरण लें ईश्वर की

**अजित कुमार बिश्नोई का कहना है कि ईश्वर अपने भक्तों को सशक्त बनाता है ताकि वे अद्भुत कार्य कर सकेजो सृष्टि/मानवजाति के लिए लाभकारी हो**

भागवतगीता के श्लोक 18.65 में, भगवान कृष्ण कहते हैं,'मेरा ध्यान करो, मेरे भक्त बनो, मेरे लिए त्याग करो और मेरा आदेश माना।' श्लोक 12.8 में वह समझाते हैं, 'सिर्फ मेरी ओर अपना मन लगाओ, अपने ज्ञान को मुझमें केन्द्रित करो।' श्लोक 11.34 में, भगवान अर्जुन को अपना कर्म करने का आदेश देते हुए कहते हैं, ''तुम युद्ध करो, वध करो, परेशान मत हो, तुम विजयी होगे।' फिर श्लोक 18.62 में, वह निर्देश देते हुए कहते हैं, 'हर स्थिति में मेरी शरण लो।' श्लोक 18.66 में, वह हमारे पास कोई विकल्प नहीं छोड़ते हैं जब वह कहते हैं, 'केवल मेरी शरण लो।' वह इससे ज्यादा स्पष्ट नहीं हो सकते थे, बिना किसी शंका के।

व्यवस्था के समुचित कामकाज के लिए पूर्ण समर्पण आवश्यक है। क्या कोई कंपनी लंबे समय तक टिक सकती है यदि उसके कर्मचारी मालिक का कहना नहीं मानते हो? मालिक क्या करता है जब वे कहना नहीं मानते हैं? वह कंपनी के हित को ध्यान में रखकर उन्हें उनकी नौकरी से निकाल देता है। इसी प्रकार, ईश्वर या उसकी व्यवस्था लंबे तक अनुशासनहीनता सहन नहीं करेंगे, और दिव्य शक्तियां उल्लंघनकताओं को पदावनति स्वरूप निम्न प्राणियों में भेजकर दंडित करेंगी।

हमारे रोजमर्रा जीवन में उच्च शक्तियों की शरण लेने के असंख्य उदाहरण हैं। तो, परमशक्तिमान के मामले में हम ऐसा क्यों नहीं करते है जो इस सृष्टि का कर्ता धर्ता है?

हमारा सौभाग्य, कि अनेक लोग ऐसा करते हैं। समूची व्यवस्था, यानी, यह सृष्टि तब तक काम नहीं कर सकती जब तक अच्छे लोग, या फिर ज्यादा स्पष्ट रूप से कहें तो ईश्वर के भक्त न हों। वे व्यवस्था का अवलंब हैं। और ऐसे लोग वो काम करके, जो कि ईश्वर या व्यवस्था उनसे करने के लिए कहती है, अपार लाभ प्राप्त करते हैं। ईश्वर को पता है कि मामूली आत्मा अत्यंत सीमित है। पारंपरिक अर्थ में अच्छा होना तथा वो करना जो ईश्वर हमसे अपेक्षा करता है, दोनों काम



अत्यंत कठिन हैं, क्योंकि यह हम आत्माओं में गहन स्वभाव के विपरीत होता है। फिर भी, इसे किया जा सकता है और लाखों लोग ऐसा करने में सक्षम हैं। हालांकि, उन लोगों की संख्या जो सिर्फ अच्छे हैं, और ईश्वर के भक्त नहीं है, कहीं ज्यादा है।

स्वाभाविक तौर पर, भक्तों को मिलने वाले लाभ कहीं ज्यादा होंगे। ये लोग यथोचित ढंग से प्रदान किए जाते हैं, वर्ना इस कठिन राह को कौन चुनेगा? निश्चित रूप से, अच्छे होने के विभिन्न स्तर हैं और सर्वोच्च स्तर है ईश्वर से जुड़ाव और उनका पुरस्कार भी उसी तरह श्रेणीबद्ध होते हैं।

संक्षेप में, अच्छे लोग ज्यादातर इन तरीकों से पुरस्कृत होते हैं। उनके अच्छे कर्मों से उन्हें अनेक भौतिक लाभ प्राप्त होते हैं, मसलन पर्याप्त संसाधन, स्वागतयोग्य ध्यानाकर्षण एवं सबसे महत्वपूर्ण है व्यवस्था का साथ। जहां तक ईश्वर के भक्तों को मिलने वाले लाभ की बात है, तो इनकी संभावनाएं अपार हैं।

ईश्वर मार्गदर्शन करता है क्योंकि सही राह पर बने रहना अत्यावश्यक है, और ईश्वर, सर्वव्यापी होने के कारण, हमेशा सबकुछ जानता है। ईश्वर रक्षा करता है, भक्तों को मुसीबत से बाहर निकालता है। ईश्वर मदद करता है, संतोषजनक जीवन के लिए आवश्यक सभी संसाधन प्रदान करता है। ईश्वर अनेक अन्य तरीकों से भी सहायता करता है मसलन वह अपने भक्तों को चेतावनी देता है, उन्हें मानसिक शक्ति देता है, उन्हें बुद्धि देता है- ताकि वे सही फैसले करने में सक्षम हो सकें, सहनशील हो सकें, और ईश्वर की भ्रामक ऊर्जा- माया से निपटने की कठिनाई को पार कर सकें, और तमोगुण यानी अंधकार की अवस्था पर विजय पाने में उनकी सहायता करता है।

ईश्वर अपने भक्तों को विलक्षण कार्य करने में सशक्त बनाता है जो सृष्टि या मानवजाति के लिए लाभकारी है। ईश्वर क्षमा करता है, वह शांति प्रदान करता है- वही एकमात्र स्त्रोत है जो ऐसा कर सकता है। वह क्षमाशील है, यानी बुराइयों से आजाद करता है और अंततोगत्वा मुक्त करता है जब आत्मा विशेष को ज्ञान की विशेष अवस्था प्राप्त हो जाती है। क्या ईश्वर का यह कहना गलत है कि हम उसकी शरण लें?

# रंगमंच है धरती

**राजयोगी ब्रम्हकुमार निकुंज जी का कहना है कि किसी भी अन्य व्यक्ति की उपलब्धियों के साथ तुलना करने का प्रयास करना बेकार है क्योंकि हर किसी की अपनी यात्रा होती है**

हाल ही में हिंदी फिल्म उद्योग के एक दिग्गज अभिनेता को उनके अभिनय करियर के माध्यम से दुनिया भर में सांस्कृतिक मूल्यों का प्रसार करने हेतु उनके योगदान के लिए सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार दिया गया। हालांकि पुरस्कार उन्हें दिया गया था, मगर दर्शकों में से हर किसी ने उस महान हस्ती के प्रति अपनी सीट से खड़े होकर सम्मान प्रदर्शित किया, जिसने सेल्यूलाइड स्क्रीन पर जीवन के लिए कई पात्रों को उतारा। हम सभी ने सिनेमाघरों में इस उत्साह को अनुभव किया है, जबकि एक वीर चरित्र पर्दे पर उपस्थित होता है, जोरदार जयकारे, सीटियां, तालियां तथा और बहुत कुछ होता है। और फिल्म के अंत में, नायक दर्शकों का दिल जीत लेता है और शो को अपने नाम कर लेता है। भले ही वह एक राजकुमार या एक कंगाल का किरदार निभाए, मगर इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उसके प्रशंसक उसकी एक झलक पाने के लिए सिनेमाघरों का चक्कर लगाते हैं। उनके प्रदर्शन की सुंदरता है, चरित्र को अतंर्मन में उतार लेने की उनकी क्षमता ऐसी कि वह और उनकी भूमिका उनके प्रशंसकों को एक सी लगती है। लेकिन यह करते हुए भी, वह इस तथ्य के बारे में अच्छी तरह जानते हैं कि वह एक विशेष नाटक में केवल एक अभिनेता है, उसकी भूमिका नक्काशीदार है, उसके संवाद पहले से लिखे हैं और वेशभूषा उस विशेष चरित्र के लिए ही डिजाइन की गई है। इसलिए, उनकी महानता इसी में है कि वे अपनी सर्वश्रेष्ठ क्षमता वाली भूमिका निभाएं।

स्टारडम की अपनी लंबी यात्रा पर, हर अभिनेता अक्सर दर्शक को मोड़ता है और अपने काम की आलोचना करता है ताकि वह अपने अभिनय में सुधार कर सके। अपने द्वारा निभाई जाने वाली विभिन्न भूमिकाओं से अनासक्ति वाला यह वो तत्व है जो उसे प्रगति करने का, साथ ही साथ स्पष्टता के साथ एक साथ कई भूमिकाएं निभाने और फिर दिन के अंत में अपने निजी जीवन में लौट आने का अवसर देता है।

हम में से बहुत से लोग नहीं जानते हैं कि विश्व चक्र इस नाटक से काफी मिलता-जुलता है जिसमें हम सभी अद्वितीय भूमिकाओं वाले अभिनेता हैं। हर कोई अपने जीवन में नायक है और एक नायक बन सकता है जो तालियां बटोरता है। हालांकि, आज हम शायद ही किसी को दूसरे व्यक्ति के लिए खुश कर पाते हैं क्योंकि एक-दूसरे के प्रदर्शन या स्क्रिप्ट को लेकर बहुत असंतोष व्याप्त है। नतीजतन, नाटक एक त्रासदी बन गया प्रतीत होता है। अभिनेताओं के साथ बड़े पैमाने पर अराजकता है, जो अपने प्रदर्शन के बजाय दूसरों की आलोचना में ज्यादा लिप्त रहते हैं। इस परेशानी का कारण यह है कि हममें से अधिकांश लोग




इस ज्ञान के बिना कार्य करते हैं कि पृथ्वी एक रंगमंच है और हम सभी अपनी व्यक्तिगत भूमिकाएँ निभाने के लिए यहाँ आए हैं।

प्रत्येक अभिनेता की भूमिका अद्वितीय और पूर्व-लिखित है और इसलिए, इसे किसी और के साथ मिलाने करने की कोशिश करना निरर्थक है। विश्व नाटक का सबसे बड़ा नियम यह है कि यह हमेशा सभी के लिए फायदेमंद होता है। ऐसी समझ या ऐसी चेतना न होने की स्थिति में, हम अपनी भूमिकाओं के प्रति मोहित हो जाते हैं, अपनी वेशभूषा और मेकअप को बदलना भूल जाते हैं और प्रत्येक भूमिका में ढलने वाला लचीलापन खो देते हैं। एक व्यक्ति का सरल सा उदाहरण लेते हैं जो एक ही समय में एक बेटे, एक पति, एक पिता, एक दोस्त और कई अन्य भूमिकाएं निभाता है। यदि वह पुरुष होने की सोच धारण किए है, तो वह घर पर अपनी पत्नी पर हावी हो सकता है या कार्यालय में अपनी महिला कर्मचारियों को नीचा दिखा सकता है। काम के दौरान, वह एक मालिक होने की अपनी भूमिका से इतना अधिक चिपक जाता था कि जब उसे उनकी सहायता की आवश्यकता होती है, तो वे उसके सहयोगी बनना भूल जाते हैं। दूसरी ओर, यदि वह सचेत है कि वह एक अभिनेता है और उसे हर किसी का दिल जीतने के लिए एक नायक की तरह काम करना चाहिए, तो वह अपने चरित्र की आवश्यकताओं को समझेगा और जो कुछ भी करेगा उसमें सक्रिय, सटीक और आकर्षक बनेगा। अपने द्वारा निभाए जाने वाले प्रत्येक चरित्र के उतार- चढ़ावों को जीते हुए, हम खुद को सुखा लेते हैं और प्रत्येक भूमिका की मांगों को पूरा करने के लिए पर्याप्त ताकत नहीं जुटा पाते हैं, जिसके परिणामस्वरूप होता यह है कि भावनात्मक उथल-पुथल और दु:ख एक नियमित आगंतुक बन जाते हैं जबकि नाटक का उद्देश्य है अभिनेताओं को आनंद व खुशी अनुभव करने में सहायता करना। दूसरी ओर, यदि हम अपने द्वारा निभाई जाने वाली भूमिकाओं के प्रति उदासीन हो जाते हैं और शाश्वत कानून में विश्वास रखते हैं जोकि नाटक के सार्वभौमिक लाभ के लिए लिपिबद्ध किया गया है, तो हानि और लाभ, आराम और दर्द की भावना को भंग होने लगेगी और हमारा मन हर दृश्य में घटनाक्रम पर सवाल उठाना बंद कर देगा और हमारे मन में एक शांतिपूर्ण समरसता बसने लगेगी। यह हमें नाटक का आनंद लेने, हमारे प्रदर्शन की समीक्षा करने, धैर्य रखने और दूसरों के प्रति क्षमा करने में मदद करेगा। तो कहानी का नैतिक पक्ष यह है कि हमें मोहमुक्त होना चाहिए और साथ ही उस भूमिका में शामिल भी होना चाहिए जिसे हम खेल रहे हैं। इस विश्व नाटक में सुपरस्टार बनने का यही गुण है।

## इस सप्ताह आपका भविष्य

**मधु कोटिया**


### मेष ( मार्च 21-20 अप्रैल )



इस सप्ताह आप उत्साह से भरे रहेंगे। आप खुद को स्पॉटलाइट में पाएंगे क्योंकि लोग आपके विचारों को सुनने की प्रतीक्षा करते हैं। आपका स्वास्थ्य अच्छा बना रहता है। आप कुछ बदलाव का अनुभव करने के लिए एक लंबी ड्राइव पर जाने का निर्णय लेंगे। आप विभिन्न स्थानों के लोगों से जुड़ सकते हैं। करियर के मोर्चे पर, आपको अपना करियर शुरू करने का मौका मिलेगा। छात्रों को अपने पाठ्यक्रम के अनुरूप बने रहने के लिए पहले से अच्छी तैयारी करनी होगी। आपको प्रतिभा, बुद्धिमत्ता मिली है, लेकिन उन्हें बढ़ाने के लिए सही मार्गदर्शन की जरूरत है।

**शुभ अंक:** 6 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### वृष ( अप्रैल 21-21 मई )



इस सप्ताह आप जीवन के नटखटपन के साथ व्यस्त रहेंगे। आपको कुछ निर्णय लेने की आवश्यकता है। सप्ताह की शुरुआत में आपकी दिनचर्या में बड़ा बदलाव होगा। कुछ व्यायाम, योगासन और एकांत आपके लिए फायदेमंद होंगे। कैरियर के मोर्चे पर, परिस्थिति में अचानक बदलाव आपको आश्चर्यचकित कर सकता है। कुछ अप्रत्याशित रोजगार के अवसर की संभावनाएं हैं। आपको संभवत: एक ड्रीम प्रोजेक्ट का प्रस्ताव दिया जाएगा। इससे आप सकारात्मक महसूस कर सकते हैं। आपको गुस्से व आक्रामकता पर काबू पाने की जरूरत है।

**शुभ अंक:** 30 **शुभ रंग:** पीला **शुभ दिन:** मंगलवार


### मिथुन ( मई 22-21 जून )



इस सप्ताह आप प्रतिबंधित, अभद्र और भ्रमित महसूस कर रहे हैं। आप हाल ही में एक कठिन समय से होकर गुजरे हैं। अब आप अपनी स्थिति को बढ़ाने के लिए कुछ समाधान लेकर आए हैं जो एक अच्छा संकेत है। ध्यान रखें कि आप वही गलतियाँ नहीं दोहराते हैं जो इस मामले में योगदान देती हैं और जो आपने अभी हल की हैं। काम के मोर्चे पर, वे लोग, जो काम की कोशिश में हैं, काम को गलत जगह तलाश रहे होंगे। आपके पेशेवर मामलों को आपके ध्यान की आवश्यकता है। अपनी रुचि के क्षेत्र का ईमानदार ज्ञान होना सबसे अधिक वांछनीय है।

**शुभ अंक:** 8 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** शुक्रवार


### कर्क ( जून 22-22 जुलाई )



यह सप्ताह यह सोचने का उत्कृष्ट है कि आप अपना स्वास्थ्य उन्नत करने के लिए क्या कर रहे हैं और आपको क्या करना चाहिए। यह अधिक व्यायाम या अधिक आराम का विकल्प भी हो सकता है। इस पर गहराई से विचार करें और आप वर्तमान में जो कुछ कर रहे हैं उसमें संतुलित बदलाव के साथ कुछ बेहतर करेंगे। आप आनंद और उत्सवों के मूड में होंगे क्योंकि जैसे-जैसे सप्ताह आगे बढ़ेगा, आप आध्यात्मिक जागृति की तलाश में एकांत में प्रवेश करेंगे। कैरियर के मोर्चे पर, किसी आधारहीन भय ने आपके मन को बेचैन कर दिया है।

**शुभ अंक:** 13 **शुभ रंग:** सुनहरा **शुभ दिन:** मंगलवार


### सिंह ( जुलाई 23-23 अगस्त )



इस सप्ताह आपके स्वास्थ्य में कुछ मोड़ आ सकते हैं। खुद के प्रति जवाबदेह बनें और आगे बढ़ें। कभी-कभी सिर्फ बातें होती हैं, पता है कि आप अकेले नहीं हैं। जरूरत पड़ने पर समर्थन के लिए पहुंचें। परिवर्तन का विरोध करना अक्सर आपके स्वास्थ्य के लिए बुरा होता है। अपने तनाव के स्तर को बनाए रखने के लिए जो भी कर सकते हैं, वह करें। याद रखें कि ध्यान और योग मन के लिए सबसे अच्छा उपचार है। कैरियर के मोर्चे पर, यदि आप सप्ताह में किसी भी सौदे पर हस्ताक्षर कर रहे हैं, तो दस्तावेजों को ध्यान से पढ़ें। सहकर्मी के साथ संबंध तनावपूर्ण हो सकता है।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** रजत **शुभ दिन:** शनिवार


### कन्या ( अगस्त 24-23 सितम्बर )



इस सप्ताह स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। आप महसूस करेंगे कि अतीत में आप आध्यात्मिक प्रथाओं हेतु बहुत व्यस्त थे। अब आपको उन चीजों के लिए समय निकालने का आग्रह मिलेगा जो आपकी आत्मा को पोषित करती हैं। आपको अपने ऊपर विश्वास है और इसलिए सर्वशक्तिमान पर भी है। विभिन्न प्रकार के लोगों के साथ धार्मिक समूह में शामिल होने से आपके व्यक्तित्व में वृद्धि होगी। कैरियर के मोर्चे पर, संक्रमण काल है। आप बदलाव खोजने की कोशिश कर रहे हैं। आवभगत परिवर्तन एकमात्र तरीका है जिसके माध्यम से आप आसानी से नौकरी में बदलाव करेंगे।

**शुभ अंक:** 17 **शुभ रंग:** हरा **शुभ दिन:** रविवार


### तुला ( सितम्बर 24-23 अक्टूबर )



आपको अपने स्वास्थ्य पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है और अपनी काल्पनिक जगत से बाहर आना चाहिए। इस सप्ताह आप अपनी दिनचर्या को बदलना चाहेंगे और स्वास्थ्य के लिए नई चीजों की जाँच करेंगे। मूल सिद्धांतों के साथ शुरू करें। सुनिश्चित करें कि आप पर्याप्त नींद, व्यायाम और स्वस्थ भोजन खा रहे हैं। आपको बेहतर महसूस करने के लिए किसी भी असहज और कठिन शासन से गुजरने की जरूरत नहीं है। छोटे, सकारात्मक कदम निश्चित रूप से परिवर्तन का प्रारूप है जिसे आप बस स्वीकार कर सकते हैं।

**शुभ अंक:** 9 **शुभ रंग:** काला **शुभ दिन:** शनिवार


### वृश्चिक ( अक्टूबर 24-22 नवम्बर )



आप अच्छा महसूस करते हैं और इस सप्ताह अपने आप को लाड़-प्यार करेंगे। आपको सुखद भोजन, शानदार भोजन और मनोरंजन गतिविधियों का अनुभव करना चाहिए। अपने आप को पुन: जीवंत करने के लिए, कुछ बुनियादी संवारने का काम करें। इससे आपका ध्यान आकर्षित हो सकता है। व्यावसायिक रूप से, यह आपके करियर के लिए एक उत्कृष्ट सप्ताह है। आपका भावनात्मक स्तर आश्चर्यजनक रूप से रचनात्मक और केंद्रित है। पदोन्नति या मूल्यांकन होने की खबरें हैं। आत्मविश्वास आपका मनोबल ऊँचा रखता है।

**शुभ अंक:** 10 **शुभ रंग:** सफेद **शुभ दिन:** सोमवार


### धनु ( नवम्बर 23-23 दिसम्बर )



इस सप्ताह कई मुद्दे आपको परेशान कर रहे हैं और आपके लिए मन की शांति को बनाए रखना मुश्किल हो रहा है। शुरुआत में, आप मानसिक, शारीरिक व आर्थिक रूप से प्रतिबंधित महसूस करेंगे। जैसे ही सप्ताह आगे बढ़ेगा, आप अपनी प्रेरणा अनुसार काम करना शुरू कर देंगे। सकारात्मक दृष्टिकोण रखें। उत्तम स्वास्थ्य के लिए, अपनी उत्कृष्ट देखभाल करें। उचित काम करने की कोशिश करने में कभी देर नहीं होती। आप इस सप्ताह अच्छा पैसा कमाएँगे। व्यावसायिक रूप से, व्यवसायवाद का एक विशेष तत्व आपसे संबंधित है।

**शुभ अंक:** 28 **शुभ रंग:** नारंगी **शुभ दिन:** मंगलवार


### मकर ( दिसम्बर 24-20 जनवरी )



सप्ताह भय और शंकाओं से भरा है और यह आपको भ्रमित कर सकता है। आप इस स्थिति के दौरान थका हुआ, निष्क्रिय और आगे बढ़ने में असफल महसूस कर रहे हैं। अक्सर, यह समय तरोताजा करने और विशेषज्ञ से सलाह लेने का होता है। आप लगातार स्व-निर्मित दुविधा के अधीन हैं जो एक आधारहीन भय का रूप ले चुकी है। सकारात्मक रहें, क्योंकि यह एक अस्थायी चरण है और लक्ष्य प्राप्त होने जा रहे हैं। करियर के मोर्चे पर, नए अवसर इस सप्ताह आपको रचनात्मक बनाएंगे। आप अपने करियर को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित महसूस कर रहे हैं।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** गुलाबी **शुभ दिन:** सोमवार

### कुम्भ ( जनवरी 21-19 फरवरी )



इस सप्ताह आपको अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने की आवश्यकता है। बीपी, हृदय और मधुमेह की समस्याओं से प्रभावित लोगों के लिए, यह सलाह दी जाती है कि आप बस स्वयं की जांच करवाएं और डाक्टर की निगरानी में रहें। एक सख्त आहार दिनचर्या जरूरी है। आप एक सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखना चाहेंगे जो संतुलित जीवन के लिए आवश्यक है। सभी तनावों और मानसिक चिंताओं से छुटकारा पाएं। पेशेवर रूप से, यह आपके लिए एक व्यस्त सप्ताह हो सकता है, शायद यह चुनौतीपूर्ण भी हो सकता है। आपको अपने काम में अधिक सक्रिय और सफल होने के लिए अपनी सीमाओं और संसाधनों को जानना चाहिए।

**शुभ अंक:** 11 **शुभ रंग:** मटमैला **शुभ दिन:** रविवार

### मीन ( फरवरी 20-20 मार्च )



इस सप्ताह उधेड़बुन वाली स्थिति है जो नकारात्मकता का कारण बन सकती है। यह आपके लिए नयी बात नहीं होगा क्योंकि आपने अक्सर ऐसे मन:स्थिति का सामना किया है। अपनी जांच कराएं क्योंकि सप्ताह की ऊर्जा बहुत सकारात्मक नहीं है। हेल्थकेयर पेशेवर से सलाह लें। अगर कुछ गलत है, तो दूसरी राय लेने में संकोच न करें और इलाज में देरी होने से पहले सेट करें। कैरियर के मोर्चे पर, सुनिश्चित करें कि आपने अपने सभी वित्तीय दस्तावेजों को अपडेट किया है और अपनी आय और व्यय का लेखा-जोखा रखा है।

**शुभ अंक:** 20 **शुभ रंग:** बैंगनी **शुभ दिन:** सोमवार



ईश्वर को खोजने के लिए
हम कहां जा सकते हैं
यदि हम उसे अपने दिलों
में व प्रत्येक प्राणी नहीं
देख सकते
- स्वामी विवेकानंद

# आत्मबोध की शक्ति

## राधानाथ स्वामी का कहना है कि संतजनों की संगत में आने से, हम धर्म के चार सिद्धांतों का पालन करते हैं- संयम, स्वच्छता, दया व सत्यता



दुनिया अनिश्चितताओं से भरी है और तथ्य है कि कोई इस ब्रहमांड की स्थिति को कभी बदल नहीं सकता है। हालांकि, पर्यावरण के साथ समायोजन बनाने तथा सदभावपूर्ण जीना सीखने के लिए खुद में बदलाव का प्रयास कर सकते हैं। हमें यथासंभव एक ऐसा वातावरण निर्मित करना होगा जो लोगों में शांति, समृद्धि और खुशहाली में मददगार हो। इसीलिए, दुनिया भर के महान संतों ने लोगों में आत्मबोध की आवश्यकता को प्रचारित किया है।

जो प्रश्न मेरे मन को डराता है वो यह कि इस दुनिया में शांति कैसे लाई जाए? कुछ लोग कहते हैं कि हम यह धर्म के जरिए कर सकते हैं। हालांकि, ऐसा नहीं है। असलियत में, अधिकांश हिंसा जो इस दुनिया में होती है, वो आतंकवाद के रूप में सामने आई है जिसने धर्म के मसलों पर खुराक पाई है। आतंकवादियों की गलत समझ है कि केवल आतंक के जरिए वे अपने धर्म को बचा सकते हैं।

हालांकि, यह बात सत्य से कहीं परे है। कोई भी धर्म हिंसा की शिक्षा नहीं देता है बल्कि वह दुनिया में शांति की ही पैरवी करता है। दुर्भाग्यवश, इसे आतंकवादियों द्वारा अपने हितों के अनुकूल गलत समझा गया है।

महान महाभारत युद्ध की मिसाल ले लें जो कौरवों व पांडवों के बीच 5000 से ज्यादा वर्ष पहले हुआ था। यह युद्ध विशेष सिद्धांतों या नियमों पर आधारित था जिनका पालन करने के लि दोनों पक्ष सहमत थे। उस महा युद्ध में आतंकवाद कहीं भी शामिल नहीं था। केवल लोगों ने युद्ध में लड़ा। महिलाएं, बच्चे व बुजुर्गों ने युद्ध में हिस्सा नहीं लिया। सेनाएं समान क्षमता तथा पूर्ण समर्पण वाली गरिमा व सम्मान के साथ लड़ीं कि जो कोई भी जीतता है उसे हस्तिनापुर का राज्य मिलेगा और जिसकी भी मृत्यु होगी वो स्वर्ग जाएगा। इस युद्ध की तुलना में, आतंकवाद, जो आज सामने आया है, महिलाओं, बच्चों व बुजुर्गों तक को बक्शता नहीं है। यह एक कड़वी सच्चाई है जिसका आज हम सामना कर रहे हैं।

आतंकवाद किसी धर्म को नहीं जानता है। आतंकवादी आज हवाई जहाजों को उड़ा देते हैं, बसों व सार्वजनिक आवागमन वाले वाहनों में, सिनेमाहालों या मॉल आदि में बम रख देते है- और यह सब धर्म के नाम पर हालांकि हिंसा का धर्म से कोई लेना देना नहीं है।

श्रीमद भागवतम वर्णन करता है कि धर्म चार सिद्धांता पर आधारित है। इन्हें धर्म के चार स्तंभ कहा जाता है। वे आत्मसंयम, स्वच्छता, दया व सत्यता। चाहे आप खुद को हिन्दू कहें या मुस्लिम, बौद्ध या ईसाई कहें, यह ज्यादा महत्वपूर्ण नहीं है। सवाल यह है कि हम किस तरह धर्म के इन चार सिद्धांतों का पालन करने की प्रक्रिया के जरिए ईश्वर के प्रति अपना प्रेम विकसित कर रहे हैं? इन चार सिद्धांतों के अनुपालन से हमें परम सृष्टा के साथ अपने परम संबंध का बोध हो सकता है और फिर हम हर उस स्थिति में सदभावपूर्ण व शांतचित्त दिख सकते हैं जो हमारे समक्ष उपस्थित होती है और हम समाज के हित में योगदान कर सकते हैं।

### आत्मसंयम

सबसे पहले हम आत्मसंयम के पहले सिद्धांत पर विचार करते हैं जिसका अर्थ है अपने ह्दय की शुद्धता तथा ईश्वर की सेवा तथा मानवता की सेवा के लिए असुविधा को स्वीकार करने के लिए तैयार रहना। आत्मसंयम का अर्थ अपनी चेतना के शुद्धिकरण हेतु कष्ट, त्याग तकलीफ तक को स्वीकारने के लिए तैयार रहना तथा उन चीजों को त्यागना जो हमारे ह्दय की शुद्धीकरण के विपरीत हैं, चाहे हम पसंद हो या न हो। मानव जीवन त्याग के लिए होता है।

आत्मसंयम का अर्थ है अपने समय में प्राथमिकता चुनना। आप कितना समय ईश्वर के प्रति अपने ह्दय के शुद्धिकरण पर समर्पित कर रहे हैं? आप कितना समय आप अपने व्यवसाय, अपने परिवार को दे रहे हैं? आपका हर चीज में संतुलन बनाना होगा, ताकि आपका जीवन भौतिक व आध्यात्मिक दोनों रूप में पूर्ण हो, इसे संतुलित करना होगा। ध्यान, यंत्र के जरिए, हर रोज हृदय की शुद्धता को ध्यान में रखकर समय बिताना तथा धार्मिक पुस्तकें पढ़ना सर्वोत्तम संयम है।

### स्वच्छता

धर्म का दूसरा सिद्धांत है स्वच्छता। कहते हैं कि स्वच्छता पवित्रता के निकट होती है। स्वच्छता तन और मन के लिए संसाधन है। तन की स्वच्छता के लिए, हमें कम से कम दिन में एक बार नहाना चाहिए। क्योंकि जब तन गंदा हो जाता है तो परिवेश भी गंदा हो जाता है और इससे मन को स्वच्छ रखने में बहुत कठिनाई होती है।

### दया

धर्म का अगला सिद्धांत है दया। इस समाज के भीतर दयालु कैसे रहें? पुन: दुनिया का प्रत्येक धर्म हमें सिखाता है कि हमें दयालु होना चाहिए और सबके प्रति दया दिखानी चाहिए। यह बलिदान है, यह ऑस्टेरिटी है। अहिंसा-ईश्वर में विश्वास पर आधारित होनी चाहिए। विश्वास पहाड़ों को हिला सकता है, हमें विश्वास रखना चाहिए।

### सत्यता

धर्म का चौथा सिद्धांत सत्यता है। सच क्या है? इसका उत्तर हमारा दैनिक मामलों में झूठ न बोलना है। हमें इस दुनिया में अपने सभी व्यवहारों में ईमानदार और स्पष्ट रहना चाहिए, जिसे नैतिकता कहा जाता है। भगवान कृष्ण भगवद गीता में कहते हैं कि सत्य की परिभाषा यह जानना है कि सभी जीवित प्राणी मेरे ही अंश हैं और वे मुझ में हैं और वे मेरे हैं। सच तो यह है कि हम भगवान का हिस्सा हैं। वह सब कुछ ईश्वर की संपत्ति है। जब तक हम सत्य को नहीं जानेंगे, जब तक हम सत्य को नहीं समझेंगे तब तक हम सत्य कैसे हो सकते हैं।

सत्य को समझने और आगे बढ़ाने से, हम देख सकते हैं कि हमारे पर्यावरण के भीतर सब कुछ कैसे सही है। कैसे सब कुछ भगवान की प्यारी कृपा है। बौद्धिक समझ के लिए सरल नहीं है, लेकिन हम अपने ह्दय के मूल से जीवन की प्रत्येक स्थिति में ईश्वर की प्रेम की अभिव्यक्ति को अनुभव कर सकते हैं। यही असली शांति है। यह अमूर्त नहीं है, यह कुछ असंभव नहीं है। यह अपनी खुद की आत्मा के करीब होने जैसा है। हम सुख और शांति पाने के लिए हर एक दिशा में दौड़ रहे हैं। हमें बस जीवन में अपनी प्राथमिकताओं को अपनी आत्मा के प्रति और ईश्वर की हमारी सेवा के प्रति पुनर्निर्देशित करना होगा। संत व्यक्तियों के साथ जुड़कर, सत्य को सुनकर, हम सीखेंगे कि धर्म, तपस्या, स्वच्छता, दया और सत्यता के इन चार सिद्धांतों का अभ्यास कैसे करें।

**- लेखक इस्कॉन के आध्यात्मिक गुरु हैं।**



अंतर्दृष्टि
प्रमोद पाठक

# धर्म का सार



धर्म क्या है? यह प्रश्न बहुतों को चकित करता है और इस विचार को इर्दगिर्द एक व्यापक भ्रम है। यही कारण है कि धर्म की इतनी व्याख्याएँ हैं। कभी-कभी बिलकुल एक-दूसरे के विरोध में। लेकिन यह समझना महत्वपूर्ण है कि नैतिकता में गहराई से निहित धर्म एक सार्वभौमिक निर्माण है। वास्तव में, धर्म नैतिक आचरण का दूसरा नाम है। लोग सोचते हैं कि धर्म और नैतिक आचरण पर्यायवाची हैं लेकिन यह गलत है। धर्म सार्वभौमिक, सनातन और सही आचरण का मार्गदर्शक है। यही कारण है कि नेकी ही धर्म के विचार का मूल है। नेकी सही आचरण का आधार है और धर्म सही आचरण की प्रकृति को समझने का एक साधन है। पूजा स्थल में नमाज अदा करना धर्म का ही एक हिस्सा है।

हालाँकि, धर्म कहीं अधिक है। तैत्तरीय उपनिषद धर्म का सार बहुत आसानी से शिक्षावल्ली खंड में उद्घाटित करता है। जब शिष्य गुरुकुल में अपनी शिक्षा पूरी कर लेते हैं, तो गुरु वर्तमान समय के दीक्षांत समारोह की तरह दीक्षा नामक अंतिम पाठ सिखाते हैं। इस अंतिम पाठ की जड़ इन दो शब्दों में निहित है - सत्यम वचन, धर्मम चार। वह सत्य का पालन करता है और सही आचरण या धर्म के मार्ग पर चलता है। ये दो शब्द भी धर्म का सार हैं। यह कार्रवाई में निहित है। जो कार्रवाई सही है, वह कार्रवाई नैतिक है। लेकिन मुद्दा यह है कि इस कार्रवाई का मूल्यांकन कैसे किया जाए। सही का निर्धारण कैसे करें।

यह वह सवाल है जिसका जवाब देना सबसे मुश्किल है। व्यक्तियों की धर्म की अपनी व्याख्या है और प्रत्येक व्यक्ति मानता है कि उसने अपने द्वारा की गई कार्रवाई में धर्म के मार्ग का अनुसरण किया है। यही कारण है कि लोग अपने कार्यों का औचित्य साबित करते हैं। यह एक अहम् रक्षा तंत्र है जो बहाने की ओर ले जाता है। यह अहंकार है जो तार्किकता नामक इस तंत्र का कारण है। तर्क या तर्क का उपयोग हमेशा किया जाता है ताकि अपनी किसी कार्रवाई को सही ठहराया जा सके। यहाँ तक कि हिरण्यकश्यप या रावण या दुर्योधन सभी के पास अपने गलत कामों को वैध ठहराने हेतु अपने कारण थे। यहां, यह समझना महत्वपूर्ण है कि आमतौर पर लोग गलत कार्य नहीं करते हैं यदि वे मानते हैं कि यह गलत है। उनका अहंकार उन्हें विश्वास दिलाता है कि उनके कार्य उचित हैं। अहंकार उनके तार्किकता पर पर्दा डाल देता है और उन्हें अनुचित का अनुपालक बना देता है।

भारतीय दर्शन इसे अविद्या कहता है। यह उन्हें सच्चाई को देखने और सही दृष्टिकोण में अपने कार्यों की जांच करने की अनुमति नहीं देता है। यहां तक कि सबसे जघन्य कृत्य भी पश्चाताप या अपराध की भावना नहीं जगाते हैं क्योंकि यह माना जाता है कि यह सही है और बहाने मिल जाते हैं।

उत्तर अहंकार या अविद्या का पर्दा हटाने में निहित है और यह केवल बोध द्वारा ही हो सकता है। बोध व्यक्ति के कार्यों का वस्तुगत मूल्यांकन करता है। यह अंतरात्मा को जगाने और भीतर देखने से आता है। विवेक धर्म का मार्गदर्शक है और यह प्रत्येक मानव में है। केवल यही है जो जागरण के विभिन्न चरणों में होता है। इस प्रकार, कुछ लोग दूसरों की तुलना में अधिक जागृत होते हैं और आसानी से इसका अहसास प्राप्त कर सकते हैं। धर्म का उद्देश्य सही मार्ग दिखाना है और इसके लिए अंतरात्मा से निरंतर मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है। जागृति के स्तरों में अंतर के कारण, लोगों में अहसास करने और सही और गलत के बीच भेदभाव करने की उनकी क्षमता में अंतर होता है। लेकिन यह समझा जाना चाहिए कि प्रत्येक मनुष्य में इस बोध की क्षमता है और जागरण का अनुभव है। आवश्यकता इतनी है कि उचित प्रकार का प्रशिक्षण या शिक्षण प्राप्त किया जाए। हस्तक्षेप का स्तर भिन्न हो सकता है लेकिन धर्म का सार अधिकांश द्वारा समझा जा सकता है।

**- पाठक प्रबंधन, लेखक और प्रशंसित सार्वजनिक वक्ता के प्रोफेसर हैं।**

पेज 1 का शेष

# ऐसिड अटैक -आक्रामकता व कुंठा का शिकार पुरूष अहंकार

मैं तबाह हो गयी थी, लेकिन उस आदमी की कायरता पर विलाप करने के लिए कभी तैयार नहीं हुई, जिसका उसके जीवन में कोई लेना-देना नहीं है। मेरी सुंदरता मेरे अंदर है।' वह कहती है।

हालांकि, रक्षिमा एक अपवाद नहीं है, लगभग बीस साल की एक और लड़की ने भी वैसी ही स्थिति का सामना किया। उस तेजाब की बोतल के साथ उसके सारे सपने चकनाचूर हो गए। बदला, किसी भी चीज के जवाब के रूप में ना को स्वीकार न पाना, तथा महिलाओं को नीचा दिखाने की भावना- ये कुछ कारण हैं जो इन भयावह अपराधों की वजह बनते हैं। इन मसलों के आसपास बहुत सारी बहसें हुई हैं, लेकिन मैं पूछना चाहती हूं कि वास्तव में बदल क्या गया है? इसका जवाब किसी के पास नहीं होता है। वह समाज, जो एक ओर छपाक जैसी फिल्मों को प्रोत्साहित करता है, दूसरी ओर अभी भी एसिड अटैक पीड़िताओं की मदद करने के मामले में अपना मुंह फेर लेता है। हम अब भी अपनी जगह पाने के लिए संघर्षरत हैं। कुछ लोग तो यह कहने में भी संकोच नहीं करते कि हमें पहले मामले में उस व्यक्ति से शादी करनी चाहिए थी। और अगर हम करते, तो चीजें बेहतर होतीं। हालांकि, इसमें वास्तव में उनकी गलती नहीं है। यह उनकी परवरिश है, और उनके विचार उनके व्यक्तित्व का आईना है। यह इसी मानसिकता के कारण है कि लड़कियां आज अकेले सड़कों पर चलने से डरती हैं। जब कोई लड़का उनका पीछा करता है तो वे कांप जाती हैं। एक व्यस्त सड़क पर भी उनके पीछे एक छाया उनकी रीढ़ को कंपा देती है। आप पूछते हैं, क्यों? क्योंकि कोई नहीं जानता कि वह छाया उनके लिए क्या कर सकती है।' पीड़िता अपनी पहचान बताए बिना कहती है।

मनोवैज्ञानिकों को लगता है कि एसिड अटैक के बढ़ते मामलों के पीछे का कारण कम दोषसिद्धि होना भी है, क्योंकि अपराधियों को पता है कि वे जघन्य अपराधों को करने के बावजूद बच सकते हैं या कम से कम उन्हें एक मौका मिलेगा, जहां पीड़ित जन अदालतों के थकाऊ चक्कर लगाने के बाद मुकमों से हट जाएंगे। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट पुलकित शर्मा का कहना है, 'मेरा आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों के साथ बातचीत करने का अनुभव रहा है, और इस तरह की कार्यवाही में देरी से कानून के प्रति घोर अनादर सीधे सामने आता है। हालाँकि जब हम भारत में न्यायाधीशों की भारी संख्या के संदर्भ में मसले को देखते हैं तो अदालतों को पूरी तरह से दोषी नहीं ठहराया जा सकता है। एक व्यवस्था को लागू करना होगा, सरकार को भी पर्याप्त संख्या में जजों की वृद्धि के साथ अदालतों के संचालन के प्रयास आगे बढ़ाने होंगे।

'देवी माताओं,चाट पूजन, दुर्गा पूजा, माँ सरस्वती का देश भारत, एक राष्ट्र -जो यात्रा या यात्रा के रूप में जय माता दी का जाप करता है। एक ऐसा राष्ट्र जो मानता है कि हमारी देवी सबसे शक्तिशाली हैं - यह कितनी विडंबना है कि वही राष्ट्र महिलाओं पर होने वाले एसिड हमलों के मामले में वैश्विक तालिका में सबसे ऊपर है। बलात्कार के मामलों में भारत, हमारी भारत माता सबसे ऊपर है। सवाल यह उठता है कि एसिड फेंकना और अपराध को उस स्तर पर क्यों ले जाना, जहां यह न केवल उन अपराधों के मापदंडों में शामिल हो जाता है कि ये न केवल आपमें भय की सिहरन छोड़ जाते हैं, बल्कि देश में देवी की तुलना में एक लिंग के प्रति अनादर भी दिखाते हैं।

कई विशेषज्ञों का मानना है कि जीवन या जीवन के मामलों के साथ जुड़ी निराशा भी ऐसे अपराधों के पीछे अपनी भूमिका निभाती है। पुलकित शर्मा कहते हैं, 'ये अपराधी आम तौर पर, ऐसे लोग हैं जो समाज द्वारा अस्वीकृत या कम स्वीकार किए होते हैं। ऐसे मामले हैं जहां आरोपी व्यक्ति इन अस्वीकारों के कारण आक्रामकता के स्तर पर पहुंच जाता है, और पीड़ितों में से सबसे आसान शिकार पर अपनी हताशा उतारता है। कार्रवाई की तीव्रता उस पल की मानसिकता, या आरोपी के पास उपलब्ध अपराध के उपकरणों पर निर्भर करती है। यही कारण है कि भारत में हर समझदार व्यक्ति एसिड की खुली बिक्री पर प्रतिबंध लगाने का पक्षधर है। मैं यह नहीं कह रहा हूं कि यह अपराध पर पूर्ण रोक लगाएगा, लेकिन यह अत्याचार को रोकने का एक महत्वपूर्ण कदम होगा।'

विशेषज्ञों का मानना है कि इन मामलों को त्वरित सुनवाई करने के लिए फास्ट ट्रैक अदालतों का गठन किया जाना चाहिए, जबकि इन मामलों में, भारत की जनसंख्या शर्मनाक है और इसलिए मुकदमों की संख्या भी इतनी ज्यादा है, अधिक फास्ट ट्रैक अदालतों को इन मामलों पर फैसला सुनाना चाहिए, ताकि अपराधियों को दंडित किया जा सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके। सरीन सुझाव देती हैं, 'भारतीय दंड संहिता के अनुसार प्रचलित कानून के मुताबिक धारा 326 ए और 326 बी लगाई जानी चाहिए। इसके अलावा एनजीओ द्वारा व सोशल मीडिया पर जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित की जानी चाहिए, पुरुषों में बढ़ती आक्रामकता और कुंठित प्रवृत्ति को रोकने व नियंत्रित करने के लिए जागरूकता सत्र आयोजित किए जाने चाहिए। उन्हें इंकार या ना को स्वीकार करने के लिए शिक्षित किया जाना चाहिए। उनमें मानवीय मूल्यों को जगाने की आवश्यकता है, उन्हें ठीक से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है कि महिलाएं उनकी संपत्ति नहीं हैं। मानव जीवन अनमोल है।'

# जीवन को देखो अपनी नजर से

**-महेन्द्र पाल**

दोस्तों, उपरोक्त कथन जितना सरल व आसान है, उतना ही सारगर्भित होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी। क्योंकि प्रत्यक्ष स्तर पर कोई मूढ़ भी कह सकता है कि इसमें क्या खास बात है, हम सभी अपनी नज़र (यानी आंख) से ही तो देखते हैं। लेकिन आंख से देखने और नजर से देखने में बहुत अंतर होता है।

आंख जहां प्रत्यक्ष व भौतिक क्रिया का प्रतिनिधित्व करती है वहां नज़र, एक नजरिए या दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करती है। हम सभी, प्रत्यक्षतया, आंखों के द्वारा किसी एक वस्तु या दृश्य को समान ढंग से देखते हैं, लेकिन जब उसे समझते व अलग अलग ढंग से व्यक्त करते हैं, तो उसमें नजर या दृष्टि या नजरिया अपनी भूमिका निभाते नजर आते हैं। जिससे वस्तु या दृश्य-विशेष, प्रत्यक्षतया एक दिखते हुए भी, अलग अलग दिखते हैं और एक भिन्न संदेश, निहितार्थ, यहां तक जीवन-दर्शन प्रस्तुत करते नजर आते हैं।

यहां तक भी कहें तो अनुचित नहीं होगा कि संदेश , निहितार्थ और जीवनदर्शन की स्पष्टता का आधार ही नज़र या नजरिये की स्पष्टता है। जितना स्पष्ट नजरिया या दृष्टिकोण होगा, इंसान की अनुभूतियां व संदेश उतने ही स्पष्ट होंगे और अनुभूतियां व संदेश जितने स्पष्ट होंगे वे उतने ही व्यक्ति के स्तर पर आत्मविश्वास प्रदान करने वाले तथा दूसरों को आकर्षित करने में सफल होंगे। कविताओं -कहानियों आदि से समृद्ध समूचा साहित्य इसी का प्रमाण है। मशहूर शायर साहिर लुधियानवी की एक ग़ज़ल का शेर है-

ले दे के अपने पास इक ही नज़र तो है,
क्यूं देखें जिंदगी को किसी की नजर से हम।

जीवन में कामयाबी के संदर्भ में उपरोक्त पंक्तियों की बहुत अहमियत है। क्योंकि शायर के मुताबिक नज़र सिर्फ आंख का देखना मात्र नहीं है। यह नजर एक नजरिया है, एक दृष्टि है, जो जिंदगी जीने का सलीका प्रदान करती है, उसे भेड़चाल नहीं बनने देती। जो चीजों को उचित-अनुचित, सही या गलत के हिसाब से चुनती या खारिज करती है। वह, दूसरे जो कहते हैं,उसके मुताबिक नहीं,बल्कि स्वयं उस व्यक्ति को जो महसूस होता है, ठीक या बेठीक लगता है, उसके मुताबिक फैसला करने की हिम्मत प्रदान करती है। वह व्यक्ति को अपनी सीमाएं और संभावनाएं दोनों से रूबरू कराती है। और उनके मुताबिक अपने लक्ष्यों का चुनाव करना सिखाती है, इसीलिए यह सरल और स्पष्ट होकर भी बहुत कठिन और चुनौतीपूर्ण भी बनती है। क्योंकि मौजूदा सामाजिक-सांस्कृतिक परिवेश में अपनी नजर या नजरिए के मुताबिक जीवन जीना या लक्ष्य चुनना हमेशा से चुनौतीपूर्ण रहा है। क्योंकि अक्सर अपनी नजर से देखना प्रचलित परिपाटी या जीवन चलन को चुनौती देता रहा है। इसका कारण है व्यक्ति पर अपेक्षाओं व उम्मीदों का दबाव। ये अपेक्षाएं और उम्मीदें पारिवारिक- सामाजिक दोनों स्तरों पर होती हैं। और इन्हें जीवन की शुरुआत से ही परंपरा के बतौर व्यक्ति में रोपा जाता है, भले ही निजी स्तर पर व्यक्ति कुछ और बनना चाहता हो। मसलन, अगर घर में परंपरागत तौर से वकालत का पेशा है, तो व्यक्ति से अपेक्षा और भी बड़ा वकील बनने की, की जाती है, और ऐसा चलन अमूमन हर पारिवारिक परिवेश में दिखता है। इसमें यह नहीं देखा जाता कि व्यक्ति विशेष खुद क्या बनना चाहता है। क्योंकि खुद को दरकिनार करने या व्यक्ति का निषेध करने का प्रशिक्षण जीवन के शुरुआती पड़ावों से शुरू हो जाता है जबकि अपेक्षाओं व उम्मीदों की रुपाई सूक्ष्म से सूक्ष्मतम स्तर पर जारी रहती है। नतीजा होता है कि अधिकांशत: स्वयं व्यक्ति की अपनी नजर या दृष्टि पर अपेक्षाओं व उम्मीदों का चश्मा चढ़ जाता है। जो जीवन के बाद के पड़ावों में अक्सर दबी हुई ख्वाहिशों का रूप लेकर उभरता है और कभी कभी तो इंसान को भीतर तक बेचैन कर जाता है। तमाम एक जमाने में कामयाब रहे व्यक्तियों से संबंधित निराशाजनक घटनाओं का सुर्खियों में आना या अचानक अपना तयशुदा रास्ता बदलना इसी अंतर्निहित सच्चाई का प्रमाण है कि कामयाब जीवन का आधार दृष्टि या दृष्टिकोण से गहरे जुड़ा है। नजरिया संपन्न व्यक्ति के लिए लक्ष्य- बड़ा या छोटा नहीं, कठिन या आसान नहीं, बल्कि संतुष्टि का वाहक होता है।

अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी कहा है कि वे बहुत बिरले लोग होते हैं जो अपनी आंखों से देखते और अपने दिल से महसूस करते हैं। हम आम जीवन पर गौर करें तो पाते भी यही है कि ज्यादातर लोग एक तयशुदा परिपाटी को अपनाते दिखते हैं।



रोहित शेट्टी मेरे साथ मजाक कर रहे थे कि वह एक लंबे समय से कारों को उड़ाने और बंदूकों से फायरिंग के साथ एक विस्तृत एक्शन सीक्वेंस की शूटिंग के लिए वापस जाने के लिए खुजली कर रहे थे, और मैंने उनकी भावना को पूरी तरह से साझा किया।
- रनवीर सिंह

# 'हम दर्शकों की प्रतिक्रिया से अचंभित और आनंदित थे'

**फिल्म 'दम लगा के हइसा' की छठवीं वर्षगांठ के अवसर पर इसके निर्माता-निर्देशक मनीष शर्मा और शरत कटारिया ने अपने उस आश्चर्य और प्रसन्नता का स्मरण किया जब उनकी फिल्म को ये गौरवशाली पुरस्कार मिला और दर्शकों ने इसकी जबर्दस्त सराहना की। टीम पायनियर की प्रस्तुति...**

निर्माता मनीष शर्मा और निर्देशक शरत कटारिया को उस समय विश्वास नहीं हुआ था जब उनकी फिल्म 'दम लगा के हैसा' (डीएलकेएच) को हिंदी भाषा की सर्वश्रेष्ठ फिल्म का राष्ट्रीय पुरस्कार देने की घोषणा हुई थी। आयुष्मान खुराना एवं भूमि पेडनेकर अभिनीत इस फिल्म की रिलीज की छठी वर्षगांठ पर दोनों ने फिल्म के बारे में अपने विचार तथा इसके बनने की पूरी यात्रा के बारे में विस्तार से बात की। प्रस्तुत हैं बातचीत के अंश–



**❒ आपकी फिल्म 'दम लगा के हैसा' निर्माता के रूप में आपकी वाईआरएफके बैनर तले पहली फिल्म थी। निर्माता के रूप में आगे आने और ऐसी फिल्म से जुड़ने के पीछे की आपकी सोच क्या थी?**

**मनीष :** कुछ लोग आगे आते हैं और कुछ को उसमें धकेल दिया जाता है। मैं बाद की श्रेणी में आता हूं। वास्तव में फिल्म के निर्माण का मेरा कोई विचार नहीं था लेकिन मुझे आदित्य चोपड़ा की योजना की जानकारी नहीं थी। शुद्ध देसी रोमांस, फिल्म उस समय रिलीज़ ही हुई थी और मैं एक और फिल्म की तैयारी कर रहा था। ऐसे ही एक दिन आदि ने बात की और मुझे इसका निर्माता बना दिया गया। ये रातोंरात हुआ। जीवन ऐसा ही होता है।

**❒ जब आप इसे लिख रहे थे तो उस समय आपने दर्शकों की ऐसी प्रतिक्रिया के बारे में क्या थोड़ा भी सोचा था?**

**शरत:** नहीं इसके बारे में कोई भी नहीं सोचता था। हम केवल अपने सर्वश्रेष्ठ संभव विचारों को ही सामने रख सकते थे। हम किसी प्रकार की आशा नहीं कर रहे थे। मैं इस प्रतिक्रिया से अचंभित और प्रसन्न थे लेकिन हमें इसकी जरा भी आशा नहीं थी।

**❒ एक निर्माता के रूप में आप किस प्रकार की कहानियों पर फिल्में बनाना चाहते हैं?**

**मनीष:** मैं फिल्म में जिस भी भूमिका में रहूं-निर्माता, निर्देशक या कहानी लेखक- मैं अपनी अंतप्रेरणा पर बहुत निर्भर करता हूं। उस समय क्या सही लगता है क्या गलत, ये न सोचकर बस एक कहानी तैयार करने पर पूरा फोकस रहता है अपनी अंत:प्रेरणा पर पूरी तरह से निर्भर रहते हुए जो सर्वश्रेष्ठ होता है उसी पर पूरा समय और ऊर्जा निवेशित करता हूं। मुझे लगता है कि अभी तक मेरी ये तकनीक सफल साबित होती आई है।

**❒ आपके अनुसार इस फिल्म की सबसे महत्वपूर्ण विशेषता क्या थी जो ये इतनी हिट साबित हुई?**

**शरत:** सच कहूं तो मुझे भी इसका उत्तर नहीं पता। मैंने तो ये रिलीज़ के एक साल बाद देखी थी और वो भी एक फिल्म महोत्सव में दर्शकों के साथ। मुझे आज भी नहीं पता कि दर्शकों ने इसे क्यों पसंद किया था। लेकिन मेरा मानना है कि इसकी कॉमेडी और चरित्रों का चयन एक कारण हो सकता है। मुझे नहीं पता कि इसमें नया क्या था क्योंकि जब मैं ताजा, शब्द सुनता हूं तो मुझे नहीं पता होता कि फिल्म के संदर्भ में इससे क्या अर्थ लगाया जाता है। मैं स्वयं में इसे लेकर स्पष्ट नहीं हूं। लेकिन यदि मुझे पता चल जाए तो मैं इसे दुबारा से करना पसंद करूंगा।

**❒ जब आप और शरत इसके लिए साथ आए थे उस समय आपकी अपेक्षाएं क्या थीं?**

**मनीष:** हम दर्शकों से केवल इतनी अपेक्षा रखते थे कि वे इसकी कहानी की जमीन से जुड़ी संकल्पना से जुड़ सकें। जिस प्रकार से लोगों ने इस फिल्म को अपने प्यार और स्नेह से सींचा है, वो अकल्पनीय है और हमें इससे संतोष प्राप्त हुआ। हर फिल्म थोड़ी बहुत महत्वाकांक्षा तो रखती ही है और ये अनेक भावनात्मक स्तरों पर खरी उतरी।

**❒ इस फिल्म ने एक नई जोड़ी सामने रखी- आयुष्मान और भूमि, के रूप में, और ये काफी सफल रही है। आपके अनुसार लोगों ने उन्हें इसके बाद से इतना क्यों पसंद किया होगा?**

**शरत:** केवल उनकी प्रतिभा के कारण, और इसका कोई कारण नहीं हो सकता। वे चरित्र में इतनी गहराई से समा जाते हैं कि स्वयं को विस्मृत कर बैठते हैं। वे हर फिल्म में ऐसा करते हैं। मेरे अनुसार उनकी यही विशेषता उन्हें इतना सफल बनाती है।

**❒ फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आप और शरत ने एक दूसरे से क्या कहा था?**

**मनीष:** क्या बात कर रहा है!

**❒ फिल्म के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार मिलने पर आपकी प्रतिक्रिया क्या थी?**

**शरत:** इस बारे में मेरी बहुत अच्छी स्मृतियां हैं। मैं आपको बताता हूं जो उस दिन हुआ था। मेरी पहली प्रतिक्रिया कुछ ऐसी थी – हे भगवान! मै अब मैं पूरे दिन काम नहीं कर पाऊंगा। पहले तो मुझे विश्वास ही नहीं हो रहा था लेकिन जब कई फोन आए तो मैंने मनीष को फोन किया और उसे बताया कि अपनी फिल्म को राष्ट्रीय पुरस्कार मिला है। केवल फिल्म को ही नहीं बल्कि सर्वश्रेष्ठ गायक-मोनाली और वरुण ग्रोवर को उनके गीत के लिए भी पुरस्कृत किया गया है। वो अत्यंत विस्मित था। इसके बाद फोनकॉल्स की बाढ़ आ गई थी। मेरे जीवन में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था। ये हमारे लिए अत्यंत अद्भुत अनुभव था।



# पितृसत्तात्मक समाज से संघर्ष की कहानी है टेलीप्ले 'गिद्ध'

**टेलीप्ले 'गिद्ध' में काम करते हुए अभिनेत्री सना जाफरी को अपनी रचनात्मक क्षमताओं में अद्भुत विस्तार का अनुभव हुआ**

निर्देशक तथा निर्माता कंवल खूसट का टेलीप्ले 'गिद्ध' वास्तव में पितृसत्तात्मक समाज में दो महिला चरित्रों की एक जैसी परिस्थितियों और संघर्षों की कहानी प्रस्तुत की गई है। इस टेलीप्ले में सना जाफ़री, रस्ती फ़ारुक़ तथा अदील अफ़ज़ल जैसे अभिनेता काम कर रहे हैं। इसकी कहानी वास्तव में सलीमा नाम की स्त्री की कहानी है जिसके यहां एक अप्रत्याशित अतिथि सलमा का आगमन होता है जो उसकी ननद होने का दावा करती है।

कहानी जैसे जैसे आगे बढ़ती है दोनों ही महिलाएं अपने जीवन के संघर्षों को सामने रखती हैं जिसमें निकल कर आता है कि वे दोनों ही एक ही व्यक्ति जुनैद जो सलमा का भाई और सलीमा का पति होता है, के कारण इन परिस्थितियों में फंसी हैं। लेकिन वे दोनों मिलकर अपने कष्टों का अंत करने का निश्चय कर लेती हैं। उनके निर्णय की परिणिति उनके जीवन में एक अप्रत्साशित बदलाव के रूप में सामने आती है।



सना ने बताया, 'कंवल जी के साथ काम करने का अनुभव उनके जीवन का सर्वोत्तम अनुभव रहा है क्योंकि उन्होंने उनके भीतर के रचनात्मक पहलुओं को सामने आने में उनकी मदद की है जो मेरे अनुसार परदे पर उतारना कठिन था। कंवल जी की लिखी हर पंक्ति के दो या इससे अधिक अर्थ थे और उन्हें अनकहे ढंग से अभिव्यक्ति देना कठिन कार्य था। लेकिन वो इसमें सफल रहीं।

उनके अनुसार टेलीप्ले का प्रारूप पेचीदा था क्योंकि वो थियेटर के लिए प्रशिक्षित थीं लेकिन कंवल जी ने जिस प्रकार से दोनों विधाओं का मिश्रण किया है वो परदे पर अत्यंत सुंदर दिखा है।

कंवल ने सना को उसकी रचनात्मक क्षमताओं में विस्तार करने में भी मदद की। सना ने बताया, 'हमनें बिलकुल थियेटर की तरह से अभ्यास किया और ये प्रक्रिया अत्यंत प्रभावी साबित हुई। इसके अलावा इस बात से भी हमें काफी मदद मिली कि हम पांच महिलाओं की एक टीम के रूप में काम कर रहे थे। हम जब भी अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति में कठिनाई अनुभव करते थे कंवल, मैं और रस्ती तथा हमारे सहायक अपने जीवन की परिस्थितियों पर बात करके कोई न कोई समाधान निकाल लेते थे। इस प्रकार पांच अद्भुत महिलाओं की टीम जिनके पास अपने जीवन के साझा करने योग्य अनुभव थे, ने उन्हें साझा किया और इससे एक अभिनेत्री के रूप में मुझे बहुत सहायता मिली।'

(टेलीप्ले एअरटेल स्पॉटलाइट पर 28 फरवरी को दोपहर 2 तथा सायंकाल 6 बजे प्रसारित होगा)

# रॉकी और मयूर की रोड ट्रिप पहुंची नवाबों के शहर लखनऊ'


**लखनऊ।** पिछले कई सालों से देश में डोमेस्टिक टूरिज्म लगातार बढ़ता जा रहा था। परिवार और दोस्तों के साथ छुट्टियां बिताने और नई-नई जगहें देखने में लोगों की रुचि बढ़ती ही जा रही थी। फिर सभी के प्लान्स पर पूर्ण विराम लगा दिया, कोरोना वायरस ने। लॉकडाउन ने लोगों को महीनों के लिए घरों में बंद कर दिया और बाहर दूसरे शहर जाना तो दूर अपने ही शहर में कहीं जाना सपने सा प्रतीत होने लगा। ऐसे में लोगों को बाहर निकलने और ट्रैवेल करने की महत्ता और समझ आई।

फिर जैसे ही लॉकडाउन खुला लोग घरों से निकलकर अपने ट्रैवेल प्लान्स बनाने लगेपर भीड़ भाड़ वाली जगहों और सामूहिक यातायात के साधनों से बच रहे थे। ऐसे में छुट्टियों और सफर के लिए रोड ट्रिप का विकल्प ट्रैवेलर्स के बीच बड़ी तेज़ी पकड़ने लगा। इस सीरीज के पहले दो सीजन बहुत कामयाब रहे और इससे लाखों दर्शक जुड़े। हाईवे मेन के नाम से मशहूर ये जोड़ी अपने पहले सीजन में पहुंची राजस्थान और अपने दूसरे सीजन में हिमाचल। इस डिजिटल एक्सक्लूसिव सीरीज की पिछली दो रोड ट्रिप्स ने इंटरनेट पर नए रिकॉर्ड्स बनाए और 200 से ज़्यादा पोस्ट और अपडेट के साथ कामयाबी की नई मिसालें कायम की। सोशल मीडिया में ज़बरदस्त उपस्थिति और रॉकी और मयूर की अच्छी फालोइंग के चलते इन ट्रिप्स को 6 करोड़ से ज़्यादा व्यूज और 20 करोड़ से ज़्यादा इम्प्रेशंस मिले। नई जगहों, ज़ायकों और मज़ेदार किस्सों से भरपूर इस सफर में हर दिन, हर वीडियो और हर पोस्ट एक अनूठा अनुभव है। अब सीरीज के तीसरे सीजन में रॉकी और मयूर निकल पड़े हैं एक नए सफर पर जहाँ वो दिल्ली से कोलकाता तक का सफ़र पूरा कर रहे हैं।अपनी इस दो हफ्ते की यात्रा के दौरान वो कई प्रसिद्द जगहों से गुज़रेंगे और इस सफ़र में काफ़ी अच्छा वक़्त बिताएंगे उत्तर प्रदेश में। पिछले कुछ सालों में उत्तर प्रदेश की सडकों पर सफ़र काफ़ी आरामदायक और आनंददायक बन चुका है।चौड़े हाईवे, हाईवे के दोनों तरफ़ हरे भरे खेत, ढाबा और मज़ेदार लोग। बस और क्या चाहिए एक रोड ट्रिप के लिए। रॉकी और मयूर अपने कनपुरिया अंदाज़ में पहुंचेगे चंद्रशेखर आज़ाद बर्ड सैंक्चुअरी। लखनऊ पहुँचते-पहुँचते उनके अंदाज़ में घुल-मिल जाएगी थोड़ी नज़ाकत और नफ़ासत। नवाबों के शहर आएं और कबाब न खाएं, भला ऐसा मुमकिन है क्या! टुंडे के कबाब से लेकर, इदरीस की बिरयानी, राम आसरे की मिठाइयों से लेकर राम नारायण की चाट, खाने पीने की सभी मशहूर जगहें हैं रॉकी और मयूर के मेन्यू में। साथ ही बड़ा इमामबाड़ा और उसके आस-पास खोजेंगे लखनऊ का इतिहास और मिलेंगे लखनऊ के महिला रॉक बैंड की टीम के सदस्यों से जिन्होंने रसोई के बर्तनों से संगीत बना डाला। फॉलो कीजिए इस मज़ेदार सफ़र को और रॉकी और मयूर के यूट्यूब, इंस्टाग्राम फेसबुक और ट्विटर प्लेटफॉर्म्स पर। लखनऊ से उनका यह सफ़र प्रयागराज और वाराणसी होते हुए कोलकाता की ओर बढ़ेगा।




# छोटा कैलाश को विकसित करने का प्रस्ताव

**पिथौरागढ़।** कैलाशमानसरोवर यात्रा का आयोजन इस वर्ष भी संभव न होने की आशंकाओं के मददेनजर कुमांउ मंडल विकास निगम ने चीन के साथ लगती सीमा पर भारतीय क्षेत्र में स्थित शिव के धाम छोटा कैलाश को एक प्रमुख तीर्थस्थल के रूप में विकसित करने का प्रस्ताव तैयार किया है। निगम के अध्यक्ष केदार जोशी ने यहां बताया, आदि कैलाश के रूप में भी विख्यात छोटा कैलाश को भगवान शिव का असली घर माना जाता है और देश भर के शिवभक्तों के लिए यह सर्वश्रेष्ठ तीर्थस्थल हो सकता है। उन्होने कहा कि सीमा सडक संगठन द्वारा पिछले साल जून में व्यास घाटी को मोटर मार्ग से जोड दिए जाने के बाद छोटा कैलाश तक संपर्क (कनेक्टिविटी) भी बेहतर हुई है, इससे तीर्थयात्रियों का वहां तक जाना भी सुविधाजनक हो गया है। भारतचीन सीमा पर स्थित लिपुलेख दें के जरिए हर वर्ष होने वाली कैलाशमानसरोवर यात्रा के लिए निगम नोडल एजेंसी है। पिछले साल कोविड 19 महामारी के कारण यह यात्रा नहीं हो पाई और इस बार भी अब तक इसके लिए तैयारी बैठकों के न होने के कारण इसके आयोजन की संभावनाएं नहीं लग रही हैं। यात्रा के संबंध में हर साल फरवरी के पहले सप्ताह में विदेश मंत्रालय तैयारी बैठकें करता है। निगम के अध्यक्ष जोशी ने बताया कि वह अप्रैल में स्वयं छोटा कैलाश जाने की योजना बना रहे हैं जिससे वहां आधारभूत संरचनाओं की स्थिति का जायजा लिया जा सके। जोशी का मानना है कि अगर सुविधाएं बढाई जाएं तो ज्यादा तीर्थयात्री छोटा कैलाश की यात्रा पर आएंगे। जून से शुरू होने वाली छोटा कैलाश की तीर्थयात्रा पर अभी करीब एक हजार श्रद्धालु प्रतिवर्ष पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा कि निगम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छोटा कैलाश की यात्रा का निमंत्रण देना चाहता है जिससे इसे धार्मिक पर्यटन के एक गंतव्य के रूप में बढावा मिलेगा।



# मार्च से सिद्धिविनायक मंदिर में प्रवेश को कराना होगा ऑनलाइन पंजीकरण

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई और अन्य भागों में कोरोना वायरस के मामलों में बढ़ोतरी के मद्देनजर एक मार्च से सिद्धिविनायक मंदिर में भगवान गणेश के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को पहले ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। मंदिर के प्रबंधन से जुड़ी एक पदाधिकारी ने इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि अगले महीने से ऑनलाइन पंजीकरण कराने वालों को ही दर्शन की अनुमति दी जाएगी और एक घंटे में मंदिर के भीतर 100 श्रद्धालुओं को ही जाने की इजाजत होगी। श्री सिद्धिविनायक गणपति मंदिर न्यास की मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रियंका छपवले ने पीटीआई-भाषा को बताया कि वर्तमान में दर्शन के लिए पंजीकरण नहीं कराने वाले श्रद्धालुओं को मौके पर क्यूआर कोड दिए जाते हैं जिससे वे मंदिर में दाखिल हो पाते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन हमने एक मार्च से इस व्यवस्था को पूरी तरह रोकने का फैसला किया है। अगले आदेश तक पहले से पंजीकरण नहीं कराने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर जाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा, प्रत्एक घंटे केवल 100 श्रद्धालुओं को ही पहले से बुक क्यूआर कोड के साथ सुबह सात बजे से रात नौ बजे के बीच दर्शन के लिए जाने की अनुमति होगी। छपवले ने कहा कि अंगारकी चतुर्थी (दो मार्च) के दिन सुबह आठ बजे से नौ बजे के बीच दर्शन की अनुमति होगी।
सिद्धिविनायक मंदिर शहर के प्रभादेवी इलाके में स्थित है। कोरोना वायरस महामारी के प्रसार के कारण पिछले साल कई महीनों तक मंदिर बंद रहा था। नवंबर में इसे फिर से खोला गया।

